आज़ादी का अमृत महोत्सव
एवं
प्रो. सुधीरकुमार सक्सेना जन्मशताब्दी महोत्सव

कला-कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम

(भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में)



संपादक:
प्रो. गौरांग भावसार
डॉ. केदार मुकादम

Published by:
Department of Tabla
Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

In association with

Commissioner of Youth Services and Cultural Activities
Sports, Youth and Culture Activities Department,
Government of Gujarat

ISBN number: 978-81-956-774-4-3

Prof. Sudhirkumar Saxena



Prof. Sudhirkumar Saxena was born on 5th July 1923 at Aligarh, U.P. He learnt the art of playing Tabla for years from Ustad Habeebuddin Khan, the doyen of Ajrada Gharana. He dedicated his entire life in rendering expression to this art on different platforms, but within the staunch discipline of Ajrada Gharana. Sudhirkumar Saxena was an extremely humble person and one of the best Guru one could ever meet. As a teacher, he never declined to teach anyone, he also had graduated in Political Science. A Special event happened in the history of All India Radio that Prof. Sudhirkumar Saxena was selected as an "A" Grade Artist without an audition.

Prof. Sudhirkumar Saxena was the first professor in tabla at a Centre of higher education. Prof. Sudhirkumar Saxena retired from The Maharaja Sayajirao University of Baroda in 1983 as Head of the Instrumental Department, after serving the institution for a glorious thirty-three years. In his long career (1945-1995), Professor Saxena participated in the major music conferences of the country as a Tabla accompanist and also as a soloist. Professor Saxena delighted not only the audience but also the main artist as well, be it a musician, or a Kathak dancer. His disciples are scattered all over the globe, some of them being distinguished academicians and artists in India and in other countries. The Central Sangeet Natak Akademi (Delhi) published his book "The Art of Tabla Rhythm Essentials, Traditions and Creativity" -in English- in 2007. The Hindi version of this book was published in 2015.

Prof. Sudhirkumar Saxena left for the heavenly abode on 30th November 2007. In fond memory of Saxena Sir, carrying his legacy forward to next generation, the Department of Tabla, Faculty of Performing Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda is organizing a prestigious festival "Prof. Sudhirkumar Saxena Janma Shatabdi Mahotsav".

'**आज़ादी का अमृत महोत्सव**'
एवं
'**प्रो. सुधीरकुमार सक्सेना जन्मशताब्दी महोत्सव**'

कला-कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम

(भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में)

Department of Tabla

Faculty of Performing Arts,

The Maharaja Sayajirao University of Baroda

In association with

Commissioner of Youth Services and Cultural Activities

Sports, Youth and Culture Activities Department,
Government of Gujarat

For internal circulation

कला–कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम

(भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में)

ISBN: 978-81-956-774-4-3

Editors:
Prof. Gaurang Bhavsar
Head, Department of Tabla,
Faculty of Performing Arts,
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Dr. Kedar Mukadam
Asst. Professor, Department of Tabla,
Faculty of Performing Arts,
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Edition: First (6th August 2022)

Book cover designed by:
Amit Kumar Chaudhary
Assistant Professor
Department of Applied Arts, Faculty of Fine Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Published by:
Department of Tabla
Faculty of Performing Arts,
Opp. Sursagar Lake, Vadodara, Gujrat, India- 390 001.
Email: head-tabla@msubaroda.ac.in

Printed by:
The Maharaja Sayajirao University of Baroda Press
(Sadhana Press)
Nr. Kirtistambh, Rajmahel Road,
Vadodara, Gujrat- 390 001.

कला–कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम

(भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में)

ISBN: 978-81-956-774-4-3

All Rights Reserved

No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted in any form by any means of electronic recording, mechanical, photocopying, or otherwise, without the prior permission of the publisher.

Copyrights Reserved by Authors

Publication, Distribution, and Promotion rights are reserved by the Publishers.

Disclaimer

The author of various papers included in this book has/have assured of the Uniqueness and Truthfulness of their Research work. If any plagiarism is found, the Authors shall be responsible for their Presentation and Publication. Department of Tabla, Faculty of Performing Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda, and its members are not at all responsible in this regard.

Prof. Sudhirkumar Saxena Janmashatabdi Mahotsav

(5th July 2022 to 5th July 2023)

Rajmata Shubhangini Raje Gaekwad

Chief Patron
Honorable Chancellor
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Prof. (Dr.) Vijay Kumar Srivastava

Patron
Honorable Vice-Chancellor
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Prof. Gaurang Bhavsar
Convener/Head
Department of Tabla

Dr. Rajesh Kelkar
Offg. Dean/Patron

Dr. Kedar Mukadam
Co-Coordinator

Prof. Ajay Ashtaputre
Coordinator

Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Peer-Review Committee

1. Prof. Ajay Ashtaputre
   Former Head, Department of Tabla
   Former Dean, Faculty of Performing Arts
   The Maharaja Sayajirao University of Baroda
2. Prof. Prabhakar Dabhade
   Former Head, Department of Dramatics
   Former Dean, Faculty of Performing Arts
   The Maharaja Sayajirao University of Baroda
3. Prof. Pravin Uddhav
   Head, Department of Instrumental Music
   Banaras Hindu University, Varanasi.
4. Prof. A. S. Pathan
   Professor,
   Department of Instrumental Music (Sitar - Violin)
   Faculty of Performing Arts
   The Maharaja Sayajirao University of Baroda
5. Dr. Manoj Mishra
   Head, Dept. of Swar & Taal Vadya
   Bhatkhande Music Institute, Lucknow.

Advisory Board

1. Dr. Rakesh Modi
   Head, Department of Dramatics
2. Prof. Rakesh Mahisuri
   Professor, Department of Instrumental Music (Sitar - Violin)
3. Shri Darshan Purohit
   Associate Professor, Department of Dramatics
4. Dr. Trilok Singh Mehra
   Senate Member
   The Maharaja Sayajirao University of Baroda
5. Shri Vinod Patel
   Senate Member,
   The Maharaja Sayajirao University of Baroda

Editorial Board

1. Dr. Ashwini Singh
   Assistant Professor,
   Department of Indian Classical Music (Vocal)
2. Shri Pravin Ahire
   Assistant Professor
   Department of Indian Classical Music (Vocal)
3. Dr. Vishwas Sant
   Assistant Professor
   Department of Instrumental Music (Sitar - Violin)
4. Dr. Rahul Barodia
   Assistant Professor,
   Department of Instrumental Music (Sitar - Violin)
5. Dr. Smruti Vaghela
   Assistant Professor, Department of Indian Classical Dance

6. Dr. Ami Pandya
   Assistant Professor, Department of Indian Classical Dance
7. Shri Dhananjay Vekariya
   Assistant Professor, Department of Tabla
8. Shri Jaydeep Lakum
   Assistant Professor, Department of Tabla

Editing & Proof Reading Committee

1. Shri Dipak Solanki
   Assistant Professor, Department of Tabla
2. Ku. Akshita Bajpai
   Senior Research Fellow, Department of Tabla
3. Shri Dipesh Dhodi
   Senior Research Fellow, Department of Tabla
4. Shri Dhaivat Mehta
   Ph.D. Research Scholar, Department of Tabla
5. Shri Pinku Jha
   Junior Research Fellow
   Department of Political Science, Faculty of Arts

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

સંદેશ

મહારાજા સયાજીરાવ યુનિવર્સિટી, વડોદરાની *ફેકલ્ટી ઓફ પરફોર્મિંગ આર્ટ્સ*ના તબલા વિભાગ દ્વારા પ્રસિદ્ધ તબલાવાદક પ્રો. સુધીરકુમાર સકસેનાની જન્મશતાબ્દી ઉજવાઈ રહી છે તે જાણી આનંદ થયો.

સંગીત સદીઓથી આપણા દેશની સંસ્કૃતિ અને વારસાનું અભિન્ન અંગ રહ્યું છે.ભારતીય શાસ્ત્રીય સંગીત ભૌગોલિક સરહદોની પાર દુનિયાભરમાં લોકોના મન અને મસ્તિષ્કને નિરંતર સ્પર્શ કરી રહ્યું છે.

કલાનગરી વડોદરા સંગીતરસિયાઓ માટે લાંબા સમયથી કેન્દ્રભૂમિ રહી છે. તબલાવાદક શ્રી સુધીરકુમાર સકસેનાએ વડોદરાને કર્મભૂમિ બનાવી તબલા શિક્ષણ માટે પોતાનું જીવન સમર્પિત કરી દીધું. તબલા વિષયના અધ્યાપક તરીકે તેમણે અનેક શિષ્યોને તૈયાર કર્યા અને તબલા ક્ષેત્રે દેશ વિદેશમાં ગુજરાતને આગવી ઓળખ અપાવી. ઘરાના-ગુરૂ શિષ્ય પરંપરા અને આધુનિક સંગીતના સમન્વય વડે ભારતીય સંગીત પરંપરાને સમયની સાથે સાર્થક બનાવી.ભારતીય સંગીત ક્ષેત્રમાં તેમનું પ્રદાન બહુમુલ્ય છે.

તબલાવાદક પ્રો. સુધીરકુમાર સકસેના શતાબ્દી મહોત્સવનું આયોજન નવી પેઢી માટે સ્મરણયાત્રા તેમજ પ્રેરણારૂપ નિમિત્ત બની રહેશે. સમગ્ર આયોજનને ખુબ ખુબ શુભકામના.

(નરેન્દ્ર મોદી)

નવી દિલ્હી
૧૫ અષાઢ, શક સંવત ૧૯૪૪
૦૬ જુલાઈ, ૨૦૨૨

Prof. Gaurang Bhavsar
Head, Department of Tabla
Faculty of Performing Arts
The M. S. University
Opp. Sursagar, Near Nyay Mandir
Vadodara
Gujarat - 390001



ભૂપેન્દ્ર પટેલ
મુખ્યમંત્રી, ગુજરાત રાજ્ય

apro/ab/2022/06/22/pp

તા. ૨૨-૦૬-૨૦૨૨

સંદેશ

"Rhythm and Harmony find their way into the inward places of the soul"

- Plato

મનોભાવોની અભિવ્યક્તિનું શ્રેષ્ઠ માધ્યમ એટલે કળા. કળા એ માનવ સભ્યતા તથા આપણા સાંસ્કૃતિક મૂલ્યોને ઉજાગર કરે છે. લોકોને સંવેદનાપૂર્ણ ભાવસરિતામાં ડૂબકી લગાવવાનું અતિમહત્વપૂર્ણ કાર્ય કલાકારો કરે છે. સંગીત એ આત્માનો આહાર, મનની પાંખો અને કલ્પનાની ઉડાન છે.

ડિપાર્ટમેન્ટ ઓફ તબલા, ફેકલ્ટી ઓફ પરફોર્મિંગ આર્ટસ, મહારાજા સયાજીરાવ યુનિવર્સિટી બરોડા દ્વારા આઝાદીના અમૃત મહોત્સવ તેમજ **પ્રો. સુધીરકુમાર સક્સેના જન્મ શતાબ્દી મહોત્સવનું** આયોજન આવકારદાયી છે. **૦૫ જુલાઇ, ૨૦૨૨ થી ૦૫ જુલાઇ, ૨૦૨૩** દરમિયાન આયોજિત જન્મશતાબ્દી મહોત્સવમાં જોડાનારા ભારતભરના વિવિધ કલાકારો ચોક્કસપણે આ કાર્યક્રમની શોભામાં અભિવૃદ્ધિ કરશે. જન્મ શતાબ્દી વર્ષ દરમિયાન આયોજિત કાર્યક્રમોની સફળતા માટે સહ શુભકામના પાઠવું છું.

આપનો,

(ભૂપેન્દ્ર પટેલ)

To,
Prof. Gaurangbhai Bhavsar, *Head of the Department,*
Department of Tabla, Faculty of Performing Arts,
The Maharaja Sayajirao University of Baroda,
Opp. Sursagar, Nyaymandir, Vadodara-390001
Email: head-tabla@msubaroda.ac.in
Mo. 9426785037

મનીષા વકીલ



ક્રમાંક : મ.ક.મંત્ર. અને આ.ક.,સા.ન્યા. કાર્યા.૨૦૨૨/૩૫/૨૦૨૨
રાજ્યકક્ષાના મંત્રી,
મહિલા અને બાળ કલ્યાણ (સ્વતંત્ર હવાલો)
સામાજિક ન્યાય અને અધિકારીતા (આ.જા.ક.),
ગુજરાત સરકાર
સ્વર્ણિમ સંકુલ-૨, ૧લો માળ,
સચિવાલય, ગાંધીનગર-૩૮૨ ૦૧૦.
ફોન નં.(ઓ) ૦૭૯-૨૩૨ ૫૦૧૯૫
(ફેકસ) નં ૦૭૯-૨૩૨ ૫૦૧૮૯

તારીખ : 04 JUL 2022

શુભેચ્છા સંદેશ

ધી મહારાજા સયાજીરાવ યુનિવર્સિટી ઓફ બરોડા, વડોદરાની ફેકલ્ટી ઓફ પરફોર્મિંગ આર્ટસનું તબલા વિભાગ આઝાદીના અમૃત મહોત્સવ તેમજ પ્રો. સુધીરકુમાર સક્સેનાની જન્મજયંતી ઉજવવા જઇ રહ્યું છે તે પ્રસંગે અભિનંદન પાઠવું છું.

શ્રી સકસેનાજીની સ્મૃતિમાં તેમના વારસાને આગામી પેઢી સુધી આગળ ધપાવવા, તબલા વિભાગ દ્વારા પ્રતિષ્ઠિત ઉત્સવનું આયોજન કરવામાં આવ્યું છે જેમાં ભારત ભરના સંગીતકારો પોતાનું યોગદાન પ્રદાન કરશે તે જાણી આનંદની લાગણી અનુભવું છું. પ્રો. સકસેનાજીના જન્મ શતાબ્દીના વર્ષ દરમિયાન આયોજીત કાર્યક્રમોની સફળતા માટે હાર્દિક શુભકામના પાઠવું છું.

(મનીષા વકીલ)

પ્રતિ,
પ્રો. ગૌરાંગભાઇ ભાવસાર,
હેડ ઓફ ધી ડિપાર્ટમેન્ટ,
તબલા, ફેકલ્ટી ઓફ પરફોર્મિંગ આર્ટસ,
ધી મહારાજા સયાજીરાવ યુનિવર્સિટી-
ઓફ બરોડા, ન્યાયમંદિર, વડોદરા-૧



નિવાસ સ્થાન : બંગલા નં. ૧૬, મંત્રીશ્રીઓના નિવાસસ્થાન, સેક્ટર-૨૦, ગાંધીનગર - ૩૮૨ ૦૧૦
ફોન નં. : (૦૭૯) ૨૩૨ ૫૬૬૩૯, ૨૩૨ ૫૬૬૪૦

Shubhanginiraje Gaekwad
CHANCELLOR

सत्यं शिवं सुन्दरम्

The Maharaja Sayajirao University of Baroda

नमस्कार!

"कला, कलाकार और स्वतंत्रता संग्राम" ग्रंथ के लोकार्पण के अवसर में उपस्थित गुरुजनों, प्रिय कलाकारों, स्वरसाधकों के साथ-साथ उत्साही कलारसिकों और छात्रों का प्रतिष्ठित महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय में अंतर्मन से विनम्रतापूर्वक स्वागत करती हूँ।

इस पावन पुण्यभूमि भारतवर्ष के स्वतंत्रता की कठिनयात्रा में इतिहासकारों, साहित्यकारों के साथ-साथ कलाकारों का भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अमूल्य योगदान रहा हे। सभी प्रकार की कलाओं में ओंकार की ध्वनि - प्रतिबिम्बीत हैं। संगीत, वाद्य और रंगमंचीयता की शास्त्रीय त्रिवेणी ने सदैव भारतीय मानस को आकर्षित करने के साथ ही उच्च आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रवृत भी किया है।

कला के माध्यम से मानव में संवेदनशीलता का बीज अंकुरित होता हैं, जो उसके शाश्वत विकास के लिए आवश्यक हैं तथा आने वाली पीढ़ी के लिए अपनी कला और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए यह बहुत आवश्यक पहलू है। इस उदेश्य की पूर्ति के लिए 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के सांनिध्य में "कला, कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम" पुस्तक के माध्यम से हम कलाकरों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हैं।

में तबला विभाग, प्रदर्शन कला संकाय को इस सराहनीय प्रयास के लिए शुभकामनाएं प्रदान करती हूँ।

शुभांगिनीराजे गायकवाड

राजमाता शुभांगिनीराजे गायकवाड
कुलाधिपति
महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा
दिनांक : ३१ जुलाई, २०२२

Lukshmi Vilas Palace, Jawaharlal Nehru Marg, Vadodara - 390 001, Gujarat, India.
Phone : +91-265-2431819 (O) +91-265-2423707 (R) E-Mail : chancellor@msubaroda.ac.in

The Maharaja Sayajirao University of Baroda
Accredited 'A' Grade by NAAC

Maharaja Fatehsinghrao Gaekwad Road, Fatehgunj
Vadodara-390 002, Gujarat, India

सत्यं शिवं सुन्दरम्
Estd. 1949

Prof. (Dr.) V. K. Srivastava
Vice Chancellor

MESSAGE

Namaskar, greetings! On the behalf of the esteemed Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara, I heartily and humbly welcome everyone; respected *gurujans (teachers)* and scions, researchers, *tapasvis* and *sadhakas (ardent spiritual seekers)*, adored performers, and all the students and guests on the very special occasion of this book release event.

The title of the book makes me ponder over the arduous journey undertaken for the freedom of our pious and holy *Bharatvarsh (India)*. And most definitely it may be acknowledged that there has been an invaluable direct as well as indirect contribution in it -- of several artists, performers, historians, litterateurs, writers, poets and authors. The bond between an artist and his/her art is itself one that is strengthened by passion and ingenuity. All the Arts are an image- reflection of *Satyam (truth), Shivam (Godliness)* and *Sundaram (beauty)* that pervade the entire cosmos. In an earthly context they touch the human intellect and sensitivities in countless beautiful ways. Thus inevitably, the Performing Arts especially, elevate us towards a higher spiritual orientation and experiential learning plane.

It is through the innumerable channels of Arts and their pure and deeply meditative pursuance that disciples are able to embark upon the path towards pervasive supreme consciousness. Enhancing the 'Science of Arts' through *sadhana* (*rigour*) in order to preserve the pristine forms for the coming generations is an essential aspect of our *sanskriti (culture)*. For this very purpose, in commemoration of our country's *Amrit Mahotsav (seventy-five years of independence)*, this book "कला-कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम" (भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में) has been keenly written-curated and is now being released. Through this book, the priceless contribution of india's venerated performing artists is attempted to be revived, highlighted and celebrated.

I warmly appreciate this endeavour of the Department of Tabla, Faculty of Performing Arts of the Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara, and wish them all the very best and congratulate them for today, and for all future ventures and activities.

Vijay

Prof.(Dr.) Vijay Kumar Srivastava

Phone : (0) +91-265-2795600 Fax : +91-265-2793693 e-mail : vc@msubaroda.ac.in

Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda
Opp. Sursagar, Nr. Nyaymandir,
Vadodara- 390 001.
Email: dean-perarts@msubaroda.ac.in

Date: 22/07/2022

नमस्कार!

प्रोफेसर सुधीरकुमार सक्सेनाजी का पूर्ण जीवन भारतीय संगीत कला के सरल तथा सक्षम स्वरूप से जन-जन को परिचित कराने के लिए समर्पित रहा। तबला वादन एवं उसके सैद्धांतिक क्षेत्र में स्थाई प्रकाशमान स्तंभ एवं अपने सरल, सुसंस्कृत, सुशिक्षित व्यक्तिव के कारण प्रोफेसर सुधीरकुमार सक्सेनाजी ने एक कीर्तिमान रचा है। तबला वादन की परंपरागत तथा वैज्ञानिक शैली के प्रणेता होने के साथ-साथ गुजरात में शास्त्रीय तबला वादकों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार करने का श्रेय भी उनको प्राप्त हुआ।

उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन कई भावनाओं और यादों से ओतप्रोत हैं। मैं विश्वास व्यक्त करता हूँ कि इसे उनके विरल व्यक्तित्व की तरह बड़ी भव्यता और आत्मीयता से मनाया जाएगा।

इसी शुभ अवसर पर "कला - कलाकार एवं स्वत्रंत्रता संग्राम" विषय पर केंद्रित ग्रंथ भी प्रकाशित हो रहा है, जो इस आयोजन को अधिक अविस्मरणीय बनाएगा।

इस सेवा यज्ञ को कोटि-कोटि शुभकामनाएं।

राजेश केलकर

DEAN
Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda
Vadodara.

Department of Dramatics
Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda
Opp. Sursagar, Vadodara - 390 001. (Gujarat). India
Phone: (+91-0265) 2410194

18th July 22

शुभ संदेश

सादर नमस्कार,

प्रो. सुधीर कुमार सक्सेना जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत तबला विभाग, फेकल्टी ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स, ध महाराजा सयाजीराव विश्व विद्यालय, बड़ोदा द्वारा रंगमंचीय एवं ललित कला के विषय से सम्बंधित मौलिक शोध आलेखों का प्रकाशन **'कला-कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम (भारत की आज़ादी के अमृत महोत्सव के विशेष संदर्भ में)'** ये शीर्षक के अंतर्गत शोध आलेखोका पुस्तक प्रकाशित होने जा रहा है, जो आने वाली पीढियों का अवश्य मार्गदर्शन करेगा ।

अत: पुरे वर्ष चलने वाला यह यग्न और प्रकाशित होने वाले इस ग्रन्थ के लिए हम नाट्य विभाग परिवार की और से तबला विभाग को चारों दीशाओ से सफलता प्राप्त हो, यह शुभकामनाए व्यक्त करता है ।

अस्तु

1819

राकेशमोदी
कार्यकारी अध्यक्ष
नाट्य विभाग

Modi Rakesh N.
Head
Department of Dramatics
Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda
Vadodara - 390001. Gujarat - India

समर्पण

"प्रॉ. सुधीरकुमार सक्सेना जन्मशताब्दी महोत्सव" एवं **"आज़ादी का अमृत महोत्सव"** के अंतर्गत एक वर्ष तक विविध कार्यक्रम और प्रयासों का मिला जुला स्वरूप डिपार्टमेंट ऑफ तबला, फैकल्टी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के द्वारा निर्मित किया गया है। यह अत्यंत हर्ष और उल्लास का विषय है कि वर्ष २०२२ ना केवल प्रॉ. सुधीरकुमार सक्सेनाजी की जन्मशताब्दी का वर्ष है, अपितु भारत देश आजादी के पचहत्तर साल भी पूर्ण करने वाला है। इस दोहरे उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए वर्तमान पुस्तक का संपादन अवश्य ही कारगर साबित होने वाला है, इसकी हम अभिलाषा करते हैं।

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विविध संस्थान, संगठन, और व्यक्ति अपने स्तर पर नव प्रयासों से स्वतंत्र भारत के उज्ज्वल अस्तित्व की सतता के लिए भांति भांति के प्रयास कर रहे हैं। भारत, कहने को राजनीतिक रूप से पंद्रह अगस्त, १९४७ में अंग्रेजी शासन से मुक्त हुआ है किंतु इसका अर्थ यह नहीं की भारत की भारतीयता का जन्म वर्ष १९४७ को माना जाए। भारत एक सभ्यता के तौर पर समृद्ध कला, संस्कृति और विचारों का मुक्त एवं अनूठा स्त्रोत रहा है। औपनिवेशिक शासन के कुप्रभाव से भारतीय कला, संस्कृति और समाज को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। किंतु यह सत्य है कि भारत केवल एक भूमि का टुकड़ा नहीं है। यह कला, संस्कार, संस्कृति और, परंपराओं के समुच्चय मेल की जननी है। पृथ्वी सूक्त में ठीक ही कहा गया "**माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः**", अतः भूमि हमारी माता है और हम इसकी संतान हैं।

पवित्र धरा ये भारती
कला कोश से पूर्ण है
स्वतंत्र भूमि की माटी में
योगदान बहुत अमूल्य है

अतः इस भारतीयता के विचार के विकास को समझने के लिए आवश्यक है उन संस्थान, संगठन, और व्यक्तियों के योगदान को जानने की

जिन्होंने अपना योगदान इस पहचान को मजबूत करने के लिए समय समय पर दिया है। बृहत विषय को यदि तनिक विशेष संदर्भ तक सीमित किया जाए, तो चर्चा सरल हो जायेगी।

प्रस्तुत पुस्तिका का शीर्षक **"कला-कलाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम"** चयन इस उद्देश्य से किया गया कि शीर्षक केंद्रित विभिन्न आयामों से पाठक को अवगत करवाया जा सके। इस पुस्तक में चयनित लेखों के विषयों की प्रकृति का यदि संक्षिप्त विवरण दिया जाए तो ये कहना उचित होगा की कला, कलाकार और स्वतन्त्रता संग्राम के बीच संबंधों को उजागर किया गया है। पुस्तक में दिए गए लेखों का शोध केंद्र गीतकार, कवि और कथाकार, नर्तक, वाद्य व वादक, चित्रकार, चलचित्र, संगीत संस्था, रेडियो एवं चर्चित पत्रिकाओं को आधार बनाया गया है। साथ ही, आज़ादी के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए इन सभी लेखों को चुना गया है। सभी लेख हिंदी अथवा अंग्रेज़ी भाषा में लिखे गए हैं, और प्रत्येक लेख पुस्तक के मुख्य शीर्षक से जुड़े एक नव आयाम को प्रस्तुत करता हैं। इन लेखों की प्रासंगिकता और मौलिकता को ध्यान में रखते हुए सभी शोध कर्ताओं को बधाई दी जाती है, और आशा है की वो शोध के लिए यूं ही उत्सुक और जिज्ञासी रहें ताकि ज्ञान प्रवाह यूं ही बनी रहे।

इस पुस्तिका संपादन को संभव बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का आभार करना आवश्यक जान पड़ता है। सर्वप्रथम द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा की कुलपति महोदया राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़जी एवं उपकुलपति प्रो. (डॉ.) विजय कुमार श्रीवास्तव का कोटि कोटि धन्यवाद जिनके मार्गदर्शन एवं सहायता के बिना इस पुस्तिका का संपादन प्रयास अपूर्ण रह जाता। साथ ही, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. के. एम. चूड़ासमा महोदय जी, सिंडिकेट तथा सेनेट के माननीय सदस्यों का आभार किया जाता है। विश्विद्यालय में अप्लाइड आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष श्री कश्यप परीख और सहायक प्राध्यापक श्री अमित चौधरी जिनके द्वारा संपादित पुस्तक के मुख्य पृष्ठ की रचना की गई है, धन्यवाद के पात्र हैं। प्रदर्शन कला संकाय के अध्यक्ष डॉ. राजेश केलकर जी का विशेष आभार, जिनका अविरत मार्गदर्शन

हमें प्राप्त होता रहा। साथ ही संकाय के सभी विभागों के विभाग अध्यक्षों का धन्यवाद किया जाता है।

तबला विभाग के सभी शिक्षकगणों का धन्यवाद एवं साधुवाद करना आवश्यक है, मुख्यत: वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अजय अष्टपुत्रे, पूर्व प्राध्यापक श्री सी. एम. पेंडसे, श्री दीपक सोलंकी, श्री धनंजय वेकरिया तथा, श्री जयदीप लकुम जी की सहायता के लिए हम कृतज्ञ हैं।

समीक्षक समिति, संपादक मंडल तथा सलाहकार मंडल के सदस्यों का आभार, जिनके सहयोग से इस पुस्तक का सफल संपादन संभव हुआ है। साथ ही पुस्तक की विषय वस्तु को एक प्रमाणिक स्वरूप पारित करने हेतु समिति का आभार व्यक्त किया जाता है।

यह कहना उचित होगा की भारत की संस्कृति में आभार प्रकट करना और सहायकों का कृतज्ञ रहना सदैव से एक मुख्य अंश रहा है। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए इस संपादन लेख के अंत में एक बार पुन: प्रत्येक व्यक्ति विशेष का धन्यवाद किया जाता है। साथ ही यह आशा की जाती है की सभी का साथ और प्रेम हमारे भविष्य के प्रयासों में भी प्राप्त होता रहेगा। अंतत: कलम को विराम देने से पूर्व, पाठकों से निवेदन है की उचित सलाह और प्रतिक्रिया के द्वारा इस पुस्तक के उद्देश्य को जीवंत रूप से पूर्ण करने में हमारी सहायता करें।

धन्यवाद!!

संपादक एवं धन्यवादकर्ता

प्रो. गौरांग भावसार
डॉ. केदार मुकादम

अनुक्रम

1.	पंडित ब्रज भूषण काबरा एवं गिटार - प्रोफेसर लवली शर्मा	1
2.	प्रार्थनाओं में प्रयुक्त रागों का वैविध्य एवं संगतता - प्रो. डॉ. मधुसूदन म. व्यास	8
3.	प्रथम स्वाधीनता संग्राम तथा अवध के संगीत कलाकार - डॉ० निष्ठा शर्मा	13
4.	भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बंकिम चन्द्र लिखित आनंद मठ उपन्यास की भूमिका: एक स्वतंत्र अवलोकन - डॉ. राहुल बड़ोदिया	25
5.	स्वामी विवेकानंद और स्वतंत्रता के विभिन्न पहलू - डॉ. केदार मुकादम	35
6.	रवींद्र नाथ टैगोर की कला में स्वतंत्र अंतरानुभूतियाँ - डॉ. पूनम	47
7.	स्वतंत्रता काल और गानहिरा हिराबाई बडोदकर - डॉ. वैशाली देशमुख	53
8.	बागलाण (श्री क्षेत्र मुल्हेर) की संस्कृति एवं रास संगीत: स्वतंत्र्योत्तर काल के परिप्रेक्ष्य में - डॉ. मेघना अजय अष्टपुत्रे	58
9.	भारतीय सांगीतिक विकास के संदर्भ में प्रो० लालजी श्रीवास्तव का योगदान एक अध्ययन - डॉ. नागेन्द्र मिश्र	68
10.	स्वतंत्रता संग्राम में मथुरा के संगीतज्ञ प्रो० विष्णु कुमार कपूर का योगदान - डॉ. ऋतुपर्णा बर्मन गुप्ता	74
11.	कला कलाकार एवं बिहार का स्वतंत्रता संग्राम - डॉ. शिव नारायण मिश्र	83
12.	भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संगीत का योगदान - डॉ. तेजस सतीश मराठे	94
13.	कवि झवेरचंद मेघाणी के काव्यों में राष्ट्रीय चेतना - दीपककुमार सोलंकी, प्रो. गौरांग भावसार	102
14.	उमाशंकर जोशीः गांधीयुग के प्रसिद्ध कवि, नाट्यकार, निबंधकार, समीक्षक, कहानीकार, अनुवादक तथा स्वतंत्रता संग्राम के साहित्यकार - सचीन परमार	118
15.	जन समुदाय में राष्ट्र भावना जागृत करने एवं सौहार्द बनाने में कलाओं का योगदान - ध्वनि शाह	126

16. भारतीय नवजागरण में हिन्दी साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्रका योगदान - प्रितेश महेन्द्रभाई परमार, डॉ.जय सेवक, डॉ.जुली अनड्कट 133

17. स्वातंत्र्य संग्राम के समय संवादिनी और संवादिनी साधकों का सफर - संदीप प्रतापभाई व्यास, डॉ. जय सेवक, डॉ. कुमार पंडया 144

18. भारत मे ब्रिटिश शासन् के तहत स्वातंत्रीय संग्राम मे कलाकारों का योगदान - घर्मेश जयंतिलाल परमार, डॉ. भारती राठोड, डॉ. जय सेवक 156

19. अमूर्त भारतीय संगीत विरासत के विकास में उस्ताद जाकिर हुसैन का योगदान - शशी राय, प्रो. पं. प्रेम कुमार मल्लिक 167

20. प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का स्वतंत्रता संग्राम एवं तबला के क्षेत्र में योगदान -सारंग डोडिया, मिलन डोडिया 174

21. कला, कलाकार एवं स्वातंत्र्य संग्राम - भावना शिंगाला 187

22. १९ वीं सदी और **20** वीं सदी में कथक नृत्य का विकास और संगीत संस्थाएँ - हिरल मनिषकुमार भगत, डॉ. भारती राठोड 191

23. ग्वालियर की दूसरी परम्परा के सुप्रसिद्ध तबला वादक: पं. रामस्वरूप रतौनिया - श्याम सुंदर नागर 203

24. महर्षि अरविन्द का स्वतंत्रता मे योगदान - मिलन डोडिया, डॉ. केदार मुकादम, डॉ. चिराग सोलंकी 215

25. स्वतंत्रता पूर्व एवं पश्चात भारतीय संगीत का वैश्वीकरण - दीपेश धोड़ी, प्रो. गौरांग भावसार, अक्षिता बाजपाई 227

26. अखंड भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संगीत के प्रचार - प्रसार के जनसंचार माध्यमों का योगदान - धनंजय वेकरीया, प्रो. गौरांग भावसार 239

27. अखंड भारतवर्ष के ऑल इंडिया रेडियो में तबला वाद्य की भूमिका - जयदीप लकुम, प्रो. गौरांग भावसार 252

28. 75 Years of Indian Contemporary Indian Art- Post independence Journey - Kashyap Parikh 268

29.	Innovative Changes By Bharatanatyam Dancers: Post Independence - Dr. Ami Pandya	277
30.	The Relevance of Music in National Integration and National Identity - Dr. Bilambita Banisudha	287
31.	Musical Contribution of Veena Sahasrabuddhe Post Independence - Dr. Abhay Dubey	296
32.	Contribution of Dr. Aban E. Mistry in constructing over all human values - Dr. Chirag Solanki, Dr. Jignesh Patel	300
33.	Indian Independence and Artistic Movement - Charu Sharma	306
34.	Revival of kathak, before and after independence - Jigisha Vaidya	317
35.	1960s Hindi Patriotic Films Influence on India's National Integrity - Amit Kumar Chaudhary	331
36.	Classical Dance Post Indian Independence: Evolution, Adaptation, Sustainability - Charanya Gurusathya, Dr. Ami Pandya	339
37.	Role of women in Indian Classical Music pre-independence and post-independence era - Dhaivat Mehta	355
38.	T. Balasaraswati A Doyen Of Sadir Tradition (1918-1984) - Merai Minal Sukhlal, Dr. Ami Pandya	366
39.	Identity of Bharat Mata: Understanding through "Vande Mataram" and "Savitri" of Sri Aurobindo - Pinku Jha	377

पंडित ब्रज भूषण काबरा एवं गिटार

प्रोफेसर लवली शर्मा
पूर्व कुलपति
संगीत विश्वविद्यालय
ग्वालियर

आज़ादी से पूर्व, जन्मे कलाकारों पर अगर दृष्टिपात किया जाये तो हम पाते हैं की वह वो कलाकार थे, जिन्होंने कला की रूह को जानने, उसके अन्तः तक पहुचने के लिए बहुत तपस्या की व सफलता भी पायी थी । एक कहावत भी चरितार्थ हैं कि "सच्चा कलाकार सदियों में एक ही पैदा होता है, और सच्चा कलाकार बनने में वर्षों लग जाते हैं" । कहावत यह भी है की "जिस पर लक्ष्मी की कृपा होती है, सरस्वती उससे दूर चली जाती है" । परन्तु स्वनाम धन्य "पंडित ब्रज भूषण काबरा" एक वो नाम है जिसने अपनी कठोर मेहनत, लगन एव साधना के बल पर एक व्यवसायी होते हुए बहुत कम समय मैं कला को साधने में सफलता हासिल की । काबरा जी पर लक्ष्मी व सरस्वती दोनों की ही अत्यधिक कृपा विराजित थी । आपका ऊंचा पूरा ६ फिट २" कद, सौम्यता से पूर्ण गंभीर चेहरा, अनुभवी गहरी पारखी नजर, एक संत के समान निश्छल एवं महान, अहंकार तो मानो उन्हें छू भी नहीं पाया था । मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे गुरु की प्रथमशिष्या हो कर उनके चरणों में स्थान मिला व उनके व्यक्तित्व को जानने व अपना ज्ञान परिमार्जित करने का अवसर प्राप्त हुआ ।

पंडित जी जोधपुर, राजस्थान के रहने वाले थे, आपके पितामह शाह किशनलाल जी जाने माने जमींदार थे, जिनका व्यापर के क्षेत्र में भी दबदबा था । उनकी गिनती पूरे शहर के व्यापारिक समुदाय के अग्रणी परिवारों में से थी । शाह किशन लाल जी स्वयं संगीत प्रिय थे। इसी परिवार में २६ जून १९३७ को एक पुत्र रत्न प्राप्त हुआ जिनका

नाम, ब्रज भूषण रखा गया । किस्से पता था जिस परिवार पर लक्ष्मी जी की सतत कृपा चली आ रही है, उसी परिवार के एक सदस्य पर माँ सरस्वती की ऐसी कृपा होगी जो आगे चल कर अपने कुल की कीर्ति को कस्तूरी की भांति चारों दिशाओं में फैलायेगा । "आप शिक्षा से भूगर्भ शास्त्री, पेशे से व्यापारी और व्यक्तित्व झुकाव से एक वादक थे । काबरा जी की असाधारण प्रतिभा के बारे में जानने के पश्चात् उन्हें गुरु के रूप में पाने व ज्ञान लाभ करने की आकांक्षा ने मुझे उनके सानिन्ध्य में आने का अवसर प्रदान किया । आपके आशीर्वाद के कारण ही मैं आपके सम्पर्क में आयी तथा आपकी यादोँ के खजानों में से कुछ अमूल्य रत्न चुन सकी।

काबरा परिवार का रुझान संगीत की तरफ था । आप के पिता शाह गोबर्धन लाल काबरा व्यापर के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी रूचि रखते थे जैसे - संगीत, शिक्षा, दर्शनशास्त्रादि । आपने गायन की विधिवत शिक्षा पंडित विष्णु दिगंबर जी से, सितार की उस्ताद इनायत खां साहब से और वीणा की श्री लक्ष्मी नारायण जी (बनारस वाले) से प्राप्त की । संगीत सेवी होने के कारण "गांधर्व महाविद्यालय मंडल कोल्हापुर" ने श्री गोवर्धन लाल जी को "रसिकवर" की उपाधि से विभूषित किया।

गोवर्धन लाल जी के पिता शाह श्री किशन लाल जी ने एक भव्य मंदिर का निर्माण कुचामन में करवाया था जहाँ पर भारत के उच्चकोटि के संगीतकार जाते थे व अपनी प्रस्तुतियाँ देते थे । वस्तुतः व्यापार व कला का ऐसा अभूतपूर्ण सम्मिश्रण कम ही मिलता हैं । ब्रज भूषण जी पांच भाई व बहन थे | प्रथम कमला काबरा - लोकगीत गायिका, द्वितीय पंडित दामोदर लाल काबरा - सुविख्यात सरोद वादक, तृतीय लीला काबरा - लोकगीत लेखिका, चतुर्थ पंडित ब्रज भूषण काबरा - सुविख्यात गिटार वादक एवं पंचम पंडित गोविन्द्य काबरा - तबला

वादक । आपकी पत्नी श्रीमति कमला काबरा - प्रतिष्ठित कलाकार जिनकी कोलाज पेंटिंगं बनाने में महारथ है। आप टूटे हुए कांच से बहुत सुन्दर कृतियाँ बनाती हैं।

श्री ब्रज भूषण जी को १७ वर्ष की उम्र में भूगर्भ विषय में डिग्री प्राप्त हो चुकी थी और इसके बाद सं १९५४ में आप हिन्दूस्थान मोटर्स, कोलकाता में व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने चले गए । आप का बचपन से ही खेलों में भी रुझान था अत आप हॉकी, क्रिकेट एवं फुटबॉल में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्त्व करते थे । पंडित दामोदर लाल काबरा उस्ताद अली अकबर खां साहब के सबसे पहले शिष्य सन १९४० में बने । गुरू जी बताते हैं कि "खां साहब जब भी कलकत्ता आते थे ब्रज भूषण जी को अपने साथ के लिए बुलाते थे । उनके द्वारा संगीत की दी गयी शिक्षा मेरे सर के ऊपर से निकल जाती थी क्यों कि तब तक मुझे (१९५४) संगीत का क - ख - ग भी नहीं मालूम था, परन्तु उन्हें इन सब में बहुत आनंद आता था" । श्री काबरा जी ने पहली बार गिटार की आवाज कलकत्ते में तब सुनी जब कोई गायक रेडियो पर रविन्द्र संगीत हवाइन गिटार पर बजा रहा था । तब वो हवाइन गिटार के आवाज से अत्यंत प्रभावित हुए । उन्हीं दिनों आपकी बड़ी बहन की बेटी ने गिटार की शिक्षा प्राप्त करनी प्रारम्भ की और आपने प्रथम बार गिटार वाद्य देखा ।

आप गिटार के माधुर्य से अत्यधिक प्रभावित हुए । उन्हें यह मालूम नहीं था कि उनकी मामूली सी पसंद उनके जीवन में एक महान परिवर्तन ला देगी तथा वह परिवर्तन उन्हें एक महान संगीतज्ञ की उपाधि से विभूषित करेगा । पारिवारिक व्यवसाय के कार्य से आपका मुंबई जाना हुआ और वहां अपनी बहन के साथ बाजार की सैर कर रहे थे, तभी आप की नजर एक दुकान पर रखे गिटार पर पड़ी । उसको खरीदने की इच्छा से उसके दाम पूछे तो दुकानदार ने ३०० रुपये बताएं परन्तु आपकी जेब में मात्र २५० रुपये थे अतः लौटने

लगे। सोचा अच्छा हुआ पैसे बच गए । तभी दुकानदार ने आवाज देकर बुलाया और कहा क्या हुआ ? क्या आपको गिटार नहीं खरीदनी ? तब काबरा जी ने बताया मेरे पास मात्र २५० रुपये हैं अगर आपको गिटार देनी हैं तो दे दीजिए । दुकानदार ने वो गिटार २५० रुपए में ही दे दी । आप ने निर्देश पुस्तिका के माध्यम से सीखना प्रारम्भ किया।

१५ दिनों में आप कई फ़िल्मी गीत गिटार पर निकलने लगे जिससे कि वे फुले नहीं समा रहे थे, उन्हें लगा कि यह तो बहुत ही महान कार्य हो गया । इसके एक माह पश्चात आपका अहमदाबाद से जोधपुर गिटार के साथ आना हुआ । गिटार जैसे पाश्चात्य वाद्य को देख कर पिता जी बोले तुम यह क्या कर रहे हो ? क्या संगीत को ले कर गंभीर हो । आप ने कहा कि हाँ । पिता जी ने एक वर्ष का समय दिया कि तुम इस गिटार पर केवल भारतीय शास्त्रीय संगीत ही बजाओगे । आपने पिताजी को आश्वस्त किया । पिताजी को दिए गए शब्दों पर अमल पाने के लिए आपने अथक परिश्रम किया तथा १८-१८ घंटे साधना करके सफलता प्राप्त की | इस सफलता में उनकी मेहनत एवं उस्ताद अली अकबर खां साहब की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है । जबभी खां साहब जोधपुर अथवा अहमदाबाद आते आप के ही पास ठहरते व आप उनके अपरिमित ज्ञान का लाभ उठाते । उस समय गिटार पर केबल पाश्चात्य संगीत का ही वादन किया जाता था अथवा फ़िल्मी । परन्तु आपने अपनी लगन से शास्त्रीय संगीत सुना व गिटार पर बजाया ।

बड़े - बड़े कलाकारों को सुनना व उनकी गायी व बजाई चीजों को गिटार पर उतारना मानो आपका जीवन बन गया था । मुझे आपका सानिध्य सन १९८३ - २०१८ तक प्राप्त हुआ । मैं प्रत्यक्षदर्शी हूँ कि आप प्रातः ७ बजे से ऑफिस जाने तक तथा सायं ५ बजे से १० बजे

तक तो रियाज करते ही थे। जबकि यह वो समय था जब आपने शास्त्रीय गिटार वादन के क्षेत्र में अपना नाम स्थापित कर लिया था । आप ने प्रथम ग्रेडेड गिटार वादक व प्रथम टॉप ग्रेड गिटार वादक के गौरव को भी पाया तथा संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर व दिल्ली से भी आप पुरस्कृत हुए। पंडित शिव कुमार शर्मा, पंडित हरी प्रसाद चौरसिया, शाहिद परवेज के साथ उस्ताद जाकिर हुसैन की संगति में आप विश्व में भ्रमण कर अपने अद्वितीय वादन का लोहा मनवा चुके थे । मैं साक्षी हूँ कि आपने गिटार वादन को कभी भी व्यावसायिक दृष्टि से नहीं देखा बस साधना व प्रदर्शन ही आप का उद्देश्य होता था- कितना पैसा मिलेगा इसका कभी विचार भी नहीं किया।

मैं आपकी प्रथम शिष्या थी, परन्तु कभी फीस ना मैं पूछ पायी व पापा जी (गुरूजी) के बताने की तो बात ही नहीं थी । अगर मजाक में दक्षिणा की बात होती, तो पापा जी कहते थे कि "आज लवली शाही पनीर बनाकर लाएगी अथवा गुलाब जामुन बनाकर लाएगी" । जिस अत्मीयता से पापाजी, माँ व सभी घर के लोग मेरी बनायीं चीज को खाते थे मुझे अपूर्व आनंद की अनुभूति होती थी । आप के दो अन्य प्रमुख शिष्य देबाशीष चक्रबर्ती एवं देबाशीष भट्टाचार्या भी "A" श्रेणी के कलाकार हैं व विश्व में नाम रोशन कर रहे हैं। जब मैं अहमदाबाद से बंगलोर व आगरा चली गयी तब अहमदाबाद आने पर मेरा गुरु गृह में ही रहना होता था | एक - दो सप्ताह कैसे निकल जाते थे कि महसूस ही नहीं होता था | पापा की प्यार भरी डॉट, बजाना, खाना, सोना, सभी पर पापा की द्रष्टि कि कहीं बिना ए.सी. चलाये तो नहीं सो गयी । यह सब मनः स्थल को झकझोर देते हैं। मेरे आने की ख़ुशी व जाने पर पापा का आंसुओं से रोना भी मैं भुला नहीं सकती। एक गुरु इतना द्रवित, इतना सहज, इतना सरल व इतना सहृदयी हो सकता है मैं नहीं सोच सकती थी। मुझे गर्व है कि पापाजी के जाने के बाद भी आज इस परिवार के सभी सदस्यों के साथ मैं पूर्व की भांति ही

जुडी हुई हूँ व इस परिवार के प्रति अपने अधिकार एवं कर्तव्य दोनों का निर्वहन कर पाती हूँ।

सामान्यतः कहा जाता है कि उस कलाकार ने चार वर्ष की उम्र से संगीत शिक्षा लेना प्रारंभ किया कि उसने ५ वर्ष की उम्र से, पंडित ब्रज भूषण काबरा जी इसके विपरीत थे। १७ वर्ष के बाद संगीत को समझने का प्रयास और एक वर्ष की कठिन साधना से बड़े-बड़े आयोजनों में बजाने की हिम्मत की। लगभत ६५ वर्ष की उम्र तक आपने जमकर बजाया और उम्र के ढलने के साथ ही बजाना छोड़ दिया। वो कहते थे जबतक ठीक स्वर लगे बजाना चाहिये फिर नहीं । इसके बाद आप लेखन कार्य में लग गए। पांच कविताओं की पुस्तकें लिखीं व शास्त्र अध्यन में लीन रहते थे। आप एक ऐसा व्यक्तित्व थे जिन्होंने बहुत कम समय में अनेक आयाम स्थापित कर अपना वैश्विक स्तर पर स्थान बना लिया।

पंडित ब्रज भूषण काबरा एक ऐसा व्यक्तित्व था जिसे दिखावे में कतई विश्वास नहीं था, सच्चे स्वर के लिए लालायित एवं उनकी आँखों से आँसू गिरते हुए मैंने देखे हैं। मैं अनभिज्ञ थी, एक बार राग गौड़ सारङ्ग बजाते-बजाते आपकी आँखों से अश्रु बहने लगे, मुझे लगा कि घर की किसी बात को लेकर पापा दुखी हैं, मैं बोली कि पापा जी इतने क्यों परेशान हो रहे हो ? तो बोले बेटा अभी तू नहीं पहचानेगी, जो सच्चा स्वर है वो कभी-कभी ही लगता है व अपना प्रभाव छोड़ता है। आप एक सच्चे कलाकार थे जिसने अपने अथक परिश्रम से गिटार जैसे पाश्चात्य वाद्य को भारतीय शास्त्रिय संगीत बजाने के लिए परिवर्तीत किया एवं उस पर शास्त्रीय संगीत बजाया। आप ने सोईयों कैसेट, सी. डी. बनायीं जिनमें प्रचलित, अप्रचलित राग, लोक धुनें आदि बजायीं। आपका एल. पी 'द काल ऑफ़ द वैली ' जिसने प्लैटिनम डिस्क अवार्ड प्राप्त किया। भारत के छोटे- छोटे शहरों से लेकर विदेश के

बड़े से बड़े शहरों में अपना चमत्कृत व सच्चा भारतीय शास्त्रीय संगीत बजाकर आपने जो छाप छोड़ी हैं वह अमिट है। आपका शिक्षा के क्षेत्र में भी अपूर्व योगदान है। जोधपुर में स्कूल से लेकर महाविद्यालयों तक आप के सहयोग से संचालित होते रहे हैं। आपका एक व्यवसायी होने के साथ संगीत, शिक्षा, कला एवं खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हैं। मैं आपको शत – शत शत नमन करती हूँ।

दिनांक ०९.०४.२०१८ को वह हमेशा के लिए हमें छोड़ कर गोलोकवासी हो गये।

सन्दर्भ ग्रन्थ

१) हेनरी केसर, इंडियाज स्लाइड मास्टर (गिटार प्लेयर), दिसंबर - १९८५ पृ.४०
२) हेनरी केसर, इंडियाज स्लाइड मास्टर (गिटार प्लेयर), दिसंबर - १९८५ पृ. ८४
३) साक्षात्कार, पंडित ब्रज भूषण काबरा, १९८४
४) साक्षात्कार, पंडित ब्रज भूषण काबरा, १९९०
५) साक्षात्कार, श्री मति कमला काबरा, २०१६
६) साक्षात्कार, पंडित ब्रज भूषण काबरा, १९८६
७) मनु शर्मा, लघु शोध, "पंडित ब्रज भूषण काबरा जी का भारतीय शास्त्रीय संगीत में योगदान" २००२

प्रार्थनाओं में प्रयुक्त रागों का वैविध्य एवं संगतता

प्रा. डॉ. मधुसूदन म.व्यास
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग,
श्री के. आर. कटारा आर्ट्स कॉलेज,
शामलाजी, गुजरात.

मनुष्य का जीवन संगीत के बिना वर्तनी अधूरा है। हृदय के सूक्ष्म भावों को अभिव्यक्त करनें में संगीत न केवल साधक होता है, अपितु सहायक भी बनता है। यहां पर शास्त्रीय या उत्तर हिन्दुस्तानी संगीत ही मेरी वर्तनी द्राष्टि में है। मनुष्य के जीवन में विविध परिस्थितियों में वह आनंदित होता है या रुदन करता है। शोक एवं हर्ष की क्षणों में वह गाता हैं या वाद्यकार है तो अपने वाद्य से हर्ष या शोक को वाद्ययंत्र द्वारा अभिव्यक्त करता है।

संगीत का माहात्म्य संस्कृत के विविध प्राचीन ग्रंथो में अभिव्यक्त किया है। गीता में एक श्लोक में कहा गया है। "वेदानां सामवेदोऽस्मि ।" अर्थात् चारों वेद में सामवेद मेरा (=कृष्ण का) स्वरूप है। अवांतर रूप से इसमें संगीत की दृष्टि से सामवेद का माहात्म्य भी प्रकट होता है। चूंकि इस विभूति योग में कौन कौन से पदार्थो में भगवद्तत्व कहां पर है वह लगातार सूचि बनाकर अभिव्यक्त किया है। जैसे कि "अश्वत्थ: सर्व वृक्षाणांम् ।" अर्थात् विविध वृक्षोमें कृष्ण पीपल का वृक्ष है। इस प्रकार गीताकार भी संगीत का माहात्म्य करतें है। दूसरे एक श्लोक के अंश में भी संगीत एवं सरस्वती का उल्लेख इस प्रकार हैं। "साहित्यं च संगीतं च सरस्वत्या: कुचद्वयम् ।" अर्थात् "साहित्य एवं संगीत सरस्वती के दो स्तन है।" यहां पर व्यंजना से संगीत की महत्ता अभिव्यक्त की है।

विगत अर्ध शताब्दीमें हम फिल्मों में प्रयुक्त विविध भक्तिगीत या प्रार्थनाओं का अध्ययन करें या विविध प्रादेशिक भाषाओं में प्रयुक्त भक्तिगीत या प्रार्थनाओं का अभ्यास करें तो प्राय: निम्नलिखित राग-रागिनीयों में ही अधिकतर उनका प्रचलन है एसा इस लेखकर्ता को प्रतीत हुआ है। (1) भैरवी एवं सिंधभैरवी (2) दरबारी एवं दरबारी कानडा

इस लेखक का कोई दावा नहीं है कि इन्हीं रागों में प्रार्थनाए एवं भक्तिगीत निबद्ध होते हुवे मिलते है किन्तु प्राय: इन रागों का प्रचलन अधिकतर दिखाई देता है। अपने वर्ण्य विषय का समर्थन करनें के लिए विविध फिल्मों के विविध गीतों में कौन कौन से राग-रागिनी भक्तिगीत या प्रार्थना के संदर्भ में प्राप्त होते है इसकी खोज करें तो क्रमश: हमें प्रत्येक रागों का नामोल्लेख करते हुवे उन रागों में कौन सी प्रार्थना या भक्तिगीत प्रयुक्त है उसका सोदाहरण प्रस्तुतिकरण यहां पर करने की कोशिश है। यद्यपि सोहनी एवं शिवरंजनी जैसे रागों में भी प्रार्थना एवं भक्तिगीत स्वरांकित हुवे मिलते है। किन्तु उसकी संख्या ज्यादा नहीं है। अत: उसे श्रीणीमें उसे इस श्रेणीमें स्थान नहीं दिया है। दूसरी एक बात भी यहां पर लिखनी चाहिए कि परंपरा की दृष्टि से या संगीत के शास्त्रों में भी रागों का स्वरूप विभाजित करते हुवे कौन से राग गंभीर प्रकृति का है या उससे भिन्न है वह लिखा होता है तथापि कभी कभी संगीतकार गंभीर प्रकृति के राग के माध्यम से भी हास्यप्रधान गीत के रूप में उसे परिणत/परिवर्तित कर देता है। लेकिन जहां तक प्रार्थना एवं भक्तिगीत की बात है वहां तो दु:ख, अवसाद या दीनता-हीनता का बयान या उससे मुक्त होने की प्रभुप्रार्थना ही होती है।

सम्प्रति हमे उपयुक्त सूचि में लिखे गए रागों के कौन से गीत प्रार्थना या भक्तिगीत के रूपमें प्राप्त होते है उसकी अभिव्यक्ति करना समुचित होगा ।

❖ **भैरवी :–** (गीतोंके प्रारंभिक शब्द लिखने का उपक्रम है)

(1)इन्साफ का मंदिर है ये भगवान का घर है।

(2)तुम आ जाना भगवान (कौशिकी चक्रवर्ती द्वारा गाया गया सुप्रसिद्ध भजन।

❖ **दरबारी :-**

(1) सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है....

(2) बदरा रे...बरसा रे बिन बादल बरसो रे....

(3) ओ दुनिया के रखवाले सुन दर्द भरे मेरे नाले....

(4) तोरा मन दर्पण कहलाए, भले बुरे सारे कर्मो को....

(5) सत्यम् शिवम् सुन्दरम् ..... राम अवधमें काशी में शिव.....

❖ **यमन या यमनकल्याण :-**

(1) जय रघुनंदन जय सियाराम....

(2) हे प्रभु आनंददाता ज्ञान हमको दीजिए .....

यह भजन हिन्दीभाषी क्षेत्रों में बहुत सुप्रसिद्ध है।

❖ **हंसध्वनि :-**

(1) संतो करम की गति न्यारी....

महान गायिका लता मंगेशकर द्वारा गाया हुवा सुप्रसिद्ध भजन।

❖ **आशावरी :-**

(1)"देवातुझा भी सोनार ....."

एसे शब्दों से जिसकी शुरुआत होती है एसा यह सुप्रसिद्ध मराठी अभंग बहुत सारे ग्रामीण एवं शास्त्रीय संगीत के गायकों द्वारा गाई गई रचना है।

(2)राम है महान.... रामनाम है महान.... राम के सिवा ना कोई राम के समान....

(3) "माडी तारुं कंकु खर्युं ने...." इस शब्दों में आशा भोंसले द्वारा गाया गया सुप्रसिद्ध गुजराती भजन है।

(4) जब दिल को सताए गम... तु छेड सखी सरगम...

❖ **पटदीप :-**

(1) बाजे रे मुरलियां बाजे.... एसे शब्दों में लता मंगेशकर एवं भीमसेन जोशी ने संयुक्त रुप से गाया हुवा सुप्रसिद्ध भजन है।

(2) जो कि बहुत से शास्त्रीय संगीत के गायकों द्वारा गाया हुआ भी मिलता है।

❖ **भीमपलास :-**

(1) प्रभु तेरो नाम जो धाये फल पाये .... गीत पुरानी फिल्म का है।

(2) सबसे उंची प्रेम सगाई.... यह एक पारंपरिक रचना सुरदास के द्वारा लिखी गई है एवं गुजरात एवं हिन्दीभाषी राज्यों में गांव एवं शहर में भजनिकों द्वारा सुनने को मिलती है।

यह एक अगंभीर प्रकृति का राग होने के कारण पुरानी फिल्मों के अनगिनत गीत उसमें पिरोये मिलतें है।

❖ **मालकौंस :-**

(1) निर्बल से लडई बलवान की और...

(2) मन तडपत हरि दरशन को आज.... एसे शब्दों में प्रख्यात फिल्मी गीत अपनी भाववाणी से भजन की कक्षामें पहुंच जाता है । उतना ही नहीं भक्तिभाव से आप्लावित यह गीत भावक को संगीत समाधि तक पहुंचाता है ।

वास्तवमें तो संगीत ही अमूर्त कला है उसीका मूर्तिकरण या प्रत्यक्षीकरण किसी भी संगीतकार के द्वारा किसी गीत, भजन, प्रार्थना इत्यादि में होता है । किसी वाद्यकार के द्वारा सितार, संतुर या वायोलीन की स्वरलहरीयों के द्वारा किसी भी राग या रागिणी के माध्यम से एक प्रकार का वातावरण का निर्माण होता है वही अमूर्त को मूर्त (=प्रत्यक्ष) करने की प्रक्रिया है । कई बार तराना या सरगम के गायन या वादन में किसी भी शब्द की या भावगीत की अपेक्षा नहीं होती फिरभी संगीत का सृजन करने वाला संगीतकार अपने भावों से नए जगत का मानो निर्माण करता है । कईबार संगीतकार का

भक्तिमय व्यक्तित्व या उपासनाएसी होतीहै उसीसे लोग अभिभूत या मंत्रमुग्ध हो जाते है बैजुबावरा के गुरु पंडित हरिदास के दिव्य संगीत को जिसने सुन लिया उसे वाद्यकार या गीतकार के भौतिक संगीत की अपेक्षा नहीं रहती वह पारलौकिक संगीत में लीन होकर मोक्ष की अनुभूति कर लेता है ।प्रार्थना या भक्तिगीत में एसी अलौकिक शक्ति होती है । पुरानी फिल्मों के कई गीत एसी शक्ति को दिखलाने वाले थे । उन गीतोंमें एसी पराशक्ति है जो कि आज भी किसी आत्मनिष्ठ व्यक्ति को आत्मानुभूति तक ले जा सकतें है ।

इस शोधपत्र के अंत में मेराविचार यह है कि बहुत सारे प्रार्थनामूलक गीतोंमें हमें भावों का वैविध्य देखने को मिलता है एवं कुछ प्रार्थनाओं में आर्तहृदय की वेदना भी सम्मिलित होती है । एवं तोडी (=टोडी) जैसे करूणतम रागों का उपयोग संगीतकारों ने अपने स्वरांकनो को अविस्मरणीय बनायें हैं । जैसे कि "मीरा"फिल्म के "हरि में तो प्रेम दीवानी" गीत में पंडित रविशंकरने तोडी का स्वरांकन करके उसे अमरता प्रदान की है । इस प्रकार भक्तिगीतों व प्रार्थनाओं में क्या विशेष होता है? कौन से भाव होते है यह हमने यहां पर सभी गीतो एवं रागों की जानकारी से देखा, वरन महसूस किया ।

भक्ति की पवित्रता जब व्यक्तिमें जागृत हो उठती है तब उस गायक या वादक द्वारा निष्पन्न संगीत का दिव्यघोष निनादित होता हैं । तब वह कोई भी गीत दिल को भेदकर आत्मा तक पहुंच जाते हैं । जैसे कि फिरवाणी में निबद्ध गीत – "सूरज की गरमी से जलते हुए मनको..... "

इस शोधपत्र का हेतु संगीत की पवित्र शक्ति एवं प्रार्थना की गहराई को शब्दबद्ध करने का है ।

प्रथम स्वाधीनता संग्राम तथा अवध के संगीत कलाकार

डॉ० निष्ठा शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत गायन
महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कालेज, फिरोजाबाद
सम्बद्ध- डा. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

मुख्य शब्द: औपनिवेशिक, क्रान्तिकारी, निर्विवाद, पतनोपरांत, आत्मसमर्पण, गदरकालीन

सार संक्षेप

1857 की क्रान्ति भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम था जिसमें सेना के सिपाही, राजे-रजवाड़ों तथा आम जनता-बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलायें, सभी जाति व धर्म के लोग, मजदूर, किसान, जमींदार तथा, व्यापारी आदि सभी ने अपना योगदान दिया। निःसन्देह स्वाधीनता के इस प्रथम महासमर से उद्देश्य की प्राप्ति न हो सकी, किन्तु इसने यह निश्चित कर दिया कि भारतीयों की स्वाधीनता की उत्कंठा को लम्बे समय तक दबाया नहीं जा सकेगा। भारत के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों पर इस अपूर्व ऐतिहासिक घटना के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभाव से कला जगत भी अछूता न था। यद्यपि प्रथम स्वाधीनता संग्राम में समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान पर पर्याप्त विमर्श हुआ है, किन्तु इस संबंध में संगीत जगत के योगदान पर चर्चा अभी शेष रही है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अवध क्षेत्र के अनेक प्रसिद्ध एवं अप्रसिद्ध संगीत कलाकारों ने देश की स्वतन्त्रता हेतु कर्तव्य का निर्वाह किया, यथा-पं० सूरजदीन, कुदऊ सिंह, सन्त रामचरण दास तथा चण्डीदास इत्यादि।

भूमिका

1857 की क्रान्ति ने भारत के प्रथम स्वतंत्रता-संग्राम का सूत्रपात किया। यह क्रान्ति पूरी एक शताब्दी तक औपनिवेशिक शासन के अन्याय और अत्याचार को सहती आई जनता के मन में भीतरी कसमसाहट के रूप में करवटें ले रही थी और 1857 में इसका विस्फोट हुआ। अंग्रेजों द्वारा अवध राज्य के अपहरण का समाचार सुनकर बिठूर के नाना साहब पेशवा ने टिप्पणी की थी- 'अब एक युद्ध अवश्यम्भावी है' और मई 1857 ई0 में भारतीयों ने औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध क्रांन्ति का शंख फूंक दिया। यद्यपि यह क्रान्ति पूर्ण रूप से सफल न हो सकी, लेकिन उसकी अनुगूंजे बाद के वर्षों में निरन्तर औपनिवेशिक शासन को सताती रहीं। यह क्रान्ति विश्व की अन्य क्रान्तिकारी घटनाओं की तुलना में कम नहीं थी तथा सिपाहियों अथवा राजा-रजवाड़ों का विद्रोह मात्र नहीं थी। इससे पूर्व भी अंग्रेजी विरूद्ध भारतीय प्रतिरोध का इतिहास रहा है। 1857 की क्रान्ति भारतीय इतिहास में अपने राष्ट्रव्यापी प्रसार, अपने स्वरूप, स्वतंत्रता हेतु संगठित प्रयास के कारण हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान की धुरी के रूप में अंकित है।

यह निर्विवाद सत्य है कि 1857 की क्रान्ति भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम था जिसमें सेना के सिपाही, राजे-रजवाड़ों तथा आम जनता- बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलायें, सभी जाति व धर्म के लोग, मजदूर, किसान, जमींदार तथा व्यापारी आदि सभी ने अपना योगदान दिया। निःसन्देह स्वाधीनता के इस प्रथम महासमर से उद्देश्य की प्राप्ति न हो सकी, किन्तु इसने यह निश्चित कर दिया कि भारतीयों की स्वाधीनता की उत्कंठा को लम्बे समय तक दबाया नहीं जा सकेगा। भारत के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों पर इस अपूर्व ऐतिहासिक घटना के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभाव से संगीत

जगत भी अछूता न था। अवध तथा अवध से विस्थापित अनेक प्रसिद्ध तथा अप्रसिद्ध कलाकारों ने क्रांति के प्रचार प्रसार में योगदान दिया तथा अनेक कलाकारों ने देश की स्वतन्त्रता हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

पं० सूरजदीन:

पं० सूरजदीन की गणना उस युग के प्रवीण तबला वादकों में होती थी। सूरजदीन का तबलावादन किस परम्परा से सम्बद्ध था, यह तो अज्ञात है किन्तु कहा जाता है कि वे तबलावादक के अतिरिक्त एक कुशल कथावाचक भी थे। संगीत कला के साथ-साथ युद्धकला में भी प्रवीण पं० सूरजदीन बेगम हजरत महल के आश्रित थे।[1] प्रथम स्वाधीनता संग्राम में पं० सूरजदीन ने सक्रिय भाग लिया। इस प्रसंग में यह आश्चर्यजनक तथ्य है कि लखनऊ पर अंग्रेजों के पुनः अधिकार होने के पश्चात् पं० सूरजदीन ने औपनिवेशिक शासन की ठीक नाक के नीचे मटियाबुर्ज कलकत्ता में शरण ली। कुछ मास पश्चात् जब वे लुकछिप कर अपने परिवारजनों से मिलने लखनऊ के मुहल्ला 'नबहरा' स्थित अपने घर वापस आये तब मुखबिरी हो जाने के कारण गिरफ्तार करके फांसी के फंदे पर लटका दिये गये।[2]

कुदऊ सिंह:

प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी तथा भक्तिभावना से ओतप्रोत स्वाभिमानी विचारों के स्वामी कुदऊ सिंह जी को पखावज का युग पुरूष कहा जाता है। अवध दरबार के पतन के पश्चात् कुदऊ सिंह इतिहास प्रसिद्ध महारानी लक्ष्मीबाई के आश्रय में चले गये। महारानी लक्ष्मीबाई ने कुदऊ सिंह का यथेष्ट आदर सम्मान किया। सन् 1857 ई0 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में झांसी के पतन के पश्चात् उन्हें घायल अवस्था में पकड़ा गया तथा महारानी झांसी के विश्वस्त व निकटस्थ

व्यक्ति होने के कारण अंग्रेजों ने उन्हें अपने संरक्षित व मित्र राज्य दतिया की जेल में बन्दी बना कर भेज दिया।[3]

दतिया में राजा भवानी सिंह के राज्याभिषेक के अवसर पर कुदऊ सिंह को मुक्ति प्राप्त हुई तथा उसके शीघ्र पश्चात् कुदऊ सिंह की ख्याति तथा कला से परिचित होकर संगीतप्रेमी राजा भवानी सिंह ने उन्हें अपने दरबार में यथोचित स्थान प्रदान किया। इस प्रसंग की स्मृति में कुदऊ सिंह अपने दाहिने पैर में सदैव बेड़ी पहने रहते थे।[4] सन् 1857 ई0 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के उपरान्त बंदी जीवन की प्रतीक बेड़ी को आजीवन धारण करना उनके स्वातंत्रयप्रिय एवं स्वाभिमानी व्यक्तित्व को ओजपूर्ण आभा प्रदान करता है।

मीर मेंहदी हुसैन खाँ रौशन अली

मीर मेंहदी हुसैन खाँ लखनऊ के तहसीनगंज इलाके के निवासी तथा प्रख्यात वीणावादक थे। नवाब वाजिद अली शाह ने इन्हें 'अमीर-उल-उमरा' की उपाधि दी थी तथा शासन में ये महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त थे। वीणावादन में इनकी प्रवीणता का अनुमान इस बात से हो जाता है कि उनके साथ वीणावादन में संगत करना सुविख्यात कुदऊ सिंह पखावजिया हेतु भी चुनौतीपूर्ण हुआ करता था तथा अवध दरबार में प्रायः इन दोनों की प्रतिद्वंदितापूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता था।[5] प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दिनों में इस प्रतियोगिता ने वतन पर मर मिटने की प्रतिद्वंदिता का रूप ग्रहण कर लिया। लखनऊ में स्वाधीनता संग्राम का बिगुल बजते ही मीर मेंहदी हुसैन ने अपने आपको क्रान्ति की ज्वाला में झोंक दिया। 28 रजब 1274 हि0 के दिन युद्ध में मेंहदी हुसैन को प्राणान्तक घाव लगे और उसके दूसरे दिन उनका शरीरान्त हो गया।[6] घायल मेंहदी हुसैन को उनका मित्र संगीतज्ञ सुरक्षित स्थान पर ले गया था। मृत्यु निकट थी किन्तु घावों की पीड़ा असहनीय थी। उन्होंने इस पीड़ा के विषय में अपने

साथी संगीतज्ञ से कहा तो मित्र ने उत्तर दिया-मृत्यु तो निकट है; अतः अब 'मौत का राग' (?) गाइये। मृत्यु की पीड़ा कुछ कम हो जायेगी और मीर मेंहदी हुसैन ने प्राण त्याग दिये।[7]

मीर मेंहदी हुसैन के अंतिम समय के यह साथी रौशन अली थे। रौशन अली बड़े मुहम्मद खाँ के शागिर्द थे और गायन में उन्ही की शैली का अनुकरण करते थे। वे भी अधिक दिन तक अपने प्राणों की रक्षा न कर सके और मीर मेंहदी हुसैन की मृत्यु के ठीक चार-पांच दिन बाद अंग्रेजों से युद्ध करते हुए दरगाह हजरत अब्बास के निकट वीरगति को प्राप्त हुए।[8]

रामचरणदास तथा चण्डीदास:

अयोध्या-फैजाबाद में क्रान्ति का नेतृत्व धर्म क्षेत्र से सम्बन्धित दो व्यक्तियों ने किया - सन्त रामचरणदास एवं मौ0 अमीर अली। प्रथम स्वाधीनता-संग्राम के घटनापूर्ण वर्षो में इन दोनों ने साम्प्रदायिक एकता की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की जो आज भी यह संदेश देती है कि राष्ट्रधर्म से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। हनुमानगढ़ी के सन्त रामचरणदास केवल सन्त ही नहीं थे अपितु अयोध्या में प्रचलित प्राचीन ध्रुवपद गायन परम्परा के प्रवीण गायक भी थे। क्रान्ति के दमन के पश्चात् सन्त रामचरणदास तथा मौ० अमीर अली दोनो को मृत्युदंड दिया गया।[9]

अयोध्या के चण्डीदास भी प्राचीन ध्रुवपद परम्परा में पारंगत गायक थे तथा अपनी कलाप्रवीणता के कारण नवाब वाजिद अली शाह के दरबार में नियुक्त थे। अवध के अपहरण के पश्चात् चण्डीदास अयोध्या वापस चले गये और 1857 में क्रान्ति के विस्फोट के साथ ही स्वातन्त्रय युद्ध में कूद गये। क्रान्ति के पश्चात् चण्डीदास भूमिगत हो गये तथा उसके पश्चात् उनका क्या हुआ, यह अज्ञात है।[10]

नवाब सखावत हुसैन खां:

नवाब हशमतजंग के छोटे भाई नवाब सखावत हुसैन खाँ भी अवध दरबार से सम्बद्धता के कारण लखनऊ में ही निवास करते थे। नवाब हशमतजंग की अपेक्षा कम ख्याति प्राप्त किन्तु प्रवीण संगीतज्ञ नवाब सखावत हुसैन खाँ अंग्रेजों के द्वारा अवध के अपहरण के पश्चात् वापस फर्रूखाबाद चले गये थे। सन् 1857 क्रान्ति के विस्फोट होते ही वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्वातन्त्रय समर में कूद पड़े। वे उग्र विचारधारा के पोषक थे तथा कहा जाता है कि फतेहगढ़ में नवाब हशमतजंग की अनिच्छा के बावजूद 23 जुलाई, 1857 को अंग्रेज बंदियों के नरसंहार में उनकी सक्रिय भूमिका थी।[11]

बदनाम अंग्रेज मजिस्ट्रेट पॉटर जो 'हैगिंग पॉटर के नाम से कुख्यात था, के उल्लेख के बिना नवाब सखावत हुसैन खाँ का प्रसंग अपूर्ण ही रहेगा। यह कुख्यात मजिस्ट्रेट फांसी देने का इतना शौकीन था कि इसके आदेश से फतेहगढ़ के आसपास एक-एक दिन में सौ-सौ लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया, यहां तक की यह एक अंग्रेज महिला मिस मैरी जो एक अंग्रेज डाक्टर लोगिन की पुत्री थी, को नवाब के हरम में रहते हुए गर्भवती हो जाने के अपराध में फांसी दे देना चाहता था।[12] नवाब इब्राहीम अली के अनुसार मैरी और पॉटर के मध्य अंतरंग सम्बन्धों के फलस्वरूप मैरी गर्भवती हो गई थी तथा पॉटर इन संबंधों के सार्वजनिक हो जाने तथा इस कारण नौकरी चले जाने के भय से मैरी को रास्ते से हटाना चाहता था और मैरी वास्तव में अपने प्राणरक्षा हेतु नवाब हशमतजग की शरण में गयी थी[13] किन्तु श्री मोमिन खाँ तथा इरफान खाँ अपने वंशीय स्मृति अवशेषों के आधार पर बताते हैं कि मिस मैरी का सम्बन्ध नवाब हशमतजंग से नहीं अपितु नवाब सखावत हुसैन खाँ से था। उन दिनों अनेक अंग्रेज अधिकारी व अन्य अंग्रेज भारतीय जीवन पद्धति का अनुसरण करते

थे। वे हुक्का पीते थे तथा शेरवानी पहनते थे। ऐसी अनेक महफिलों का आयोजन सामान्य था जिनमें मदिरा व दावत के अतिरिक्त भारतीय संगीत की स्वर लहरियां तथा नृत्यांगनाओं के मादक नृत्य उन्हें मदहोश रखते थे। मिस मैरी भी भारतीय संगीत से प्रभावित होकर नवाब सखावत हुसैन खाँ की शागिर्द बन गयी थीं तथा यह संबंध शागिर्दगी से कहीं आगे बढ़ गया था। अर्नेस्ट जोन्स तथा मेजर रिचर्ड विलियम्स की भांति यह भारतीय संगीत प्रेमी महिला नवाब सखावत हुसैन खाँ के प्रभाव से उन बिरले अंग्रेजों में थी जो भारत की स्वाधीनता के समर्थक थे। मोमिन खाँ स्पष्टता से कहते हैं कि मिस मैरी का वास्तविक अपराध गदरकालीन क्रान्तिकारी संगठन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त होना था।[14] जनवरी, 1858 में जब अंग्रेज फौजों का फतेहगढ़ पर पुनः अधिकार हो गया तो नवाब सखावत हुसैन खाँ को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अंग्रेजों ने उन्हें अत्यन्त अपमान, अमानवीयता एवं बर्बरता से फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया।[15] अंग्रेज महिला मिस मैरी का आखिर क्या हुआ, यह रहस्य ही है।

नवाब हशमतजंग:

फर्रूखाबाद के तत्कालीन नामधारी नवाब तथा सुप्रसिद्ध सितार वादक नवाब हशमतजंग अपना अधिकांश समय लखनऊ में ही व्यतीत करते थे। नवाब वाजिद अली शाह के साथ उनके मित्रवत् सम्बन्ध थे तथा उनकी संगीत मंडली में उन्हें महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था तथा वाजिद अली शाह के कलकत्ता प्रयाण के पश्चात् वापस अपनी पूर्व रियासत फर्रूखाबाद वापस चले गये थे। 1857 में जब क्रान्ति का विस्फोट हुआ तो नवाब ने क्रान्तिकारी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई और लगभग सात मास तक फर्रूखाबाद जनपद में क्रान्ति का कुशल नेतृत्व किया। 3 जनवरी, 1858 को जब अंग्रेजों ने पुनः

फर्रूखाबाद पर अधिकार किया तो वे बरेली चले गये तथा बरेली के पतनोपरान्त नेपाल पलायन कर गये।[16] अंग्रेजों द्वारा उन्हें पकड़वाने हेतु दस हजार रूपये इनाम की घोषणा की गयी। अतः जनवरी 1859 के पश्चात् किसी समय नवाब ने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें पहले मृत्यु दण्ड दिया गया किन्तु यह तथ्य सामने आने पर कि कमांडर-इन-चीफ कार्यालय से सम्बद्ध स्पेशल कमिश्नर मेजर बारलो के लिखित आमंत्रण पर उन्होंने सशर्त आत्मसमर्पण किया था, अत्यधिक विवाद और इस कृत्य हेतु मेजर बारलो की आलोचना के पश्चात् नवाब को पहले अदन और फिर मक्का निष्कासित कर दिया गया जहां 19 फरवरी 1882 को वे मृत्यु को प्राप्त हुये।

सादिक अली खाँ तथा अन्य:

नवाब वाजिद अली शाह के गुरूजनों में प्यार खाँ, जाफर खाँ तथा ठाकुर प्रसाद जी के साथ सादिक अली का नाम भी सम्मिलित होता है। नवाब वाजिद अली शाह ने संगीतज्ञों को विरूद तथा प्रशासन एवं सेना में महत्वपूर्ण पद देकर सम्मानित किया था। सादिक अली खाँ 'नवाब' की उपाधि तथा 'सादिक-उद्-दौला बहादुर' के विरूद से सम्मानित किये गये थे। अवध के नवाबी शासन के पतन की बेला में वे तोपखाना कला आतिश फिशां के कार्याधिकृत पद पर नियुक्त थे।[17]

सादिक अली खाँ के प्रपौत्र श्री मोमिन खाँ का कहना है कि 1856 ई0 में सादिक अली खाँ का नवाब वाजिद अली शाह के साथ मटियाबुर्ज गमन एक मिथ्या कथन तथा 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम हेतु भ्रमोत्पादक है। वास्तव में अवध के अपहरण के पश्चात् सादिक अली खाँ बरेली चले गये थे। इनके वंश के स्मृति अवशेष सन् 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बरेली के नवाब खान बहादुर के साथ उनकी सक्रिय भूमिका, बरेली में क्रान्तिकारी शासन के पश्चात् उनके

नेपाल पलायन तथा सन् 1870 के दशक में पुनः वापस लौटकर वाजिद अली शाह के मटियाबुर्ज दरबार का अंग बनना इंगित करते हैं। यद्यपि इस स्वाधीनता संग्राम में उनकी वास्तविकता भूमिका की स्मृतियां कालगत प्रभाव से धुंधला गयी हैं।[18]

नेरेटिव आफ द म्यूटिनी (रूहेलखण्ड क्षेत्र) बरेली 'नेरेटिव', 'अपेंडिक्स 'बी' म्यूटिनी बरेली' में उल्लेख है कि नवाब अवध के दरबार के प्रसिद्ध गायक शुजाउद्दौला उस समय बरेली में निवास करते थे। वह खानबहादुर खाँ के ए0डी0सी0 बनाये गये तथा उत्सवों आदि का भार उन्ही को सौंपा गया।[19] यह असम्भव है कि नवाब वाजिद अली शाह ने अपने किसी दरबारी अथवा संगीतज्ञ को अपने प्रख्यात पूर्व पुरूष की उपाधि नाम से सम्मानित किया होगा। यद्यपि भारतीय इतिहास में अनेक शासकों ने अपने यशस्वी पूर्वजों की उपाधियाँ अथवा विरूद धारण किये हैं किन्तु किसी शासक द्वारा अपने पूर्वज की उपाधि अथवा विरूद से अन्य व्यक्ति को सम्मानित किये जाने का उदाहरण अप्राप्य है। यह स्वाभाविक प्रवृत्ति के विरूद्ध है। निश्चित रूप से नैरेटिव के लिपिकारों द्वारा नाम को असावधानीवश शुजाउद्दौला लिखा गया है वस्तुतः प्रथम स्वाधीनता काल में बरेली के प्रसंग में अवध दरबार से सम्बन्धित दो संगीतज्ञों के उल्लेख प्राप्त होते हैं- फर्रूखाबाद के भूतपूर्व नवाब तफज्जुल हुसैन हशमतगंज बहादुर शुजात-उद्-दौला तथा सादिक अली खाँ सादिक-उद्-दौला। यद्यपि नवाब हशमतजंग की कुछ सम्पत्तियां बरेली में थी किन्तु उनके शुजाउद्दौला होने के विरूद्ध तथ्य यह है कि वरिष्ठता तथा प्रभाव में नवाब खानबहादुर खाँ से उच्चतर होने के कारण उनका नवाब खान बहादुर खाँ का ए०डी०सी० बनना सम्भव प्रतीत नहीं होता पुनः नैरेटिव में शुजाउद्दौला को स्पष्टतः 'सुप्रसिद्ध गायक' के रूप में इंगित किया गया है जबकि 'शुजात-उद्-दौला' उपाधि धारक नवाब हशमतजंग प्रख्यात सितारवादक थे। अन्य

महत्वपूर्ण तथ्य यह है ए0डी0सी0 की यह नियुक्ति दिनांक 2 जून, 1857 को हुई थी।[20] उस समय नवाब हशमतजंग फर्रूखाबाद में उपस्थित थे तथा वहां के क्रान्तिकारी शासन का नेतृत्व उन्हीं के कन्धों पर था तथा प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दिनों में उनका बरेली आगमन जनवरी 1858 में फर्रूखाबाद में क्रान्तिकारी शासन के पतन पश्चात् ही हुआ तथा यह अल्पकालिक था क्योंकि बरेली पतन के पूर्व ही वे नेपाल प्रस्थान कर गये थे।[21] उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत सादिक अली खाँ के 'शुजाउद्दौला' से साम्यता की सम्भावना अधिक प्रबल प्रतीत होती है।

सुप्रसिद्ध सरोदवादक न्यामतुल्लाह खाँ के प्रपौत्र श्री इरफान खाँ का अपने पारिवारिक स्मृति स्रोतों के आधार पर कथन है कि उनके परदादा न्यामतुल्लाह खाँ सन् 1857 की क्रान्तिकारी गतिविधियों में संलग्न थे तथा उनकी भूमिका परोक्ष तथा गुप्तचर गतिविधियों से सम्बन्धित थी। सन् 1867-68 में उनके नेपालगमन की वास्तविक पृष्ठभूमि में क्रान्ति की निरन्तर चल रही जांच-पड़ताल में उनके क्रान्तिकारियों के साथ प्रछन्न सम्बन्धों के कारण संदिग्ध हो जाना था तथा इस कारण स्वयं वाजिद अली शाह के संकेत पर वे नेपाल पलायन कर गये। उसके पश्चात् न्यामतुल्लाह दिल्ली दरबार के समय भारत वापस आ गये तथा वहीं दिल्ली में उनकी मृत्यु हो गयी थी। इरफान खाँ के अनुसार ताज खाँ भी न्यामतुल्लाह खाँ के साथ नेपाल गये थे।[22] मोमिन खाँ - न्यामतुल्लाह खाँ के क्रान्तिकारियों के साथ प्रछन्न सम्बन्धों की बात करते हैं किन्तु अपनी वंश परम्परागत श्रुतियों के आधार पर उनका कथन है कि बरेली पतन के पश्चात् जब सादिक अली खाँ नेपाल पंहुचे थे तब शायर बेखुद लखनवी तथा ताज खाँ वहां पहले से उपस्थित थे।[23]

इस प्रकार 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अवध क्षेत्र के अनेक संगीत कलाकारों ने अविस्मरणीय योगदान दिया। सत्य है, जो लोग इतिहास बनाते हैं और रचते हैं और जो लोग इतिहास लिखते हैं, उनमें कितना अन्तर होता है और वास्तविक इतिहास बनाने वालों को इतिहास के पृष्ठ तक पंहुचने में कितनी सदियां लग जाती हैं, ऐसे प्रश्नों का उत्तर 1857 की क्रान्ति के इतिहास के निष्कर्षों से मिल जाता है। पिछली डेढ़ सदी में 1857 के इतिहास में अर्थ की कई परतें सामने आई हैं।

सन्दर्भ

1. Hasan, Amir, (1990) Vanishing Culture of Lucknow, Page - 116
2. अली खाँ, नवाब इब्राहिम, (अवध के नवाब सआदत खां बुरहानमुल्क के वंशज) व्यक्तिगत साक्षात्कार, सितम्बर 2007
3. मिस्त्री आबान ए0, पखावज और तबला के घराने एवं परम्परायें, पृष्ठ-52
4. मिस्त्री, आबान ए0, (1984) पूर्वोद्धत, पृष्ठ-52
5. Mishra, Susheela, (1991) Musical Heritage of Lucknow, Page - 87
6. खाँ, मोमिन (उस्ताद सादिक अली खाँ के प्रपौत्र) व्यक्तिगत साक्षात्कार, मई 2006
7. अली खाँ, नवाब इब्राहिम, व्यक्तिगत साक्षात्कार, सितम्बर-2007
8. खाँ, मोमिन, व्यक्तिगत साक्षात्कार, मई 2006
9. Pandey, S.N., (2008) British Rule in India, Page – 301

कादम्बिनी (पत्रिका), मई-2007 लेख-सांझी कुर्बानियाँ, पृष्ठ-15

10. गौड़ ए0पी0 (अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या फैजाबाद), व्यक्तिगत साक्षात्कार

11. Mishra, Anand Swarup, (1960) Quoted from Nana Saheb Peshwa, Government Gazette (N.W.P.) Dt. May 4, 1858, Page- 381.
12. राठौर, प्रताप सिंह, रविवार-अंक 14 अगस्त 1988 लेख-1857 का मौन साक्षी फतेहगढ़, पृष्ठ-25
13. अली खाँ, नवाब इब्राहिम, व्यक्तिगत साक्षात्कार, सितम्बर-2007
14. खाँ, इरफान (उस्ताद उमर खाँ सरोदवादक के पुत्र) व्यक्तिगत साक्षात्कार। खाँ, मोमिन, व्यक्तिगत साक्षात्कार
15. William, Forbes Mitchell, (1904) Remisnisence of the great muting of 1857-59, Page-169
16. Mishra, Anand Swarup, Ibid, Page - 380
17. Taqi, Roshan, Images of Lucknow, Page - 16 Quoted from Lucknow 1857, Page - 136 to 142
18 .रविवार, अंक 14 अगस्त 1988, पृष्ठ-42 सिंकदरजहाँ बेगम (उस्ताद सादिक अली खाँ की प्रपौत्री) व्यक्तिगत साक्षात्कार
19. रिज़वी, डा0 सैयद अतहर अब्बास, (1958) सम्पादक, संघर्षकालीन नेताओं की जीवनियां, भाग-1 में उदघृत, नैरेटिव आफ द म्यूटिनी, रूहेलखण्ड क्षेत्र, बरेली नैरेटिव, पृष्ठ-4 तथा अपेंडिक्स 'बी', म्यूटिनी बरेली, पृष्ठ-8 से 11
20. पूर्वोद्धत, नैरैटिव आफ द म्यूटिनी, पृष्ठ-4
21. Mishra, Anand Swarup, Ibid, Page- 379
22. खाँ, इरफान, व्यक्तिगत साक्षात्कार
23. खाँ, मोमिन, व्यक्तिगत साक्षात्कार

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बंकिम चन्द्र लिखित आनंद मठ उपन्यास की भूमिका : एक स्वतंत्र अवलोकन

डॉ. राहुल बड़ोदिया
स. प्राध्यापक,वाध्य विभाग,
मंचीय कला संकाय,
श्री म. स. विश्वविध्यालय, वड़ोदरा

सारांश : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत और उसके विकास को प्रतिबिंबित करते हुए श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा १८८२ में रचित उपन्यास आनंद मठ, उस समय के लोक मानस को उजागर करती है, इस उपन्यास में निहित जनमानस की भावनाएँ कथा और गीत के माध्यम से लेखक ने प्रदर्शित किया है। भारत का राष्ट्रीय गान वन्दे मातरम् भी इसी उपन्यास में पहली बार प्रकाशित हुआ था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को राष्ट्र भक्ति की नई उमंग और जोश से भर दिया तथा स्वतंत्रोत्तर काल और आधुनिक काल में भी राष्ट्रवादी विचार को व्यक्त करने वाला प्रमुख गीत रहा है जिसे आज भारतीय मानस ने राष्ट्रिय गीत के रूप में स्वीकार कर लिया है। इस उपन्यास का कथानक, राष्ट्रिय भावना, समकालीन परिस्थिति, उपन्यास का एक महत्वपूर्ण गीत और इस उपन्यास का स्वातंत्रोत्तर काल में इसका प्रभाव इस लेख में निहित है।

संकेत शब्द : बंकिमचंद्र, आनंदमठ , स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्र भावना, जनमानस, वन्दे मातरम्, आनंद मठ चित्रपट।

प्रस्तावना : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत १८५७ की क्रांति के कारण हुई ऐसा हम सभी भली भांति जानते है, लेकिन यह संग्राम केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध ही नहीं था, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम

में और बहुत से पहलू थे जिन्हें अधिकांशतः: अनदेखा किया गया जो उस समय के मूल भारतीयों के अस्तित्व के साथ जुड़े थे। १७ शताब्दी के अंत तक मुग़ल शासन के अंत के साथ उसका छोटी-छोटी रियासतों में बंट जाना, और उन शासकों का भारतीय जनो के साथ दुर्व्यवहार खास कर के धर्म सम्बन्धी मामलों में करना, इसके अलावा समय-समय पर नैसर्गिक आपदाओं जैसे सूखे या अकाल का आना भी बड़े महत्वपूर्ण विषय थे जो उस समय की विभिन्न गतिविधियों के साथ साधारण जन मानस की विचारधारा को भी प्रभावित करते थे।

श्रीमान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उपन्यास आनंद मठ इसी प्रकार की परिस्थितियों को सदृश्य चित्रित करता है। इस उपन्यास की रचना ई० सन १८८२ में हुई थी। उपन्यास के कथानक में सूखे , अकाल जैसी आपदाओं के साथ साधारण जन पर विधर्मियों का प्रकोप, और शासन के दो वर्ग अंग्रेजों का सीधा शासन और उनके द्वारा स्थापित सुबेदारों, जमींदारों द्वारा की गई प्रताड़ना को भी दर्शाया गया है। इस उपन्यास की कथा के पात्रों को भी उस समय के विभिन्न वर्ग प्रभावित वर्गों से जोड़ा गया है। इसमें साधारण किसान, जमींदार और सबसे महत्वपूर्ण विद्रोह करने वाले मुख्य गुट सन्यासियों का उल्लेख मिलता है। इन सन्यासियों द्वारा संगठन को बनाना, संगठन में विभिन्न वर्ग के लोगों को शामिल करने की प्रक्रिया और संगठन का व्यवस्थापन और सञ्चालन को भी प्रकाशित किया गया है। कुल मिला कर इस उपन्यास में उस समय की सभी भौतिक परिस्थितियों तथा लोक मानस की मानसिक परिस्थियों को दर्शाता है। आनंद मठ उपन्यास का अलग से एक महत्वपूर्ण सूत्र यह भी है की इस कथानक में भाषा और संगीत का भी पूर्ण उल्लेख मिलता है और इन विधाओं को किस प्रकार से उपयोग कर के उनका योगदान प्राप्त किया इस योजना को भी लेखक ने प्रकाशित किया है।

मुख्य विषय : आनंद मठ उपन्यास को यदि तत्कालीन स्वतंत्रता संग्राम और उस समय की परिस्थितियों के दृष्टि कोण से देखे तो निम्नलिखित मुख्य बिंदु प्रत्यक्ष होते नजर आते है।

अ) तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियाँ : समाज असंगठित और दिशा विहीन दिखाई पड़ता है, यह समाज विदेशी आक्रांताओं के शासन परिवर्तन के कारण होने वाली अव्यवस्थाओं को दर्शाता है। तदुपरांत प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रदेश की जो की कृषि पर आधारित है, विषम आर्थिक परिस्थितियों को भी दर्शाता है। समाज में विभिन्न वर्ग के लोग थे पर सभी इसी प्रकार की परिस्थितियों का सामना कर रहे थे इसका पूर्ण चित्र प्रथम खंड के प्रथम परिच्छेद में दिया गया है की प्रजा किस प्रकार का कठिन जीवन जीने को विवश थी। सामान्य व्यक्ति से ले कर राजा तक अन्न न होने के कारण विवश हो जाता है और फिर इसी विवशता और जीवन के अस्तित्व पर लगे प्रश्न चिन्ह के कारण किस प्रकार की अव्यवस्थाओं का सर्जन होता है उसका भी मार्मिक चित्रण इस उपन्यास में देखें को मिलता है। जीवन निर्वाह के लिए कृषक अपने प्राण सामान बैलो और पशुधन को बेच देता है , उससे भी ज्यादा विकट परिस्थितियों में लोग अपने पुत्र पुत्रियों को बेचने लगते है, स्त्रियों को बेचने लगते है, अन्न न मिलने पर पेड़ो की छाल और पत्ते तक खाने लगते है , पशु पक्षियों , मवेशियों से लेकर बात मानव भक्षण तक पहुँच रही होती है। ऐसे में आर्थिक और सामाजिक व्यवस्थाओं की क्या परिस्थिति होगी उसका अनुमान सरलता से लगाया जा सकता है। इन परिस्थियों में लोगों का पलायन और ग्रामीण अंचल से शहरों की तरफ जाना , मार्ग में लुट डकैती और उससे ऊपर भूखे समुदायों का निवाला बन जाना जैसी परिस्थितियों ने समाज का और उसकी व्यवस्थाओं का अस्तित्व मिटा दिया था।

ब) प्रजा की मानसिक स्थिति : जहाँ जीवन के अस्तित्व का प्रश्न उपस्थित हो जाये तब जन सामान्य की मानसिक स्थिति का अनुमान लगाना कठिन नहीं होता। अपने परिवारजनों मित्रों का करुण अंत, भूख, रोग, चोरी डाका, और इन सब से बचने के लिए पलायन। इस पलायन में भी मार्ग की कठिनाई, दुर्गमता। इन परिस्थितियों ने केवल एक ही भाव उत्पन्न किया हुआ था वह था भय। सामान्य जन एक मरणासन्न भय को अनुभव कर रहा था। जहां बहुतायत ग्रामीण पाना सब कुछ खो चुके थे और बचे लोग भी पलायन करने की स्थिति में नहीं थे वहाँ महेंद्र सिंह जैसे उच्च कुल के जमींदार भी लाचार हो गए थे पलायन करने के लिये, उनकी मानसिक स्थिति और उसकी दुर्दशा का सम्पूर्ण चित्रण प्रथम खंड के परिच्छेदों में देखने को मिलता है। लगभग सभी प्रजा का मानसिक संतुलन इन परिस्थितियों के कारण बिगड़ा हुआ था।

क) सन्यासी संगठन : प्रथम खंड के चौथे और पाँचवें परिच्छेद में सर्व प्रथम सन्यासियों का उल्लेख अंत है। इस उपन्यास में सन्यासियों को अलग तरह से व्याख्यायित किया गया है। यह सन्यासी संगठन तीन प्रकार के सन्यासियों में विभाजित था १) मूल सन्यासी २) गृहस्थ से सन्यासी बने लोग और ३) नव दीक्षित सन्यासी

१) मूल सन्यासी : इस प्रकार के सन्यासियों के कारण ही सन्यासी संगठन का उदय होता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम को व्यवस्थित और बलशाली बनाता है। इन सन्यासियों की पार्श्व भूमिका सनातन धर्म के सन्यासियों के रूप में रहती है जो ब्रह्मचारी होते है, लेखक महोदय ने कही-कही इनका नागा साधु होने को भी इंगित किया है। इन्हीं सन्यासियों ने सनातन का निर्वाह करते हुए पहली बार दैवीय शक्ति के रूप में भारत भूमि को माँ के रूप में प्रस्थापित किया और अपने संगठन को जोड़ने के लिए उसका महत्व जन साधारण तक

पहुँचाया। यही वह संगठन था जिसने स्वतंत्रता संग्राम की भावनात्मक नीवं के रूप में "वन्दे मातरम्" शब्द का उद्भव किया। मूल सन्यासियों ने ही संगठन को बलशाली बनाने के लिए जन साधारण का आह्वान किया और आक्रान्ताओ, अंग्रेजों और दमनकारी जमींदारों के अत्याचारों से मुक्त होने के लिए जयघोष किया।

२) गृहस्थ सन्यासी : मूल सन्यासियों द्वारा गृहस्थो को सन्यास लेने का आव्हान किया गया और उन्हें उपबंधित किया। इस उपबंधन की सीमा ध्येय की प्राप्ति तक के लिए सीमित की गई। यह एक निश्चित अवधि के लिए सन्यासी थे किन्तु एक बार सन्यास ग्रहण करने के बाद उन्हें पूर्ण रूप से सन्यास धर्म का पालन करना होता था। उपन्यास के एक नायक महेंद्र सिंह भी विशेष परिस्थितियों में गृहस्थ से सन्यासी बनते है और अंत में अपना ध्येय प्राप्त करने के बाद पुनः गृहस्थाश्रम में आते है।

३) नव निर्मित सन्यासी : इस कथानक में यह भी पत चलता ही की मूल सन्यासी नवयुवकों को परीक्षित कर के उन्हें सन्यास की दीक्षा देते है। नविनानंद जैसे सन्यासी को ग्रहण करना , परीक्षा ले कर दीक्षा देना यह इस बात का प्रमाण है की संगठन में नव सन्यासियों का भी चयन किया जाता था।

४) अंशकालीन योद्धा : सन्यासियों के संगठन में अंश कालीन योद्धा भी रहते थे जो प्रत्यक्ष युद्ध के समय आ कर संगठन के दिशा निर्देश पर कार्य करते थे ,युद्ध करते थे और युद्ध से हथियाई सामग्री का अंश अपने लिए पारितोषिक स्वरूप ले कर पाने स्थानों पर लौट जाते थे।

तत्कालीन स्वतंत्रता संग्राम में सन्यासियों के संगठन की विशेष भूमिका रही जहाँ उन्होंने धार्मिक और देश की स्वतंत्रता के लिए अथाह प्रयत्न किये , बलिदान दिए वही उन्होंने साधारण जन मानस

की रक्षा करने का भी बीड़ा उठाया। अपने संसाधनों की पूर्ति के लिए वे सुबेदारों, मुस्लिम आक्रांताओं की सेना से युद्ध करते, उनके संसाधनों को हथियाते, अन्न, पशु धन , शस्त्र सामग्री, और इसके अलावा धन अलन्कारादी भी हथिया लिए जाते जिनका उपयोग संगठन को बलशाली बनाने और पीड़ित प्रजा के दुःख निर्मूलन में व्यय करते थे। सनातन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हुए इन सन्यासियों ने समय आने पर अपने राज धर्म का भी पालन व्यवस्थित पालन किया और विशेष रूप से पंथ निरपेक्षता रखते हुए सभी जातियों को सन्यास की दीक्षा दी, यह हमें आनंद मठ उपन्यास में देखने को मिलता है।

भाषा और संगीत : प्रस्तुत उपन्यास अवलोकन में यह पाया गया है की तत्कालीन समय में भाषा और संगीत को अपने ध्येय प्राप्ति के लिए कैसे उपयोग में लाया गया है। आनंद मठ उपन्यास के चित्रण में एस प्रतीत होता है की जहाँ प्रादेशिक भाषा (बंगाली) का उपयोग जन साधारण करता था वहां सन्यासी स्वातंत्र्य वीरों ने भाषा और संगीत का प्रयोग लोगों में स्वतंत्रता के प्रति अलख जगाने में किया जिसमें उन्होंने गुप्त संकेतों की भाषा के रूप तथा सनातन की प्रमुख भाषा के रूप में संस्कृत का उपयोग किया। जिसके मुख्य कारण यह थे की जिन शत्रुओ से उन्हें युध्ध करना था, १। मुस्लिम आक्रान्ता २। अंग्रेजी शासन, यहाँ उनके मुखियाओ को संस्कृत का ज्ञान नहीं था। इसका पूर्ण लाभ सन्यासियों को मिला, गुप्त संदेशों को यहाँ वहाँ संचारित करने में और लोगों को धर्माभिमुख करने के लिए संस्कृत भाषा का उपयोग हुआ। यह सन्देश मुख्यतः: गीत के माध्यम से प्रेषित किया जाता था, जैसे राष्ट्र धर्म को जागृत करने के लिए

भवानंद का गीत

"वंदो भारत भूमि सुहावन, सजल सफल श्यामल थल सुंदर,
मलय समीर चले मम भावन, हिमकर निकर प्रकशित रजनी
कुसुमित लता ललित छबिवारी, दिन मति मुदित उदित मन पक्षी,

विकसित कमल नयन सुखकारी ।,,,
या

वन में, निर्जन में अपनी उपस्थिति दर्शाने के लिए
" हरे मुरारे , हरे मुरारे , मधुकेटभारे " जैसा हरि नाम गाना
अथवा कोई महत्वपूर्ण सूचना देने के लिए उदाहरण के रूप में चौदहवें परिच्छेद में भवानंद बंदी अवस्था में, पहरेदारों के सामने होते हुए भी किसी स्तुति की तरह महेंद्र सिंह की पत्नी और पुत्री की सूचना को गा कर अपने साथियों को गुप्त रूप से प्रेषित करते है।

धीर समीरे तटिनी तीरे वसति वने वर नारी,
मा कुरु धनुर्धर गमन विलम्बन मति विधुर सुकुमारी।
गीत के उपरांत गीत के साथ सारंगी जैसे वाध्यो के वादन का उल्लेख भी इस उपन्यास में मिलाता है जो यह दर्शाता था की कथानक के काल में गायन के साथ वाद्य की संगत भी होती थी। इसके उपरांत सन्यासियों के क्रिया कलापों में भेष बदलने का भी उल्लेख मिलता है जहाँ वे सन्यासी का भेष छोड़ कर गृहस्थ का या मुस्लिम आक्रांताओं का भेष बना कर विचरण करते है। इस नाट्य तत्व का उपयोग भी अनेक बार दिखा पड़ता है।

इस प्रकार से हम कह सकते है की आनंद मठ उपन्यास में दर्शाए काल खंड के स्वतंत्रता संग्राम में भाषा और संगीत का बहुतायत से उपयोग किया गया है।

उपन्यास का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और वन्दे मातरम् :
प्रस्तुत उपन्यास आनंद मठ १८८२ में प्रथम बांग्ला भाषा में प्रकाशित हुआ था। यह पुस्तक प्रकाशित होते ही पहले बंगाल में और फिर त्वरित गति से सम्पूर्ण भारत में भारतीय साहित्य और जनमानस पर छा गई। इस उपन्यास ने जन-जन में निहित स्वतंत्रता की और अपने

स्वधर्म पालन करने की भावनाओं को प्रबल रूप से जागृत कर दिया। १७७३ के बंगाल के सन्यासी विद्रोह की घटनाओं का प्रतिबिम्ब होने के कारण यह उस समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपन्यास बना। इस पुस्तक में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी होने से अंग्रेजों ने इस के प्रकाशन और प्रसार पर प्रतिबन्ध लगा दिया था, किन्तु फिर भी चोरिछुपे इस ग्रन्थ का मुद्रण साहित्यिक क्रांति के रूप में होता रहा। इस ग्रन्थ के कारण कई व्यक्तियों और समुदायों में अपनी स्वतंत्रता के प्रति एक अग्नि प्रज्वलित हुई जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। महर्षि बंकिम चंद्र लिखित आनंद मठ उपन्यास भारतीय स्वतंत्रता के महा यज्ञ में एक अलग सी और अति महत्वपूर्ण आहुति मानी जाती है। "वन्दे मातरम्" जैसी विशुद्ध भावना को जन-जन के अन्तर मन में जगाने का काम भी इसी उपन्यास के द्वारा हुआ है। स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान विभिन्न रैलियों में जोश भरने के लिए यह गीत गाया जाने लगा। धीरे-धीरे यह गीत लोगों में अत्यधिक लोकप्रिय हो गया। ब्रिटिश सरकार इसकी लोकप्रियता से भयाक्रान्त हो उठी और उसने इस पर प्रतिबन्ध लगाने पर विचार करना शुरू कर दिया। सन् १८९६ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने यह गीत गाया। पाँच साल बाद यानी सन् १९०१ में कलकत्ता में हुए एक अन्य अधिवेशन में श्री चरण दास ने यह गीत पुनः गाया। सन् १९०५ के बनारस अधिवेशन में इस गीत को सरलादेवी चौधरानी ने स्वर दिया।

कांग्रेस-अधिवेशनों के अलावा आजादी के आन्दोलन के दौरान इस गीत के प्रयोग के काफी उदाहरण मौजूद हैं। लाला लाजपत राय ने लाहौर से जिस 'जर्नल' का प्रकाशन शुरू किया था उसका नाम वन्दे मातरम् रखा। अंग्रेजों की गोली का शिकार बनकर दम तोड़नेवाली आजादी की दीवानी मातंगिनी हाजरा की जुबान पर आखिरी शब्द

"वन्दे मातरम्" ही थे। सन् १९०७ में मैडम भीखाजी कामा ने जब जर्मनी के स्टुटगार्ट में तिरंगा फहराया तो उसके मध्य में "वन्दे मातरम्" ही लिखा हुआ था । आर्य प्रिन्टिंग प्रेस, लाहौर तथा भारतीय प्रेस, देहरादून से सन् १९२९ में प्रकाशित काकोरी के शहीद पं० राम प्रसाद 'बिस्मिल' की प्रतिबन्धित पुस्तक "क्रान्ति गीतांजलि" में पहला गीत "मातृ-वन्दना" वन्दे मातरम् ही था जिसमें उन्होंने केवल इस गीत के दो ही पद दिये थे और उसके बाद इस गीत की प्रशस्ति में वन्दे मातरम् शीर्षक से एक स्वरचित उर्दू गजल दी थी जो उस काल खण्ड के असंख्य अनाम हुतात्माओं की आवाज को अभिव्यक्ति देती है।

उपन्यास का स्वात्रन्तोत्तर काल में योगदान : सन १९४७ में स्वतंत्रता मिलाने के बाद इस ग्रन्थ को प्रतिबद्ध से मुक्त किया गया। इस उपन्यास के कारण स्वतंत्रता आन्दोलन में वेग तो मिला किन्तु इस उपन्यास के कथानक में निहित गीत वन्दे मातरम की लोकप्रियता आज भी इतनी रही की यह घोषित रूप से भी राष्ट्र गान के रूप में प्रस्थापित हो गया है। इसी के चलते स्वात्रन्तोत्तर काल में आनंद मठ उपन्यास के आधार पर हिंदी चलचित्र का आनंद मठ के नाम से ही १९५२ में फिल्म बनी। फिल्मिस्तान कंपनी के द्वारा बने गई यह फिल्म भारतीय स्वतंत्रता को उद्घोष है, जो स्वतंत्रता के ५ ही वर्षो में बने गई। इस फिल्म का गीत और संगीत बहुत ही प्रसिद्ध हुआ। स्वर कोकिला लता मंगेशकर और हेमंत कुमार के द्वारा इस फिल्म में गया गीत वन्दे मातरम् इस देश के जन मानस के लिए अमर हो गया है। आज भी यह गीत राष्ट्र भावना को हरेक भारतीय के मन में प्रज्वल्लित करने में सक्षम है।

उपसंहार :

आनंद मठ उपन्यास भारतीय राजनैतिक उपन्यासों की पंक्ति में प्रथम स्थान पर है जिसमे न सिर्फ राजनीती अपितु कथानक के काल

में भारतीय जन मानस की भौतिक, मानसिक स्थिति को भी दर्शाता है। यह कथानक भाषा , संगीत के स्वतंत्रता संग्राम में किये गए अनुप्रयोग को भी दर्शाता है ठाट भाषा और संगीत के महत्व को भी दर्शाता है।

इस उपन्यास में आदरणीय बंकिम बाबूजी के द्वारा रचित गीतों में से एक वन्दे मातरम् राष्ट्रवाद का द्योतक बन गया है, अमर हो गया है। स्वातंत्रोत्तर काल में भी इस उपन्यास के कथानक पर से बनी फिल्म और विशेष कर के इस फिल्म के गीत संगीत ने भारतवासियों और राष्ट्रवादियो के मन पर अमर और अमिट छाप छोड़ी है।

सन्दर्भ सूचि

1. बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय - आनंद मठ ग्रन्थ (अनुवाद पंडित इश्वरी प्रसाद)
2. aajkayuth.com
3. hindikunj.com
4. विकिपीडिया
5. hunionpedia.com
6. Sharma, Ramdutt; Upnayaskar Bankim Chandra aur Vrindavan Lal Verma ki rashtriya chetna ka tul-natamak adhyayan

स्वामी विवेकानंद और स्वतंत्रता के विभिन्न पहलू

डॉ. केदार मुकादम
असिस्टन्ट प्रोफेसर
डिपार्टमेंट ऑफ तबला
फ़ैकल्टी ऑफ पर्फ़ोर्मिंग आर्ट्स
द महाराजा सायाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा

शोधसार

प्रस्तुत शोधपत्र में स्वामी विवेकानंद का स्वतंत्रता मे जो महत्वपूर्ण योगदान रहा है उस विषय पर प्रकाश डालने का विनम्र प्रयास किया गया है। स्वामी विवेकानंद ने किस तरह से अपना सारा जीवन राष्ट्रभक्ति मे और आध्यात्मिक तौर-तरीकों मे पसार किया तथा सभी को स्वराज का संदेश दिया एवं जीने की राह दिखाई, यह सभी अलग-अलग पहलुओं का संक्षिप्त मे विवरण इस शोधपत्र मे दर्शाया गया है।

मुख्य बिन्दु : स्वतंत्रता, संघर्ष, कला, संगीत, अध्यातम, राष्ट्रवाद, भारतीयता, स्वराज, शिक्षा, दर्शन, क्रांति

प्रस्तावना

तत्कालीन युग की सबसे बड़ी मांग राष्ट्रवाद थी, जिसे स्वामी विवेकानंद ने अपनी ओजस्वी वाणी मे व्यक्त किया। यह राष्ट्रवाद कोई अमूर्त और संकीर्ण अवधारणा नहीं है। वह विश्व-बंधुत्व से ओत-प्रोत है,जिसके मूल में भारत की सनातनता एवं संतानों का हित निहित है। इसलिए कन्या कुमारी में अपनी समाधि से उठकर स्वामी विवेकानंद ने कहा था की 'मैंने देखा है की भारत माता और जगदम्बा में कोई भेद नहीं है। भारत माता की पूजा ही जगदम्बा की पूजा है।

भारत माता की सेवा का अर्थ है, भारत की संतान की सेवा।" शिकागो की धर्म संसद में अपने विश्व विख्यात व्याख्यान के पश्चात प्रसिद्धि के शिखर पर अवस्थिति स्वामी विवेकानंद का मन मर्मान्तक पीड़ा से भर उठता है- 'ऑह माँ! नाम और प्रसिद्धि लेकर मैं क्या करूंगा, जब मेरी मातृभूमि अत्यंत गरीब है। कौन भारत के गरीबों को उठाएगा? कौन उन्हे रोटी देगा? हे माँ मुझे रास्ता दिखाओ में कैसे उनकी सहायता करूँ? इस प्रकार आपका राष्ट्रवाद आमजन का अपना राष्ट्रवाद है जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। स्वामी विवेकानंद स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर है। स्वामी विवेकानंद अनुसार 'स्वाधीनता ही विकास की पहली शर्त है।' लंदन के एक व्याख्यान में आपने कहाँ था, 'यह विश्व क्या है? स्वतंत्रता में इसका उदय होता है और स्वतंत्रता पर ही यह अवलंबित है।' यह बात उन्होंने सिंह की माँद में घुसकर ललकार के स्वर में कही थी क्योंकि ब्रिटेन उस समय सबसे बाद साम्राज्यवादी देश था। आपने 'चार जुलाई' शीर्षक काव्य में स्वतंत्रता को पूरी दुनिया में छा जाने की मूर्त कल्पना की है। एक जीवन-मूल्य के रूप में स्वतंत्रता की भी तभी सार्थकता है जब वह सामाजिक समानता पर आधारित हो।

ऐसे महान व्यक्तित्व, विद्वान, दार्शनिक, चिंतक एवं आध्यात्मवादी चरित्र का जन्म कोलकाता में १२ जनवरी १८६३ में हुआ। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। स्वामी विवेकानंद आधुनिक वेदान्त के महागुरु थे। स्वामीजी के गुरु रामकृष्ण परमहंस है। भारत की आध्यात्मिकता का वेदान्त दर्शन अमरीका और यूरोप के देशों में स्वामीजी की वक्तृता के कारण पहुँचा। भारत में स्वामीजी को देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिन को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने जीवन में कई सारे व्याख्यान दीए तथा 'आधुनिक वेदान्त' और 'राजयोग'

नामक साहित्य भी लिखा। स्वामीजी ने ४ जुलाई १९०२ को बेलूर मठ में महासमाधी धारण कर ली।

भारत के प्रतिनिधि : स्वामी विवेकानंद

विश्व जानता है की शिकागो में १८९३ में जो धर्म-परिषद हुआ, उसमे स्वामीजी ने जबरदस्त तहलका मचा दिया था। क्योंकि पूरी पाश्चात्य संस्कृति ने पहली बार किसीको लेडिज-जेन्टलमेन की जगह पर सिस्टर-ब्रधर जैसे भाईचारे के शब्द सुने और पूरी महा-सभा में तालियाँ रुकी न रुकी। स्वामीजी ने स्वयं का परिचय न दिया बल्कि, भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन और भारतीयता का परिचय दिया। फिर उन्होंने सनातन हिन्दू धर्म का परिचय कराया। धर्म-परिषद में उन्होंने इतना प्रबल भाषण दिया था कि तब से लेकर आजतक विदेश के किसी एक भी व्यक्ति ने भारत और भारतीयता के बारे में भला-बुरा या विरोध में नहीं किया।

स्वामी विवेकानंद के कला के प्रति विचार

स्वामीजी भारतीय कला के पक्षधर है। उनका कहना है की भारतीय कला शुद्धता एवं पवित्रता की मूर्त है। उनको एक बार प्रश्न किया गया की-"पश्चिमी कला और भारतीय कला में कौन भावपूर्ण और समृद्ध है? अंग्रेजों की कला भी अच्छी है या नहीं? स्वामीजी कहते है की तुम कितने जड़ मूर्ख हो! पर तुम्हें दोष देने से क्या लाभ जब की सर्वसाधारण की यही धारणा है। वे कहते है की-"आज हम अपने सोने को पीतल समझ बैठे है,और दूसरों का पीतल हमारे लिए सोना बन गया है। यह हमारी आधुनिक शिक्षा का जादू है। यह सुन के प्रश्न पूछने वालों ने कुछ टिप्पणिया भी करी की-"यदि कोई आपकी बात सुनेगा तो कहेगा की आप निराशावादी हो रहे है। तब स्वामीजी ने कहा की-"स्वाभाविक है जड़ हो गए है, वे और क्या सोच सकेंगे? इन विशाल इमारतों को देखो, वे कितनी साधारण और अर्थशून्य है! क्या

कुछ अनुमान लगाया जा सकता है की ये किस भाव, किस आदर्श के प्रतीक है? नहीं क्योंकि ये सब प्रतीक शून्य है। पाश्चात्य का पहनवा ही लो-उनके तंग कोट, सीधी पैंट शरीर पर इतने तंग और चिपके होते है की बिल्कुल भद्दे मालूम है। पर हम लोग पता नहीं, उसमे क्या सुंदरता देखते है? इस देश का भ्रमण तो करो, और यदि देखने के लिए आंखे है और समझने के लिए बुद्धि है तो देखो इस देश के प्राचीन भग्नावशेषों को देखो। उनके देखने भर से मालूम होता है, उन्मे कितने भाव भरे है। विदेशी जलपात्र है कांच का ग्लास, पर हमारा है धातु निर्मित लॉटा-दोनों में कौन कला पूर्ण है? कभी देहातों में किसानों के घर देखे हैं? उन्मे कितनी कला है। उनकी मिट्टी की दीवारों पर भी कितने कला पूर्ण चित्र होते हैं। पश्चिम का आदर्श है उपयोगिता; और हमारी है कला। पाश्चात्य शिक्षा प्राप्त कर हमने कला पूर्ण लॉटा फेंक दिया और उसके स्थान में, हमारे घरों में तामचिनी के ग्लास विराजमान हो गए है। "हमें उपयोगिया और कला के समन्वय की आवश्यकता है।"

स्वामी विवेकानंद का सांगीतिक योगदान



अत्यधिक श्रद्धेय हिन्दू साधु, सन्यासी, देशभक्त एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानंद के जीवन का ये बेहद कलात्मक पक्ष भी है, की वो आध्यात्मिक गुरु बनने से पहले एक कुशल संगीतज्ञ भी रहे है। उनके अनुयायियों में भी बहुत कम लोग विवेकानंद के संगीत से गहरे संबंध के बारे में जानते है। वह भारतीय संगीत में प्रशिक्षित थे और ध्रुपद गायकी करते थे। वह पखावज में भी कुशल थे,और अपने कॉलेज के

दिनों में श्रोताओं को आकर्षित करने के लिए जाने जाते थे। इसके अलावा मराठी नाट्य संगीत के प्रसिद्ध कलाकार रामकृष्ण वाजे के साथ घनिष्ठ संबंध था और कई सारी संगीतमय बातें हुआ करती थी। इतना ही नहीं, विवेकानंद ने संगीत पर '**कल्पतरु**' नामक संगीत ग्रंथ भी लिखा। स्वामी विवेकानंदजी संगीत की कई रचनाएं भी की ही लेकिन दुर्भाग्य से वो रिकार्ड न हो पाई पर पीढ़ी दर पीढ़ी उनका हस्तांतरण हुआ है। स्वामी विवेकानंद मृदंगाचार्य डुलिबाबू के गुरूभाई रहे है, जो पखावज के बंगाल घराना से थे।

स्वतंत्रता संबंधी धारणा एवं राष्ट्रवाद

कोई भी व्यक्ति, जाती या राष्ट्र केवल उस स्थिति में ही उन्नति कर सकता है जब व्यक्तियों को दो प्रकार की स्वतंत्रताएं प्रदान की जाएं- १.विचार की स्वतंत्रता, २.कार्य की स्वतंत्रता । स्वामी विवेकानंद के शब्दों में "विचार व कार्य की स्वतंत्रता ही जीवन, विकास व खुशहाली की एकमात्र शर्त है। जहां इसका अस्तित्व नहीं है, वहाँ व्यक्ति, प्रजाति और राष्ट्र का आवश्यक रूप से पतन होगा।" एक राष्ट्रवादी अपने राष्ट्र की शक्ति क्षेत्र व प्रभाव का विस्तार करना चाहता है। स्वामीजी का कहना था की "विस्तार जीवन का लक्षण है हमें जीवन को प्रदर्शित करना होगा। भारत को विश्व विजय करना होगा । यही हमारी शाश्वत विदेश नीति होनी चाहिए।" लेकिन यह विस्तार आर्थिक या राजनीतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक कोष की प्रतीक्षा कर रहा है। हमें दुनिया के विभिन्न राष्ट्रों को अपने 'शास्त्रों के सत्य का उपदेश देना है। भारत पश्चिम को आध्यात्मिक शक्ति से पराभूत करेगा, धर्म की विजय करेगा।

भारत के स्वतंत्रता सेनानियों पर स्वामी विवेकानंद का प्रभाव

यह बात तो सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस विवेकानंद के कितने ऋणी थे। मगर अन्य लोग? चाहे अहिंसा अपनाने वाले महात्मा

गांधी हों या हेमचन्द्र घोष जैसे क्रांतिकारी नेता, सभी ने विवेकानंद की विराट देशभक्ति से बराबर प्रेरणा प्राप्त की थी। उन्होंने तो अरविन्द घोष पर भी गहरा प्रभाव डाला था और बाद में वह महर्षि अरविन्द बन गए।

३० जनवरी १९२१ को महात्मा गांधी ने बेलूर मठ में विवेकानंद जयंती के समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि-"उनके हृदय में दिवंगत स्वामीजी के लिए बहुत सम्मान है। यदि स्वामी विवेकानंद आज जीवित होते तो राष्ट्र जागरण में बहुत सहायता मिलती।" ढाका मुक्ति संघ के संस्थापक और सबसे अग्रणी नेता हेमचन्द्र घोष भी उनसे प्रेरित थे। अपने संस्मरण में लिखते है कि स्वामीजी ने उन्हे दोटूक निर्देश दिया था: "भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता मिलनी चाहिए क्योंकि विश्व में कोई भी देश किसी औपनिवेशिक देश का न तो कभी सम्मान करेगा और न ही उसकी बात सुनेगा। और मेरी बात याद रखना कि भारत स्वतंत्र होगा। धरती पर कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती और मैं मानता हूँ कि वह क्षण बहुत दूर नहीं है।" उन्हे स्वामीजी की यह सलाह भी याद आई: "सबसे पहले चरित्रवान बनो। यदि तुम माँ भारती की सेवा करना चाहते हो तो वीर बनो। पहले शक्ति और साहस अर्जित करो, उसके बाद उन्हे पीड़ा से मुक्त कराने चलो।" हेमचंद्र स्वामीजी को भारतीय युवाओं का मार्गदर्शन करने वाले बड़े भाई की तरह याद करते थे। श्री अरविन्द ने कहा कि अलीपुर जेल में स्वामीजी की आत्मा से कई बार साक्षात्कार हुआ और इस बारे में महर्षि कहते है की-"यह सत्य है की कारागार मैं एकांत में ध्यान साधना के समय एक पखवाड़े तक लगातार विवेकानंद की आवाज सुनता रहा, जो मुझसे बात कर रहे थे। मैंने उनकी उपस्थिति भी अनुभव की। वह स्वर आध्यात्मिक अनुभूति के केवल विशेष और सीमित किन्तु बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र के बारे में ही बताता था। उस विषय पर पूरी बात कहते ही वह स्वर शांत

हो गया। अलीपुर कारागार में विवेकानंद ने मुझे उस ज्ञान का आधार समजाया, जो हमारी साधना का आधार है।"

स्वामी विवेकानंद का शैक्षिक चिंतन एवं वर्तमान शिक्षा पर विचार: स्वामीजी आज की प्रणाली को नकारात्मक शिक्षा प्रणाली ठहराते हुए कहते है कि "वर्तमान शिक्षा प्रणाली केवल क्लर्क पैदा करने की मशीनरी है, इस दूषित शिक्षा प्रणाली द्वारा शिक्षित भारतीय युवक अपने पिता, अपने पूर्वजों, अपने इतिहास एवं अपनी संस्कृति से धृणा करना सिख सकता है। पवित्र वेदों, पवित्र गीता को थोथा एवं झूठा समझने लगता है। अपने अतीत, अपने संस्कृति पर गौरव करने के बदले वह उनसे धृणा करने लगता है और विदेशियों की नकल करने में ही गौरव का दुष्प्रभाव करता है।

विवेकानंद के शिक्षा दर्शन के सिद्धांत :

- शिक्षा एसी हो जिससे बालक का शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास हो सके। जिससे बालक का चरित्र निर्माण हो, मन का विकास हो, बुद्धि विकसित हो तथा बालक आत्मनिर्भर बने।
- धार्मिक शिक्षा, पुस्तकों द्वारा न देकर आचरण एवं संस्कारों द्वारा देनी चाहिए।
- पाठ्यक्रम में लौकिक एवं परलौकिक दोनों प्रकार के विषयों को स्थान देना चाहिए।
- देश की आर्थिक प्रगति के लिए तकनीकी शिक्षा की भी व्यवस्था की जाए।
- मानवीय एवं राष्ट्रीय शिक्षा, परिवार से ही शुरू करनी चाहिए।

स्वामी विवेकानंद के राजनीतिक विचार

विभिन्न स्थलों पर आपने यह स्पष्ट किया की में न राजनीतिज्ञ हु न राजनीतिक आंदोलन मचाने वालों में से हूँ। में केवल आत्मत्व की चिंता करता हूँ – जब वह ठीक होगा तो सब काम ठीक हो जाएंगे।

स्वामीजी के राजनैतिक विचार आपके धार्मिक एवं सामाजिक विचारों के सहगामी है क्योंकि आप राष्ट्रवाद का आध्यात्मिकरण करने के पक्षपाती है। आपके विचारों, भाषणों और संभाषणों में राजनीति का दर्शन उपलब्ध होता है। वह आपको पश्चिमी राजनीतिक चिंतकों के समकक्ष ही नहीं वरन् उनसे भी आगे ले जाता है।

उनके कुछ अन्य विचारों को निम्नलिखित बिंदुओं द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है-

(□) **सांस्कृतिक राष्ट्रीयता एवं धर्म** : स्वामीजी ने राष्ट्रवाद, स्वतंत्रता, समाजवाद आदि के सम्बद्ध में विचार व्यक्त किए, वो व्यक्ति और राष्ट्र का आध्यात्मिक उत्थान करना चाहते थे। आपका मानना था की प्रत्येक राष्ट्र के जीवन मैं एक तत्व प्रमुख होता है जो न केवल उसके अस्तित्व को बनाए रखता है वरन् उसकी प्रगति की दिशा निर्धारण भी करता है। भारतीय संदर्भ में यह तत्व धर्म है। विवेकानंद का विश्वास था की 'भविष्य में धर्म ही भारतीय जीवन का मूल आधार ही नहीं, उसके नवोउत्थान का कारण भी सिद्ध होगा और कोई भी राष्ट्र अपने अतीत की अवहेलना करके महान नहीं बन सकता। धर्म ही निरंतर भारतीय जीवन का आधार रहा है इसलिए सभी सुधार कार्य धर्म के माध्यम से किए जाने चाहिए।

धार्मिक या आध्यात्मिक राष्ट्रवाद को राष्ट्र की शक्ति का मुख्य साधन घोषित करते हुए उसके लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु स्वामीजी ने युवकों का आह्वान करते हुए कहा है कि "आज हमारे देश को जिन चीजों की आवश्यकता है वे हैं-लोहे की मांस पेशियाँ, स्पात की तंत्रिकाएं, प्रखर संकल्प जिसका कोई प्रतिरोध न हो सके, जो अपना काम हर प्रकार से पूरा कर सके चाहे मृत्यु से साक्षात्कार ही क्यों न करना पड़े, यह है हमें जिसकी आवश्यकता है और तभी श्रजन कर सकते, तभी सामना कर सकते है और तभी शक्तिशाली बन सकते है। जब हम

धार्मिक एकता के आदर्श का साक्षात्कार कर लेंगे सबकी एकता के आदर्श की अनुभूति कर लेंगे।"

(□) **समानता सम्बधी अवधारणा** : स्वामीजी राज्य के निर्माण मैं समानता के सिद्धांत पर बल देते है। अपनी इसी विचारधारा के कारण विवेकानंद समाजवादी कहलाये। आपने लिखा की "यदि प्रकृति में असमानता है तो भी समान अवसर होना चाहिए अथवा यदि कुछ को अधिक तथा कुछ को कम अवसर दें तो दुर्बलों को सबलों से अधिक अवसर दिया जाना चाहिए।

स्वामी विवेकानंद जी प्रत्येक के साथ समान व्यवहार का समर्थन करते थे, लेकिन आप साम्यवादी चिंतन की 'पूर्ण समानता' की मान्यता को असंभव मानते है। आपके शब्दों में "सच्ची समानता न तो कभी रही है और न ही इस पृथ्वी पर कभी स्थापित हो सकती है। हम सभी लोग यहाँ एक समान कैसे हो सकते है? इस असंभव समानता का अर्थ है-पूर्ण मृत्यु।" अब प्रश्न है कि मनुष्य-मनुष्य मैं अंतर क्यों है? आपका कहना है की "स्वतंत्रता ही विकास की एकमात्र शर्त है।" इसको समाप्त करने का परिणाम होगा-अधः पतन। अपने 'स्व' का साक्षात्कार ही पूर्णता है। चूंकि समाज का निर्माण व्यक्तियों के सम्मिलन से ही होता है। आप प्रत्येक व्यक्ति के लिए भी आह्वान करते है कि-"स्वतंत्र बनो। एक स्वाधीन शरीर, एक स्वाधीन मस्तिष्क और एक स्वाधीन आत्मा। यही वह वस्तु है जिसका अनुभव मैंने अपने सम्पूर्ण जीवन में किया है। अधीनता में भलाई करने अपेक्षा मैं स्वाधीनतापूर्वक बुराई करना अधिक श्रेयशकर समझूँगा।" सर्वकल्याण में आस्था रखने के कारण स्वामी विवेकानंद व्यक्तिवादी नैतिकता के दृष्टिकोण को अस्वीकार करते है। स्वामीजी व्यक्ति की स्वतंत्रता के समर्थक है लेकिन वास्तविक स्वतंत्रता, स्वयं के हित के लिए अपने निजी हितों के परित्याग में अंतर्निहित होती है। नैतिकता

का कहना है कि मैं नहीं, बल्कि तुम। इसका आदर्श वाक्य है- 'स्व' नहीं, बल्कि ''स्व-हीनता"। स्वामीजी का कहना था की इंद्रियाँ कहती है-"सर्वप्रथम मैँ। नैतिकता कहती है-"मुझे स्वयं को सबसे अंत में रखना चाहिए।"

(□) **पाश्चात्य अंधानुकरण का विरोध :** उन दिनों अंग्रेजी शिक्षा और पाश्चात्य सभ्यता के पीछे लोग आंखे मूँद कर पड़े हुए थे। लोग भौतिक सभ्यता की ओर इतने आसक्त थे की भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धीरे-धीरे भूलते जा रहे थे।

स्वामीजी ने इस अंधानुकरण का तीव्र विरोध किया। उनका कहना है कि पाश्चात्य समाज की नकल करने की प्रबल इच्छा के सामने हम इतने विवश हो जाते हैं और हममे विचार, बुद्धि, शास्त्र, एवं हित-अहित के ज्ञान की इतनी कमी हो जाती है की हम भले-बुरे का निश्चय करने के लिए भी उनका सहारा नहीं ले पाते। हमे पूरी तरह से भारतीय बनना होगा। आधुनिक युग के विवेकानंद अवतार वैसे हमारे श्री राजीव दीक्षित का कहना है की जीवन जीना हो तो भारतीय भाषा, भारतीय भूषा, भारतीय भोजन, भारतीय भजन एवं भारतीय भेषज अपना लो।

स्वामी विवेकानंद के कुछ अनमोल विचार एवं कथन

दिसम्बर सन् १८९६ को लंदन छोड़ते हुए कहा था। आपके शब्दों मैं "पाश्चात्य भूमि में आने से पूर्व में भारत से सिर्फ प्यार करता था, इस समय भारत का धूलिकण तक मेरे लिए पवित्र है, भारत की वायु अब मेरी दृष्टि मे पवित्रता की प्रतिमूर्ति है-भारत इस समय मेरे लिए तीर्थ जैसा है।"आप चाहते है के सब कुछ भूलकर सभी व्यक्ति देश के पुनरुत्थान के प्रति समर्पित हो जाए। हमारा भारत, हमारा राष्ट्र केवल यही एक देवता है जो जाग रहा है, जो सब में व्याप्त है। सर्वप्रथम

'विराट' की पूजा करो, उस विराट की जो हमारे चारों तरफ है- सभी मनुष्यों एवं जीवों की पूजा।

स्वामी विवेकानंद के कुछ अनमोल वचन :

- पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है फिर विरोध होता है और फिर उसे स्वीकार लिया जाता है।
- एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकर खाने के बाद ही हो सकता है।
- जीवन में ज्यादा रिश्ते होना जरूरी नहीं लेकिन रिश्तों में जीवन होना जरूरी है।
- जब तक आप खुद पे विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद के प्रति अन्य महान व्यक्तियों के विचार

- गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का कहना है की "अगर आप भारत को जानना चाहते है, तो स्वामी विवेकानंद को पढिए"
- रोमा रोलां ने कहा था कि "उनके द्वितीय होने की कल्पना करना भी असंभव है। वे ईश्वर के प्रतिनिधि है, हिमालय प्रदेश में एक बार एक अनजान यात्री ने उन्हे देखकर टिलकर गया और चिल्ला उठा-'शिव'।"

स्वामी विवेकानंद विषयक द्विपुष्कर-पखावज परन (रचनाकार-डॉ. सर्बानन्द चौधरी)

जयोजयोजयो,बिबेकानंदों	धेटेधेटेधेटे,धेटेतादेन्ने	|
कतागदिघेने,बाजेमृदङ्ग	कतागदिगन,धे:धे:क्रेधेन्न	|
रामोकृष्नो,चरनेस्थान	धाऽनेकृता,कटेतेधाऽऽ	|
धाऽधेटेकता,धेत्ऽतकान्	जनोनीशारदा,कोरेनकोरुना	|
घेनानाधेटेता,घेदिनधेटेता	धागेननागेन,कताथून्ऽनाना	|
नबोरूपोंधरे,बेदोबेदान्तो	धेटेधेटेधेटे,धेटेतादेन्ने	|
जयोजयोजयो,बिबेकानंदों	धेटेधेटेधेटे,धेटेतादेन्ने	|
धेरेधेरेधेरे,धेरेकेटेताग	जगतोशभाई,पोरेगेछेडाक	|

धेकेटेधेत्ताऽ,धेटेधेटेधाऽ धाऽतेरेकेटेधाऽतेरेकेटे,धाऽकत्ऽकत्ऽऽऽ |
जगोतेरोमाझे,नोतूनभारोत धेटेधेटेधेटे,घेदीनऽधेटे |
गंभीरोधीरो,दात्तोशान्तो घेन्ऽधेटेधेटे,धेऽत्ताकत्ता |
जयोजयोजयो,बिबेकानंदों धेटेधेटेधेटे,धेटेतादेन्ने |
धाऽदीनधागेऽ,धाऽधेटेकता शिबोज्ञानेजीब,पुजारदेबोता |
धेटेधेटेधाऽ,धेत्ताऽधेटेता धेत्ऽधेरेकेटे,तकदीनऽऽ |
अमृतोपुत्रोके,होनहेहीन् कत्रेकेधेत्ता,कतेगदेघिन |
धाकेटेताकेटे,कतागदिघेनेग्रेदेन्तान् तालोछोन्देबिबेकानोन्देकोरीप्रोनाम |
धाऽनेधेन्नेधेटेताधेन्नेकत्रेकेधाऽ ग्रेदेन्तान्-कोरीप्रोनाम |
ग्रेदेन्तान्-कोरीप्रोनाम ग्रेदेन्तान्-कोरीप्रोनाम | **धा**

संदर्भ सूची

1. http://www.youtube.com/c/NCERTOFFCIAL
2. http://www.vifi-India.org/article/hindi/2020/september/22/bharat-ke-svatantrata-senaaniyon-par-swami-vivekanand-ka-prabhav (Dr. Arpita Mitra)
3. http://www.youtube.com/channel/UCcwtEj6w-O4giA9FTBOMkgA (akhand desh)
4. http://www.youtube.com/c/SUBLIMECLASSES
5. http://www.youtube.com/c/TheQuestURL
6. http://www.youtube.com/c/AnirudhSharmaMusic
7. http://www.youtube.com/c/NishaantSinghPakhawaji
8. Google,search/shodh,article/dr.virendrayadav/swami,vivekanand,ke,swatantrata,samanata,evam,rashtra,sambadhi,vichar
9. Facebook/page-HINDUSTANI CLASSICAL MUSIC

रवींद्र नाथ टैगोर की कला में स्वतंत्र अंतरानुभूतियाँ

डॉ0 पूनम
एसोसिएट प्रोफेसर (चित्रकला)
महात्मा गांधी बालिका विद्यालय {पी0 जी0} कॉलेज
फ़िरोज़ाबाद, उत्तर प्रदेश

उन्नीसवीं शताब्दी नवजागरण का काल रहा है । राजाराम मोहन राय, विद्या सागर, देवेन्द्रनाथ ठाकुर आदि मनीषियों ने सामाजिक, साहित्यिक, राजनैतिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से नवजागरण के विविध आयामों को परिपुष्ट किया । उसी समय समानांतर रूप से भारतीय नवजागरण के विविध सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिधि को पुष्ट करने में ठाकुर परिवार का विशेष योगदान रहा । इसी श्रृंखला में महर्षि देवेंद्रनाथ के सभी पुत्र दीजेंद्र नाथ, ज्योतिरिन्द्र नाथ, अवनीन्द्र नाथ आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही । अतः स्वाभाविक है कि पिता के ब्रह्म समाज और तत्कालीन नवजागरण के वातावरण में पल्लवित और पोषित रवींद्रनाथ का व्यक्तित्व आध्यात्मिक, साहित्यिक एवं सांगीतिक मेधा से परिपूर्ण रहा और भारतीय नवजागरण काल को एक नवीन दिशा प्रदान करने में अग्रणी रहा ।

रवींद्रनाथ ने शांति निकेतन आश्रम स्थापित करके प्रेम, स्वतंत्रता और सहज-सरल अभिव्यक्ति की नींव में समाज को शिक्षण-प्रशिक्षण के प्रति जागरूक करने और व्यक्तिगत रूप से प्रयोगात्मक स्वरूप में क्रियान्वित करने का महान कार्य किया । रवींद्रनाथ ने हमारी पारंपरिक शैक्षणिक गुरुकुल-पद्धति को अत्यंत आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रतिपादित किया । साथ ही ज्ञान-विज्ञान की परिधि को संगीत एवं ललित कला के माध्यम से विधयार्थियों के व्यक्तिगत विकास को

उत्तुंग शिखर तक संप्रसारित करने की परिकल्पना से शांतिनिकेतन की शिक्षण पद्धति को मूर्त स्वरूप प्रदान किया । रवींद्रनाथ अपने देश के प्रति बेहद अनुराग रखते थे । विश्व-बंधुत्व ही उनका जीवन आदर्श था । भारत की स्वाधीनता का आंदोलन उनकी दृष्टि में मानव-मात्र की स्वाधीनता की पुकार का अंग था । ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें "सर" की उपाधि से सम्मानित किया गया था । जिसे उन्होंने जलियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोध में त्याग दिया । भारतीय पुनर्जागरण काल के यशस्वी हस्ताक्षर, रचनात्मक ऊर्जा एवं वैविध्यपूर्ण लेखन के पर्याय गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारतीय साहित्य को विश्व के मानचित्र पर सम्मान दिलाया । वे एक कवि होने के साथ-साथ साहित्यकार, संगीतज्ञ, गायक, नाटककार, चित्रकार, अभिनेता, सामाजिक-राजनैतिक विचारक, शिक्षा सुधारक, दार्शनिक, ग्रामीण पुनर्गठन के प्रवक्ता और एक विश्व के निर्माण के पक्षधर भी थे । गुरुदेव के जीवन में झांकना मानो भारत की आत्मा से परिचय पाना है । जीवन-पर्यन्त अपने राष्ट्र से अपूर्व प्रेम के प्रतीक रवींद्रनाथ के दो-दो राष्ट्रगान ''आमार, सोनार बंग्ला'' तथा ''जन-गण-मन'' रहे हैं ।

रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य जगत में सूर्य की भाँति सृष्टि के उच्च शिखर पर प्रकाशवान हैं, जिन्होंने अपने साहित्य व काव्य रूपी प्रकाश से संसार को प्रकाशमय करने के साथ ही साथ उसे नवीन परिवेश और नवीन साहित्य से भी सराबोर कर दिया । जिस प्रकार वर्षा के पश्चात सूर्योदय पर सतरंगी इंद्रधनुष का आकाश में स्वतः ही प्रस्फुटन होने पर उसके सप्तरंगों द्वारा आकाश में एक नयी आभा का जन्म होता है, उसी प्रकार रवींद्रनाथ की कविताओं में से एक नवीन मूक अभिव्यक्ति का प्रस्फुटन स्वतः ही हुआ, जिसने अपने पहले परिचय में ही रवींद्रनाथ को आत्मविभोर कर, उनके हृदय में असीम ऊर्जा का प्रस्फुटन किया ।

प्रारम्भिक इंद्रधनुषी कला को रवींद्र ने बाल-सुलभ घटना मात्र-मान कर उसकी आत्मा को स्पर्श नहीं किया, परन्तु धीरे-धीरे रवींद्र ने अपनी कलम की नोंक के क्रूर आघातों द्वारा उत्पन्न अस्पष्ट से रूपों को मूर्त रूप प्रदान करना प्रारम्भ कर दिया । ''रवींद्र ने जो कुछ भी आँका है उसके छन्द में प्राणों का यह स्पंदन, यह प्राणशक्ति इतनी तीव्र और प्रचुर है कि आज के युग के सुप्रसिद्ध श्रेष्ठ कलाकारों की कला-कृतियाँ भी उसके सामने कुछ फीकी, कुछ निष्प्राण ही लगती हैं । रवींद्रनाथ के चित्रों में यदि और कोई गुण न भी होता तो केवल इस प्राणशक्ति की अभिव्यंजना के कारण ही उनसे आँखें हटाना असंभव होता ।'' [1]

सीलन भरी व प्लास्टर उखड़ी दीवारों पर न जाने कितने विचित्र रूप दिखायी पड़ते हैं । इन्हीं अस्पष्ट से रूपों को रवींद्र ने अपने चित्रतल पर भी स्थान देना प्रारम्भ किया । काव्य-रूपात्मक आकृतियों ने सर्वप्रथम रवीन्द्र के चित्रतल पर स्थान ग्रहण किया । इन अस्पष्ट से रूपों में रुचि उत्पन्न होते ही रवींद्र ने अपने मनोवेगों को चित्रतल पर उकेरना प्रारम्भ किया । रवींद्र ने स्वयं कहा है, ''अब तक मैं अपनी भावनाओं को साहित्य तथा संगीत में व्यक्त करने का अभ्यस्त रहा हूँ पर मेरी आत्माभिव्यक्ति के तरीके अपूर्ण रहे, अतएव प्रकटीकरण के लिए चित्रित रेखाओं का सहारा लेने के लिए आगे बढ़ रहा हूँ ।''[2] रवींद्र ने सरल, संक्षिप्त व स्पष्ट रेखाओं द्वारा आदि-मानव के समान ही चित्र-चित्रांकित किए। चित्रकला के क्षेत्र में किसी परम्परागत शैली को न अपनाते हुए संक्षिप्त रेखाओं व रंगों द्वारा अपनी मूक अभिव्यक्ति की ।

यूँ इस महाकवि ने अपनी सतरंगी कल्पनाओं की कूँची के वैभव से अपने जीवन में सैकड़ों चित्र-चित्रित किए । ''उन्होंने बचपन में ड्रॉइंग या किसी चित्रण तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था, बल्कि वे

तो अपनी अंतरनुभूतियों को रेखाओं में उभार कर अपने मन को एक भोले बालक की भाँति बहलाते थे ।''[3] बालक रवींद्र के अचेतन में बचपन से ही बिम्बों का संचय होना प्रारम्भ हो गया था । बचपन की प्रत्येक घटना को उन्होंने अपने अचेतन में संजो लिया था, जो आगे चलकर उनके कृतित्व में समयान्तराल प्रस्फुटित होता रहा । अचेतन में बिम्बों का संचय हो जाना ही उनके सृजनात्मक-कृतित्व में सहायक बना व बचपन से ही एक संवेदनशील कलाकार की दृढ़नींव पड़नी प्रारम्भ हो गई । बाल्यावस्था में घटित-घटनाएं ही बालमन पर छापे के समान छाप गई । साहित्य के साथ-साथ चित्रकला में भी चित्रकार के यही रूप दृष्टिगत होते रहे । बचपन के भय व कल्पना से उपजे चित्रकार के विचित्र, रहस्यात्मक और भयानक आकृतियाँ-चित्र अपनी निश्छलता खोजते हुए चित्रित हैं तथा ये चित्र बाल्यावस्था में स्थायी करण से प्रेरित हैं ।

अपने जीवन के अपराहन में अनायास ही रवींद्र का रुझान चित्रकला की ओर हो गया । साहित्य-रचना के मध्य काटी गई लकीरों द्वारा आड़े-तिरछे अमूर्त चित्रों द्वारा उनके हृदय में यकायक भावना प्रकट हुई । ''जैसा कि सर्व विदित है की रवींद्र ने चित्रकला की शुरुआत अपनी रचनाओं में की गई काँट-छाँट से ही की, जिसे उनकी सौंदर्यात्मक अनुभूति यूँ ही नहीं छोड़ पाई और उस काटा-पीटी को व्यवस्थित कर रूपकृतियों में परिवर्तित करने को प्रेरित करने लगीं ।"[4] चित्रकारिता के प्रेम के वशीभूत रवींद्र ने थोड़े ही समय में अपनी कलम व अन्य माध्यमों द्वारा सैकड़ों चित्र सिरजे । ''नए-नए चित्रों द्वारा कला को परिभाषित कर अपने जीवन के स्वर्णिम दस वर्षों में 4000 से भी ज़्यादा चित्र बना डाले ।" [5] टैगोर दिन-रात अनवरत रूप से चित्र-सृजन के कार्य में लगे रहे । उनके चित्रित-चित्र, विषय के अनुरूप ही उनके माध्यम भी विविधता लिए हुए थे, प्रयोगात्मक स्वरूप रवींद्र ने रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों को भी अपने चित्र-तल पर स्थान दिया । उन्होंने चित्रकला के क्षेत्र में किसी भी परम्परागत शैली में बंध कर चित्रण-कार्य नहीं किया, वरन अपनी

आत्मिक संतुष्टि हेतु ही वे चित्र-कर्म में लीन रहे । ''उन्होंने किसी भी प्रकार के नियमों का पालन नहीं किया उनके चित्रांकन का तंत्र और शैली पूर्ण व्यक्तिगत थी ।''[6]

रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे । रवींद्र ने अपने मनोभावों की अभिव्यक्ति चाहे वह संगीत में हो, साहित्य में हो, काव्य में हो या फिर कला में सृजनात्मक ही की । रवींद्र में सृजनात्मक-पक्ष ईश्वरीय प्रदत्त था, क्योंकि यदि मानव में सृजनशीलता है तो ग्रहण करने के मार्ग स्वतः ही निश्चित हो जाते हैं । जे0 कृष्णमूर्ति द्वारा व्यक्त विचार रवींद्रनाथ की कला पर पूर्ण रूपेण लागू होते हैं, ''यदि हममे कोई आंतरिक ज्योति प्रज्ज्वलित है-कोई आनन्द है तो उसको व्यक्त करने का मार्ग स्वतः ही दिखाई देगा, अभियक्ति के तरीकों का अध्ययन आवश्यक नहीं है ।''[7]

1. **चित्रतल आधार :** रवींद्रनाथ ने अपने चित्रों के चित्रतल आधार नाना प्रकार के कागज़, कार्टेज, वाहटसमैन, पोस्टर तथा अन्य प्रकार के मोटे-पतले कागजों को बनाया । उन्होंने सिल्क कपड़े व कैनवास का भी प्रयोग किया ।
2. **वर्ण संयोजन :** रवींद्रनाथ ने अपनी गम्भीर मानसिक-वृत्ति के अनुरूप ही अपने चित्रों में वर्ण संयोजन का प्रयोग किया है । भारतीय कला समीक्षकों ने रवींद्रनाथ की वर्ण-संयोजन पद्धति की भूरि-भूरि प्रशंसा की है । ''वर्ष 1930 ई0 में जर्मनी में आयोजित रवींद्र के चित्रों की एकल प्रदर्शनी में प्रदर्शित व्यक्ति-चित्रों में प्रयुक्त वर्णों की चमक तथा स्पंदन को अनुभूत कर, विदेशी समीक्षकों ने उनके द्वारा प्रयुक्त वर्ण योजना को आश्चर्यजनक एवं दुर्लभ बताया है ।''[8]

प्रारम्भ में आधुनिक चित्रकार रवींद्रनाथ टैगोर ने पेन और पेंसिल से ही रेखांकन किया, तदोपरांत चित्रों में स्याही का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया । ''प्रारम्भिक चित्र जो केवल मात्र स्याही से बने हैं लाल, नीली, काली स्याही में रेखा प्रधान होते हुए भी चटक रंगों में हैं ।''[9] कुछ

समय पश्चात उन्होंने स्वतः फूलों से रंग तैयार कर चित्रण किया, जो उनकी अपनी अलग विशेषता थी । रवींद्रनाथ की अपने चित्रों में रंगाकन करने की पद्धति अपनी अलग थी । वह ''चित्रों में फूल घिसकर फूल का रंग भरते, हल्दी से स्वर्ण की आभा दिखाने का प्रयत्न करते और प्रखर सूर्य की किरणें दिखाने के लिए कागज़ का वह स्थान रिक्त छोड़ देते ।''[10] रेखांकन के साथ ही साथ रंगाकन की प्रष्ठभूमि पर चौड़े तूलिकाघातों द्वारा एक ही रंग की रंगतों व कहीं-कहीं अन्यान्य रंगों की रंगतों व रंग संगतियों के गाढ़े व हल्के रंग की प्रष्ठभूमि तैयार की गई है ।

प्रथम आधुनिक भारतीय चित्रकार रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी अनुभूतियों के आधार पर तथा अपने अचेतन से प्राप्त बिम्बों द्वारा ही सूने, सुंदर, एकांत, रहस्यमय, कोमल, वीभत्स, डरावने, विचित्र, खुरदुरे तथा आकर्षक-अनाकर्षक रूपों का सृजन किया है ।

संदर्भ-सूची

1. बसु, नंदलाल ; दृष्टि और सृष्टि ; पृष्ठ-221
2. गुर्टू, शची रानी ; कला के प्रणेता ; पृष्ठ-117
3. गुर्टू, शची रानी ; कला के प्रणेता ; पृष्ठ-118
4. सुब्रम्णयन, के0 जी0; एन एसिसमेन्ट ऑफ रवीन्द्रनाथस पेंटिंग्स; वॉल्यूम 1994 एन एन्युअल ऑन आर्ट् एण्ड एस्थेटिक्स; पृष्ठ-6
5. वाजपेयी, राजेन्द्र ; ''मॉडर्न आर्ट् '' और उसके चित्रकार ; पृष्ठ-36
6. अग्रवाल, गिर्राज किशोर ; कला और कलम ; पृष्ठ-249
7. साखलकर, र0 वि0 ; आधुनिक चित्रकला का इतिहास ; पृष्ठ-346
8. रॉबिन्सन, ए0 ; द आर्ट् ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर ; पृष्ठ-62
9. डॉ0 नाग ;सविता ; भारतीय चित्रकला शोध-संचय 1997,
10. रवींद्रनाथ ठाकुर की चित्रकला साधना ; पृष्ठ-115
11. अग्रवाल, , गिर्राज किशोर ; कला और कलम ; पृष्ठ-249

स्वतंत्रता काल और गानहिरा हिराबाई बडोदकर

डॉ. वैशाली देशमुख
सहयोगी प्राध्यापक, विभाग प्रमुख
संगीत विभाग
शासकीय ज्ञान विज्ञान महाविद्यालय, औरंगाबाद

भारतीय संगीत विश्व में अधिक प्राचीन माना जाता है । भारतीय संगीत परंपरा विश्वसंगीत में अपना अनोखा नाम लेकर पहचानी जाती है। वैदिक युग से आधुनिक युग तक अनेक कठिन परिस्थितियों से गुजर कर एक विशिष्ठ मुकाम पर पहुंचाने वाला अभिजात संगीत माना जाता है। अनेक आक्रमणो से विकसित होकर भारतीय संगीत ने पुरे विश्व में नयी अलग पहचान बनायी है। और इसका पुरा श्रेय अनेक कलाकारों को देना चाहिये ये । सभी कलाकारों ने अनेक विभिन्न परिस्थितियों के उपरांत महत्वपूर्ण योगदान दिया है । इन अनेक कलाकारो में एक अग्रेसर नाम है किराना घराने की मशहुर गायिका हिराबाई बडोदकर । भारतीय संगीत में हिराबाई का योगदान बडा ही महत्वपूर्ण माना जाता है ।

१९ वी शताब्दी के मध्य में रियासत बडौदा राज्य कि राजमाता के भाई मारुतराव माने की ताराबाई माने बेटी थी । उ. अब्दुल करीम खां बडौदा में दरबारी संगीतकार थे। ताराबाई माने उ. अब्दुल करीम खां से संगीत सीखती थी । हिराबाई उ. अब्दुल करीम खां और ताराबाई माने कि बेटी है । उस शताब्दी में यह विवाह अस्वीकार किया गया और उ. अब्दुल करीम खां और ताराबाई माने को बडौदा राज्य छोडना पडा । और वह मुंबई मे आकर बस गये । सुरेशबाबू माने, कृष्णबाई, हिराबाई, कमलाबाई और सरस्वती राणे ये बेटे बेटियां है।

हिराबाई बडोदकरजी का जन्म १९०५ में हुआ उनके नसनस में संगीत ही था। शुरू में उन्होंने अपने पिता से संगीत की तालीम ली। लेकिन कुछ समय बाद ताराबाई और उ. अब्दुल करीम खां अलग हो गये। उपरांत हिराबाई ने उनके बडे भाई सुरेशबाबू से संगीत सीखा। और आगे चलकर हिराबाई ने उ. अब्दुल वहीद खां जो उ. अब्दुल करीम खां के चचेरे भाई थे उनसे विधिवत शिक्षा की आरंभ हुई।

हिराबाई के संपूर्ण जीवन में संगीत ही था। बचपन सें ही उनके मन पर पिता के सुर, माता का गानसंस्कार और बडे भाई की तालीम मिलने के कारण हिराबाई सुरेल, मधुर और तैयारी के साथ गायन करने लगी। उनके गुरु वहीद खां की सिखाने की पध्दती बहुत ही कठिन और अनुशासन प्रिय थी। हिराबाई ने भी बहुत लगन के साथ तालीम हासिल की थी। हिराबाई की षडज भरने की क्रिया, आलापी, बढत, ताना ये सब हजारों बार दोहराके मेहनत के साथ तालीम लेते थे। वहीद खां के पास चीजो का, बंदिशो का भंडार था। वहीद खां की तार षडज लगाने की अपनी खासियत थी। वही हिराबाई ने अपने गले में बखुबी उठाई थी। स्वरप्रधान गायकी लयकारी, तनाईत, गमक, मींड, कण, स्वरलगाव इन सब का संस्कार हिराबाई के गले पर खां साहब बहोत ही मेहनत लेकर कर रहे थे। और इस तालीम का असर ऐसा हुआ की अगर हिराबाई का षडज सुना है तो जीवन धन्य है ऐसा सब मानना था। सभी कलाकार हिराबाई को बहुत ही मान सन्मान, अग्रगण्य, प्रथम स्थान गायिकी में स्थान देते थे। तीन सप्तको में उनकी आवाज मधुर, सुरीली और मृदु रहती थी। और रागों के जटिल चलन और तानों की क्लिष्टता हिराबाई महफिल में प्रस्तुत करती थी।

हिराबाई की गानशैली की विशेषता यह रही है की उनकी गायकी सभी गुणों से अलंकृत थी। मधुर सुरेली आवाज, स्वरप्रधान गायकी,

आलापी में कल्पना विलासता का भरपूर प्रयोग, बीनकारी अंग, साफ और शुध्द अमोघ स्वरफेक, तार षडज लगानेकी हुकूमी खासियत, दानेदार फिरत की ताने, एक -एक स्वर बढत करने की गायकी ऐसी अनेक गुणों से संपूर्ण गायकी हिराबाई की थी। विलंबित ख्याल, द्रुत बंदिशे, तराने, ठुमरी, नाट्यगीत, भजन इ. अनेक गीतशैली वह बडी सहजता से गाती थी। भजन में भक्तिपूर्ण गायन, ठुमरी में श्रृंगारसपूर्ण और करुणा से भर हुआ गायन, नाट्यगीत में अभिनय का परिपूर्ण उपयोग और कई चित्रपटो में नायिका के रूप मे काम भी किया है।

स्वतंत्रता पूर्व हिराबाई ने बडी प्रयासों से, परिश्रमपूर्व तालीम ली और उस तालीम को बरकरार रखते हुए अपनी आयू की १५ साल में ही पहला कार्यक्रम श्रोताओं के सन्मुख आरंभ कर दिया था। कार्यक्रम में टिकट लगाकर गायन करनेवाली वह पहली महिला कलाकार थी। उनके कार्यक्रम में विलंबित ख्याल से लेकर भजन, मराठी नाट्यगीत, ठुमरी, गजल, मराठी भावगीत सुनने के लिए भीड होती थी।

इ.स. १९२० में लोकमान्य तिलकजीने पुना में सामाजिक गणपती महोत्सव की शुरुआत की। और हिराबाई ने इस महोत्सव में अपनी महफिल में सुरों को सजाया। हिराबाई इन संपूर्ण भारतभर में श्रोताओ तक पहुंची और उन्होने भरपूर प्रेम श्रोताओं से पाया उस वक्त कि सभी महिलओ को हिराबाई ने एक आदर्श दिशा दी थी। और उनके इस नक्शे कदम पर अनेक महिलाओ ने उस वक्त गायन की तालीम भी शुरू कर दी थी। इसलिए स्वतंत्रता पूर्व हिराबाई का योगदान बडा ही महत्वपूर्ण माना जाता है। क्योंकी उन्होने संगीत का अपार सागर महिलओं के खोल दिया था। हिराबाई की शालीनता, सज्जनता, प्रतिष्ठा, मान सन्मान और गुणी कलाकार ने महिलओं को अपना आदर्श स्थान बना लिया था। आज से सौ साल पहले इस

महिला कलाकार ने स्वतंत्रतापूर्व भारतीय संगीत के प्रसार और प्रचार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

हिराबाई का गायन अनेक राज दरबार में भी हुआ करता था। बडौदा, इंदौर, रामपुर, भोपाल इन सभी राजदरबारोमें रातभर जलसा चलता रहता था और हिराबाई बडी लगनतासें अपनी गायकी पेश करती थी। हिराबाई की लोकप्रियता के कारण उस वक्त ग्रामोफोन रेकॉर्ड भी किये गये थे। एमएमव्ही ने हिराबाई के अनेक रेकॉर्ड प्रकाशित किये जिनसे आज भी उन दिनो का गायन हमे आज बडी सहजता से उपलब्ध होकर विद्यार्थी उन रेकॉर्ड से अभ्यास कर सकते है। उसका अभ्यास विद्यार्थियों के लिये महत्वपूर्ण हो गया।

इ.स. ५ सप्टेंबर १९२९ इस वर्ष हिराबाई ने मराठी रंगभूमी पर मराठी संगीत नाटक में काम किया। वह पहली महिला कलाकार थी जिन्होने मराठी नाट्यसंगीत गायन कि शुरुआत की। उस काल में पुरुष महिला का काम करते थे। तब महीला नाटक मंडली में काम नही करती थी। लेकिन हिराबाई ने बालगंधर्व जी के साथ स्त्री भूमिका मराठी नाटको में निभायी। आगे उन्होने स्वयं अपनी नाटक मंडली कि कंपनी शुरू की। उनके बडे भाई सुरेशबाबू का निधन होने के कारण उन्होने परिवार की जिम्मेदारी को पुरी तरह से संभाला। हिराबाई एक गुणी कलाकार थी लेकिन और एक अच्छी गुरु भी थी। उन्होने अपनी बहन सरस्वती राणे, जानकी अय्यर, मालती पांडे, बकुल पंडीत, डॉ.प्रभा अत्रे, सुलभा ठकार, सुहासिनी मुळगावगावकर जैसी अनेक शिष्या तैयार की।

इ.स. १९२३ में HMV ने 'जया अंतरी भगवंत' ये मराठी भजन की ध्वनिमुद्रिका प्रकशित की। उनकी १७५ ध्वनिमुद्रिका प्रकाशित है। कलकत्ता में भारतीय संगीत परिषद में १९३७ में उन्होने गायन किया था। इ.स. १९४१ में जालंधर में हरीवल्लभ में गायन करनेवाली वह

पहली महिला कलाकार थी। पुना में एक जलसा में चुनीलाल मेहता ने 'गानहिरा' यह पदवी हिराबाई को दी। एक जलसे में सरोजीनी नायडू ने हिराबाई को 'गानकोकिळा' यह पदवी से सम्मानित किया। इ.स. १९४५ में सरोजीनी नायडू ने हिराबाई को मीरा भजन गाने के लिये महात्मा गांधी के पास ले गयी थी। भारत को स्वतंत्रता मिलने पर दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रगीत गान के लिये उन्हें बुलाया गया था। उनके सम्मान में विष्णुदास भावे पुरस्कार, बालगंधर्व पुरस्कार और इ.स. १९७० में भारत सरकार द्वारा पद्मभुषण सम्मान उन्हे मिला।

स्वतंत्रता से पुर्व और स्वतंत्रता के बाद भी हिराबाई का भारतीय संगीत में बडा महत्वपूर्ण योगदान रहा है । इसलिए गायनाचार्य वझेबुवा कहते थे की हिराबाई का मधुर गायन अगर रोगी सुनता है तो उसके रोग भी ठीक हो जायेंगे। इतना गुणो से भरा, सच्चा गायन, मधुर गायन हिराबाई का था ।ऐसी गुणी कलाकार जो आज महिलओं के लिए आदर्श है और स्वतंत्रता के हर मोड पर भारतीय संगीत की सेवा करने वाली हिराबाई बडोदकर एक महान कलाकार थी उसमे कोई दुमत नहीं होगा। इस महान कलाकार को शतश: नमन। गानहिरा हिराबाई बडोदकर जी की मेहनत से और लगन से स्वतंत्रता के पूर्व और स्वातंत्रोत्तर काल में भारतीय संगीत का प्रसार और प्रचार बडी प्रभावता से हुआ है।

संदर्भ:

1. डॉ. ना. र. मारुलकर - संगीतातील घराणी / चरीत्रे.
2. हमारे संगीत रत्न - लक्ष्मिनारायण गर्ग.
3. नाद - गोपालकृष्ण भोबे.
4. घरंदाज - गायकी - वा.ह. देशपांडे.

कला - संगम - अजय देशपांडे

बागलाण (श्री क्षेत्र मुल्हेर) की संस्कृति एवं रास संगीत: स्वातंत्र्योत्तर काल के परिप्रेक्ष्य में

Dr.Meghana Ajay Ashtaputre
Assistant Professor,
Department of Indian classical music-vocal
Faculty of Performing Arts
The Maharaja Sayajirao University of Baroda.

सार संक्षेप:

भारतीय संगीत हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है। संस्कृति का अविभाज्य घटक संगीत है ।इसका संरक्षण एवं संवर्धन ही हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। महाराष्ट्र स्वयं एक ऐतिहासिक राष्ट्र रहा है।इस प्रांत को सांस्कृतिक दृष्ट्या विकसित करने में राजाओं, संतों का महत्त्व पूर्ण योगदान रहा है, जिन्हों ने समाज को धर्म का महत्व बताते हुए कर्म की तरफ आकर्षित किया । अपितु जैसे जैसे समय आगे बढ़ता गया, नई पीढ़ी, नए विचार, नए रिवाज जन्म लेने लगे वैसे वैसे पुरानी परंपराओं में बदलाव आने लगा ।

इस. पूर्व ५००० वर्ष, तत्पश्चात इस. १७ वी शताब्दी के काल में अर्थात ३५० वर्ष पूर्व श्री क्षेत्र मुल्हेर की संस्कृति, रहन सहन, रीत-रिवाज, वहाँ पर हर साल मनाया जानेवाला रासलीला उत्सव मुल्हेर की संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। परंतु इस के प्रति जानकारी शायद ही किसिको मालुम हो । आज आजादी के ७५ वर्ष के पश्चात इनमें बदलाव आया और इस बदलाव के साथ इसका विकास होता गया। इन सब चीजों में अनेक लोगों का योगदान रहा है, जिसका विवरण इस शोध पत्र द्वारा आपके समक्ष उजागर करने का प्रयास कर रही हूँ।

शब्द सूची :

मुल्हेर, प्राचीन, आधुनिक, रास-संगीत, पद, संस्कृति, बागलाण, श्रीकृष्ण, किला

श्री क्षेत्र मुल्हेर एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक प्रांत है जो प्राचीन काल मे बागलाण के नाम से जाना जाता था । मुल्हेर ग्राम को 'रत्नपुर' नाम से प्रसिद्ध था । इस काल में उसे बागलाण राज्य की राजधानी कहा जाता था। पुरातन काल में बागलाण का उल्लेख ऋग्वेद मे मिलता है।

मुल्हेर प्रांत मोसम नदी के किनारे बसा हुआ है जो बागलाण तालुका में स्थित है। बागलाण तालुका भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो सह्याद्री पर्बत माला की शुरुआत है। साल्हेर-मुल्हेर पर्बत माला से लेकर नीलगिरी पर्बत तक सह्याद्री देखने को मिलता है और उसका अग्र भाग है बागलाण । इतिहास में गोवलकोंडा एवं पैठण शहर से युरोप में समुद्री मार्ग से वाहन व्यवहार की दृष्टि से बागलाण से जानेवाला मार्ग विशेष रूप से महत्व पूर्ण था । सुरक्षित मार्ग पर निरीक्षण करने हेतु धन, धान्य, दौलत आदि माल सुरक्षित रखने हेतु साल्हेर-मुल्हेर किले बहुत उपयुक्त मालुम होते थे।

बागलाण प्रांत भरपूर बारिश ठंडी हवा, पर्बतों से घेरा हुआ, सह्याद्री पर्बतों ने जैसे गोद में ले लिया हो ऐसा प्रदेश । बारों महीने नदियाँ भरपूर पानी से बहती हुई दिखाई देती है। अर्थात वहाँ बागायती फसल जैसे गुड, अनार दाना, आम, केला, अंगूर, अननस, खजूर, सेब प्रमुख रूप से होता है। अनेकानेक जाती धर्म के लोग यहाँ आकर बस गए। विभिन्न संस्कृति यों से सम्पन्न और समृद्धि से भरा हुआ यह बागलाण प्रांत भिन्न राजाओं के कब्जे में आने की वजह से विभिन्न राजवटियाँ यहाँ बस कर उन्होंने इतिहास रचा हुआ है। इन राजाओं की स्वतंत्र चलनी नोट थी। विशेषतः बागुल-राठोड राजाओंकी चलनी नोट जो 'महमूदी' नाम से जानी जाती थी। इन महमूदीओं की बनावट

प्रक्रिया 'मुल्हेर' किले के पाँव लगत होती थी । गुजरात राज्य में इस चलनी नोटों का बडा उपयोग होता था । आज भी वहाँ इसके अवशेष दिखाई देते है । वो काल था इस. १३४०-१६३६ ।

बागलाण के राजे धार्मिक सेवा, दानधर्म, करते थे। उन्होंने अनेक ब्राम्हणो को आश्रय दिया था । उस वक्त शांति पूर्ण वातावरण के कारण वहाँ के राजे रानी वसा (एक से अधिक रानियाँ) रखकर उनकी विलासी वृत्ती बढ़ गई थी। युद्ध में उपयोग किए जाने वाली तलवार की मूठ यहाँ 'मुल्हेर की मूठ' के नाम से प्रसिद्ध मानी जाती थी। छत्रपती शिवाजी महाराज की सभी तलवारों को मुल्हेर की मूठ ही थी ऐसा कहा जाता है। कुछ समय तक मुल्हेर प्रांत स्वराज्य में था परंतु तत्पश्चात मुग़लों के कब्जे में रहा। इस. १७ वी शताब्दी में बादशाह औरंगजेब द्वारा इस प्रांत को संत पूज्य श्री उद्धव महाराज को दान में दिया गया । बागलाण-मुल्हेर के ऐतिहासिक काल में आदिवासी भील्ल जाती के और कोंकणी लोग देखने को मिलते थे । प्रमुख रूप से इनकी भाषा अहिरी और कोंकणी थी। इन लोगों का काम राज्य का रक्षण करना इतना ही था । यहाँ पर आदिवासी संस्कृति देखने को मिलती है । तत्पश्चात जैसी जैसी विभिन्न राजवट बागलाण में आयी वैसे संस्कृति में बदलाव होता गया।

मुल्हेर किले पर कोंकणी अर्थात गवली लोगोंका वास था। हजारों वर्ष पूर्व का आभीर समाज जो आज का कोंकणी समाज के नाम से जाना जाता है। यह लोग मूल कश्मीर के इलावर्ष नामक भाग के जाने जाते है, यही लोग स्थलांतर करके राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश मार्ग से बागलाण में आए। द्वारका जब डूब गई तब भगवान श्रीकृष्ण की स्त्रियों को लूटने का आरोप इन आभीरी लोगों पर लगाया गया था ऐसा कहा जाता है। इनकी कुलस्वमीनी राधा है और यह भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त माने जाते है। तबसे भगवान श्रीकृष्ण और राधा

जी का नाता इस बागलाण से जुड़ गया था ऐसा कह सकते है। बागलाण-मुल्हेर प्रांत में न केवल राजकीय हस्तियों का वास था परंतु अनेक संत महात्मा, कवि, कलाकार ने भी इस भूमि को पवित्र किया है। इसका प्रमाण अर्थात बागलाण तालुका में स्थित बाबेश्वर मंदिर में परिसर के दीवारों पर सम्पूर्ण महाभारत की कहानी तथा देवलाणे ग्राम के एक मंदिर की दीवार पर मुल्हेर के रासलीला का प्रसंग शिल्प कलाकृति के रूप में देखने को मिलता है।

श्री क्षेत्र मुल्हेर में मनायी जानेवाली रासलीला का बड़ा महत्व है और यह वहाँ की संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। बागलाण की भूमि संतों की भूमि मानी जाती है। महानुभाव पंथ के चक्रधर स्वामी, श्रेष्ठ संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव,समर्थ रामदास आदि तथा कवि रत्नाकर, जन जसवंत, पूर्णनन्द स्वामी काशिराज महाराज- उद्धव महाराज आदि संतों ने अपने वास्तव्य से बागलाण की भूमि पावन की। काशिराज महाराज- उद्धव महाराज इन गुरु शिष्यों की जोड़ी ने भगवान श्रीकृष्ण रासलीला की परंपरा मुल्हेर में शुरू करके समस्त बागलाण ही नहीं पूरे भारत वर्ष में अपना नाम अमर कर दिया। इन सभी संतों की समाधियाँ बागलाण की संस्कृति का प्रमाण कहा जा सकता है। और ऐसे ही प्रमाणों द्वारा मुझे श्री क्षेत्र मुल्हेर के रासलीला की ऐतिहासिक खोज,संशोधन करने में प्रेरित किया गया जिसका ब्योरा इस शोध पत्र द्वारा प्रस्तुत करनेका मौका प्राप्त हो रहा है।

बागलाण की संस्कृति का अभ्यास करते हुए मुझे एक सुन्दर मराठी भाषा में लिखा हुआ सबसे बड़ा ग्रंथ 'कथा कल्पतरु' के बारेमें जानकारी प्राप्त हुई । इस ग्रंथ में करीबन ३९००० ओवियाँ समाविष्ट है अर्थात यह ज्ञानेश्वरी ग्रंथ से तीन गुना बड़ा है। इस ग्रंथ का बहु अंशी भाग मुल्हेर किले पर लिखा गया था वह काल था लगबग इस. १९२३ का। इस ग्रंथ के अंतिम अध्याय में मुल्हेर किले का वर्णन मिलता है,

जिसमें किले की तटबंदी, शिल्प कला, महल आदि का वर्णन के साथ वहाँ मौजूद कुछ औषधि वनस्पति का वर्णन, युद्ध में उपयोगी शस्त्रास्त्रों का साठा, नई तकनीक से बने यंत्र, अन्न धान्य साठा, गढ़ की सुरक्षा के लिए बनाई गई सुविधाएं आदि का वर्णन देखने को मिलता है। तथा किले पर रहनेवाले १८ जाती के लोग, भिन्न भिन्न धर्म के लोग अपनी अपनी परंपरा रीति रिवाज के साथ उनकी रहन सहन, कला विद्या शास्त्र आदि का वर्णन मिलता है।

परंतु आजके आधुनिक काल में इस किले पर इन सब चीजों का कुछ ही अंश देखने को मिलता है। इंसमे से कुछ भाग नष्ट हो गया है, कुछ दुरावस्था में पड़ा है। अब यहाँ कोई बस्ती भी देख ने को नहीं मिलती है। परंतु यहाँ की एक एक चीज प्राचीन ऐतिहासिक घटनाओं की गवाह है। जैसा की शुरुआत में श्री क्षेत्र मुल्हेर की संस्कृति के बारेमें चर्चा करते हुए बताया गया की यह संतों की भूमि है, काशिराज महाराज-उद्धव महाराज इन गुरू शिष्य की जोड़ी ने अपने वास्तव्य में यहाँ भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का उत्सव शुरू किया । ऐतिहासिक परंपरा अनुसार रीत रिवाज से वह आज भी मनाया जाता है। यह रासलीला एवं रास संगीत एक संशोधन का विषय था जिसका प्रयास मेरे द्वारा किया गया। इसका ब्योरा में इस शोध पत्र में आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ । जहां तक मुल्हेर रासलीला की बात आती है, तो सर्व प्रथम यहाँ के रामानुज साम्प्रदाय के बारेमें लिखना अनिवार्य है। रामानुज साम्प्रदाय के मूल प्रवर्तक आचार्य रामानुजाचार्य (इस. ११२७-१२४७) माने जाते है। सर्व प्रथम यह साम्प्रदाय प्रभु श्री रामचन्द्र ने शुरू किया परंतु इसके प्रचार का महत्वपूर्ण कार्य आचार्य जी ने किया हुआ है ऐसा कहा जाता है।

वैसे देखा जाए तो यह रासलीला महाभारत काल से शुरू हुई परंतु उसके पश्चात इस. १६४० तक इसका स्वरूप कुछ अस्तव्यस्त था।

बाद में श्री काशिराज महाराज ने इसकी पुनर्रचना की । काशिराज महाराज रामानुज साम्प्रदाय के २९ वे वंशज कहलाये जाते है। उनके पश्चात प. पु. श्री उद्धव महाराज जो काशिराज महाराज के शिष्य थे उन्होंने इसकी परंपरा कायम रखी जो आज भी वह देखने को मिलती है। परंपरा नुसार स्वातंत्र्योत्तर काल अर्थात ७५ साल के पश्चात आज भी रासलीला का उत्सव उतनेही उत्साह से मनाया जाता है। हर साल शरद पूनम के दिन संपात काल में "उद्धव महाराज की जय" यह उद्घोषणा के साथ रास स्तम्भ पर रास चक्र चढ़ाया जाता है, रास चक्र को सजाया जाता है। और उस चक्र के नीचे गाँव की रास मंडली द्वारा रास संगीत गाया जाता है। यह ३५० साल पूर्व की परंपरा है। धीरे धीरे स्वातंत्र्योत्तर काल में परिस्थिति में बदलाव आए, वहाँ के रीत-रिवाज में थोड़े बदलाव आते गए उसके अनुसार उत्सव मनाने के लिए सबसे महत्व पूर्ण बात आर्थिक सहाय्य होता है, तो वहाँ की पंचायत, सरकार द्वारा फंड उपलब्ध होता है तथा शहरों मे से बड़े बड़े रईस लोगों द्वारा , मंदिरों द्वारा प्राप्त हुई धनराशि की सहाय्य ता से उत्सव धुमधाम से मनाया जाता है।

एक अत्यंत विशेष बात यह है की, उत्सव के दिन वहाँ छोटा बड़ा कारोबार करने वाले रहिवासी जैसे सुतार, तेली, फूलवाला, खानसामा, झाड़ू लगानेवाला उस दिन अपना कारोबार बंद करके पूरा दिन भगवान की सेवा में लगे रहते है। लकड़ी का रास चक्र बनाने के लिए सुतार, रास चक्र एवं मंदिर का परिसर फूलों से सजाने के लिए फूलवाला, मिट्टी के दिये बनाने के लिए कुंभार, रात भर दिये जलाने के लिए तेली,सुबह शाम लोगों का खाना बनाने के लिए खानसामा आदि लोग अपनी सेवा प्रदान करते है यह दृश्य मैंने स्वयं वहाँ पर देखा है।

उस दिन उत्सव में मंदिर के आधिपती परिवार में से जो सबसे छोटा बच्चा हो उसको श्रीकृष्ण बनाते है, आदि गोपियों के वेश में गाँव के छोटे लड़के मौजूद होते है ,और लोग उनकी पूजा करते है। बाद में रात १० बजे से रास चक्र के नीचे रास पदों का गायन होता है। पदों का गायन मंडली द्वारा जिसमे करीबन १५-२० लोगों का समूह होता है। पहले इस समूह में केवल पुरुषों का ही स्थान था, तथा ब्राह्मणेतर जाती के लोगों को मनाई थी। जैसा समय बदलता गया वैसे रास मंडली में स्त्रियों को भी समाविष्ट किया जाने लगा, साथ में सभी जाती धर्म के लोगों का समावेश होने लगा, इसका सम्पूर्ण श्रेय वहाँ के मठाधी पति प. पु. रघुराज महाराज जी को जाता है। आज की स्थिति में मंडली में ७-८ पुरुष एवं ५-६ स्त्रियाँ दिखाई देती है। उसमें से कुछ स्त्रियों ने शास्त्रीय संगीत का अभ्यास भी किया हुआ है, उसका परिणाम रास पद अधिकाधिक सुरेल एवं भावपूर्ण सुन ने को मिलता है। सबके हाथ में झांझ, किसी एक के हाथ मे पखावज और एक हारमोनियम बजाता है। कुल १०५ पदों का सम्पूर्ण रात्री गायन होता है और वोह भी खड़े पैर .. ।कुल २१ रागों में (जैसे केदार, सामेरी, जयवंती, कानरों, भैरवी, कल्याण, परज, मालव गौड़, सोरट आदि) इनकी रचना स्वरबद्ध की हुई मिलती है । इन रागों का अभ्यास करते हुए यह बात सामने आयी के कुछ राग प्राचीन है जिनकी स्वर रचना आधुनिक रागों से भिन्न है। कुछ रागों के नाम भिन्न है, वह किस तरह भिन्न है? उसका कारण क्या है? प्रमाण क्या है? परिमाण क्या है? यही मेरे संशोधन का विषय था ।

रासलीला पदों की सभी पद्य रचना ब्रज भाषा में मिलती है जो प्राचीन वाणी साहित्य की मौल्यवान निधि है। उस समय स्वरांकन प्रणाली का प्रचार न होने के कारण रास के संगीत का मूल स्वरूप स्थिर नहीं रह सका, परंतु रासधारियों की परंपरा जैसे जैसे आगे बढ़ी, विकसित हुई वैसे मौखिक रूप में रास संगीत का प्रचार होता गया। परंतु अब इन

सभी पदों का पं. भातखंडे स्वरलिपि में स्वरांकन करके एक स्थायी रूप देने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है।

जबसे इन पदों का गायन होता आया है तबसे इन पदों के राग, व्याकरण , साहित्य, भाव पक्ष, ताल पक्ष आदि चीजों के प्रति अभ्यास का अभाव दिखाई देता है। यह रास पद गाने वाले ग्रामस्थ सांगीतिक दृष्टि से अशिक्षित है। परंतु स्वातंत्र्योंत्तर काल में इन रास मंडलियों की नई पीढ़ी ने यह हाथ में लिया तबसे इसमें अभ्यास शुरू हुआ। मैंने स्वयं इन पदों का गहनता से अभ्यास करके इस रास संगीत का सैद्धांतिक दृष्टि से तथ्य समाज के समक्ष लाने की कोशिश की है। इन पदों में शृंगार, विरह, नटखट भाव,समर्पण,भाव विभोरता, आतुरता आदि भावों का उच्च स्तर पर वर्णन पाया जाता है। स्वरों के साथ ताल पक्ष भी अहम भूमिका निभाता है। सहज सुलभ कम मात्रावाले जैसे धुमाली, राम कृष्ण हरी ठेका, प्रतिताल, तीव्रा आदि तालों का चयन करके उसमें यह पद निबद्ध किए हुए मिलते है। पदों का अभ्यास करके यह भी बात सामने आयी की , रास संगीत के कुछ पदों में कर्नाटकी रागों का समावेश दिखाई देता है। दक्षिणी संगीत का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई देता है। राग का समय सिद्धांत का पालन, प्राचीन राग गायन पद्धति, प्राचीन साहित्य, छंद, के अनुसार गायन आदि चीजें आज आधुनिक काल में भी कुछ आंशित बदलाव के साथ दिखाई देती है।

अनुमान: मुल्हेर एक सांस्कृतिक नगरी है । राजाओं एवं विभिन्न संतों के वास्तव्य से यह भूमि पावन हुई है । सांस्कृतिक दृष्ट्या विकसित करनेमें इनका महत्व पूर्ण योगदान रहा है । ३५० वर्ष पुरानी मुल्हेर की संस्कृति, रहन सहन, पुराना रास संगीत किसिको भी इसके प्रति जानकारी नहीं थी, जो आज आजादी के ७५ वर्ष पश्चात इसका उसमें हुआ बदलाव जिसमें, परंपरा वही कायम रही है परंतु आधुनिक

परिस्थिति के अनुसार कहीं कहीं बदलाव नजर आए है । यह बदलाव सकारात्मक है और इस बदलाव के साथ मुल्हेर की संस्कृति एवं रास लीला संगीत में विकास होता हुआ नजर आता है। विकास के साथ साथ इसका प्रचार प्रसार हो रहा है, देश विदेश से भक्त इस रासलीला में आकर अपनी सेवा प्रदान करने लगे है।



रास मंडली



मुल्हेर गढ़



रास चक्र

Reference books

1. Dr. V.P. Dandekar, 'Maharashtra', Dr. V.P. Dandekar Publication, Baroda (1947).
2. Dr. P.G. Sahastrabuddhe, Maharashtra Sanskriti, Continental Publication, Pune (1979).

3. Vamanrao Deshpande, Maharashtra's contribution to music, by Maharashtra information centre, Govt. of Maharashtra (1972).
4. Dr. Ashok Ranade, Music in Maharashtra.
5. Dr. P.R. Mokashi, Maharashtratil Pach Sampradaya, Mohohar Joshi Publication, Pune
6. Thakur Jaidevsingh, Bharatiya Sangeet Ka Itihas
7. Smt. Arti Shrivastav, Braj Raas Mein Sangeet
8. Smt. Vandana Shah, Braj Ki Sangeet Parampara
9. Sangeet Kalavihar (Monthly magazine), Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya Mandal Publication, Miraj, (Maharashtra).
10. Edited by Pt. Kallinath (original author Pt. Damodar), Sangeet Darpan
11. श्री क्षेत्र मुल्हेर की रास मंडली द्वारा साक्षात्कार।
12. मुल्हेर के समाधि मंदिर के मठाधिपती श्री किशोर महाराज एवं उनके परिवार द्वारा साक्षात्कार।

भारतीय सांगीतिक विकास के संदर्भ में प्रो० लालजी श्रीवास्तव का योगदान एक अध्ययन

डॉ. नागेन्द्र मिश्र
पूर्व शोध छात्र
संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

भारतीय संगीत का स्थान विश्व संगीत में अत्यन्त श्रेष्ठ माना गया है। जिस संगीत के माध्यम से योगी तपस्वी भगवान शिव ने अपने ताण्डव से, गणेश जी ने मृदंग से, भगवान श्रीकृष्ण जी ने मुरली से तथा, वीर अर्जुन ने अपनी संगीत रचनाओं से व माँ सरस्वती जी ने अपनी वीणा के स्वरों से प्रकृति व प्राणियों को, लोक जीवन को आनन्द प्रदान किया उसी संगीत का वैज्ञानिक और आधुनिक विकास वर्षों तक अवरूद्ध रहा। ऋषियों, मुनियों तथा मनीषियों की श्रमसाध्य विद्या-संगीत का क्रमशः बाजारू एवं व्यवसायिक रूप बनता गया। संगीत की शुद्धता समाप्त होने लगी फिर भी कलाकरों की साधना चलती रही। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद ही भारत में आकाशवाणी दूरदर्शन, सिनेमा, संगीत सम्मेलनों ने एक साथ मिलकर संगीत को पुनर्जीवित किया। श्रोता व कलाकार मंच एवं महफिल, शास्त्र एवं विद्यालय सभी ने एक साथ मिलकर संगीत के पुनरूत्थान की प्रतिज्ञा ली। नवीन अनुसंधान ने भारतीय संगीत की खोई मान्यता को प्राप्त कर पुनः नये सिरे से आम जनता में पहुंचाने में मदद की। रजवाड़ों, नगरों, संगीत प्रेमियों व साधकों के सहयोग से घरानेदार तथा परम्परागत गायकी एवं स्वतन्त्र-वादन का विकास हुआ। ऐसे ही कला साधकों मे से एक भारतीय संगीत के विकास में बहुमूल्य योगदान देने वाले प्रख्यात तबलाविद, कलाकार प्रो० लालजी श्रीवास्तव का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

प्रो० लाल जी श्रीवास्तव एक ऐसा नाम जो आज भी भारतीय सांगीतिक जगत के प्रेमियों के दिलों पर राज करता है। प्रो० लालजी श्रीवास्तव अब नही रहे, इस बात को आज भी मन सहज होकर स्वीकार नहीं कर पा रहा है। परन्तु उनका यश, उनकी धरोहर सब कुछ जस की तस आज भी हम सब को प्रेरित करने के लिए पर्याप्त है।

प्रो० लाल जी श्रीवास्तव साहब का जन्म गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम वाले पवित्र स्थान इलाहाबाद (प्रयागराज उ०प्र०) में सन् **18.11.1923** को हुआ। आपके पिता का नाम श्री राज किशोर श्रीवास्तव तथा माता का नाम श्रीमती चुन्नी देवी था। आप बचपन से ही लय और ताल रूपी संसार में डूबे रहते थे, गाने बजाने को बड़े गौर से सुनते थे तथा मौका मिलने पर ढोलक बजाया करते थे। आपके रोम-रोम में संगीत व्याप्त था। धीरे-धीरे यह शौक तरक्की करता गया और किसी उस्ताद से तालीम लेने का जज्बा भी बेदार होने लगा। हैरत की बात तो यह है कि उनके घर में न कभी तबले की तालें सुनाई दी और न ही उनके शौक की रहनुमाई करने वाला था। लेकिन ताल व सुर का दीवाना अपने आप ही अपनी मंजिल की तलाश में निकल पड़ा और कला की देवी के समक्ष तपस्यारत हो गया। सौभाग्य से जब आप नवीं कक्षा में पढ़ रहे थे, तभी उस्ताद यूसुफ खां, छतरपुर (म.प्र) नरेश के देहान्त के पश्चात इलाहाबाद आ गये। इसकी जानकारी मिलते ही कि यूसुफ खां तबले के उस्ताद है, लालजी साहब कुछ सीखने की प्रबल आकांक्षा लिए हुए अवसर पाते ही उस्ताद जी से तबला सीखने की इच्छा प्रकट की। खां साहब ने प्रसन्नता से अपनी स्वीकृति दे दी। यह प्रो० साहब के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी नियमित शिक्षा का यह क्रम अनवरत पाँच वर्षों तक चला। उसके पश्चात यूसुफ खां का बांदा आना जाना लगा रहा। उस्ताद जब तक जीवित रहे लालजी कुछ न कुछ उनसे सीखते रहे। सन् 1939 के लगभग वाराणसी के पं०श्याम लाल जी का आगमन

हुआ। उनसे यहाँ के बहुत से शिष्यों ने तबला सीखने की इच्छा प्रकट की इसीलिए वे इलाहाबाद रूक गये। स्थानीय गणेश उत्सव के एक समारोह में श्री लाल जी को पं० श्याम लाल जी का तबला-वादन सुनने का अवसर मिला। यहीं पर पं०जी से उनके मन में तबला सीखने की इच्छा जागृत हुई। अतः आपने अपने प्रथम गुरू उस्ताद यूसुफ खां से प० श्याम लाल जी से तबला सीखने की आज्ञा मांगी और स्वीकृति मिल जाने पर आपने पं०श्याम लाल जी से तबले की बारीकियों को सीखना प्रारम्भ किया। पं० श्याम लाल जी द्वारा ही उस्ताद रहमान खां साहब की बहुत सारी बंदिशें लाल जी को प्राप्त करने में सफलता मिली।

पं० श्याम लाल जी से ही पं०जिया लाल (जयपुर घराना) से सीखने की प्रेरणा मिली। आपकी स्वीकृति से ही पं० जिया लाल जी से शिक्षा लेना प्रारम्भ किया और शिक्षा का यह काल 1945 से 1948 तक रहा। पं० जिया लाल जी से ही उस्ताद अमान अली (स्व० हाजी विलायत अली के तीसरे पुत्र, फरूक्खाबाद घराना) का सबक आपको प्राप्त हुआ। इस प्रकार प्रारम्भ से ही कला साधक लाल जी को योग्य गुरूओं का सामीप्य प्राप्त होता गया और उनकी विलक्षण बुद्धि ने इसे शीघ्र ही ग्रहण भी कर लिया। उल्लेखनीय है कि लालजी श्रीवास्तव जी को तबला-वादन की कला विरासत में नहीं मिली वरन उनकी सफलता उनके दृढ़ निश्चय अद्‌भुत लगन एवं योग्य गुरूओं से जो कुछ भी सीखा अपने अभ्यास एवं चिंतन तथा मनन के द्वारा कला को निरन्तर परिमार्जित करने का परिणाम थी प्रो० लालजी श्रीवास्तव साहब एक उत्कृष्ट कलाकार होने के साथ ही अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ते हुए संगीत कला के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जैसे-

संगीत सम्मेलनों में प्रो० लालजी

प्रो० लालजी श्रीवास्तव जी का एक कलाकार के रूप में सर्वप्रथम कार्यक्रम सुल्तानपुर में सन् 1943 ई० में हुआ। उसके बाद तो यह सिलसिला निरन्तर जारी रहा। अपने ज़माने का कोई ऐसा संगीत सम्मेलन नहीं था जिसमें आपने सफलतापूर्वक भाग न लिया हो। तत्कालीन समय का वह कौन सा कलाकार है जिसके साथ लालजी साहब ने कुशलतापूर्वक संगत करते हुए लोगों का दिल न जीता हो। उस्ताद बड़े गुलाम अली खां फैयाज खां, विलायत खां, लताफत हुसैन खां, पं० भीमसेन जोशी, अब्दुल हलीम जाफ़र खां, अमजद अली, निखिल बनर्जी, पं० ओंकारनाथ ठाकुर, रोशन कुमारी, परवीन सुल्ताना, गिरिजा देवी, बेगम अख्तर, पं० हरिप्रसाद चैरसिया, पं० जसराज व रसूलन बाई आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रो० साहब को कभी अपनी शोहरत की परवाह नही रही और न ही उन्होने अपने फन की सौदेबाजी की।

मैं वह नही जो भागू शोहरत के पीछे-पीछे।
शोहरत को ज़रूरत हो तो आए मेरे पीछे।।

उपरोक्त शेर में उनके व्यक्तित्व की सम्पूर्ण झलक मिलती है। यही कारण है कि विदेशों से आपके पास कई बार निमन्त्रण आए पर आपने कभी उसे स्वीकार नहीं किया, अलबत्ता रेडियो और टेलिविजन पर कार्यक्रम देते रहे।

आपने इलाहाबाद स्थित देश की विख्यात संगीत संस्था:-
'प्रयाग संगीत समिति'में सन् 1944 से शिक्षक के रूप में तथा पिछले तीन दशक से संगीत - निदेशक के पद पर रहते हुए संगीत जगत की विशेष सेवा की।

प्रो० लालजी श्रीवास्वत एक गुरू के रूप में:-

यहाँ दृष्टव्य है कि अच्छा बजा लेना या गा लेना और बात है लेकिन एक अच्छा गुरू होना आसान नही है। एक बेहतरीन कलाकार होने के साथ ही एक बेहतरीन गुरू होने में जमीन-आसमान का अन्तर है, यह बात साधारण लोगों को भी मालूम है। अच्छे गुरू या उस्तादी की कुछ शर्तें होती हैं जिसे लालजी साहब पूरा करते थे। आपको तबले के सभी घरानो पर समान अधिकार था । आपने ही इलाहाबाद में (विशेष रूप से) तबले के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा संगीत जगत को कलाकार के रूप में अनमोल हीरे प्रदान किया। लालजी साहब के शिष्यों का एक विशाल समूह है उनमें से कुछ प्रमुख शिष्यों के नाम इस प्रकार हैः- स्व० प्रभुदत्त बाजपेई, पं०अनुपम रॉय, प्रो० गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीराम सिंह, इसहाक अहमद, भुवनप्रकाश श्रीवास्तव, श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव जी, अनूप बनर्जी, डॉ० अर्चना खरे, डॉ० सुनीता श्रीवास्तव, श्री सन्तोष मिश्र (प्रतापगढ़) तथा आपके पुत्रों में श्री विपिन किशोर श्रीवास्तव और श्री अजय किशोर श्रीवास्तव का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आपके ज्येष्ठ सुपुत्र श्री विपिन किशोर श्रीवास्तव जी आपकी परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं और शिक्षा देने की विशेष पद्धति के कारण अपनी अलग पहचान बना ली है। श्री विपिन किशोर जी के प्रमुख शिष्यों में डॉ० नागेन्द्र मिश्र **(Tabla Artist)** और श्री उदय नारायण पाण्डेय (तबला संगत कार, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज) श्री निर्मल यदुवंशी **(Tabla Artist)** व शशि रॉय का नाम विशेष रूप से आता है। प्रो० लाल जी श्रीवास्तव जी को जीवन अनेक मान-सम्मान तथा उपाधियां मिली, उनमें प्रमुख है- उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, तबला सम्राट, आचार्य, श्रेष्ठ गुरू, ताल मार्तण्ड, प्रयाग गौरव आदि। प्रो० साहब 1944 से प्रयाग संगीत समिति से जुड़े तथा जीवन पर्यन्त समिति से ही जुड़े रहे और दिनांक 16 नवम्बर सन् 2002 को अपनी

स्वर्ग की यात्रा की ओर प्रस्थान किया। हम देखते हैं कि प्रो० साहब एक उच्च कोटि के कलाकार होने के साथ-साथ एक श्रेष्ठ गुरू भी थे। आपकी तालीम देने की विशेष पद्धति थी। आपकी एक अन्य विशेषता थी नई-नई रनचाएं करने की क्षमता। आपने तबले की असंख्य बंदिशों का निर्माण करके तबला-जगत को लाभान्वित किया।

उदाहरण स्वरूप आपके द्वारा रचित टुकड़ा प्रस्तुत है - तीन ताल में

नकताऽ	तिरकिटतकता	किटतक	धाधातीना।
घिड़नगतिरकिट	तकतातिरकिट	घेनाधागे	नधातिरकिट।
धा ता	धा, घेना	धागेनधा तिरकिट	धा।
त धा	घेनाधागे	नधातिरकिट	धाता। धा

संदर्भ सूची

उपरोक्त सम्पूर्ण विवरण गुरूवर श्री विपिन किशोर श्रीवास्तव (ज्येष्ठ सुपुत्र प्रो० लाल जी श्रीवास्वत) जी से साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त किया।

स्वतंत्रता संग्राम में मथुरा के संगीतज्ञ प्रो० विष्णु कुमार कपूर का योगदान

डॉ० ऋतुपर्णा बर्मन गुप्ता
संगीत विद्यार्थी
लखनऊ

इस वर्ष हमें यह अवसर प्राप्त हो रहा है कि हम अपने भारत देश में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। यह आज़ादी हमें अनगिनत लोगों के अथक बलिदानों व प्रयासों के बाद प्राप्त हुई है यह तो सर्वविदित है। उस समय भारत का हर नागरिक अपने पराये का भेद मिटा के मात्र आज़ाद भारत का स्वप्न संजो रहा था । ऐसे कितने ही स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाएं, कथाएं, गीतों, नाट्यों व चलचित्रों के रूप में आज भी हमें भाव-विभोर करती है, और हम अश्रुपूरित नयनों से यही सोचते रह जाते है कि यह आज़ादी हमे कितनों के जीवन बलिदानों के बाद मिली है। आज़ादी के इस उत्सव में कुछ ऐसे भी अदने देश-भक्त रहे है जिन्होंने अपने कर्मों से आज़ादी की ज्वाला जन सामान्य में उत्प्रेरित रहे इसके लिए अपना हर संभव प्रयास किया है। एसे ही संगीतज्ञ थे, प्रो० विष्णु कुमार कपूर जो कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में अपने संगीत से जन सामान्य की सेवा में तात्पर्य थे। आप पेशे से संगीत अध्यापक व पांच बच्चों के पिता भी थे । आपने अपने जीवन काल में अनेक बंदिशों कि रचना की, जिनमें विभिन्न विषय-वस्तु का समावेश कर अपने गीतों को सहित्यिक उत्कृष्टता प्रदान की । आपने गीतों की रचना की जिनमें देशगीत विषयक गीत भी थे। आपके द्वारा रचित गीतों का उल्लेख करने से पहले संगीत और साहित्य का अन्तर सम्बन्ध जान लेना अति आवश्यक है क्यूंकि

साहित्य के माध्यम से मानव अपने जीवन व भावों कि अभिव्यक्ति करता है।

संगीत और साहित्य के घनिष्ठ संबंधों के कारण ही भारतीय और पाश्चात्य विद्वानों ने साहित्य कि परिभाषा लिखते समय उसकी संगीतात्मकता का विशेष रूप से उल्लेख किया है। संस्कृत साहित्य में साहित्य और संगीत कि श्रेष्ठता सामान मानी गयी है क्यूंकि दोनों कि अधिष्ठात्री देवी सरस्वती है वीणा-पुस्तक धारिणी सरस्वती का स्वरूप इसी कि पुष्टि करता है । मिल्टन ने संगीत और साहित्य को सगी बहनें माना है।' साहित्य में वाक्यों कि नियमबद्धता और लयात्मकता के लिए छंदों का प्रयोग होता है चूँकि काव्य को संगीतमय विचार कहा गया है इसीलिए न सिर्फ भारत अपितु सम्पूर्ण विश्व के प्राचीनतम साहित्य पदमय है । प्राचीन साहित्यकारों ने काव्य के लक्षणों में संगीत को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। कुंतक ने विक्रांति सिद्धांत में संगीतात्मक तत्त्वों को स्वीकार करते हुए लिखा है कि" काव्य में किसी न किसी रूप में संगीत विद्यमान रहता है।"[1] साहित्यविहीन संगीत में प्रयुक्त आलाप अथवा वाद्ययंत्रों पर प्रस्तुत की जाने वाली रचनाओं में साहित्य के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होता, उसके श्रोता होते है किन्तु गायन कि अपेक्षा कम होते है । गायन का आनंद लेने वाले वो लोग भी होते है जिन्हें संगीत शास्त्र कि जानकारी नहीं होती। संगीत का प्रधान तत्त्व गायन शब्द और स्वर का समन्वय ही तो है। वस्तुतः संगीत और साहित्य को एक दुसरे से अलग करके दोनों वर्ग के विद्वानों को तो संतुष्ट किया जा सकता है किन्तु जन सामान्य को नहीं। संगीतज्ञों द्वारा साहित्य कि उपेक्षा से विरक्त श्रोता शास्त्रीय संगीत से विमुख होकर सुगम संगीत कि ओर आकृष्ट होने लगे। वर्त्तमान समय में साहित्य और संगीत कि दूरियां कम होने के फलस्वरूप श्रोताओं कि संख्या भी बढ़ने लगी है।

प्राचीन काल में साहित्य व संगीत के बीच विद्या नामक सूक्ष्म विभाजन होता था। साहित्य, विद्या के अंतर्गत आता था जबकि संगीत चौसठ कलाओं के अंतर्गत जो उपविद्या कि श्रेणी में आती है। साहित्य बाह्य और आतंरिक दोनों हो पक्षों का सफल चित्रण करता है, भावों के साथ घटनाओं तथा पदार्थों का सजीव अवतार भी इसमें संभव है। साहित्य के साथ भाषा की अनिवर्यता है परन्तु साहित्य कि सार्थकता उसकी गेयता में है, पर संगीत शब्दों के आधीन नहीं है। साहित्य का प्रभाव चिकित्सा जगत में इसके महत्वपूर्ण योगदानों को भारतीय पाश्चात्य चिकित्सकों तथा वैज्ञानिकों ने मुखर स्वरों में स्वीकारा है। संगीत ध्वनियों के आरोह-अवरोह के माध्यम से झंकृत करता है। संगीत का प्रभाव शिक्षित- अशिक्षित, युवा-बुजुर्ग, पशु-मानव और जड़-चेतन सब पर पड़ता है। प्लेटो ने कहा है कि, "संगीत के माध्यम से आत्मा स्वर और लाया सीख जाती है और धर्म कि प्रवृत्ति आ जाती है- संगीत के स्वर लय आत्मा के मर्मस्थल तक गूंज जाते है। उनकी गतियों में सौन्दर्य और आनन्द बंधा रहता है जो आत्मा को गरिमा बना देता है।"[2] संगीत चरित्र का निर्माण करता है, संगीतकार में धर्म कि पुरावृत्ति आ जाती है, और संगीत कि स्वर लहरी में बंधे होने के कारण वह कभी किसी के प्रति अन्याय नहीं करता। वाल्टर पैटर के अनुसार "जितनी भी कलाएं है, वे सभी संगीत कि ओर उन्मुख है।" महादेवी वर्मा का भी मानना था कि "जिस प्रकार मनुष्य के सुख व दुःख चिरंतन है।"[3] संगीत और साहित्य दोनों का ही अपना अपना महत्व है लेकिन, जब ये दोनों एक साथ मिल जाते है, तो इनका महत्व बढ़ जाता है। साहित्य का सहारा लेकर संगीत साकार होता हो तो संगीत कि स्वर लहरियां साहित्य को जीवंत बना देती है। साहित्य अगर शरीर है तो संगीत उसकी आत्मा।

देशभक्ति विषयक

विष्णु कुमार कपूर का जन्म सन् 1919 में हुआ, यह समय भारत की पराधीनता का था। उस समय में होने वाले स्वतंत्रता संग्रामों व क्रान्तिकारी हलचलों का प्रभाव सामान्य से सामान्य नागरिकों पर भी पड़ा। इसी कारण कपूर साहब भी देशभक्ति कि भावना से अछूते न रहे। राजनैतिक झंझावातों से जूझ रहे भारत में क्रांति कि ज्वाला अपना विध्वंसक रूप ले चुकी थी और इस परिवेश का गहरा प्रभाव युवा विष्णु के मन पर भी हुआ। अपने बम्बई प्रवास के पश्चात् जब कपूर जी ने मथुरा आकर 1942 में किशोरी रमण गर्ल्स इन्टर कॉलेज में कार्य आरम्भ किया। आपने अपनी देशभक्ति कि रचनाओं का लेखन व प्रसार करने के कार्य से शुरूदिया। अपने समकालीन परिचित व्यक्तियों के संपर्क से एवं मंतव्यों से प्रभावित होकर अपने शिष्य-शिष्याओं को प्रेरित करने हेतु देशगीत व प्रेरक गीत आदि भी लिखे। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए आप सदैव तत्पर रहे आपने अपने शिष्यों के साथ मिलकर प्रभात फेरी का आयोजन किया जिसमें प्रायः अपने लिखे गीतों का ही गायन पुरे उत्साह व देशभक्ति भाव के साथ होता था। आप सीधे व सरल स्वभाव के अहिंसा प्रेमी व्यक्तित्व के स्वामी थे। आपने राष्ट्रपिता एवं स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गाँधी की वैचारिकी को अपना प्रेरणा स्त्रोत मान आत्मसात किया परन्तु किसी सामान्य हिन्दुस्तानी कि भांति ही आप सभी स्वतंत्रता के सेवकों के प्रति आदर भाव रखते थे जो आपकी रचनाओं में परिलक्षित होता है। आपके लिखे कुछ गीत व बंदिशों को यहाँ उदाहरण स्वरुप व्याख्या सहित प्रस्तुत किया है जो निम्नवत है।

आपके द्वारा रचित संगीतोद्यान भाग-3 पृष्ठ संख्या 23 कि कुछ ऐसी ही बंदिश का विवेचन प्रस्तुत है। राग देशकार के स्वरों एवं

तीनताल में निबद्ध या गीत देशभक्ति भाव से ओत-प्रोत है इसमें कपूर जी कह रहे है कि हे! वीर सिपाही उठो रण भेरी बज रही है, अपने हृदय को साहस से भरकर कर्म के मार्ग पर अविराम चलने के लिए तत्पर हो जाओ। यह गीत वीर रस प्रधान है यह प्रेरणा गीत ओज गुण से परिपूर्ण है। राग देशकार श्रृंगार रस पोषक राग है इन स्वरों में देश भक्ति युक्त प्रेरक शब्द कपूर जी के अन्वेषक व नित नूतन प्रयोग के स्वभाव का परिचय देते है।

स्थाई: बाज उठी भेरी उठने कि, सुन्दर वीर सिपाही जागो।
अंतरा: हृदय भरो सहस अलबेला, अविचल कर्म मार्ग पर भागो।
इसके अतिरिक्त अन्य बंदिश संगीत बाल मयंक भाग-1 पृष्ठ संख्या 48 से ली गयी है राग भैरवी व कहरवा ताल में निबद्ध यह प्रयाण गीत देशभक्ति कि भावना से युक्त है। इस गीत में कपूर जी बाल मन को देश के हित में सर्वस्व न्यौछावर करने को प्रेरित करता है, उस देश के लिए जिस देश के लिए जिस देश में हिमालय कि चोटी व गंगा कि पावन धार प्रवाहित होती है। अंतरे के भाव स्वदेशी आन्दोलन से प्रेरित है, विदेशी कपड़ों का बहिष्कार व स्वदेशी वस्तुओं और खादी को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गाँधी द्वारा चलाया गया असहयोग आन्दोलन से प्रेरित है यह गीत। स्वतंत्रता का मूल अस्त्र सुदर्शन चक्र रुपी चरखा बताया है। द्वितीय अंतरे में भारत के सभी नागरिकों को अपनी मात्र भूमि के लिए प्राणों का बलिदान देने हेतु तत्पर करता गीत है।

स्थाई- अर्पण भारत माँ के चरनन, तन मन धन सारा
बंधू तन मन धन सारा।
अंतरा 1- जहाँ शोभित श्रंग हिमालय, गंगा की धारा
बंधू तन मन
पहनो-पहनो सुन्दर खादी, तुमको प्यारी हो आज़ादी
आज़ादी का चक्र सुदर्शन चरखा है प्यारा।

अंतरा 2- भारत माँ के बालक सारे माता को प्राणों से प्यारे
हँसते हँसते प्राण गंवाए, यह व्रत है धरा।

यह बंदिश राग भीमपलासी व चारताल में निबद्ध ध्रुपद देशभक्ति विषयक है। इन पंक्तियों में कपूर जी ने जन्मभूमि के स्वरुप का वर्णन किया है, हे देवी! हे माता ! आपके इस शस्य श्यामला स्वरुप को देख सूर्य, चन्द्र दिन रात्रि सभी बलि बलि जाते है। संगीतोद्यान भाग-2 पृष्ठ संख्या- 27 इस गीत में भक्ति रस व प्रसाद गुण है।

स्थाई- जय जय जय जन्मभूमि। जय भारत माते।
पल पल प्रति स्वास अमित। गुण गान सुख पाते।
अंतरा- जननी तुम देवी रूप। शस्य श्यामला अवरूप।
रवि शशि लखि छवि अनूप। अहि निशि बलि जाते।

संगीत बाल मयंक भाग-1, पृष्ठ संख्या 46 से ली गयी राग भैरवी व दादरा ताल में निबद्ध यह समुहगान कपूर जी के देशभक्ति भाव के लिए प्रेरित करने वाले गीतों में से एक ये गीत दोनों लड़कों और लड़कियों के साथ में गया जाता है। इस गीत के शब्द बाल मन को देशहित में अपना सर्वस्व समर्पित करने के लिए प्रेरित करते है। भक्ति रस, प्रसाद गुण से युक्त यह गीत राग भैरवी के स्वरों में अत्यंत आकर्षक लगता है।

स्थाई- हम सुता है देश की हम सपूत देश के,
मिलकर सब देश का निर्माण करेंगे।
अपनी मातृभूमि से सब कष्ट हरेंगे।
अंतरा- देश हमारा है, प्राणों से प्यारा है।
तन मन धन निज, सर्वस्व बलिदान करेंगे
स्वर्ग से भी अनुपम, छवि से भी अनुपम,
छवि इसकी है निरुपम
इसमें हित प्रतिक्षण हम, जीए और मरेंगे

एक अन्य गीत संगीत बाल मयंक भाग-1 पृष्ठ संख्या 40 राग भैरव के स्वरों में निबद्ध ताल कहरवा का यह गीत बाल वीरों को अपनी निद्रा त्याग देश सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित करता है। अपने कोमल मन को देश हित कि भावना में संलिप्त करो तुम ही हो भारत के भावी सैनिक अब तुम भी अपने सभी साथियों कि भाँति आलस्य त्याग अंखिया खोलो। राग भैरव के स्वरों में प्रातःकालीन' वर्णन भी है जो प्रायः नियमानुसार है, शांत रस व ओज गुण से युक्त गीत है।

स्थाई- जागो वीर सिपाही जागो, नन्हे मुन्ने निद्रा त्यागो,
लाल देश के प्रहरी बनना, मातृभूमि कि रक्षा करना।

अंतरा- अपने नन्हे मंजुल मन को पवन देश प्रेम में पागो,
खोलो अंखिया अति अलसानी, भारत के भावी सेनानी
जाग उठे सब संगी साथी तुम भी प्यारे आलस त्यागो।

यह ध्रुपद संगीत बाल मयंक भाग-2 पृष्ठ संख्या 17 का राग गौड़ सारंग में निबद्ध है। इस गीत में साहित्यिक रूप से उत्कृष्ट शब्दों का समायोजन है। यहाँ कपूर जी अपनी जन्मभूमि का गुणगान करते हुए कहते है कि, जय पवन भूमि, वीरों की मातृभूमि, कर्मयोगियों की कर्मभूमि व ऋषि मुनियों कि तपोभूमि तुम इस वसुधा का आभूषण हो, पवित्र सुन्दर स्वर्ग से भी अनुपम हिमालय का मुकुट धारण करने वाली तुम मेरी माँ स्वरुप जन्मभूमि हो। इस गीत में भक्ति रस व प्रसाद गुण का प्रयोग है।

स्थाई- जय जवान पुन्य भूमि, वीरों की जन्मभूमि
शूरों की कर्म भूमि, ऋषियों कि तपोभूमि।

अंतरा- वसुधा का आभूषण, सूचि सुललित स्वर्गोपम
हिम किरीट धारिणी, तुम मम जननी जन्मभूमि।

विष्णु कुमार कपूर कि रचनाओ में अनेकों विभिन्न विषय-वस्तु मिलती है जिसमें उस समय कि सामाजिक राजनैतिक व अन्य घटनाओं का वर्णन मिलता है जैसे सन् 1971-72 में कॉलेज में राष्ट्रीय गान एवं वीर रस गान प्रतियोगिताओं का आयोजन किशोरी रमण गर्ल्स अन्तर कॉलेज में हुआ करता था, जिसमें प्रतिभाग करवाने के लिए आपने अपनी छात्राओं को स्वरचित गीत सिखाया था जिसके शब्द इस प्रकार है-

स्थाई- ओ अत्याचारी शासक तेरे ज़ुल्मों को अब नहीं सहेंगे।
लाल खून की स्याही से आज़ादी का इतिहास लिखेंगे।

(अप्रकाशित)

ये गीत कपूर जी ने 1971 में हुए पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के विभाजन से प्रेरित होकर लिखा था। सन् 1971 में हुई ये सबसे विभत्स्य राजनैतिक घटना जिसमें पाकिस्तान के तृतीय राष्ट्रपति एवं आर्मी जनरल याया खान ने पूर्वी पाकिस्तान में सामूहिक जनसंहार कराया जिसमें लगभग तीन लाख से अधिक लोगों कि हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के पाश्चात्य पूर्वी पाकिस्तान में गृहयुद्ध छिड़ गया एवं जनरल याया खान का तख्ता पलट हुआ। पाकिस्तान ने मुस्लिम राष्ट्र के तौर पर अपनी विश्वसनीयता खो दी एवं एक और मुस्लिम राष्ट्र बंगलादेश का उदय हुआ। पाकिस्तान में याया खा़न के पश्चात् ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। इस गीत में जनरल याया खान को अत्याचारी शासक संबोधित कर इनके अत्याचारों को सहन नहीं करेंगे ऐसा सन्देश देता यह गीत बंगलादेश में हो रहे विद्रोह को चित्रित करता है इस गीत में वीर रस व ओज गुण कि प्रधानता है, पंक्ति में तुकांत है।

विष्णु कुमार कपूर ने इन गीतों में ज्वलंत परिस्थिति व घटनाओं का वर्णन किया है जिससे यह सिद्ध होता है कि आप सामाजिक

घटनाओं के प्रति जागरूक एवं अत्यंत सौहाद्रपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। आपने लगभग सभी विषयों को अपनी बंदिशों में स्थान दिया जिससे आपकी रचनाओं का साहित्य अत्यन्त समृद्ध हो गया। कपूर जी अपनी रचनाओं व गीतों के माध्यम से सभी आयु, वर्ग, जाति, वर्ण, संप्रदाय व घटनाओं को प्रभावित किया। आपके गीतों का साहित्य चरित्रिक निर्माण करने में सदैव सफल रहा है। अतः हम यह कह सकते है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनगिन योगदानों में से छोटा परन्तु महत्वपूर्ण योगदान प्रो विष्णु कुमार कपूर का भी था, यहाँ शब्दों की सीमा के कारण कुछ गीतों का विवेचन करना ही संभव हो पाया किन्तु आपकी रचनाऐं, सागर में प्राप्त अनगिनत मुल्यवान मुक्ताफल की भाँती है, जिनका अस्तित्व लम्बे समय तक प्रभावित कर जाता है। कपूर जी के इन्हीं प्रयासों को पहचान दिलाना व आपकी रचनाओं से लोक जन को प्रभावित करना मैं अपना कर्तव्य समझती हूँ।

संदर्भ ग्रन्थ सूचि

1. मिश्र, विजयशंकर (2001), मनके भाव, सुरलय के, प्रकाशन विभाग सुचना प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 47-48
2. मिश्र, विजयशंकर (2001), मनके भाव, सुरलय के, प्रकाशन विभाग सुचना प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 47-48
3. मिश्र, विजयशंकर (2001), मनके भाव, सुरलय के, प्रकाशन विभाग सुचना प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 47-48

कला कलाकार एवं बिहार का स्वतंत्रता संग्राम

डॉ० शिव नारायण मिश्र
संगीत शिक्षक
सु० ना० सिं० दे० गु० वाटसन +2 विद्यालय, मधुबनी

स्वतंत्रता का अर्थ है बिना किसी नियंत्रण याबंधन के स्वेच्छानुसार जीवन जीने का अधिकार, सभी प्राणी समान अस्तित्व और प्रकृतिक अधिकार के साथ जन्म लेता है। नैसर्गिक जीवन की स्वतंत्रता उसका प्राकृतिक अधिकार है। इसलिए वह अपना जीवन स्वतंत्र होकर प्राकृतिक अधिकार के साथ जीना चाहता है। यूनानी, शक इराक, हूण, पठान, मंगोल तुर्क अरब, मुगल तथा अंग्रेज जातियों ने भारत पर आक्रमण किये थे। विदेशी आक्रमणकारियों की शासन व्यवस्था से भारतीयों की स्वतंत्रता जाती रही थी। भारतवासी उनके अधीन हो गये थे। पराधीन न तो सुखी रह पाता है और न ही अपनी इच्छाओं के अनुकुल जीवन व्यतीत कर पाता है। इसलिए कहा गया है- पराधीन सपनेहुँ सुख नहि। इसलिए प्रत्येक प्राणी के लिए नैसर्गिक स्वतंत्रता का विशेष महत्व होता है। 18 वीं सदी में मुगलो और अफगनियों की कमजोरी का फायदा उठाकर अंग्रेज भारत के शासक बन बैठे और यहॉ मनमाना शासन करने लगे। तब जननी जन्म भूमिश्चय स्वर्ग दपिगरीयसी में विश्वास करने वाले स्वतंत्रता प्रेमी, कलाकार, भारतीयों ने औपनिवेशिक अंग्रेजी राज के विरूद्ध आजादी के सधर्ष का बिगुल फुक दिया। आज हम भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विभिन्न प्रान्तो के वीर सपुतो ने अपना बलिदान देकर आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिये है। स्वतंत्रता आंदोलन में यहां हम बिहार से जुड़े स्वतंत्रता आन्दोलन एवं यहां के कलाकारो एवं वीर जवानो का वर्णन कर रहे है।

1857 का स्वतंत्रता संग्राम

बिहार मे 1857 की क्रांति कोई आकस्मिक धटना नही थी बल्कि कंपनी सरकार की नीतियों ने भारतीयों को आंदोलन करने के लिए वाहय कर दिया था। बिहार मे पहला विद्रोह 12 जून 1857 को देवधर जिला के रोहिणी गांव मे भारतीय सैनिकों के विद्रोह करने के साथ प्रारंभ हुआ। रोहिणी में 32 वीं इकफैट्री रेजीमेंट की एक कंपनी का मूख्यालय था। मेजर मैकजेनाल्ड़ के रेजीमेंट के सैनिको ने विद्रोह करते हुए लेपिटनेंट नामेन लेस्मी और सहायक सर्जन डा. ग्रोट को गोली मार दी। अंग्रेजी अधिकारी तुरंत सचेत हो गए और क्रुरता के साथ रोहिनी का सैनिक विद्रोह कुचल दिया गया। सैनिकों को 16 जून 1857 को फॉसी दे दी गई। विद्रोह मे पश्चात रेजीमेंट का मुख्यालय रोहिणी से हटाकर भागलपुर कर दिया गया।

पटना में विद्रोह

पटना मे 3 जुलाई 1857 को पीर अली खॉ के नेतृत्व में विद्रोह प्रारंभ हुआ। परन्तु कमिश्नर टेलर ने इस विद्रोह का बलपूर्वक दमन कर दिया। 4 जुलाई 1857 को संध्या मे पीर अली को गिरफतार कर लिया गया। उसके धर की तलासी हुई जहाँ से विद्रोह से संबंधित सामग्रियाँ मिली। अग्रेजो ने पीर अली के मकान को धवस्त कर दिये। उस स्थान पर साइनवोर्ड लगा दिया जिसमें लिखा था विद्रोह करने वालो का अंजाम ऐसा ही होगा। बाद मे 36 व्यक्तियों की गिरफतारी हुई। गिरफतार 16 लोगो को फासी की सजा 2 बंदियो को काले पानी की सजा तथा अन्य को कैद की सजा दी गयी।

कुंवर सिंह का अभियान - कुंवर सिंह ने 13 अगस्त 1857 से 22 अप्रैल 1858 तक एक लम्बा अभियान चलाया था। इस अभियान का उदेश्य अपने अनुभवी सैनिको को भारतीय क्रांतिकारी ताकतों के साथ एकताबद्ध करना था। इस अभियान के दौरान कुंवर सिंह के

विद्रोह फोजियों ने मिलमैन ली ग्रांड लुगाइ और ब्रिगेडियर डगलस को बुरी तरह पराजित किया। कुंवर सिंह अपने फौजियों के साथ जगदीशपुर से निकलकर नोरवा होते हुए सासाराम की ओर कूच किया। स्थानीय लोग भी इस अभियान में शामिल हो गए। उनका नारा था। नदी में उठा तूफान, दुर बहुत है इगिलस्तान, जल्दी-जल्दी भाग, ओ बेइमान फिरंगिया। 26 अप्रेल 1858 को कुवर सिंह की धायलवस्था में मृत्यू हो गई। अंग्रेजों के लाख कोशिशों के बावजूद वह अंग्रेजों के हाथो पकड़े नही जा सके। कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को देश से बाहर करने के लिए जो अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत नौ महीनों तक विभिन्न स्थानों प अंग्रेजी फोजियो के साथ उनका सामना हुआ था। इन मुठभेड़ों मे असंशय योद्धाओं ने अपनी जान दी थी। 1765 से 1757 के बीच ओपनिवंशिक कंपनी से सरकार के विरूद्ध बिहार मे कई विद्रोह हुए इस विद्रोह मे बिहार के कई कान्तीकारी, कवि, लेखक, कलाकार सहीद हो गए जिसमें शिव प्रसन्न राय, ज्योधर सिंह, सीधा सिंह, जग्गु दीवान, रामबहादुर राय, इव्राहीम खॉ, देवी ओझा, लक्ष्मी सिंह, काशी सिंह, आनंद सिंह राधे सिंह, हैदर अली खॉ, मेहदी अली खॉ, गुलाम अली खॉ, हुसैन बक्श खा, हक्कु सिंह फतह सिंह, अर्जुन माझी, भैरव माझा, मंजर सिंह, शेख गुलाम याहिया, शैख मोहम्मद अजमुदीन शेख, तुराव अली, खालीम अली जगन्नाथ ढ़ाल रधुनाथ महतो, दुखन मुण्डा, भुखन सिंह, जयमंगल पाण्डेय, नादिर अली आदि शहीद तो स्मरण मे है परन्तु असंख्य शहीद अज्ञात रह गए। स्वतंत्रता आंदोलन के विभिन्न चरण -

स्वदेसी आंदोलन - सखाराम गणेश देउस्कर ने औपनिवेशक अर्थ शास्त्र के विरोध में देशर कथा (देश की बात) नामक पुस्तक लिखी, जिसका पहला संस्करण 16 जुन 1904 को आया। देउस्कर जी की पुस्तके देशर, ऐटा कोन जुग तिलकेर मुकदमा एवं उनके निबंधो ने बिहार-बंगाल के युवकों को उहेलित कर दिया और स्वदेशी आंदोलन

आरंभ हो गया। अंग्रेज सरकार ने देउस्कर जी की सभी पुस्तको पर प्रतिबंध लगा दिया। अंग्रेज सरकार की ओर से स्वदेशी आंदोलन को रोकने का हिंसक उपाय किये जिसके प्रतिक्रिया स्वरूप बिहार में क्रांतिकारी गतिविधियॉ तेज हो गयी।

क्रांतिकारी गतिविधियाँ

स्वदेशी आंदोलन के सक्रिय सदस्य खुदीराम बोस और फ्रफूल्ल चाकी ने कांतिकारी गतिविधि के अन्तर्गत 30 अप्रैल 1908 की संध्या में मुजफ्फरपुर के प्रमुख वकील प्रिंगले केनेडी की गाड़ी पर बम फेका था। जिसमें वकिल केनेडी सहित उसका परिवार मारा गया था 11 अगस्त 1908 को खुदीराम बोस को फॉसी दे दी गई।

पत्र-पत्रिकाओं द्वारा विरोध करने पर प्रतिबंध

बिहार के लेखक, कवि, कलाकार व पत्र पत्रिका के माध्यम से स्वदेशी आंदोलन चला रहे थे। इसलिए अंग्रेज सरकार ने 1910 के प्रेस कानुन के अन्तर्गत देश के समाचार पत्रो तथा पत्रिकाआं को बंद करा दिया। 500 प्रकाशको को जब्त कर लिया गया। बिहार के जितने भी देशहीत के लिए विचार दे रहे थे उन सभी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके लिए भी कलाकारों द्वारा आंदोलन किया गया।

रंगमंच पर प्रतिबंध

पत्र-पत्रिकाओं के साथ-साथ राजदोहात्मक नाट्य, साहित्य, यात्रा, पाटियों रंगमंचो आदि पर भी प्रतिबंध लगा दिए गए थे। स्वदेशी आंदोलन को राष्ट्रीय आंदोलन के रूप मे विस्तार देने के लिए बिहार के क्रातिकारियों, कलाकर, गायक आदि जनसंपर्क के नये-नये तरीकों का इजाद किया। गीतों, नाटको देशभक्तिपूर्ण उत्सवों प्रदर्शनियों प्रतिज्ञा-पत्र, दिवाल लेखन रक्षाबंधन आदि के माध्यम से लोगो की भावना एवं कल्पना शक्ति को झकझोरने के उपाय किये

जाने लगे। जन-जागरूकता से बिहार मे राष्ट्रवादी चेतना का विकास हुआ और देश की स्वतंत्रता के लिए एक भूमि तैयार हुई।

चंपारण सत्याग्रह आन्दोलन

बिहार के किसान औपनिवेशक ब्रिटिश सरकार के नियमों तथा अंग्रेज व्यपारियों के शोषण से त्रस्त थे। नील के अंग्रेज व्यपारी जो निल्हे साहब कहे जाते थे। वो उतरी बिहार के किसानो से जबरन नील की खेती करवाते थे। उन्हे केवल अपनी लाभ एवं मुनाफा की धुन रहती थी। बिहार मे जहॉ भी नील की खेती होती थी, वही आन्याय एवं शेषण का सबसे विकृत रूप दिखाई पड़ता था। जो किसान नील की खेती नही करना चाहते थे उन पर अंग्रेज मनमाने ढ़ग से लगान वसूल करते थे इसके विरोध मे भी आंदोलन किया गया।

शोषण व अत्याचार के विरूद्व राजकुमार शुक्ल की पहल

चंपारण के निलहो मे सबसे क्रुर बेलवा कोठी का ए. सी एम्मन था। वह चाबुक लेकर निकलता तो दुर-दुर तक आतंक फैल जाता। राजकुमार शुक्ल उसकी शिकायत लेकर थाने पहुँचे। उल्टे राजकुमार को ही गिरफतार कर जल भेज दिया गया। 26 से 30 दिसम्बर 1916 तक कांग्रेस का अधिवेश होना तय हुआ था। जिसमें चंपारण के निलहों से उत्पीड़पन रैयतो के प्रतिनिधि के रूप में हरिवंश सहाय, गौरव प्रसाद, ब्रज किशोर प्रसाद राय दयालु साह, राजकुमार शुक्ल आदि थे। प्रतिनिधियों के पहल पर अधिवेशन में चंपारण से सम्बन्धित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

गांधी जी का चंपारण (मोतीहारी) आगमन

चंपारण संबंधी समस्या के समाधान के वर्त्ता के सिलसिले मे गांधी जी 6 जुन 1917 से 21 दिनो तक रॉची मे रहे थे। रॉची मे वैरिस्टर श्याम कृष्ण सहाय, नागरमल मोदी, कान्त कुमार लाल सहित कई वकिल व आर्य समाजी गांधी जी का सहयोग कर रहे थे। 4 मार्च 1918 को

चंपारण अधिनियम का जन्म हुआ। इस अधिनियम के आधार पर तीन कठिया प्रथा का अंत कर दिया गया तथा रैयतों का लगान भी धटा दिया गया। इस तरह चंपारण के रैयतों को गांधी जी के प्रयत्न से एक अन्यापूर्ण अत्याचारी व्यवस्था से मुक्ति मिली। सत्याग्रह का चंपारण में प्रयोग किया गया था जो क्रांतिप्रिय बिहारियों की वजह से सफल रही। इस प्रयास से बिहार की युगो पुरानी प्रथा 6 महिनो मे समाप्त हो गई। रोलट एक्ट कानुन के विरूद्व आंदोलन- प्रथम विश्व युद्ध (4 अगस्त 1914 से 11 नवम्बर 1918) के समाप्त होते ही ब्रिटिश सरकार ने 21 मार्च 1919 को अराजकता एवं कातिकारी अपराध कानून (रौलेट एक्ट पारित कर दिया। इसके तहत किसी भी भारतीय नागरिक को मात्र संदेह के आधार पर गिरफतार किया जा सकता था। तथा गुप्त रूप से मुकदमा चलाकर उसे सजा दी जा सकती थी। रॉलेक्ट कानुन का विरोध बिहार में फरवरी 1919 के अंतिम दिनों मे शुरू हो गये, राजेन्द्र प्रसाद, मजरूलहक, पूणैन्दु नारायण सिंहा सैयद हसन इमाम, हरनंदन लाल, योगेन्द्र नाथ बनर्जी, तुलसी सिंह सहित गायक, कलकार, कवि, क्रांतिकारी मिलकर इसका विरोध करते रहे। 6 अप्रैल 1919 को पटना मे एक विशाल जुलूस निकाला गया जो किला मैदान पटना सीटी मे वह सभा मे परिणत हो गयी। इसमे एक लाख से अधिक लोग समिल हुए थे। पूरा बिहार इस कानुन के विरोध मे आक्रोशित रही थी।

खिलाफत आंदोलन

टर्की के खलीफा को अपमानित किए जाने पर बिहार मे इसकी जवरदस्त प्रतिक्रिया हुइ। पटना, रॉची, भागलपुर, छपरा, मुजफ्फरपुर सहित बिहार के गॉवों कस्बों मे भी खिलाफत आंदोलन के लिए कार्य शुरू हो गए। 19 मार्च 1920 को अन्दल बारी अवुल कलाम आजाद और शैकत अली के अहवान पर पूरे बिहार मे हड़ताल रखी गयी।

जब मुस्तफा के नेतृत्व में टर्की के खलीफा की सत्ता समाप्त कर दी गई तब 1922 में यह आंदोलन पूर्ण रूपेण समाप्त हो गया।

असहयोग आंदोलन

20 जूल 1920 को इलाहाबाद में हिन्दु-मुस्लिम नेताओं की एक संयुक्त बैठक हुई थी जिसमें असहयोग आंदोलन चलाए जाने का निर्णय लिया गया था। कलकत्ता मे कांग्रेश अधिवेशन 4 से 9 सितंबर 1920 तक हुआ जिसमें महात्मा गांधी द्वारा असहयोग प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जो 893 के विरूद्ध 1885 मतो सें स्वीकृत हुआ। कलकता कांग्रेश के अधिवेशन में बिहार के लगभग 180 प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव के पक्ष मे मतदान किया। बिहार मे असहयोग आंदोलन से स्वराज तथा स्वदेशी की भावना गहरी होती गई सभी मिलकर इसमें साथ दिये।

साइमन कमीशन बहिस्कार आंदोलन

साइमन कमीशन का विरोध करने सबंधी एक सर्वदलीय सम्मेलन पटना मे अली इनाम की अध्यक्षता में हुआ। इसमे सभी दलो के लोगो द्वारा कमीशन के बिहार आने पर उसका पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया। 12 दिसम्बर 1928 को कमीशन पटना आया। बिहार मे कमीशन का भारी विरोध हुआ। गीतकार एवं गायक भी इसमे सहयोग किये उस समय यह गीत प्रचलीत हुआ। उठो जवानो सवेरा हुआ, साइमन भगाने का बेरा हुआ। लोग यह गीत गाते हुए नगर की परिक्रमा करते थे।

सविनय अवज्ञा आंदोलन- (नमक सत्याग्रह)

सविनय अवज्ञा का अर्थ है - मुल्की कानुन की नम्रता पूर्वक अवमानना करना। 6 अप्रैल 1930 को गाँधी जी ने दांडी समुह तट पर पहुचकर नमक कानून तोड़ा। गांधी जी द्वारा नमक कनून तोडने के साथ नागरिक अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत हुई। साथ उन्होने

जनता के समक्ष कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। जिसमें, विदेशी वस्तुओं का बहिस्कार, सरकार को कर नही देने, शराव तथा विदेशी वस्त्रों की दुकानो के समक्ष घरना आदि थे। 5 मई 1930 को गाँधी जी को बंदी बना लिया गया। इसके पश्चात सम्पूर्ण भारत मे यह आंदोलन जोर पकड़ लिया। बिहार मे काई समुद्र तट नही था इसलिए यहॉ के लोग सोड़ा से एक उप उत्पादन के रूप में नमक बनाया करते थे। 6 अप्रैल 1930 को राजेन्द्र प्रसाद जी के अगुआई मे पुरे बिहार मे नमक सत्याग्रह शुरू हो गया सर्वप्रथम चंपारण और सारण से इसकी शुरूआत हुई धिरे-धिरे मुजफ्फरपुर, पटना, दरभंगा, मुंगेर, भागलपुर आदि स्थानो पर यह आंदोलन जोर पकड़ लिया। जिसमे कलकार भी गीत के माध्यम से लोगो को प्रेरित करते रहे। बिहार मे भारत छोड़ो आन्दोलन - अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ होते गांधी जी सहित बड़े नेताओं की गिरफतार कर लिया गया। कांग्रेश तथा प्रांतीय कांग्रेश कमेटियों को उसकी शाखाओं सहित सभी अंगो को गैर कानूनी धोषित कर प्रतिबंध लगा दिए। बिहार में राजेन्द्र प्रसाद फूलन प्रसाद वर्मा, मथुरा प्रसाद, श्री कृष्ण सिंह अनुग्रह नारायण सिंह सहित बिहार के सभी बड़े नेताओं को गिरफतारी के विरोध में पटना, गया, भागलपुर, रॉची, छपरा, पूर्णियॉ, मुजफ्फरपुर, चंपारण सहित गॉव कस्वों में आंदोलन तेज हो गया। सरकारी कार्यालय को नुकसान पहुचाया गया एवं जुलुस निकाला जाने लगा । अगस्त क्रांति मे बिहार के सभी वर्गो के सदस्यो ने आत्माहुती दी थी। आत्महुती का लक्ष्य देश के लिए स्वतंत्रता को प्राप्त करना था।

पटना सचिवालय गोलिकांड

पटना और उसके आस-पास के क्षेत्र मे आए छात्रों ने 11 अगस्त 1942 को उग्र प्रदर्शन करना शुरू कर दिये। पटना मडिकल कॉलेज परिसर तथा सिटि कोर्ट पर राष्ट्रीय झंडा फहरा दिया। छात्रो का जुलुस सचिवालय की ओर बढ़ता जा रहा था। पुलिस की लाठी तथा

गिरफतारी भी उन्हे रोक नही सकी। दो बजे करीब वे सचिवालय तक पहुंच भी गए एवं पूर्वी फाटक पर राष्ट्रीय झंडा फहरा दिया। सचिवालय भवन पर झंडा फहराने के लिए प्रणाम कर रहे थे। इसके दौरान संध्या 5 बजे पुलिस गोली चलाना शुरू कर दिया जिसमें सात छात्र धटना स्थल पर सहीद हो गए एवं लगभग 25 गंभीर रूप् से धायल हो गये। जो सहीद हो गए उनमे शहीद उमाकांत प्रसाद सिंह (उम्र 19 वर्ष) शहीद रामानंद सिंह (उम्र 20 वर्ष) शहीद सतीष प्रसाद चौधरी, सहीद राजेन्द्र, सिंह, शहीद रामगोविन्द सिंह। 11 अगस्त 1942 के सचिवालय गोलिकाड़ के छात्रों की सहादत ने पुरे बिहार में स्वतंत्रता आन्दोलन में नई जान फूंक दी। इसकी लपेट पूरे बिहार मे फैल गई, सारण, मुजफ्फरपुर चंपारण, दंरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, मुगेर, भागलपुर, गया, सहित सभी शहरो में बड़े पैमाने पर रेल, संचार, सरकारी कार्यालयों को नुकसान पहुंचाया गया। धरना, प्रदर्षन, हड़ताल नाराबाजी, पुलिस से मुठभेर होने लगे अन्य शहरो मे भी पुलिस की गोली से कई लोग शहीद हो गए। पुलिस और सैनिकों के अत्याचार सहते हुए भी स्वंयसेवक आंदोलन करते रहे। अन्त मे 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली। स्वतंतत्रता आंदोलन में कलाकार, गायक, कवि, लेखक, क्रांतीकारी हंसते-हंसते देष के लिए शहीद हो गए।

बिहार के संगीत घराने एंव परम्पराओं द्वारा संगीत का प्रचार प्रसार

भारत के आजादी के बाद बिहार के कई कलाकार राष्ट्रीय-अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है। जैसे बिस्मिलह खॉ, विदुर मल्लिक,राम चतुर मल्लिक,श्याम दास मिश्रा ,हरि शंकर मिश्रा ,पं0 रामजी मिश्रा ,शारदा सिन्हा,राम प्रवेश सिंह ,कपिलदेव सिंह ,रामशीष पाठक ,पं0 शीतल प्रसाद मिश्रा, डॉ राजकुमार नाहर ,राम कुमार मल्लिक आदि प्रमुख है। बिहार के कई कलाकार किसी न

किसी संगीत घराना या परम्पराओं से जुड़े हुए है।बिहार में शास्त्रीय एंव लोक संगीत की घराना सदियों से निरंतर चली आ रही है। बिहार में बेतिया संगीत घराना, अमता (दरभंगा) संगीत घराना, मधुबनी संगीत घराना, भागलपुर, छपरा आदि जिलों में भी संगीत के साधक रहे है। बिहार के बेतिया संगीत घराने का इतिहास लगभग 365 वर्ष पुराना है। मुगल बादशाह के राज्य काल में ही बेतिया राज प्रारंभ हुआ। चार परगनी मझौवा से मरौन मेहसी तक बाबर की जमींदारी राजा उग्रसेन को सौपी गई। राजा उग्रसेन सिंह ने शाहजहाँ के दरबार से संगीत कलाकारो की माँग लगभग 1657 ई में की थी। उस समय शाहजहॉ के दरबार के गायक, कविराज जगन्नाथ जी रामदास जी, महापाल जी, पं चमारी मिश्र (मल्लिक) कंगाली (मल्लिक) बेतिया आकर कार्यक्रम किये। जिससे बेतिया महराज बहुत प्रभावित हुए एवं उन कलाकारो को बेतिया के राज गायक बनने के प्रस्ताव दिया। जिसमे पं0 चमारी मल्लिक एवं पं0 कगाली मल्लिक ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। दोनो कलाकार बेतिया मे रहकर बहुत सारे धुपद-धमार एवं गतों की रचना की। तथा बेतिया मे नवीन गायन शैली का अविष्कार किया जो बेतिया संगीत घराना के नाम से प्रचलित है। इन्हौने अपने पुत्रो एवं शिष्यों को संगीत की शिक्षा दी जो निरंतर चलता आ रहा है। बेतिया महाराज द्वारा कलाकारो को जमीन जायदाद दी गई तथा परिवार के भरण पोषण हेतु जो भी खर्च होता था वह यहॉ के राजाओं द्वारा दिया जाता था। जमींदारी प्रथा समाप्त होने एवं राजा-महराजाओं का अधिकार छिन जाने के बाद कलाकारो को भी बहुत कठिनायों से गुजरना पड़ा। परंतू आजादी के स्वतंत्रता संग्राम के लाड़ाई में कलाकार अपने संगीत साधना को नही छाड़े। संगीत की परम्पराओं को जीवत रखते हुए स्वतंत्रता आन्दोलन मे भी सहयोग करते रहे। इस प्रकार दरभंगा महराज एवं माधव सिंह (1775-1807) के राज काल मे संगीत को बहुत महत्व दिया जाता

था। महाराज माधव सिंह करता राम एवं राधा कृष्ण दो भाईयों को अपने दरबार मे गायक पड पर त्रियुक्त किये थे। तथा दरभंगा से सटे 20 किलोमीटर अमता गॉव मे रहने हेतु आवास एवं जमीन उपहार स्वरूप दिये जहाँ इनके वेशज आज भी रह रहे है एवं संगीत की साधना के कलाकार भी अपनी पारम्परिक संगीत धराना को जीवित रखते हुए स्वतंत्रता आन्दोलन मे योगदान करते रहे।

मधुबनी संगीत घराना

दरभंगा से सटे मधुबनी के महराज स्व0 कुमार कीतिं सिंह (1789-1858) संगीत के जानकार थे। 1815 ई में इन्हौने बनारस से आये हुए धुपद गायक स्वं मंसा मिश्र एवं स्व0 कीही मिश्र को अपने यहॉ राज गायक के रूप मे नियुक्त किये तथा 1815 ई में अपने होम स्टेट लैड़ बाबू साहेब चौक, मधुबनी मे रहने हेतु जमीन देकर मकान बनवा दिये थे। यही से मधुबनी संगीत घराना की स्थापना मानी जाती है। स्व पं0 मंसा मिश्र के पुत्र डीही मित्र को तीन पुत्र हुए। पं खरवान मिश्र, पं गुरई मिश्र, एवं पं0 रामदत मिश्र उर्फ शिवलाल मिश्र तीनो भाई उच्चकोटि के कलाकार हुए। इनकी संगीत परम्परार आज भी मधुबनी मे चल रही है। मै भी मधुबनी संगीत घराना के नौवी पीढ़ी का सदस्य हुँ। आजादी के स्वतंत्रता आंदोलन मे मधुबनी संगीत धरानों के कलाकारो ने भी संगीत की परम्पराओं को जीवित रखते हुए विभिन्न आन्दोलन में स्वतंत्रता सेनानीयों को सहयोग करते रहे थे। बेतिया संगीत घराना दरभंगा (अमता) सगीत धराना, भागलपुर संगीत घराना, पटना संगीत घराना, बेगुसराय आरा आदि कई स्थानों पर संगीत की परम्परा चलती आ रही है। सभी संगीत परम्पराओं के कलाकारो ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अपना योगदान दिये।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संगीत का योगदान

प्रा. तेजस सतीश मराठे
डिपार्टमेंट ऑफ परफॉर्मिंग आर्टस्
ॲण्ड फाईन आर्टस्,
कवयित्री बहिणाबाई चौधरी,
उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव, महाराष्ट्र.

सारांश :

हमारे देश में संगीत कला अनादि काल से चली आ रही है। भारतीय संगीत को ब्रह्मांड और वेदों के निर्माण से बनाया और विकसित किया गया है। प्राचीन काल में संगीत के रूप में देवी-देवताओं की पूजा की जाती थी। संगीत के संरक्षक, कलाकार और श्रोता प्राचीन काल में संगीत की कला से जुड़े तीन मुख्य तत्त्व है। माना जाता है कि संगीत देवताओं के समय से अस्तित्व में है। भगवान शिव के हाथों में डमरू, उनका तांडव नृत्य और सरस्वती के हाथों में वीणा इसी समय से अस्तित्व में है। श्रीराम स्वयं नृत्य और गायन के विशेषज्ञ थे। साथ ही प्राचीन काल में मंगल समारोह के दौरान वीणा वाद्ययंत्र का प्रयोग किया जाता था। युध्द के दौरान सैनिकों को प्रेरित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाद्यों में शंख, मृदंग और दुंदूभी वाद्ययंत्र शामिल थे। रामायण और महाभारत के दौरान संगीत मनोरंजन का एक प्रमुख रूप था। संगीत कला में प्राचीन काल में धृपद एक प्रकार का गायन था। इसके बाद ख्याल के गायन प्रकार शुरू हुआ। इस प्रकार भारतीय संगीत में अनेक परिवर्तन होने लगे। अतीत में मृदुंग का उपयोग धृपद गायन के साथ और ख्याल गायन के साथ होता था। समय के साथ तबले की उत्पत्ति हुई और मृदुंग पीछे होने लगा और संगत के लिए तबले का उपयोग होने लगा। 18 वी शताब्दी में मुघल शासन के अंत के बाद ब्रिटीश शासन की शुरूवात हुई। दरबार में

राजाओं और वरिष्ठ गायकी ने समुचय संगीत को संरक्षित किया। अंग्रेज भारतीय संगीत को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते थे। इन 100 साल के समय में अनेक महान विभुतियाँ हुई जिन्होंने भारतीय संगीत को आधुनिक रूप देने में अपना सबकुछ अर्पण किया। 19 वी शताब्दी के उत्तरार्ध में संगीत में कई ग्रंथ लिखे गए। इसी काल में रवींद्रनाथ टैगोर ने बंगाल के संगीत को नया रूप दिया उसी प्रकार पं. विष्णु नारायण भातखंडे हुए जिन्होंने भारतीय संगीत को एक नई दिशा प्रदान की । इन्होंने थाट राग वर्गीकरण पध्दति बनाई। एक नई स्वर-लिपि पध्दति बनाई। विष्णू दिगंबर पलुस्कर जी भी इसी समय में हुए। इनके द्वारा संगीत उत्थान के लिए कई कार्य किए गए। सर्वप्रथम उन्होंने गीतों से अश्लील शब्दों को हटाकर भक्तिरस के शब्द शामिल किए। हालाँकि पॉप संस्कृति और व्हिक्टोरीयन नैतिकता की धारणाओं ने कई लोगों को उन्हें अन्य महिला या निम्न चरित्र की महिलाओं के रूप में सोचने के लिए प्रेरित किया, जिन्होंने विवाह तोड़ दिया और पुरूषों को लुभाया, उनक कहानी बहुत अलग है। वे उच्च क्षमता के कलाकार थे, जिन्हें शास्त्रीय संगीत और नृत्य (कथ्थक) में प्रशिक्षित होने की उम्मीद थी, विशेष रूप से उन्होंने बंदीश और ठुमरी की संगीत शैलियों में बहुत योगदान दिया। हालाँकि वे सक्ति से गैर-लडाकू थे, उन्होंने हथियारों और विद्रोहिओं को छिपाकर अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद संगीत की नई दिशा मिली। रियासतों का विलय हो गया तथा सरकार ने संगीत को संरक्षण दिया। संगीत के प्रोत्साहन के लिए 1952 में राष्ट्रीय पदक शुरू किया गया। 1953 में संगीत नाटक अकादमी तथा 1954 में ललित कला अकादमी की स्थापना हुई। संगीत के उत्थान के लिए आकाशवाणी ने संगीत का राष्ट्रीय कार्यक्रम 1952 से प्रसारित करना शुरू किया। भारतीय संगीत विश्व का प्राचीनतम तथा श्रेष्ठ संगीत रहा है। भारतीय संगीत

का संबंध मानव के चरित्र, धर्म, साहित्य, संस्कृति तथा कला व जीवन के समस्त उपकरणों से है। साथ ही संगीत तथा कला ने मानव को कभी भी कर्म से दूर नहीं किया अत: भारतीय संगीत श्रेष्ठ है तथा उनका इतिहास अनेक विविधताओं से भरपूर है।

प्रस्तावना : हमारे भारत में संगीत की परंपरा बहुत प्राचीन है और लंबे समय से चली आ रही है। इतिहास ने दिखाया है कि सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों का संगीत पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। कला निर्भर है, उसे स्वस्थ वातावरण और निर्माण के लिए आश्रय की आवश्यकता है। भारतीय संगीत विश्व का श्रेष्मतम संगीत है। यह संगीत सर्वाधिक प्राचीन तथा अनोखा माना जाता है। भारतीय संगीत का इतिहास हम उस युग से आरंभ करते है जब मानव अपनी आदीम अवस्था में था, अन्य संस्कृतियों के संबंध में आने से संगीत भी बदलता गया। समय के प्रभाव से संगीत में भी परिवर्तन आते गए तथा आज का संगीत सामने आया। संगीत के इतिहास को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे छोटे छोटे खंडों में बाँटा है। जैसे अंधकार युग में संगीत, वैदिक काल में संगीत, ब्रिटीश काल में संगीत आदि। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में संगीत की भूमिका ने स्वतंत्रता के महत्त्व के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने में मदद की है। ब्रिटिश राज जैसी औपनिवेशिक स्थिति में जब औपनिवेशिक प्रशासन का एक बड़ा हिस्सा भारतीयों द्वारा संचलित था, देशभक्ति के गीत अक्सर कई भारतीय अधिकारियों के लिए एक सेरोगेट थे। इस तरह के गीतों ने आज़ादी के समय उम्र के लोगों की मानसिकता को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगीत के लिए कान और कविता के शौक वाले किसी भी व्यक्ति ने बड़े होने के दौरान सुने जाने वाले देशभक्ति गीतों के संदर्भ में एक स्वतंत्र देश के नागरिक के रूप में अपनी पहचान की धारणा आत्मसात की यह प्रस्तुति संस्कृत भाषा, तमिल भाषा, तेलुगु भाषा, कन्नड भाषा और

कुछ देशभक्ति गीतों को एकत्र करने और प्रस्तुत करने का प्रयास करती है। संगीत राष्ट्रीय एकता का मुख्य माध्यम इसलिए है कि संगीत एक विश्वव्यापी भाषा है। यह सत्य है कि संपूर्ण भारत वर्ष में संगीत के अनेक रूप प्रचलित है। जैसे हिंदुस्थानी संगीत, कर्नाटकी संगीत, रवीन्द्र संगीत आदि। इतिहास भी इस बात का साक्षी है, कि संगीत ने राष्ट्रीय एकता की दिशा में सदैव मुख्य भूमिका निभाई है। संगीत कला के अंतर्गत जहाँ एक ओर कोई भी हिंदू कलाकार ग़ज़ल, कव्वाली आदि गाना पसंद करता है, वही कोई भी मुसलमान कलाकार संगीत में भक्तिरचना बड़ी तन्मयता से प्रस्तुत करता है। प्रस्तुत संशोधन आलेख यह पूर्णत: द्वितीय तथ्य संकलन के आधार पर लिखा गया है।

इसलिए ग्रंथ, वेबसाईट, दैनिक, लिखित साहित्य आदि का उपयोग किया गया है। स्वतंत्रता संग्राम में जिन कलाकारों का योगदान महत्त्वपूर्ण है वह निम्नलिखित है :

यह काल 1850 से 1947 तक का है। इस 100 साल के समय में अनेक महान विभूतियाँ हुई जिन्होंने भारतीय संगीत को आधुनिक रूप देने में अपना सबकुछ अर्पण किया।

1) पं. विष्णू दिगंबर पलुस्कर जी भी इसी समय में हुए। उनका जन्म 1872 में लेलगाव, कुरूंदवाड में हुआ। आपने लाहौर में 5 मई 1901 को गांधर्व महाविद्यालय की स्थापना की। इन्होंने अपने गीतों में देशभक्ति तथा राष्ट्रीय चेतना को प्रमुखता से लिया। वे भारतीय समाज में और संगीतकार की उच्च प्रतिष्ठा के पुनरूध्दारक, समर्थ संगीत गुरू अप्रतिम कंठस्वर एवं गायन कौशल के धनी गायक थे। पलुस्कर ने स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में महात्मा गांधी की सभाओं सहित विभिन्न मंचों पर रामधून गाकर हिंदुस्थानी संगीत को लोकप्रिय बनाया। 'रघुपति राघव राजा राम'

का सामुहिक किर्तन, काँग्रेस अधिवेशनों में 'वंदे मातरम्' एवं राष्ट्रीय भावनात्मक अन्य गीतों का गायन, धार्मिक तथा सामाजिक मेलों, उत्सवों में विशेष संगीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति इत्यादी द्वारा विभिन्न प्रदेशों में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाने का सफल अभियान चलाकर जनसमुह में संगीत प्रचार का कार्य किया।

2) पं. विष्णु नारायण भातखंडे भी इसी काल में हुए। जिन्होंने भारतीय संगीत को एक नई दिशा दी। आपने थाट राग वर्गीकरण पध्दति का निर्माण किया। एक नई स्वर-लिपि पध्दति तैयार की। संस्कृत में दो ग्रंथ 'श्री मल्लक्ष संगीत' तथा 'अभिनव राग मंजिरी' लिखे। इसके अतिरिक्त क्रमिक पुस्तक मालिका 6 भाग आदि पुस्तके लिखी। उसी प्रकार लखनों में मोरिस कॉलेज ऑफ म्युझिक, ग्वालियर में 'माधव संगीत विद्यालय, बडोदा' यह संगीत महाविद्यालय स्थापित कर संगीत को जनसाधारण तक प्रचारित तथा प्रसारीत करने का कार्य किया।

3) राजा नवाब अली ने उर्दू भाषा में संगीत की सुंदर पुस्तक 'मारिकुन्नगमात' लिखी। 1911 में वे भातखंडे के संपर्क में आए तथा भातखंडे के विचारों से प्रभावित होकर पुस्तक लिखी। आपने संगीत संमेलनों का आयोजन करके संगीत प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।

4) 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में संगीत के कई ग्रंथ लिखे गए। बंगाल के सर एस. एम. टैगोर ने The Universal History of Music नामक ग्रंथ लिखा। इसी काल में रवींद्रनाथ टैगोर ने बंगाल के संगीत को नया रूप दिया। इसे रवींद्र संगीत कहा जाता है। यह आज उत्तरी तथा दक्षिणी संगीत की तरह एक भाग है। संगीत केवल लोगों की मनोदशा का प्रतिबिंब है यह कार्यवाही का कोई विकल्प नहीं है। बंगालियों को अक्सर भावुक लोग माना जाता है। जब कोई टैगोर के गीत सुनता है तो मातृभूमि के लिए बहुत प्यार

होता है। स्वदेशी काल की संगीत विरासत में एक मजबूत हिंदू सांप्रदायिक तत्त्व है। खासकर जब सामुहिक लामबंदी 1920 के दशक के बाद राष्ट्रवादी संघर्ष का हिस्सा थी।

5) इसी काल में उ. अब्दुल करीम खाँ हुए। आप प्रसिध्द गायक थे, आपने आर्य संगीत विद्यालय की स्थापना 1913 में पुना में की। संगीत के लोकप्रिय हेतु अनेक संगीत समारोह किए तथा कई शिष्यों को संगीत सिखाया।
6) स्वतंत्रता से पहले पं. रविशंकर का जन्म हुआ। आप सितार के श्रेष्ठ कलाकार है। आपने नृत्य, गायन, सितार सभी सीखे है। संगीत को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्ति का श्रेय आपको जाता है।आपने नए-नए राग बनाए, ऑकेस्ट्रा को भारतीय तथा पाश्चात्य वाद्यों से सजाया।
7) ब्रिटीश काल में पॉप संस्कृति की धारणाओं ने कई लोगों को उन्हें 'अन्य महिला' या 'निम्न चरित्र' की महिलाओं के रूप में सोचने के लिए प्रेरित किया। वे उच्च क्षमता के कलाकार थे, जिन्हें शास्त्रीय संगीत और नृत्य (कथक) में प्रशिक्षित होने की उम्मीद थी। विशेष रूप से उन्होंने बंदीश और ठुमरी की संगीत शैलियों में बहुत योगदान दिया। भारतीयों के बग्गी में सवारी करने पर प्रतिबंध है। लेकिन एक महिला इस नियम की अवहेलना करती है। वह महिला गौहर जान थी जो 19 वीं सदी की सबसे प्रसिध्द गायिकाओं और नर्तकियों में से एक थी, जो कलाकारों की विरासत से ताल्लुक रखती थी– तवायफ और बाईजी– जिसका पता चार सदियों पहले लगाया जा सकता है। गौहर जान एक लंबी सूची में एक चमकदार नाम है जिसमें उनकी माँ मलका ज्ञान, बेगम अख्तर जद्दन बाई, जोहरा बाई अंबलेवाली, रसूलन बाई और रोशन आरा बेगम जैसे कलाकार शामिल है।

8) दक्षिण में आर. चंद्रशेखरय्या जी चन्नमा संगीतज्ञ हुए। इसके अतिरिक्त एम. एस. सुबुलक्ष्मी ने संगीत को नया जीवन प्रदान किया। भारत में केसरबाई केरकर (गायन), पं. सामना प्रसाद (तबला), नृत्यकार गोपीनाथ, नर्तकी मृणालिनी साराभाई आदि ने संगीत को विकसित किया। संगीतज्ञों के अतिरिक्त ब्रिटीश काल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. नेहरू, सरोजिनी नायडू (भारत कोकिला) आदि व्यक्ति हुए जिन्होंने संगीत को विकास के पथ पर अग्रसर किया।

9) ब्रिटीश काल में भारतीय चित्रपट संगीत भी विकसित हुआ। कई संगीतज्ञ इसमें शामिल हुए, इनमें बंगाल के पंकज मलिक, गायक के सी डे, गायिका कानन देवी, संगीतज्ञ नौशाद, शंकर-जयकिशन, नर्तक गोपीकृष्ण, लता मंगेशकर, नर्तकी सितारादेवी आदि इन्होंने शास्त्रीय संगीत तथा लोकसंगीत नृत्य आदि को जनसाधारण में लोकप्रिय बनाया।

निष्कर्ष : उपरोक्त युध्दों से यह देखा जा सकता है, कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कलाकारों का योगदान संगीत कला को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित हुआ है। भारतीय संगीत विश्व का प्राचीनतम तथा श्रेष्ठ संगीत है। लेकिन अंग्रेजों के अत्यधिक प्रभाव के कारण रियासतों में पनपने वाला संगीत भी आश्रयहीन हो गया था। अंग्रेज अधिकारियों को खुश करने के लिए यहाँ के शासक अंग्रेजी संगीत एवं नृत्य का आयोजन कराने लगे थे। वे भारतीय संगीत की अवहेलना कर युरोपियन संगीत को अपनाने का प्रयास करने लगे थे। भारतीय संगीत का मजाक उडाते थे। परंतु फिर भी भारतीय शासकों एवं जनता का संबंध तो भारतीय संगीत से ही था। अंत: संगीतज्ञ, संगीत कलाकारों द्वारा विशेष अवसरों पर एवं उत्सवों आदि पर भारतीय संगीत का ही आयोजन होता था। कुछ प्रमुख रियासतों में तथा विभिन्न घरानों के रूप में संगीत साधना चलती रही। गायन में ग्वालियर घराना, दिल्ली

घराना, पटियाला घराना, किराणा घराना, आगरा घराना आदि प्रमुख थे। सितार के जयपुर घराना, सरोदिया घराना प्रमुख थे। तबले के दिल्ली बाज, अजराडा बाज, पूरबी बाज, बनारस बाज, पंजाबी बाज प्रचलित हुए। ये घराने वर्तमान समय में भी कुछ अंश तक विद्यमान है । ब्रिटीश काल में घरानों की प्रथा अधिक बलवती हो गयी थी । इन घरानों के कारण उस समय भारतीय संगीत कुछ अंश तक सुरक्षित रहा। परंतु इसके साथ ही भारतीय संगीत की हानि भी बहुत हुई। विभिन्न घराणो के संगीतकार अपने अमूल्य ज्ञान को प्रच्छन्न रखते थे। ये कलाकार किसी दूसरे के सामने प्रकट करते थे। इसके कारण भारतीय संगीत की व्यापकता, उत्कृष्टता, पवित्रता एवं आत्मिक सुषमा का-हास हुआ। इतिहास भी इस बात का साक्षी है कि संगीत ने राष्ट्रीय एकता की दिशा में सदैव मुख्य भूमिका निभायी है। भारतीय संगीत संपूर्ण भारतवर्ष की सार्वभौम निधि है। यह एक ऐसी कला है, जिसमें सभी जाति, धर्म, भाषा के लोग इन सीमाओं को लांघकर संगीत में एकचित्त एक समाधी हो जाते है। इस प्रकार संगीत अनायास ही एकता की भावना को सुदृढ करता है। इसका मुख्य कारण है कि संगीत सभी के मन मस्तिष्क पर एक गहरा एवं चिर स्थायी प्रभाव डालता है। यही कारण है, कि देशभक्ति के गीत देशवासियों की आत्मा तक को झकझोर देते है जिससे व्यक्ति सभी स्वार्थी का त्याग कर देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों तक की बलि दे देता है।

संदर्भ सूची :

1) संगीत मैनुअल – डॉ. मृत्युंजय शर्मा, प्रो. राम नारायण त्रिपाठी, एच. जी. पब्लिकेशन, नई दिल्ली
2) भारतीय संगीत – डॉ. वंदना अग्रवाल, शलाभ पब्लिशिंग हाऊस, मेरठ
3) इंटरनेट के माध्यम से
4) तज्ञ शिक्षकों से विषय संबंधित वार्तालाप

कवि झवेरचंद मेघाणी के काव्यों में राष्ट्रीय चेतना

दिपककुमार उमंगभाई सोलंकी
असिस्टेंट प्रोफेसर
प्रो. डॉ. गौरांग भावसार
मार्गदर्शक
तबला विभाग
फेकल्टी ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स
द म. स. यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा

शोध सार : प्रस्तुत शोध सार में शोधार्थी ने कवि झवेरचंद मेघाणी के काव्यों में द्रश्यमान मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण भाव, बलिदान की भावना को सृद्रश्य कराने का प्रयत्न किया हैं। स्वतंत्रता संग्राम में सहयोगी सेनानी ओ के साथ- साथ कवियों का भी बड़ा योगदान रहा हैं। उन्होंने कविताओं एवं नवल कथा तथा उपन्यास के जरिये लोगों में जागृति लाने का तथा ब्रिटिश शासन के ख़िलाफ़ क्रांति फैलाने के लिए हमेशा प्रेरित करने के काम किया हैं। जिन्होंने अपनी कविताओं एवम् लेख के जरिये क्रांति फैलाने का काम किया उनमें से एक राष्ट्रीय शायर झवेरचंद मेघाणी हैं। झवेरचंद मेघाणी गांधी युगीन कवियों में से एक ऐसे कवि है जिन्होंने अपनी कविता द्वारा नव युवा को ब्रिटिश शासन की खिलाफ आवाज उठाने ने के लिए प्रेरित किया। इसी चित्र को एवं उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सब के समक्ष लाने एवं उनका जो लोकसाहित्य में जो बड़ा योगदान रहा हैं तथा उनके कई ऐसे लोकगीत जो आज भी प्रेरणा दायी है, उन्हें साझा करने का विनम्र प्रयास इस शोध लेख के माध्यम से किया हैं।

सूचक शब्द – काव्यों, झवेरचंद मेघाणी, स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि, स्वतंत्रता, स्वाधीनता।

स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत ई. 1857 की करीब शुरू हो गयी थी। यह ई. 1857 से ई. 1947 तक चला। इस स्वतंत्रता संग्राम में पूरे भारत वर्ष के कई राज्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। इसमें कई स्वतंत्रता सेनानी, राजकीय नेता से लेकर आम आदमी तक ने अपनी सहभागिता दर्ज की। इन स्वतंत्रता सेनानियों में कई शायर, लेखक, कवि तो कलाकार भी थे। जिन्होंने अपने -अपने स्तर पर अपने – अपने कार्यक्षेत्र को साथ में लेकर स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका निभायी हैं। कइयों ने अपने खून से एवं बलिदान से तो कई यों ने अपनी कविता से, लेख- पत्रिका, उपन्यास, नाटक, कहानीयों एवं नवल कथा द्वारा भारत के लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को जगाने का काम किया हैं और यह कारगर भी साबित हुआ हैं। उपन्यास और कहानी के साथ- साथ कवियों की कविताओं ने पूरे भारत वर्ष के लोगों में एसी राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई के लोगों ने अपने घरों से बाहर निकल कर क्रांतिकारी आंदोलन में जुडने लगे। भारत में स्वाधीनता संग्राम का इतिहास उतना पुराना है की जितना हमारे परतंत्रता का इतिहास हैं। हमारा भारत देश सदियों से गुलामी में जकड़ा रहा हैं। किन्तु इसका सांस्कृतिक पक्ष हमेशा अभिन्न रहा हैं। इसलिए हमारे भारत की एकता का आधार राजनीतिक एकता न होकर सांस्कृतिक एकता रहा हैं। वैसे तो हमारे भारत का सांस्कृतिक पक्ष बहुत ही विशाल रहा हैं। हमारे भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में कई कवियों ने अपना योगदान दिया हैं। किन्तु शोधार्थी सभी को न लेकर केवल कवि झवेरचंद मेघाणीजी के काव्यों में राष्ट्रीय भावना एवं उनका राष्ट्र के प्रति क्या योगदान रहा है, उस पर शोध पत्र लिखने का विनम्र प्रयास किया हैं।

झवेरचंद मेघाणी का जीवन

झवेरचंद कालिदास मेघाणी जी का जन्म 17 अगस्त 1897 साल मैं हुआ।[1] उनके पिता का नाम कालिदास मेघाणी एवं माताजी का नाम

धोलिमा मेघाणी था। कुछ साहित्यकार उनका जन्म 28 अगस्त 1896 में हुआ ऐसा मानते है। कुछ विद्वानों ने उनकी जन्म भूमि गुजरात के सौराष्ट्र में स्थित चोटिला गाँव को बताया हैं। जहाँ माँ चामुंडा का मंदिर स्थित हैं। जब की मेघाणी जी के अभ्यासीयों में सर्व श्री उमा शंकर जोषी एवं कनुभाइ जानी जी ने उनकी जन्म भूमि दाठा को बताया हैं। झवेरचंद कालिदास मेघाणी एक कुशल कवि, लेखक, समाज सुधारक एवं एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उनकी कविताओं में मुर्दे में भी जान फुक दे एसी ताकत थी। झवेरचंद मेघाणी जी के जीवन के प्रति कहना बहुत मुश्किल हैं, मगर करसनदास माणेक जी ने अपने काव्य की पंक्ति में उनके जीवन एवं उनके राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना एवं उनके व्यक्तित्व को साझा किया हैं।

हतु जीवन गान तनी लगनी:
रस-योगनी जाणे अखंड धूणी:
शतझाल सदाय भभूकी रह्यो
रस-ब्रह्म आराधननो अगनि:
अरे हैयाना ईंधण होमी होमी तमे
धूणी ए धीखती राखी हती:
वीरा, विश्वने हूंफ देवा तमे रात दी'
जातने जलती राखी हती:[2]

जब हमारे पूरे भारत में आज़ादी की जंग छिड़ गई थी तब यह शब्द झवेरचंद मेघाणी जी ने गाये थे।

"तारा नाम मां ओ स्वतंत्रता, मीठी आ शी वत्सलता भरी!
मुरदां मशाने थी जागता- एवी शब्दमां शी सुधा भरी!"[3]

जो मानवी में सुते हुए मुरदे को जगा देते हैं। एसी सुधा जिस शब्द 'स्वतंत्रता' में भरी हो, एसी सृजनात्मक शक्ति कवि के शब्द में भरे हो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं। उन्होंने 1912 में मेट्रिक की पढ़ाई की तथा 1916 में उन्होंने बी. ए. की पदवी प्राप्त की।

झवेरचंद मेघाणीजी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान:

मेघाणी एक गांधी युगीन साहित्यकार थे। मेघाणी के व्यक्तित्व के बारे में कहा हैं की मेघाणी यानी बुलंद आवाज, बुलंद भावना एवं बुलंद

प्रवृति के व्यक्तित्व वाले आदमी थे। उन्होंने 1918 में अपनी पहली कविता 'दिवड़ों झांखों बड़े' लिखी थी। 1919 में उन्होंने नौकरी के भाग रूप लंडन का प्रवास किया। झवेरचंद मेघाणी ने गुजराती साहित्य में बहुत बड़ा योगदान दिया हैं। उन्होंने काठियावाड़ आने के बाद बगसरा में काम ढूँढना शुरू किया तथा इसके साथ-साथ रवीन्द्रनाथ टैगोर की बंगाली रचना का भाषांतर करना शुरू किया। 1922 में वह राज कोट में साप्ताहिक सौराष्ट्र के संपादकीय बोर्ड में शामिल हो गये। 1930 में उनके गीत सिंधुड़ों नामक काव्य ग्रंथ की रचना से प्रसिद्ध हुए।[4] जिसने देश में क्रांति फैलाना शुरू किया। यह काव्य पूरे राष्ट्र प्रेम से भरे थे तथा यह भारत के नव युवाओं को ब्रिटिश राज के खिलाफ संग्राम में जुड़ ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस दौरान उनको दो साल के लिए जेल में भी जाना पड़ा तथा उनकी पुस्तक सिंधुड़ों को भी ब्रिटिश सरकार ने झप्त कर लिया। उन्होंने गोलमेजी सम्मेलन के लिए गांधीजी की लंडन यात्रा पर आधारित काव्य त्रिपुटी लिखी। इसी वक्त दौरान उन्होंने स्वतंत्र रूप से लघु कथाएँ लिखना शुरू किया और 'फूलचाब' पत्रिका के संपादक के रूप में कार्यरत रहें। ई. स. 1942 के संग्राम में सरकार ने 'फूलचाब' को जप्त कर लिया।'[5] उन्होंने 1935 में 'युग वंदना' नामक काव्य ग्रंथ लिखा। इसमें भी हमें राष्ट्र के प्रति गाढ़ प्रेम नज़र आता हैं। युग वंदना पुस्तक में ' तारा नाम मां ओ स्वतंत्रता' ,'लाग्यो कसुंबीनो रंग','उठो, सावजशूरानी बेटडी' तथा अन्य ऐसे गीत थे जो देश के युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में जुडने और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसी युगवंदना में झवेरचंद मेघाणी ने एक काव्य जो ई. स. 1931 में गोलमेजी परिषद में जाते समय गांधीजी को विदाई देते हुए लिखा 'छेल्लों कटोरो झेर नो आ : पी जजो, बापू !' जिसे सुन गांधीजी ने खुद उनको राष्ट्रीय शायर (राष्ट्रीय कवि) का बिरुद दिया।[6] गांधीजी के गोलमेजी परिषद से

वापसी के दौरान उनके स्वागत के रूप में एक और काव्य लिखा ' माता ! तारो बेटडो आवे !'।[7] झवेरचंद मेघाणी गांधीजी से बहुत ही प्रभावित थे एवं उनके प्रति बहुत आदर एवं सन्मान था। उन्होंने गांधीजी के हर एक प्रसंग का वर्णन अपने काव्यों में किया हैं। 'बापुना पारणा' काव्य संग्रह भी एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जिसमें गांधीजी के अनशन को दर्शाने वाले काव्य संग्रह थे। इसी तरह से झवेरचंद मेघाणी ने कई काव्य पुस्तक लिखी जो उनके स्वतंत्रता संग्राम में दिये गए योगदान एवं उनका मातृभूमि के प्रति प्रेम को दर्शाते हैं। उनके सन्मान में भारत सरकार द्वारा एक भारतीय डाक टिकट सन 1999 में भी जारी किया था।

झवेरचंद मेघाणी का लोक साहित्य कला में योगदान:

मेघाणी का लोक साहित्य के प्रति भी बहुत बड़ा योगदान रहा हैं। अगर देखा जाए तो गांधी युगीन कवियों में प्रथम श्रेणी में मेघाणी का नाम आता हैं। जिन्होंने अपने काव्यों से कई लोगों के ह्रदय में स्थान प्राप्त किया हैं। जिन्होंने 100 से भी अधिक पुस्तकें लिख कर साहित्य जगत को एक अनुपम भेट प्रदान की हैं। गांधी युगीन कवियों में सबसे रंग रागी कवि झवेरचंद मेघाणी थे। जिन्होंने 'दिवड़ों झांखों बड़े' जैसी स्वतंत्र गीत कृति से काव्य की शुरूआत की। जिनके काव्यों में मध्य कालीन प्रेम शौर्य, देश भक्ति, पीड़ितों के प्रति सहानुभूति, प्रणय,



बालक एवम् बहनों, वीर रस एवं संतवानी के रूप प्रगट होने वाले तथा बंगाल में से अनुवाद के लिए आने वाले काव्य विशेष कर सराहनीय हैं।'युग वंदना' (1935), 'वेणी ना फूल' (1923), 'किल्लोल' (1930), 'सिंधुड़ो' (1930), 'एकतारो' (1940), 'बापू ना

पारणा' (1943) और 'रवीद्र प्रवीण' (1944) आदि उनके काव्य संग्रह हैं।[8] मेघाणी ने काव्यों के साथ-साथ कई कहानीया एवं नवल कथाएँ भी लिखी। जिसमें उन्होंने गाँव-गाँव एवं प्रदेश – प्रदेश घूम कर वहाँ की कहानीयों का संग्रह कर 'सौराष्ट्र नी रसधार' पुस्तक को पाँच भाग (1923, 1924, 1925, 1927, 1927) में लिखा।

उन्हें 1928 में रंणजितराम सुवर्णचक्र, तथा 1946 में महिडा पारितोषिक जैसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके अन्य पुस्तकों में ' कुर्बानी नी कथाओं' (1922) जो की रवीन्द्रनाथ टैगोर की 'कथाओं काहिनी' का रूपांतरित स्वरूप हैं। 'मेघाणीनी नवलिकाओ' भाग-1, 2 (1931, 1935), 'विलोपन' (1946), 'जेल ऑफिस नी बारी' (1934), 'माणसाई ना दीवा' (1945), 'प्रतिमाओ' (1934) और 'पलकारा' (1935), 'दरियापार ना बहारवटिया' (1932) इसके अंतर्गत एश्टन वुल्फ़ना पुस्तक 'ध आउटलोझ ओव मोर्डन डेझ' की सत्य घटनाओ पे रूपांतरित चार बहार वटियाकी कथाओ का संग्रह हैं।[9] 'नीरजन' (1936), 'सोरठ, तारा वहेता पाणी' (1937), 'वेविशाल' (1939), 'तुलसी क्यारो' (1940), 'प्रभु पधार्या' (1943), ' कालचक्र' (1947) कालचक्र यह 1940- 50 की सामाजिक समस्याओं को दर्शाने वाली अपूर्ण नवल कथा हैं। उनकी लोकसाहित्य के संस्कार वाली ऐतिहासिक नवल कथाओं में से एक 'समरांगण' (1938) हैं। जो गुजरात के आखिरी सुलतान मुझफ्फर तीसरे के राज्य अमल के समय की कथा हैं। तत् पश्चात 'रा'गंगाजड़ियो' (1939) फिर 'गुजरात नो जय' भाग- 1,2 (1939, 1942) लिखी। 'उनकी रूपांतरित या अन्य किसी कृति पर से प्रेरित नवल कथाओं में 'सत्य नी शोधमां' (1932) अप्टन सिंकलेर की 'सेम्युयल ध सीकर' कृति पर से लिखी गयी हैं। तथा 'बीडेला द्वार' (1939) इसी लेखक की कृति 'लव्झ पिलग्रिमेईज' के आधार पर लिखी गयी हैं। विकटर हयुगो की लिखी 'ध लाफिंग मेन' कृति पर से

उन्होनें 'वसुंधराना वहालांदवला' (1937) लिखी और 'अपराधी' (1938) हॉल केईन की 'ध मास्टर ओव मेन' से प्रेरित कथा हैं।'[10] झवेरचंद मेघाणी जी की अन्य कृति ओ में 'डोशी माँ नी वार्ताओ' (1923), 'सोरठी बहार वटिया' के तीन भाग (1927, 1928, 1929), 'कंकावटी' भाग- 1, 2 (1927, 1928), 'दादाजीनी वातो' (1927), 'रंग छे बारोट' (1945), 'सोरठी संतो' (1928), 'पुरातन ज्योत' (1938), 'सोरठी गीत कथाओ' (1931) में अग्रेजी 'बेलेड' सी मिलती जुलती तेरह लोक कथाएँ हैं। 'रढ़ीयाडी रात' भाग 1 से 4 (1925, 1926, 1927,1942), 'चूंदड़ी' भाग-1, 2 (1928,1929), 'हालरडां' (1928), 'ऋतुगीतों' (1929), 'सोरठी संतवाणी' (1947) और सोरठिया दुहा' (1947), 'लोकसाहित्य: धरती नु धावण' भाग- 1, 2 (1939, 1944), 'लोकसाहित्य- पगदंडी नो पंथ' (1944), 'लोकसाहित्य नु समालोचन' (1946), 'परकम्मा' (1946),'छेल्लु प्रयाण' (1947), तो 'मरणोतर प्रकाशन' लि. स्नेहाधीन झवेरचंद' (1948) है, जिसमें उनके कौटुंबिक एवं साहित्यिक जीवन का दर्शन करने वाले 176 छाने गए पत्रों का संचय किया गया हैं।'[11] उनकी लघु जीवन चरित्र को साझा करने वाली पुस्तकों में 'बे देशदीपक' (1927), 'ठक्कर बापा (1939), 'मरेला ना रुधिर' (1942), 'अकबरनी याद मां' (1942), 'आपणु घर' (1942), 'पाँच वर्ष ना पंखिड़ा' (1942), 'आपणा घर नी वधु वातो' (1942) और 'दयानन्द सरस्वती' (1944) इत्यादि। 'सौराष्ट्रना खंडेरोमां' (1928), सोरठने तीरे तीरे' (1933), 'वेरानमां' (1939), 'परिभ्रमण' भाग- 1, 2, 3 (1944, 1947, 1947), 'सांबेलाना सूर' (1944), 'वंठेला' (1934), 'राणों प्रताप' (1923), 'शाहजहां' (1927) – यह द्विजेंद्रलाल रॉय एवं पद्य नाटक 'राजाराणी' (1926) रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाटक का अनुवाद हैं। तथा 'एशियानु कलंक' (1923), 'हंगेरी नो तारणहार' (1927), 'मिसरनो मुक्तिसंग्राम' (1930), 'सडगतु आयलेंड' (1931), 'भारतनो महावीर पाडोशी' (1943),

'ध्वज मिलाप' (1943) इत्यादि इनके इतिहास ग्रंथ हैं।[12] इसी तरह देखा जाए तो हमें झवेरचंद मेघाणी जी कई कृतिया प्राप्त होती हैं। जिनमें कई नवल कथाएँ, काव्य संग्रह, इतिहास ग्रंथ, लोकगीत, भजन, देश भक्ति को दर्शाने वाले पुस्तक जिसमें राष्ट्र प्रेम को दर्शाने वाले काव्यों का संग्रह किया गया हैं। हमें उनके कई व्याख्यान भी प्राप्त होते तथा कई लेख भी उन्होंने पत्रिका ओ में प्रकाशित किए हैं। उनकी कृति ओ में 'झंडाधारी महर्षि दयानन्द', 'ठक्कर बापा', 'चारणों अने चारणी साहित्य' इस तरह कई पुस्तकों एवं पत्रिकाएँ तथा काव्य हमें मिलते है, जो उनका लोक साहित्य के प्रति प्रेम एवं उनके साहित्य के प्रति योगदान को दर्शाते हैं।

झवेरचंद मेघाणी जी के काव्यों में राष्ट्रीय चेतना :

कविता में राष्ट्र चेतना को समझ ने से पहले हमें राष्ट्र की परिभाषा को समझना पड़ेगा। 'राष्ट्र' यानी क्या? राष्ट्र की संज्ञा हम किसको दे सकते हैं। भारत में राष्ट्र शब्द का प्रयोग प्राचीन काल से होता चला आ रहा हैं। यजुर्वेद का दशम अध्याय इस द्रष्टि से महत्वपूर्ण हैं। **'राष्ट्र में देहि'** यह मंत्र राजा द्वारा राज्याभिषेक के अवसर पर कहे जाने वाले मंत्र में से एक हैं। यह राष्ट्र प्राप्ति की उत्कट लालसा को प्रगत करता हैं। उपनिषद में भी एक क्रांतिकारी संदेश जो जीती के उत्थान के लिए प्रयुक्त किया गया हैं, **'उतिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्नि बोधत'**[13] अर्थात उठो, जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदा संघर्षशील रहो'। इसी विचारधारा को शत पथ ब्राह्मण में **"श्रीर्वे राष्ट्रम"** अर्थात समृद्धि युक्त ओजस्वी जनसमूह ही राष्ट्र हैं।[14] 'राष्ट्र' यानी की देश, राज्य, जाति या उसमें बसने वाले जनसमूह से होता हैं। जिसमें जिल्ला, प्रदेश, देश, जनता, अधिवासी, प्रजा इत्यादि का समावेश होता हैं। जिर्मन के अनुसार "ऐसे जन समूह जो विशिष्ट भू-भाग के प्रति तीव्रता, अंतरंगता और गौरव की संसृष्ट भावना से संयुक्त

हो, राष्ट्र हैं।"[15] चेतना यानी के अहसास, एहसास, अनुभूति, अंगानुभूति, चित, चेत, चैतन्य, मनोभूति, मनश्चेतना, इत्यादि। 'राष्ट्र' मुख्य रूप से तीन विभागों में विभक्त किया गया हैं। भौगोलिक, राजनीति तथा सांस्कृतिक। हमें झवेरचंद मेघाणी के काव्यों में राष्ट्र भावना, एवं राष्ट्र के प्रति चिंता, एवं मरने मिटने का जुनून दिखाई देता हैं।

झवेरचंद मेघाणी के कसुंबी नो रंग काव्य में वह लिखते है -

'जननी ना हैया मा पोढ़न्ता पोढ़न्ता पिधो कसुंबीनों रंग;
धोड़ा धावण केरी धाराये धाराये पाम्यों कसुंबीनो रंग.'[16]

यह कविता को कई कंठों द्वारा गाया गया है। जो राष्ट्र भावना को प्रगट करता हैं। गांधी युगीन कवियों में अकेले झवेरचंद मेघाणी ही एक ऐसे कवि थे जिनकी कविता ने कलापी एवम् न्हानालाल जी के काव्यों की तरह लोक हृदय तक पहुंची पाई। मेघाणी की कविताओं में लोक प्रियता का कारण उनकी युग आराधना का सबसे बड़ा योगदान रहा हैं। मेघाणी की कविता 'कसुंबी नो रंग' यह काव्य में एक बीज के समान हैं। ऐसा ही कसुंबल रंग हमें आज़ादी के संग्राम के वक्त हमारे क्रांतिकारी एवं समग्र देश के वीरों में देश के लिए देखने को मिलता हैं।

कवि मेघाणी कहते हैं-

" दुनियाना वीरोंना लीलां बलिदानोंमां भभक्यो कसुंबीनो रंग;
सागरने पारे स्वाधीनतानी कबरोमां महेक्यो कसुंबीनो रंग.[17]

यहाँ 'लीला' शब्द में नवयुवकों के बलिदानों के विशेष अर्थ में लिया हैं। विशेष में कहा जाए तो उन्होंने अपनी कविता में हूबहू चित्र को साझा किया हैं। उन्होंने इस कविता में सौन्दर्य एवं रंगीन कला तत्व को दर्शाया हैं। वह लिखते है, -

"भीषण रात्रि केरा पहाडोनी त्राडोए चोड्यो कसुंबीनों रंग"[18]

अंत की पंक्ति जैसे सभी को आज़ादी की इस लड़ाई में जुडने के लिए प्रेरित कर रही हो

ऐसा प्रतीत होता हैं।

"घोळी घोळी प्याला भरिया ! रंगीला हो !
पीजो कसुंबीनो रंग ;
दोरंगा देखीने डरियां : टेकीला हो !
लेजो कसुंबीनो रंग ! राज. "[19]

इसी तरह उन्होंने भक्त के द्वारा एवं पीड़ितों के आँसुओं द्वारा , प्रेमिका एवं शहीदों के द्वारा उन्होंने राष्ट्र प्रेम को अपनी कविता में दर्शाया हैं। इसके बाद उनकी कविता 'कोई नो लाडकवायों ' में भी देश वीरों के बलिदानों को दर्शाया हैं। वह कहते है-

रक्त टपकती सो सो झोड़ी समरांगणथी आवे,
केसरवरणी समर सेविका कोमल सेज बिछावे:
घायल मरतां मरतां रे
मात नी आज़ादी गावे. [20]

यहाँ पर मेघाणी जी ने आज़ादी की लड़ाई के समय देश शूरवीरों के बलिदान एवं उनकी रण शय्या पर कलपान करते चित्र को जीवंत किया हैं। कैसे देश के नव जवान देश की आज़ादी के लिए अपना बलिदान दे रहे हैं। इस तरह कई राष्ट्र प्रेम को प्रगट करने वाले काव्य पुस्तक 'सिंधुड़ों' में उन्होंने प्रकाशित किए। फिर उनकी एक पुस्तक 'युग वंदना' में राष्ट्र प्रेम से विभूषित काव्यों को दर्शाया हैं। ' युग वंदना' में युग लक्षित संवेदना, दरिद्रों के गीत, कथा गीत, प्रेम लहरी इसी तरह कई तरह की रचनाएँ मिलती हैं। 'युग वंदना' को उन्होंने पाँच खंडों में विभक्त किया हैं। उन्होंने प्रथम खंड में एसी कविताओं का संग्रह हमें मिलता है जिसमें गुजरात के जीवन को दर्शाया गया है तथा

उसमें आज़ादी के आंदोलन के समय की देशभक्ति, युयुत्सा भाव को प्रगट किया हैं। उनकी कविताओं में हमें आज़ादी की लड़ाई की घोषणा कर रहे सिंधुड़ों काव्य दिखाई देता हैं।

झवेरचंद मेघाणीजी ने भी अन्य कवि ओ की तरह मातृभूमि की वंदना अपने काव्यों के जरिये की हैं। उन काव्यों में उनके मातृभूमि के प्रति प्रेम एवं संवेदना की प्रतीति होती हैं वह अपने एक काव्य में वह लिखते है-

"बीक कोनी ! बीक कोनी ! बीक कोनी, मा तने ?
त्रीस कोटि बालकोनी ओ कराली मा तने । "(21)

इस काव्य में हमें जन्म भूमि के लिए अदम्य झंखना दिखाई देती हैं जो एक मेघाणी जी काव्य के विशेषता रही हैं। उनके एक काव्य 'स्वप्न थकी सरजेली' में हमें धरती मा धन धान्य से एवं फल- फूलो से लचकती एवं प्रांगण में स्वप्न सृजन सी कवि को जन्म भूमि लहलहाती हुई दिखाई देती हैं। कवि खेत खलियानों की प्राकृतिक समृद्धि से सज्ज हमारी मातृभूमि के विषय में लिखते हैं की

" धन-धान्य फूले लचकेली आ वसुधाना पटमांय,
को स्वप्न थकी सरजेली मुज जन्मभूमि लहेराय
नव खंड धरा पर भमो-नथी आ भोम समोवड़ कोई :
सहु देश तणी महाराणी मुज मा भूमि तुल्य को न्होय । "(22)

कवि मेघाणी जन्म भूमि के प्रति इतने संवेदनशील एवं जन्म भूमि पर जान न्योछावर करने वाले एवं हर एक जनम में उसके चरणों की सेवा के लिए तरस ने वाले हमें नीचे बताई गयी कविता की पंक्ति में जान पड़ते हैं। वह लिखते है-

"तुज सम नथी क्यांय जगत मा
प्रिय जनना आ विध प्रेम;

तुज चरणों चांपी हृदय मां
जीववानी हरदम नेम :
हुं जनम जनम अहीं मरु – मुक्ति अन्य क्यां होय ?
सहु देश तणी महाराणी मुज माभूमि तुल्य को न्होय।(23)

कवि मेघाणी ने युग वंदना 'तोय मा ते मा' काव्य में लिखा है, -

अपमानिता – अपयशवती तुं : तोय मा ते मा !
परवश – पराजित – लथडती तुं : तोय मा ते मा !
तुज पराजयनी धूल ने
धरशुं अमारे मस्तके :
चरणों विंधायल कंटके चूमी लईशुं, मा ।(24)

यहाँ उन्होंने गुलामी की जंजीरों में जकड़ी हुई, विदेशी ओ के जुल्मों से आतंकित एवं अन्याय और अत्याचार से बिलखती हुई मातृ भूमि की लिए गहन गंभीर वेदना को व्यक्त करने का चित्र अंकित किया हैं। कवि अपनी कविता के माध्यम से सभी को स्वाधीनता की लड़ाई के लिए कदम आगे बढ़ाने को कह रहे। कवि यहाँ स्वतंत्रता की के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए अपने देश की जनता को आमंत्रित कर रहे है। उनकी यह कविता ब्रिटिश शासन के दमन नीति के विरुद्ध निर्भीकता का एक प्रत्यक्ष एवं ज्वलंत प्रमाण हैं। इस से हम कह सकते है की मेघाणी जी की कविताओं में भी बलिदान की तीव्र अभिव्यक्ति देखने को मिलती हैं। वह कहते है की –

"आगे कदम ! आगे कदम ! आगे कदम !
यारो ! फनाना पंथ पर आगे कदम ! "(25)

इस तरह हम देखते है की कवि झवेरचंद मेघाणी कविताओं में हमें मातृ भूमि के प्रति प्रेम, न्योछावर होने की बलिदान की भावना, स्वतंत्रता को प्राप्त करने हेतु सभी देश वासी ओ को एक जूट करने की भावना, अपने देश के युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता प्राप्त करने हेतु

ब्रिटिश शासन के खिलाफ होने के लिए प्रेरणा दायी भावना हमें उनके काव्य में दिखाई देती हैं। चाहे वह स्वतंत्रता की मिठास हो, आगे कदम हो, धरती मांगे भोग, अपमानिता- अपयशवती तुं : तोय मा ते मा, छेल्लो कटोरो झेर नो, जागो जगना क्षुधार्त, तारा पटक ने संभार, परजीता नु गान, लाग्यो कसुंबी नो रंग, वीर बंदो, झन्डा वंदन इत्यादि काव्यो में हमें उनका मातृभूमि के प्रति प्रेम, संवेदना, समर्पण तथा बलिदान की भावना की प्रतीति होती हैं।

निष्कर्ष: उपरोक्त सभी कथनों से शोधार्थी का मानना है की कवि झवेरचंद मेघाणी एक कवि, लेखक, नवल कथाकार, समाज सुधारक एवं एक स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने अपने काव्य(सिंधुड़ों और युग वंदना) के जरिये नव युवाओं में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ क्रांति फैलाने की एवं स्वतंत्रता की लड़ाई में जुडने की प्रेरणा दी। जिसके चलते उन्हें दो वर्ष जेल की सजा भी हुई। भारत सरकार ने उनके सन्मान में भारतीय डाक की टिकट जारी की। उन्होंने कई लेख, नवल कथाएँ एवं इतिहास ग्रंथ लिखे। उन्होंने कई लोक गीतों की भी रचना की, जो अभी भी गाये बजाए जाते हैं। उन्होंने 100 से भी अधिक पुस्तकें लिखी हैं। उनके काव्यों में हमें उनका मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव, देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु बलिदान की भावना, मातृभूमि की सौन्दर्य से भरे खेत खलियानों के चित्र को अंकित करना इत्यादि हमें दिखाई देता हैं। उनकी गणना गांधी युगीन कवि ओ में सर्व प्रथम की जाती। उन्होंने गांधीजी के हर एक प्रसंग का उल्लेख अपनी कविताओं में किया हैं। उनको राष्ट्रीय शायर का बिरुद्ध भी गांधीजी द्वारा दिया गया था। वह एक समाज सुधारक भी थे जो जात पात को भूल सभी देश वासी ओ को स्वतंत्रता की लड़ाई में जुडने का अह्वान दे रहे हैं। कवि झवेरचंद मेघाणी उनके काव्य आज भी बड़े गौरव के साथ गाये बजाए जाते हैं और उन्होंने कई राष्ट्रप्रेम से भरे काव्यों की रचना की है जो आज भी कई कार्यक्रमों, सभाओं, 15

अगस्त के दिन, 26 जनवरी के दिन, लोक सभा में गाये बजाये जाते हैं। इसमें एक गीत हैं जो सब के दिलो पर राज करता हैं और राष्ट्रप्रेम को उजाग्र करता हैं " कसुंबी नो रंग"। जो झवेरचंद मेघाणी जी काव्य में से एक हैं।

संदर्भ

1. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/पृ. 6
2. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/ पृ. 4
3. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.11
4. https://www.hmoob.in/wiki/Jhaverchand_Meghani
5. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/ पृ. 17
6. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/ पृ. 30
7. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.36
8. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/ पृ. 59
9. http://www.gujaratisahityapari-shad.com/prakashan/sarjako/savishesh/Savishesh-Zaverchand-Meghani.html
10. http://www.gujaratisahityaparishad.com/prakashan/sarjako/savishesh/Savishesh-Zaverchand-Meghani.html

11. http://www.gujaratisahityaparishad.com/prakashan/sarjako/s avishesh/Savishesh-Zaverchand-Meghani.html
12. http://www.gujaratisahityaparishad.com/prakashan/sarjako/savishesh/Savishesh-Zaverchand-Meghani.html
13. वाघेला एम. एन./ शोध प्रबंध- माखनलाल चतुर्वेदी एवं झवेरचंद मेघाणी की कविता में राष्ट्रीय चेतना – एक तुलनात्मक अध्ययन/ पृ.14
14. वाघेला एम. एन./ शोध प्रबंध- माखनलाल चतुर्वेदी एवं झवेरचंद मेघाणी की कविता में राष्ट्रीय चेतना – एक तुलनात्मक अध्ययन/ पृ.14
15. वाघेला एम. एन./ शोध प्रबंध- माखनलाल चतुर्वेदी एवं झवेरचंद मेघाणी की कविता में राष्ट्रीय चेतना – एक तुलनात्मक अध्ययन/ पृ.14
16. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/पृ.18
17. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/पृ.18
18. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/पृ.18
19. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/पृ.19
20. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/पृ.20
21. वाघेला एम. एन./ शोध प्रबंध- माखनलाल चतुर्वेदी एवं झवेरचंद मेघाणी की कविता में राष्ट्रीय चेतना – एक तुलनात्मक अध्ययन/ पृ.206
22. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.7
23. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.8
24. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.9
25. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/पृ.20

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. सेलारका, विजय एच./ शोध प्रबंध, ' मेघानीनी कविता: एक अध्ययन/ सौराष्ट्र युनिवर्सिटी राजकोट/ वर्ष 2004
2. मेघानी, झवेरचंद/ युग वंदना/प्रसार, 1888 आताभाई एवन्यू, भावनगर/ प्रथम आवृति : 1935, द्वितीय आवृति: 1942, तृतीय आवृति : 1946, चतुर्थ आवृति : 1950, पाँचवी आवृति : 1955
3. मेघाणी, झवेरचंद/सिंधुड़ों/ क्रिएट्स्पेस इंडिपेंडेंट पब्लिशिंग प्लेटफॉर्म/ प्रथम आवृति 1930
4. वाघेला एम. एन./ शोध प्रबंध- माखनलाल चतुर्वेदी एवं झवेरचंद मेघाणी की कविता में राष्ट्रीय चेतना – एक तुलनात्मक अध्ययन/सौराष्ट्र युनिवर्सिटी/ वर्ष 2007
5. http://www.gujaratisahityapari-shad.com/prakashan/sarjako/savishesh/Savishesh-Zaverchand-Meghani.html
6. https://www.hmoob.in/wiki/Jhaverchand_Meghani
7. मेघाणी, झवेरचंद/ बापू ना पारणा/ नाथालाल म शाह स्वाधीन मुद्रणालय/ चतुर्थ आवृति जुलाई 1946
8. मेघाणी झवेरचंद/ व्याख्यान -चारणों आने चारणी साहित्य/ गुजरात वर्नाक्युलर सोसायटी : अमदावाद/ प्रथम आवृति-1943
9. राजगोर, शिवप्रसाद/ अर्वाचीन गुजरात नो राजकीय अने सांस्कृतिक इतिहास/युनिवर्सिटी ग्रंथ निर्माण बोर्ड, गुजरात राज्य/ चतुर्थ आवृति 2014/ ISBN : 978-93-81265-42-0

उमाशंकर जोशीः गांधीयुग के प्रसिद्ध कवि, नाट्यकार, निबंधकार, समीक्षक, कहानीकार, अनुवादक तथा स्वतंत्रता संग्राम के साहित्यकार

सचीन परमार
आसिस्टन्ट प्रोफेसर,
नाट्यविभाग, फैकल्टी ओफ परफोर्मिंग आर्ट्स,
द महाराजा सयाजीराव युनिवर्सिटी ओफ बरोडा, वडोदरा

भूमिका: भारत कलाओं का देश है। कला के प्रकार की बात की जाएं तो मुख्यतः द्रश्य कला तथा प्रदर्शनी कला में उसे विभाजित किया जाता है। जिसमें चित्रकला, मुर्तिकला, वास्तुकला एवं संगीत कला को समाहित किया जाता है। ललित कला के साथ-साथ साहित्य को भी कला में समाहित किया जाता है। अलंकार एवं सौंदर्यशास्त्र का कला से गहरा संबंध माना जाता है। भारतीय कलाओं में अभिव्यक्ति की प्रधानता है। वह वैज्ञानिक तथा तकनीकी आधार के साथ-साथ भाव एवं रस से जूडी हुई है। कला के साहित्य पक्ष की बात करें तो नाट्य, काव्य, निबंध, कहानी तथा उपन्यास लेखन इसमें विशेष रहे है। प्रस्तुत आलेख में कला के साहित्य पक्ष पर ही बात करनी है। स्वातंत्र संग्राम के तथा गांधी युग के प्रखर कवि, नाट्यकार, कहानीकार तथा कहैं कि एक पूर्ण साहित्यकार उमाशंकर जोशी के जीवन, कवन तथा उनके स्वतंत्रता संग्राम में दिये हुए सीधे योगदान व साहित्य योगदान पर प्रकाश डालना इस आलेख का उद्देश है।

उमाशंकर जोशीः जीवन तथा कवन

उत्तर गुजरात के एक छोटे से गाँव बामणा में 1911 में पेदा हुए उमाशंकर जोशी ने प्रकृति से और गाँव की संस्कृति से ही अपने शब्ददेह को जन्म दिया। उनका साहित्य गाँव के जन जीवन के साथ-

साथ गाँव की संस्कृति से भी जूडा हुआ है। गांधीजी के सत्याग्रह से जुडे उस समय के नव युवान उमाशंकर जोशी ने न केवल गाँव के जन जीवन को केन्द्र में रखा किन्तु उनके साहित्य में भारतीय इतिहास को समजने की और उसे परखने की भी क्षमता है। एक साहित्यकार के तौर पर गुजरात के तथा देश के सार्वजनिक जीवन के साथ वह एक लंबे अरसे तक जुडे रहै। उन्होंने बतौर साहित्यकार 1. विश्वशांति (1931), 2. गंगोत्री (1934), 3. निशीथ (1939), 4. प्राचीना (1944), 5. आतिथ्य (1946), 6. वसंत वर्षा (1954), 7. महा प्रस्थान (1965), 8. अभिज्ञा (1967), 9. धारावस्त्र (1981) तथा 10. सप्तपदी (1981) जैसे काव्य संग्रह दिये। उसके अलावा उमाशंकर जोशी ने कई सारी कहानीयाँ, नाट्य एवं निबंध तथा समीक्षात्मक गद्य भी दिया। गांधी सत्याग्रह से सीधे तौर से जुडे हुए उमाशंकर जोशी पर महात्मा गांधी तथा रविन्द्रनाथ टागौर का गहरा प्रभाव था। गांधी सत्याग्रह के चलते उन्हें कारावास में भी रखा गया। कारावास में काका साहेब कालेलकर से उनका मिलना हुआ। कारावास में उन्होंने बंगाली तथा मराठी भाषाएं सीखी। उन्होंने अपना काव्य संग्रह 'विश्वशांति' भी कारावास के दौरान ही लिखा। विजापूर कारागृह में उनकी मुलाकात प्रसिद्ध साहित्यकार 'सुंदरम' से हुई। 1947 में उन्होंने 'संस्कृति' नाम से एक पत्रिका भी शुरू की। 1955 में उन्होंने अपनी पत्नी ज्योत्सना जोशी के साथ मिलकर 'गंगोत्री' नामक ट्रस्ट की भी शुरूआत की जिसका मुख्य उदेश्य लोक कल्याण के कार्य करना था। गांधीजी से प्रभावित तथा उनके पथ पर चलने वाले उमाशंकर जोशी ने गांधी जन्मशताब्दी वर्ष में अपनी पत्रिका 'संस्कृति' में जनवरी से लेकर अक्तूबर तक गांधीजी के जीवन के 125 विभिन्न प्रसंग प्रकाशित किए। जिसे बाद में 'गांधी कथा' नाम से पुस्तक के स्वरूप में भी प्रकाशित किया गया। आजादी के बाद के वर्षो में वह राज्यसभा के भी सदस्य रहें।

उमाशंकर जोशी के नाट्य तथा उसमें स्वातंत्र संग्राम का प्रभाव

उमाशंकर जोशी ने गुजराती साहित्य में प्रचुर मात्रा में अपना योगदान दिया है। विशेष तौर पर काव्य क्षेत्र में। किन्तु उन्होंने नाट्य क्षेत्रमें भी कई सारे एकांकी नाटक देकर अपना विशेष योगदान नाट्यक्षेत्र में भी दिया है। आनेवाली भविष्य की पीढ़ी उन्हें किस तरह से जानेगी उस संदर्भ में एक बार उमाशंकर जोशी ने कहा था कि, 'सार्वजनिक जीवन के प्रश्नो के साथ जुडे होने के बावजूद, या फिर उसी वजह से, एक कवि के तौर पर उर्मिकाव्य लिखें। कविता के साथ-साथ नाटक में भी अपना योगदान दिया। अच्छा गद्य लिखा जो सौंदर्य कि द्रष्टि से और सामाजिक परिपेक्ष्य से लिखा गया।' उमाशंकर जोशी के गद्य में उसमें भी उनके नाटक में यह सार्वजनिक जीवन के प्रश्नों को उन्होंने विशेष स्थान दिया। उनके मुख्य नाट्य संग्रह 'सापना भारा' में जितने भी एकांकी नाटक है वह सभी उस समय की सामाजिक स्थिती को प्रस्तुत करने वाले नाटक है। उनका दूसरा नाट्य संग्रह 'हवेली' भी सामाजिक स्थिती को उजाकर करने वाले नाटकों का संग्रह है। उमाशंकर जोशी ने न केवल सामाजिक परिस्थिती को ध्यान में रखते हुए ही नाटक लिखें किन्तु उनका ध्यान उस समय की राजकीय स्थिती पर भी उतना ही था, जिस बात की झलक हमें उनके गद्य से मिलती है। उमाशंकर जोशी के नाटको में उस समय की तत्कालिन राजकीय स्थिती का गहन प्रभाव मिलता है। उदाहरण के तौर पर, उनके नाटक 'शहीदनुं स्वप्न' की यदि चर्चा करें तो स्पष्ट तौर पर हम जान सकते है कि उनके इस नाटक में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के कार्य को किस तरह से अपने नाटक के जरिये जोडा है। उमाशंकर जोशी नाटक शुरु करते ही रंगसूचन में बता देते है कि नाटक 1932 के हिंदी स्वातंत्र संग्राम के एक पेशावरी दिन का नाटक है। और रात्रि का समय है।

वह लिखते हैः
[समयः 1932 ना हिंदी स्वातंत्र्यसंग्रामनो एक पेशावर-दिन. वहेली रात्रि. स्थळः दवाखानानो एक विशाळ कमरो.

एक घायल सैनिकनी आसपास डॉक्टर अने मित्रोनुं टोळुं ऊभुं छे. मृत्युनो ए यात्री पोताना आखरनां पगलांनो धबकार सांभळवामां मशगूल होय एम तेमनी तरफ सूनी नजरे थोडीक वार ताकी रहे छे, तो घडीक वार आंखो समूळगी मींची दे छे. खाटलानी बाजुमां ज एणे पेशावर-दिननी निशानी तरीके पहेरेलुं लाल खमीस डॉक्टरे सगवड खातर काढी नाखेलुं ते पड्युं छे. ए लोहीथी तरबोळ छे के नहि ते कहेवुं मुश्केल छे. पण दर्दीने माथे डॉक्टरे पाटा बांध्या छे तेथी लागे छे के तेने मूढ मार ज पड्यो नथी. माताना वलोपातने न गणीए तोये डॉक्टरना पडी गयेला मोढा परथी चिंतानुं कारण कळाइ जाय छे.

मुकुन्द आजे सांजे झंडो लइने आगळ चालतां घवाइने मरणतोल थयो छे. नानीमाने खबर पडतां ते डॉक्टरने दवाखाने दोडी आव्यां छे. डॉक्टर व्यवहारकुशळ जुवान छे, ने सैनिक मित्रोने मदद करी आडकतरी रीते लडतमां हिस्सो आपी रह्या छे. नवीन जिन्दगी जीवी जाणवा माटे अधीरो बनेलो युवान सैनिक छे. मुकुन्दने पोतानी जात करतायें नवीन वधारे ओळखे छे एवो नवीननो फांको छे. मुकुन्दनी मरी जाणवानी लगनी पाछळ ते घेलो बनेलो छे. खाटला पासे बीजा एकबे मित्रसैनिको ऊभा छे.]

इस पूरे रंगसूचन में उमाशंकर ने उस समय के स्वतंत्रता संग्राम की स्थिती को बखूबी पेश किया है। 23 अप्रैल 1930 में गांधीजी ने नमक सत्याग्रह किया था। उस वक्त उनका साथ देने के लिये खान अब्दूल गफार खान को अंग्रेज हूकुमत की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया था। पेशावर में इस बात को लेकर किस्सा ख्वानी बाजार में खुदाई खिदमदगार की भीड इकठ्ठा हो गई थी, उस निशस्त्र भीड पर अंग्रेज

हूकुमत ने वहाँ की स्थानिक सिपाईको मशीनगन से गोलियाँ बरसाने का आदेश दिया। खुदाई खिदमदगार के सदस्यों ने अपने नेता खान अब्दूल गफार खान ने उन्हें जिस तरह से अहिंसा का प्रशिक्षण दिया था बस वैसा ही किया, अहिंसक संग्राम में गोलियों की बोछार होने की वजह से अंदाजन 200 से 250 लोग मर गए। इस घटना का उस समय पेशावर में बड़ा प्रभाव हुआ। इसके अलावा लाहोर में 23 मार्च 1931 को शहीद भगतसिंह तथा उनके साथियों को फांसी दे दी गई। युवाओं पर इसका बड़ा असर हुआ। प्रस्तुत नाटकमें मुकुन्द वैसा ही युवक है जो स्वतंत्रता संग्राम में अहिंसक लड़ाई का हिस्सा बना हुआ है। अहिंसक संग्राम में रेली में झंडा लेकर अगवाई करने वाले मुकुन्द को सर पर लाठी से पीटा गया है जिस वजह से उसे अस्पताल में लाया गया है। उसका सर फट गया है और वह मृत्यु के कगार पर है। डॉक्टर बडे ही व्यावहारिक (प्रेक्टिकल) है और स्वतंत्रता संग्राम में सीधे तौर पर तो कोई योगदान नहीं दे पाते तो इस तरह से अप्रत्यक्ष तौर पर अपना योगदान दे रहे हैं। इस पूरे रंगसूचन में उस समय की स्थिती को बताया गया है। उस समय एसे बहुत से व्यक्ति थे जो स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान तो देना चाहते थे किन्तु किसी मजबूरी के चलते ऐसा नहीं कर पाते थे तो वह अप्रत्यक्ष तरीके से वैसा करते थे और स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बनते थे। गांधी सत्याग्रह हो या अन्य कोई भी हिंसक अथवा अहिंसक संग्राम हो बहुत से व्यक्ति ओं ने उसमें अपना योगदान दिया है, कई अनामी व्यक्ति है जिन्होंने अपनी जान की भी परवाह नहीं की और अपना बलिदान दे दिया है। यहाँ मुकुन्द भले ही एक नाटक का काल्पनिक पात्र है किन्तु एस बहुत से मुकुन्द जैसे अन्य है जो गुमनामी की गर्ता में समा गयें और उनके बलिदान तथा स्वतंत्रता संग्राम में सहयोग को कोई जान भी न सका। उमाशंकर जोशी ने एसे ही युवा की यहाँ अपने नाटक के जरिये चर्चा की हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हँसते हँसते अपना

बलिदान दे दिया। नाटक में आगे मुकुन्द को नींद आ जाती है और वह स्वप्न देखता है। उसे शहीदों का स्वप्न आता है। उसे स्वप्न में बंकिमचन्द्र आते है, और वह शहीद भगतसिंह को भी स्वप्न में देखता है। वहाँ और भी अन्य शहीद है जो मुकुन्द से बातें करते है। जो स्वतंत्रता की बातें करते है। जो फाँसी की बातें करते है। जो आत्म बलिदान की बातें करते है।

अमारुं खून वह्युं'तुं लाल,
बंहु हो! रंग झरेल गुलाल.
चोथोः क्यां छे फांसी? क्यां छे शूळी? क्यां छे संगीन? मृत्युथी, ओ शयतानी सरकार, अमे लेशमात्र डरता नथी.
वह कहते है कि अंग्रेज सरकार शयतानी सरकार है और वह उनसे बिलकुल भी नहीं डरते है।वह गाते हैः

* गीत *
मानवताने पार उतारवा
किश्ती थशे आ काया.

मुकुन्द को स्वप्न में इशु भी आते है, अन्य बलिदानीओं तथा इशु के बीच बातचीत होती है,

आठमोः अने हुं तो मर्यो न होत तो जगत जाणत पण नहीं के कदी जीव्यो हतो.
इशु (हसीने): तुं मृत्युथी जीवन जीतनार वीर, खरुं ने?
नवमोः खरुं पूछो तो जीवन अने मृत्युथी अमारे मानवता माटे उज्जवल भावि जीतवुं छे. अमारी नजरे जीवननी गणो के मृत्युनी ए एकमात्र परम सिद्धि छे. एने माटे भयंकर रीते जीववा ने भयंकर रीते मरवा अमे थनगनता हता.
बीजोः अमारा परसेवाथी गुलामीनुं, गरीबीनुं कलंक न धोवाय तो अमारा लोहीथी धोता पण अमे खंचकावाना नथी.
यह युवान जीवन और मृत्यु से परें स्वतंत्रता को मानते है। वह चाहते है कि गुलामी का कलंक मिट जाये और इसलिये वह खून बहाने से

भी नहीं कतराते। आगे युवा के इस द्वंद्व को उमाशंकर जोशीने हिंसा और अहिंसा के द्वंद्व से बखूबी जोड दिया है। हिंसा व अहिंसा की लडत में से किसी भी प्रकार की लड़ाई हो वह अंततः स्वतंत्रता की ओर जाती है। वह केवल विचारधारा का बदलाव है किन्तु अंतिम लक्ष तो स्वतंत्रता ही है इस बात पर भी कहीं न कहीं उमाशंकर जोशी ने अपना पक्ष रखा है और अन्य पक्ष को जानने की कोशिश की है। युवा वर्ग का स्वतंत्रता संग्राम को लेकर गंभीर होना भी उन्होंने इस नाटक में दर्शाया है। उस समय युवाओं का मानस स्वतंत्रता को लेकर कितना गंभीर था यह हम जान सकते है।

त्रीजो अने चोथो (एकीसाथे): अने ए धोवामां जुलमीओनुं लोही वापरतां पण नहीं खंचकाईए.

ईशुः मानवताना कल्याण माटे तमे तमारा प्राणनुं बलिदान धरो त्यारे तमारी अंजिलमांथी एकाद मानवबंधुनुं ज लोही टपकतुं होय, तो तमारुं बलिदान केवुं कलंकाय?

.....

बीजोः तो शुं गरीबोनुं लोही चूसी माता बनी बेठेला शोषकोने अमर तपवा देवा?

.....

त्रीजोः दांतने बदले दांत!
चोथोः आँखने बदले आँख!
पांचमोः जीवने बदले जीव!
ईशुः ना, ना, प्राणने बदले प्रेम.

....

त्रीजोः फांसी, शूळी, संगीन, वीजळी – कशुं अमने मात करी नहिं शके. आपणो रोटलो झूंटवी ले छे तेनुं लोही रेडो! आपणा रोटलानो मालिक थई बेसे तेने कतल करो! जवा दो नहीं! एमनी पासे बंदूक छए तो आपणी पासे बॉम्ब छे. एमनी पासे बॉम्ब छे तो आपणी पासे फना थवा शरीर छे. एमनी पासे संगीन छे तो आपणी पासे छाती छे. एमनी पासे पैसा छे तो आपणी पासे लोही छे.

अंत में ईशु कहते है,
ईशुः मानवी मानवीने छूटो पाडीने जोशो नहीं! आखी मानवताने एक व्यक्ति तरीके जोवा प्रयत्न करशो तो एने सारु मर्या माटे – अने जीव्या माटे – तमने मगरूबी थशे.
अंत में वृंद गीत होता है सब चले जाते है और मुकुन्द का स्वप्न खत्म हो जाता है और वह मृत्यु को प्राप्त होता है। किन्तु मृत्यु के समय मुकुन्द की आँखों में चमक है। वह चमक मानों स्वतंत्रता संग्राम में अपने आपका बलिदान देने की चमक है।

संदर्भ ग्रंथ सूचि

हवेली – उमाशंकर जोशी, गुर्जर साहित्य भवन, ISBN - 6000000002818
'31 मां डोकियुं – उमाशंकर जोशी, गुर्जर साहित्य भवन, गूर्जर ग्रंथ रत्न कार्यालय, जान्युआरी – 2011, ISBN- 10 – 8184805926, ISBN -13 - 978-8184805925
भारतीय कला – उदय नारायण राय, लोकभारती प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन समूह – नई दिल्ली – तीसरी आवृति – 2019
गांधी कथा – नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद -380014
उमाशंकर जोशी (सर्जक-प्रतिभा) – चंद्रकान्त शेठ, आदर्श प्रकाशन-अहमदाबाद, जान्युआरी – 2010, ISBN – 10 9380293135, ISBN -13 978-9380293134
गुजराती ग्रंथकार श्रेणीः 38 उमाशंकर जोशी – लेः हरिन्द्र दवे सः रमणलाल जोशी, जान्युआरी 2014, गुर्जर ग्रंथ रत्न कार्यालय, अहमदाबाद, ISBN – 10 9351621243, ISBN -13 978-9351621249
My life and struggle: Autobiography of Badshah Khan (as narrated to KB Narang) – Translated by Helen Bouman. – Hindi Pocket book, New Delhi
Web Link: http://umashankarjoshi.in (Official Umashankar Joshi Website handled by 'Gangotri Trust')

जन समुदाय में राष्ट्र भावना जागृत करने एवं सौहार्द बनाने में कलाओं का योगदान

ध्वनि शाह
स. प्राध्यापिका
नृत्य विभाग
मंच कला संकाय
महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय

भारतीय संस्कृति प्राचीन एवं गौरवपूर्ण है। इस संस्कृति को समृद्ध और समुन्नत बनाने में हमारे ऋषि-मुनियों, साधु , संतों महात्माओं, दार्शनिकों एवं विचारकों आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अनेक कवियों एवं लेखकों ने जो हमारी इस भूमि पर हुए हैं, उन्होंने भारतीय संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है। संस्कृति की बात करें तो संस्कृति का अर्थ सुधरी हुई स्थिति है ।मनुष्य स्वभाव से प्रगतिशील प्राणी है। वह खुद की बुद्धि क्षमता के साथ प्राकृतिक परिस्थितियों को सुधारता और ऊपर उठाता आगे बढ़ता जा रहा है ।यानी सभ्य हो गया है । वैसे देखा जाए तो सभ्यता संस्कृति का ही एक अंग है । किसी भी राष्ट्र की महानता एवं उसकी गरिमा का निर्माण उत्तम संस्कृति एवं सामाजिक परंपराओं पर निर्भर करता है।

'भारतीय संस्कृति और राष्ट्र' विषय पर अपने मंतव्य रखनेवाले लेखक डॉ विजयेन्द्र स्नातक जी ने भारत की महानता एवं जीवन मूल्यों को व्यक्त करते हुए लिखा है कि "भारतवर्ष आध्यात्मिक संपदा से संपन्न, सांस्कृतिक अवधारणाओं से पल्लवित, धार्मिक चेतना से ओतप्रोत और आस्तिक जीवन मूल्यों की विविध घटनाओं से संपन्न एक ऐसा देश है जो धर्म,दर्शन, कला, संस्कृति एवं साहित्य चिंतन आदि नाना प्रवृत्तियों से संपन्न होकर एक में अनेक की प्रतीति कराता है।"इसी

तरह डॉ वासुदेव शरण अग्रवाल के मतानुसार " भूमि, भूमि पर बसनेवाले जन और जनसमुदाय की संस्कृति इन तीनो के सम्मिश्रण से राष्ट्र का निर्माण होता है। वैसे देखा जाए तो संस्कृति में सामान्यतह व्यवहार और विचार दोनों है जो हम अपनी पहली पीढ़ी से लेते हैं और आने वाली पीढ़ी को देते हैं । संस्कृति परिवर्तनशील होती है। समय के अनुसार सांस्कृतिक परिवर्तन संभव होता है । भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति है । भारत की संस्कृति आदि काल से ही अजर अमर है, इसलिए यदि हमारी संस्कृति समृद्ध है तो हमारा राष्ट्र भी समृद्ध रहेगा।

"India will teach us the tolerance and gentleness of nature mind, understanding spirit and a unifying, pacifying love for all human beings" by will Durant, विल दुरंत के मतानुसार " भारत हमे परिपक्व दिमाग की सहनशीलता और नम्रता की भावना को समझ और सभी मनुष्यों के लिए एकजुट शांत करनेवाला प्रेम सिखाता है"। भारत संस्कृति और विरासतमे असाधारण रूप से समृद्ध है । देश की जीवंत संस्कृति जो धर्मो,त्योहारों,भोजन,कला,शिल्प, नृत्य, संगीत और कई अन्य सूक्ष्म चीजों का सम्मिश्रण है। विविध आदर्शो से लेकर रीति रिवाजों और परंपराओं तक सब कुछ खास है, विशेष है।और इसी लिए शायद रेमंड पेज ने कहा है " भारत में जागना जीवन के प्रति जागने जैसा है"। राष्ट्र के प्रति भावना संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता एवं उसके अस्तित्व की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।कई बुद्धिजीवियों ने, साधु -संत, कवियों ने, साहित्यकारों ने अपनी मातृभूमि के लिए सेवा भाव को ही अत्यधिक महत्व दिया है। राष्ट्र के सम्मान के लिए बहुत सारे वीर योद्धाओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। कला एवं संस्कृति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उत्तम राष्ट्र के विकास में ये दोनों तत्वों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। कला के

माध्यम से ही राष्ट्र की संस्कृति के दर्शन हम कर सकते हैं कला ही वह माध्यम है जिसकी वजह से लोगों में किसी भी विषय के प्रति उत्तम भावना प्रगट या पैदा की जा सकती हैं। कला खासकर प्रस्तुति कलाएं समाज एवं राष्ट्र को प्रतिबिंबित करती है।

रवींद्रनाथ ठाकुर के मुख से निकला " कला में मनुष्य अपने भावो की अभिव्यक्ति करता है" कला ही आत्मिक शांति का माध्यम है।यह एक कठिन तपस्या है , साधना का विषय है।कला व्यक्ति के मन को उत्तम बनाता है, व्यक्ति को "स्व" से बदलकर " वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना जगाता है। कला के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों की प्रादेशिक खूबियां पहचानी जाती है। उसी तरह से ऐतिहासिक घटनाओं को भी समाज के समक्ष प्रत्यक्ष खड़ी कर सकते हैं। एवं लोगों को उस प्राचीन समय में लेजाकर एक अद्‌भुत अनुभूति करवा सकते हैं।

लोगों में राष्ट्र के प्रति भावना वर्षों की परंपराओं से कला के माध्यम से ही जागृत की जा सकती है। जब राष्ट्र-स्वतंत्रता का आंदोलन हो रहा था, उस वक्त असंख्य योद्धाओं ने राष्ट्र की सेवा में अपना तन मन लगा दिया था । असंख्य लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी, तब आम जनता में स्वराज्य की भावना जागृत करने एवं उनको उत्तेजित करने में विविध कलाओं का ही सहारा/आश्रय लिया जाता था। उस समय विविध कवियों की वीर रस से भरी कविताओं, लेखकों के उत्तम साहित्य एवं संभाषणों से बहुत लाभ हुआ । विविध कलाओं के माध्यम से कलाकारों द्वारा लोगों में राष्ट्र के प्रति साहस, हिम्मत, जुस्से जैसी कई उत्तम भावनाओं को प्रकट करने का कार्य किया गया। हर एक व्यक्ति कला प्रेमी, एवं कला प्रशंसक होता है। मनुष्य अपने पृथ्वी पर अस्तित्व के समय से ही कलाओं के साथ पैदा हुआ हैं। किसी भी प्रकार की भावनाओं को महसूस करने के लिए कलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है मन के भावों को अभिव्यक्त करने का सबसे

बड़ा मार्ग विविध कलाएं ही है। प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से कलाओं के साथ जुड़ा हुआ इंसान एक संतोष की अनुभूति करता है। और इसी वजह से आज हर एक क्षेत्र में कला एवं कलाकारों को बहुत बढ़ावा दिया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में तो कला ही मुख्य तत्व है। हमारे यहां प्राचीन समय से ही कला और कलाकारों को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इसी प्रकार लोगों में राष्ट्र के प्रति उत्तम भावना एवं सम्मान उत्पन्न करने में विभिन्न कलाओंका बहुत अधिक योगदान रहा है। लोगों में राष्ट्रीय भावना प्रकट हो यह उत्तम कार्य कला ने ही किया है।

कला राष्ट्रीय पुनः निर्माण का निहित अंग है तथा यह हमारी संस्कृति की पहचान है । रंगमंचीय कलाओं की बात करे तो उसका योगदान बहुत रहा है । रंगमंच के जरिए सांस्कृतिक आदान प्रदान कर के हम एक दूसरे से नजदीकी बढ़ा सकते है ताकि पूरे विश्व में आपसी मित्रता बन सके।रंगमंच जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है,जिसमे हमारे समाज का प्रतिबिंब झलकता है। इसीलिए आज कोईभी अवसर पर रंगमंचीय कलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।ताकि सुंदर विचारोका आदान प्रदान इसी कलाओं के माध्यम से आसानी से हो सके।

साहित्य की बात करें तो कोई भी साहित्यकार अपने साहित्य में राष्ट्र के प्रति विचार ना करें ऐसा संभव नहीं है। रचनाकारों की प्रत्येक रचना में राष्ट्रीय भावना प्रदर्शित होती है। भारत में बहुत सारे ऐसे साहित्यकार हुए हैं जिन्होंने अपनी प्रत्येक रचना में राष्ट्रीय भावना को केंद्र में रखा है। स्वतंत्रता संग्राम में भी कवियों, शायरों एवं लेखकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है प्रेमचंद की 'रंगभूमि', भारतेंदु हरिश्चंद्र का 'भारत दर्शन' नाटक या जयशंकर प्रसाद का 'चंद्रगुप्त' सभी देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत है। कितनी ही पुस्तकें राष्ट्रप्रेम की

भावनाओं को जगाती हैं। आज बहुत सारी चित्रपटो एवं नाट्योका निर्माण इन्हीं किताबों को आधार में रखकर किया गया है।इसी तरह कवियों ने अपनी कविताओं से राष्ट्र के प्रति जोश पैदा करने एवं उत्तम आदर भाव प्रकट करने कार्य किया है। जो आज भी शालाओ में एवं विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई जाती है ताकि आजकल की पीढ़ी में भी राष्ट्र के प्रति उत्तम भावना पैदा हो। दूसरी कलाओं की बात करें तो रंगमंचीय कलाएं जैसे कि नृत्य, संगीत, वाद्य एवं नाट्य आदि जिनके माध्यम से लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना आसानी से पैदा की जा सकती है। यह सारी कलाएं मनोरंजन से भरपूर होती है जिसके द्वारा कहीं गयी सारी बातें लोगों के जेहन में बैठ जाती हैं।

आज की पीढ़ी पुराने समय को भूलकर आज में जीने में लगी है। परंतु कला द्वारा पुराने समय की घटनाओं को प्रदर्शित कर उन्हें हमारे प्राचीन समय के साथ जोड़ने का उत्कृष्ठ कार्य करती है। लोगों के राष्ट्र के प्रति किये गये बलिदानों को जानकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

नृत्य जेसी कला के माध्यम से व्यक्तिका सर्वांगी विकास अति उत्तम तरीके से होता है, नृत्य में प्रस्तुत होने वाले उत्तम विषयो से लोगो में विविधता में एकता का भाव प्रगट होता है। यह नृत्य जेसी कलाओं बढ़ौता देने के लिए एवं नृत्य जेसी कला के माध्यम से राष्ट्रवाद बढ़ाने के लिए झांसी की रानी,शिवाजी महाराज आदि जैसे कई ऐतिहासिक विषयों पर नृत्य करने से आजकल का वर्ग उस समय को महसूस कर सकता है। नाट्य के द्वारा सत्याग्रह, दांडी मार्च, एवं हिंद छोड़ो आंदोलन जैसे विषयों से लोगों का साक्षात्कार करवा रहे हैं। तो नृत्य एवं नाट्य जेसी कलाओं को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्यरत है । जो की तमाम रंगमंचीय कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सतत कार्यशील रहती है जेसेकी विविध सात प्रदेशो के क्षेत्रीय

सांस्कृतिक केंद्र , राष्ट्रीय आधुनिक कला विथि नई दिल्ली और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र आदि विविध समुदाय , क्षेत्रों, सामाजिक वर्गो, जो भारत के विविध भागो में परस्पर कलाओका आदनप्रदान तथा आपसी सूझबूझ बढ़ता है। कई संस्थाएं विदेश में भी अपनी भारतीय कलाओं की उत्तम पहचान बनाने का कार्य कर राष्ट्र को नामांकित करता है। संगीत एवं वाद्यों की बात करें तो उत्तम कवियों की देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत रचनाओं को गाने एवं प्रस्तुत करने से एक अति उत्तम माहौल लोगों में खड़ा होता है।देश में राष्ट्रीय एकता के लिए अनेक सांगीतिक उपाय किए जा रहे है,आकाशवाणी और फिल्मों में संगीतके माध्यम से सभी वर्गो के लोगो को एक बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है।संगीत जनताके मन को भावनात्मक एकताकी ओर ले जाने का अत्यंत प्रभावशाली एवं मनोवैज्ञानिक माध्यम है।

चित्रकला की बात करें तो रंगों के माध्यम से ऐतिहासिक बातों को कैनवास पर दर्शाया जाता है जिससे उसे देखने वाला वर्ग उस समय में चला जाता है, एवं इससे उनमें स्वयं को उसी परिस्थिति में देखने की दृष्टि पैदा होती है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, आजादीकी सालगिरह पर आज पूरे भारतवर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। विविध कलाओं में एवं दूसरी विधाओं में पारंगत व्यक्ति अपनी तरह से इस उत्सव से जुड़ा है। असंख्य शालाएं, महाविद्यालय, व्यक्तिगत संस्थाएं ,विविध राज्यों की राज्य सरकारें एवं केंद्र सरकार सब उत्साह के साथ इस महोत्सव में अपना योगदान दे रहे हैं। 12 मार्च 2021 को आजादी का यह अमृत महोत्सव शुरू हुआ था, जो 75 हफ्ते तक चलकर 15 अगस्त 2022 को संपन्न हो जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बताते हुए हमारे वड़ाप्रधान श्री नरेंद्र मोदी जी ने यही कहा है कि "फिल्म जगत एवं कला जगत के साथ जुड़े सभी कलाकारों से आग्रह कर रहा हूं कि आजादी की वह कहानियां जो भूली बिसरी हो गई हैं उन्हें अपनी कला प्रस्तुतियों

के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। वैसे देखा जाए तो इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यही है, कि भावी पीढ़ी तक स्वतंत्रता आंदोलन की हर एक बात पहुंचाई जाए ताकि देश का प्रत्येक नागरिक आसान एवं रुचिकर तरीके से आजादी के आंदोलन के बारे में सब कुछ जान सके। विविध कलाओं के माध्यम से यह कार्य बहुत ही आसान एवं रुचिकर हो सकता है। ये लोगों को आत्मानंद की अनुभूति करवाती हैं एवं इनके माध्यम से प्रदर्शित सारी बातें लोगों के दिल में उतर जाती हैं। अतः कलाओं के माध्यम से राष्ट्र की बातें लोगों तक पहुंची, साथ में दूसरी ओर हमारी संस्कृति की धरोहर हमारी सभी कलाओं के कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने का अवसर भी प्राप्त हुआ है।अब हम यह स्पष्ट कर सकते हैं कि कलाओं के माध्यम से सामान्य जन समुदाय में राष्ट्र के प्रति मान की भावना प्रकट हो सकती है और इसी वजह को कायम करने के लिए ही आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है । अंत में इतना ही कहना चाहूंगी कि विविध कलाओं का प्राचीन समय से लोगों के विकास में एवं उत्तम राष्ट्र के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है कला के द्वारा एकता, भाईचारा एवं राष्ट्र के प्रति सौहार्द बनाए रखने की तमाम भावनाओं को जागृत किया जाता सकता है। उत्तम राष्ट्र की पहचान,उत्तम राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में कलाओं का योगदान अविश्वासनीय रहा है।

संदर्भसूची:

१) भारतीय कालका अध्ययन , श्री निहाररंजन राय
२) भारतीय कला का विकास, श्री राधाकमल मुकजी
३) पृथ्वी पुत्र राष्ट्र का स्वरूप , डॉ वासुदेव शरण अग्रवाल
४) http://books.google.co.in
५) http://www.culturalindia.net/

भारतीय नवजागरण में हिन्दी साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्रका योगदान

प्रितेश महेन्द्रभाई परमार- शोध छात्र
डॉ.जय सेवक- मार्गदर्शक
डॉ. जुली अनड्कट- अनुरूपी लेखक
गायन विभाग
श्री अर्जुनलाल हिराणी कॉलेज ऑफ जर्नालिज़म एन्ड परफोरमिंग आर्ट्स कॉलेज
सौराष्ट्र युनिवेर्सिटी,राजकोट(गुजरात)

प्रस्तावना

भारत में अंग्रेजी शासनकाल के दौरान भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की लिखी कविताएं एवं नाटक भारतीय जनमानस में एक राष्ट्रवाद के रूप में प्रस्थापित हुई थी । उनका असल नाम हरिश्चन्द्र था,जन्म काशी में 9 सितम्बर सन 1850 सोमवार के दिन हुआ था,उस दिन ऋषि पंचमी थी। इस दिन का उल्लेखकरते हुए वे अपनी आत्मकथा 'कुछ आपबीती , कुछ जग बीती' में लिखते है कि – "मेरा जन्म जिस तिथि को हुआ, वह जैन और वैदिक दोनों में ही बड़ा पवित्र दिन है" । सच में हरिश्चन्द्र भारतीय नवजागरण और हिन्दी साहित्य जगत के ऋषि समान ही थे।मात्र पाँच वर्ष की आयु में हरिश्चन्द्र की माताजी पार्वती देवी का स्वर्गवास हो गया और दस वर्ष की आयु में पिता गोपाल चन्द्र का देहावसान हो गया । परिणाम स्वरूप हरिश्चन्द्र ने संस्कृत, अंग्रेजी, हिन्दी, बंगला, पंजाबी, उर्दू, गुजराती, राजस्थानी व ब्रजभाषा आदि का अध्ययन घर पर रहकर ही किया । भारतेन्दु हरिश्चन्द्रधार्मिक दृष्टि से वैष्णव संप्रदाय के भक्त थे । हिंदु एवं सनातन धर्म के प्रति उनकी उदार द्रष्टि होने पर भी वह अन्य धर्म के मतवालों की निंदा नहीं करते थे । उन्हें धर्म का विशुद्ध रूप मान्य था । मुसलमानों द्वारा किए जाने वाले गोवध के खिलाफ उन्होंने कार्यवाही की थी । वे अपने 'वैष्णव

और भारतवर्ष' नामक निबंध में धार्मिक समानता का संदेश देते हुए लिखा है, "जगत में उपासना का मार्ग ही मुख्य धर्म मार्ग समझा जाता है क्रिस्तान, मुसलमान, ब्रह्म, बौद्ध उपासना सबके यहां मुख्य है । किंतु बौद्ध धर्म में अनेक सिद्धोंकी उपासना और तप आदि शुभ कर्मों के प्राधान्य से वह मत लोगों के स्मार्त मत के सदृश है और क्रिस्तान, मुसलमान, ब्रह्म आदि के धर्म भक्ति की प्रधानता से यह वैष्णव के सदृश है ।" उनका मानना था की जब तक भारत को एक भाषा के साथ एकता के सूत्र में नहीं बांधा जा सकता तब तक स्वतंत्रता असंभव है । उन्हें हिन्दी का प्रथम मौलिक नाटककार होने का गौरव हासिल है । भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने राष्ट्रीय विकास को ध्यानमें रखते हुए हिन्दी खड़ी - बोली का चयन किया जिसमें ब्रज, उर्दू, स्थानीय बोली, मुहावरे, लोकोक्ति आदि का प्रयोग किया । हिन्दीमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने समग्र नवजागरण की शुरुआत की । हिन्दी भाषा का महत्व व प्रतिष्ठा दर्शाते उए वे लिखते है की ,

" निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल ।
बिनु निज भाषा ग्यान के मिटहिं न हिय को सूल ॥''

अर्थात - निज यानी अपनी भाषा से ही उन्नति सम्भव है, क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है।मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण सम्भव नहीं है।वे शिक्षक, पत्रकार, रंगकर्मी, नाट्यकार,समाज सुधारक, निबंधकार, कवि, धर्म अंधानुकरण के आलोचक थे, साथ ही जाती, वर्णव्यवस्था, रंग, लिंग भेद की कुव्यवस्था के विरोधी थे । स्त्री शिक्षा के लिए उन्होंने बालबोधिनी नामक पत्रिका निकाली साथ ही घर घर जाकर उनका प्रचार प्रसार किया, चौक में एक प्राइवेट विद्यालय खोलकर नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था की । सन 1880 में हरिश्चन्द्र को 'भारतेन्दु' की पदवी से सम्मानित किया गया,भारतेन्दु यानिकी भारत के चंद्रमा । वे हिन्दी साहित्य जगत में भारत के चंद्रमा समान माने जाते है ।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के साहित्य में भारतीय नवजागरण

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एक क्रांतिकारी देशभक्त, रचनाकार थे जिनके रॉम - रॉम में राष्ट्रवाद समाहित था । अंग्रेजी सरकार की भारतीय नागरिकों कें प्रति भेदभाव की निति साथ ही भारत की पराधीनता को नष्ट करने के लिए भारतेन्दु ने अपनी साहित्य रचनाओ द्वारा समाज में जागृति लाना शुरु किया । सुस्त भारतीयों के कानों में सीसा उड़ेलने का कार्य और अंग्रेजी सरकार को बेनकाब करनेका काम उनकी लिखी 'भारत दुर्दशा' कृति द्वारा हुआ है । 'भारत दुर्दशा' मौलिक नाटक अंग्रेजी हकूमत के खिलाफ विरोध व व्यंग दर्शाता है, जिसमें भारत कि पराधीनता के साथ भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, मिथ्या एवं अहंकारी आडम्बर, दरिद्रता, भूख, महामारी, आलस्य, धार्मिक उन्माद कायरता को दर्शाता है । भारत दुर्दशा 6 अंकों में विभक्त एक रूपक है जिनके माध्यम से भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने समस्त पराधीन या अंग्रेजी शासन प्रिय लोगों की मानसिकता पर प्रहार किया है । भारत दुर्दशा के प्रथम अंक में मंगलाचरण है जिसमें श्री कृष्ण के कल्कि अवतार को भारत को अंग्रेजों से मुक्त करके सतयुग की स्थापना करने का आवाहन किया है । तत्पश्चात लावणी छंद में एक गीत है, जिसमें शाक्यमुनि बुद्ध, हरिश्चन्द्र, ययाति, वासुदेव, भीम, अर्जुन आदि महा योद्धा का वर्णन कर भारत देश की गौरव गाथा व्यक्त करते हैं । अंग्रेज सरकार पर प्रहार करते हुए भारतेन्दु हरिश्चन्द्रकुछ इस प्रकार लिखते है –

अंग्रेज राज सुख साज सजे सब भारी ।
पै धन बिदेश चलि जाती इहै अति ख्वारी ।।
ताहु पै महँगी काल रोग बिस्तारी ।
दिन दिन दूने दु:ख इस देत हा हा री ।।
सब के ऊपर टिक्कस की आफत आई ।
हा हा भारत दुर्दशा देखी ना जाए ।।

विनाश का कारण बताते हुए कहते हैं कि जैनियों एवं वैदिक पंडितों की परस्पर कलह और द्वेष के कारण धार्मिक नैतिक ग्रंथों का नाश हो गया है । आपसीं बैर के कारण भारत वासियों की बौद्धिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक एकता खंडित हो चुकी है, और भारतीय समाज में द्वेष, अज्ञान, आलस और दुर्बुद्धि का साम्राज्य स्थापित हो गया है । दूसरे अंक में स्मशान टूटे-फूटे मंदिर कौआ, कुत्ता और अस्थियां इधर-उधर पड़ी है, साथ ही भारत देश का प्रवेश होता है । शिथिल शरीर और फटे कपड़े धारण किए हुए भारत अपने अनाथ और दरिद्रता का परिचय देते हुए आक्रन्द के साथ मूर्छित हो गिरता है, यहां मूर्छित होना भारतवासियों की मानसिकता का सहज परिचय देता है । निर्लज्जता और आशा नाम के पात्र अपने व्यंग पूर्ण संवाद के साथ नाटक को गति प्रदान करते है ।

तीसरे अंक के प्रारंभ में भारतदुर्देव पात्र का प्रवेश होता है और वह भारतीय पुरोहित परंपरापर पर चोट करते हैं । अपने व्यक्तित्व का परिचय देते हुए और भारत की दुर्दशा का वर्णन करते हुए अशिक्षित, निरक्षर, व्यभिचार वादी ऊंच - नीच के भेदभाव वाले भारतीय समाज पर तगड़ा प्रहार करते है । अंग्रेजों की सराहना करते हुए व्यंग और कटाक्ष में कहते हैं की अंग्रेजों का सानिध्य मिलने के पश्चात भी भारतीयों का उद्धार नहीं हुआ, इन मूर्ख भारतीय की मानसिकता सदैव दूसरों में न्यूनताए खोजना है जिसके कारण यह लोग निरक्षर, अशिक्षित एवं असभ्य है । नाटक में आगे सेनापति 'सत्यानाश फौजदार' पात्र का प्रवेश होता है इनकी सेना में चंगेज खान, तैमूर एवं नादिर शाह जैसे योद्धा सामान्य सैनिक का पदभार ग्रहण किए हुए हैं, जो अंग्रेजों के साथ मिलकर भारत व भारतवासियों के विनाश में महत्व की भूमिका निभा रहे है । 'सत्यानाश फौजदार' नामक पात्र कहता है की मैंने भारतवर्ष में बहुत से धार्मिक मत – मतान्तरो शैव, शाक्त, वैष्णव आदि को उत्पन्न किया बाल – विवाह, बहु विवाह आदि

सामाजिक कुरीतियां फैलाइ, खानपान संबंधों की कट्टरता, देवी-देवताओं, भूत प्रेत की पूजा आरंभ करवाई और समाज को सच्चे धर्म से विमुख कर दिया । अंग्रेजी सरकार की देश विरोधी नीति के साथ नाटककार का मानना है की वर्ण जाति, धर्म की असंतुलितता, छुआछूत, धार्मिक अंधविश्वास, जादू टोनों में विश्वास आदि हिंदू धर्म की नीति प्रक्रिया देश के विनाश का कारण है जिसमें व्यक्ति धर्म ग्रंथों को पढ़कर संपूर्ण रुप से ईश्वर पर आश्रित हो जाता है परिणाम स्वरूप बेकारी और संतोष के साथ मानसिक विकृतियां बढ़ती है।

चौथे अंक में क्रमशः रोग, आलस्य, मदिरा और अंधकार पात्रों का प्रवेश होता है, जिसमें भारत दुर्दशा इन सभी को भारत पर आक्रमण करने की आज्ञा देता है । रोग सामाजिक कुरीतियां, भारतीय रूढ़ि, अंधविश्वास का प्रतिबिंब है । ठीक इसी प्रकार मदिरा एवं आलस्य भारत की जड़ों पर प्रहार करते है । आगे मदिरा द्वरा कहां जाता है कि -

ब्राम्हण क्षत्री वैश्य अरू, सैयद शेख पठान ।
दै बताई मोहि कौन जो, करत न मदिरा पान ।।

उपरोक्त पंक्ति द्वारा नाटककार ने हिंदू धर्म के वर्ण और इस्लाम धर्म पर कटाक्ष किया है। अंत में अंधकार का प्रवेश होता है भारत दुर्दशा अंधकार को हिंदुस्तान में अंधकार फैलाने को कहते है, इस अंक में भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने भारतीय जनमानस की मनोवैज्ञानिक स्थिति का चित्रण किया है। नाटक के पांचवे अंक में एक कमेटी बैठी है जिसमें एक बंगाली, एक महाराष्ट्रीय, एक एडिटर, एक कवि तथा दो सामान्य जागरूक नागरिक है। जिनका उद्देश्य भारत वर्ष की स्थिति को बदलना एवं भारतदुर्देव के आधिपत्य को जड़ से नाश करना है। इस अंक में नाटककार ने पात्रों के माध्यम से भारतीय शिक्षित वर्ग, शिक्षित समाज की मानसिकता, वैचारिक समानता और एकता का परिचय दिया है। डिसलायल्टी पात्र के द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने हमारे

समाज के ऐसे दरिंदों का चित्रण किया है जो देश, समाज और संस्कृति विरोधी कृत्यों में संलग्न है। और कमेटी उद्देश्य को जीवंत रूप देने से पहले समाप्त हो जाती है। भारत दुर्दशा नाटक के छठे अंक में भारत एक वृक्ष के नीचे अचेत पड़ा है। भारत भाग्य पात्र का प्रवेश होता है और भारत को जगाने का प्रयत्न करता है। यहां पर नाट्यकारने भारत पात्र के रूप में भारत के नागरिकों को जागृत होने का आवाहन किया है। भारत को जगाने की अनेक चेष्टा करके निष्फल होने पर भारत भाग्य रो पड़ता है। करुण स्वर में वाल्मीकि, कालिदास, बाणभट्ट आदि कवियों को याद करता है कि जिनके नाम आज भी सारे संसार मैं गर्व से लिये जाते है, जिस भारतवर्ष में राजा चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक का शासन रूम रूस तक फैला था उस भारत की आज यह दुर्दशा है, जिस भारत में राम, युधिष्ठिर, हरिश्चन्द्र इत्यादि पवित्र चरित्र के लोग हो गए हो इस भारत की यह दुर्दशा है। भारत को जगाने का अंतिम प्रयत्न करता है। अंत में भारत का मुंह चुमकर और उसे गले लगा कर छाती में कटार का आघात कर अपने प्राण त्याग देता है। भारतेंदु युग में एक ऐसा वर्ग उत्पन्न हो गया था जो अंग्रेजों को ईश्वर मानकर रात दिन उनकी भक्ति किया करता था । ऐसे वर्ग में भारत के धनी और राजा महाराजा तो थे ही पर स्वयं को शिक्षित समझने वाले व्यक्ति भी सम्मिलित थे। भारतेंदु जानते थे कि जब तक ऐसे वर्ग पर कटाक्ष और व्यंग से तीव्र प्रहार नहीं किया जाएगा तब तक सामान्य जनता में चेतना असंभव है। भारत दुर्दशा नाटक में अंग्रेज सरकार का शोषण और अत्याचार का बखूबी निरूपण कर भारत की जनता को एकता के सूत्र में बांधने का एक सफल प्रयास किया गया है। भारतेंदु के लिखे गए नाटकों में भारतीय नवजागरण का संदेश मिलता है। चाहे वो पराधीनता, सामाजिक, असमानता अंधविश्वास हो। भारत दुर्दशा के पश्चात उनका लिखा 'अंधेर नगरी' प्रहसन खूब प्रचलित हुआ जिसमें हास्य कटाक्ष एवं व्यंग

द्वारा भारत की राजनीतिक और सामाजिक दशा का चित्रण किया गया है। 'अंधेर नगरी' प्रहसन में राजनीतिक कटाक्ष एवं आदर्श राजा ना होने पर वहां के लोगों की मनोवृति कैसी हो सकती है उसका हास्य व्यंग के रूप में निरूपण किया गया है। यह प्रहसन नेशनल थियेटर में अभिनीत किए जाने लिए एक ही दिन में लिखा गया है। और काशी में दशाश्वमेध घाट पर उसी दिन अभिनीत किया गया था भारतेन्दु हरिश्चन्द्रके इस नाटक संस्कृत नाटक प्रणाली से भिन्न होकर 1 अंक में ना करते हुए उन्होंने इस प्रहसन को 6 अंकों में विभाजित किया है। कथा की दृष्टि से देखें तो प्रथम दृश्य में महन्त जी अपने दोनों चेलो नारायण दास और गोवर्धन दास के साथ राम भजन गाते हुए अंधेर नगरी में प्रवेश करते है। महन्त नारायण दास से कहते है "बच्चा नारायणदास, यह नगर दूर से बड़ा सुंदर दिखाई पड़ता है।" भारतेंदु दिखाना चाहते थे कि पश्चमी साम्राज्यवादी सभ्यता दूर से इतनी सुंदर दिखाई देती है, पर अंदर से क्या है। महन्त गोवर्धन दास को पश्चिम की ओर साथ ही नारायण दास को पूरब की ओर भिक्षा लेने के लिए जाने को कहते है। पश्चिम की ओर प्रभावित हो गोवर्धन दास अच्छी भिक्षा लेकर आएगा ऐसा कहता है। गोवर्धन दास का पश्चिम की ओर प्रभावित होना अंग्रेज शासन के प्रलोभन एवं भौतिक वस्तु द्वारा संतुष्ट भारतीयों की मूढ़ता दर्शाता है। महन्त गोवर्धन दास को लोभ ना करने की सलाह देते है। दूसरा दृश्य बाजार का है। बाजार में कबाब वाला, चना चोर गरम बेचने वाला, नारंगी वाली, हलवाई, कुजडिन, चूरन वाला, मछली वाली, बनिया सब अपनी चीजें टके सेर के भाव से बेच रहे है। कुजडिन के एक संवाद द्वारा फूट और बैर की अंग्रेजों की नीति पर व्यंग करते हुए भारतेंदु कहते हैं–

'ले हिंदुस्तान का मेवा फूट और बैर'

जब जब देश में एकता खंडित होती है तब तब विदेशी अवांछित ताकतें हावी होती है और लाभ उठाती है। आश्चर्य की बात यह है कि

ब्राह्मण अपनी जात बाजार में बेच रहा है, टके के वास्ते ब्राम्हण धोबी बनने का, टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते के हिंदू क्रिश्चियन, टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा, टके के वास्ते झूठी गवाही, टके के वास्ते पाप को पुण्य मानना, टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनाना, वेद धर्म कुल मर्यादा सब टके के सेर बेच रहा है यहां पर लेखक धर्म के नाम पर लूटने वालों पर करारा प्रहार करते हैं। गोवर्धन दास एक के बाद एक आटा, चीनी, भाजी और मिठाई का भाव जानता है सब चीज टके के भाव से मिलने पर गोवर्धन दास आनंदित हो। जाता है हलवाई के पास थे टके सेर भाव से मिठाई लेकर महन्त के पास जाता है।

तीसरे दृश्य मैं गोवर्धन दास महन्त को बताता है कि इस नगरी में सब टके सेर भाव से मिलता है और यहां का राजा चौपट है यह सुनकर महन्त ऐसे नगरी में रहना उचित नहीं समझते । गोवर्धन दास लोभ के कारण वश अंधेर नगरी छोड़कर जाने का इनकार करता है। इस दृश्य में भारतीयों की पाश्चात्य देशों के प्रति भौतिक लोभ का वर्णन किया गया है। चौथे दृश्य में चौपट राजा भोग विलास में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है, मंत्री और नौकर राजा की खुशामदीद करते हुए नजर आते है। नैपथ्य में से फरियादी चिल्लाते हुए आता है और कल्लू बनिया की दीवार गिरने से उनकी बकरी मर गई उस विषय में राजा से न्याय की अपील करता है। राजा दीवार को पकड़कर लाने को और बाद में दीवार के भाई, बहन ,दोस्त को बुलाने को कहकर अपनी मूर्खता का प्रदर्शन करता है। मंत्री के समजाने पर दीवार बनाने वाले कल्लू बनिया को दोषी मानकर राज सभामें बुलाया जाता है। कल्लू बनिया अपना दोष भिस्ती, ऐसे क्रमशः भिस्ती, कसाई, गडरिया, अपना दोष किसी दुरसे पर डालते है। अंततः गडरिया अपना दोष कोतवाल पर डालता है और कोतवाल को फांसी की सजा सुनाई जाती है। पांचवे दृश्य में गोवर्धन दास को लोभ से परिपूर्ण और मोटा

दिखाया गया है, तत्पश्चात चार सिपाही आकर गोवर्धन दास को फांसी के लिए ले जाते है। कारण पूछने पर सिपाही बताते है कि कोतवाल की फांसी का फंदा बड़ा है इसलिए राजा का आदेश है कि किसी भी मोटे आदमी को फांसी पर चढ़ा दो। गोवर्धन दास को अपने गुरु के द्वारा बताया गया ज्ञान याद आता है और गुरु आज्ञा ना मानने पर पश्चाताप होता है। छठे दृश्य में श्मशान दिखाया गया है जहां गोवर्धन दास के फांसी की व्यवस्था की गई है, दुखी होकर गोवर्धन दास अपने गुरु जी को याद करता है, गुरु जी का प्रवेश होता है और गोवर्धन दास के बदले खुद को फांसी देने का कहते है। राजा से पूछने पर महन्त कहते है कि इस मुहूर्त में अगर किसी को फांसी दी जाए तो वह सीधा वैकुंठ यानी की स्वर्ग जाएगा महन्त की यह बात सुन स्वर्ग लोभ वश मंत्री और कोतवाल खुदकों फांसी पर चढ़ाने का प्रस्ताव राजा के समक्ष रखते है। मूर्ख राजा भी अपने लोभ वश खुद को फांसी पर चढ़ाने का हुक्म देता है ।

अंधेर नगरी अंग्रेजी राज का दूसरा नाम है। 'अंधेर नगरी चौपट राजा' अंग्रेजी राज्य की अंधेरगर्दी की आलोचना ही नहीं, वह इस अंधेरगर्दी को ख़त्म करने के लिए भारतीय जनता की प्रबल इच्छा भी प्रकट करता है। भारतेंदु ने अंधेर नगरी को पश्चिमी साम्राज्य का रूप दिया है, इस व्यंग्य के तौर पर अंग्रेजी साम्राज्य को अंधेर नगरी की संज्ञा दी है। अंधेर नगरी में चित्रित महन्त विवेकशीलता का प्रतिक है। संगीत की दृष्टि से देखें तो भारत दुर्दशा नाटक के चौथे अंक में मदिरा का पात्र की कविता 'मदवा पीले पागल जीवन बित्यों' जात राग काफी धनाश्री का मेल एवं ताल धमार में है। अंधकार पात्र का गीत 'जै जै कलयुग राज की' राग काफी में है, और छठे अंक का भारत भाग्य पात्र का गीत 'जागो जागो रे भाई' राग चैती गौरी में है, जो नाटक पत्रिका में दिया गया है। 'अंधेर नगरी' प्रहसन के पांचवें अंक में गोवर्धन दास का गीत भी काफी राग में निबध्ध है। भारतेंदु अपनी

राग केंद्रित भक्ति परक रचनाओं में कहीं भूमियों पर संचरण करते है। भारतेंदु युग में भारत का ढांचा बिल्कुल ही ध्वस्त हो चुका था। उन्होंने भारत पर बहुत अत्याचार किए थे साथ ही देश में उत्तर पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव बढ़ता जा रहा था। भारतेंदु ने अपने निबंध 'कालचक्र' में देश विदेशियों की ऐतिहासिक महत्व की विभिन्न घटनाओं का सांस्कृतिक विवरण किया है भारत में 1857 के संग्राम को उन्होंने 'हिंदुस्तान में बलवा' के रूप में अंकित किया है । 1857 का यह संग्राम आकस्मिक घटना ना होकर शासकों की शासन व्यवस्था धर्मनीति और अर्थनीति से जुड़ी है । अंग्रेज़ सरकार ने शासन विरोधी नाटकों के लेखन और मंचन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था । अंग्रेजों ने मुनादी करवा दी थी कि ऐसा करने वाला दंड का भागी होगा पकड़े जाने पर दर्शकों को भी प्रताड़ित किया जाएगा । इसके कारण पूरा परिवेश दहशत में था एकाएक सारे रंगकर्मी और लेखक शांत हो गए थे तब भी भारतेंदु लोग परंपराओं और संस्कृतियों का अवलंबन लेकर न केवल दासता का विरोध कर रहे थे, बल्कि पूरी ताकत और बुद्धि चातुर्य से प्रखर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को उसके उत्कर्ष तक पहुंचाने का अदम्य साहस भी दिखा रहे थे । भारतेन्दु हरिश्चन्द्रके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि सही समय पर सही निर्णय लेना और समय और संसाधनों का समुचित उपयोग करना । अपने नाटकों में भी उन्होंने इन दोनों को केंद्र में रखकर भारतीय जनमानस को चेताया है । भारतेंदु के पास भविष्य के पार देखने वाली दृष्टि थी । यही कारण है कि उनका साहित्य हर काल और युग की आवश्यकता ओं के उत्तर देता मिलता है ।

उपसंहार: भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित नाटक, प्रहसन, काव्य, निबंध द्वारा उन्होंने भारतीय नवजागरण में अपना अमूल्य योगदान दिया है । भारतीय नवजागरण में भारत दुर्दशा और अंधेर नगरी उनके श्रेष्ठ नाटक गिने जा सकते है, जिनमें राष्ट्रवाद के साथ समाजीक

क्रांति लाने का प्रयास किया गया है। उन्होने समाज में चल रहे अंधविश्वास, धर्मवाद, छुआछूत, जाति–वर्ण व्यवस्था, व्यभिचार, मांसाहार, नशा, सती प्रथा, बाल विवाह का विरोध किया । 'वैदिक हिंसा – हिंसा न भवती' जिनमे मांस भक्षण और मदिरा सेवन की प्रवृति पर व्यंग करते हुए भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने पुरोहित द्वारा बली, जुआ, मैथुन, मदिरा को शास्त्रविहित सिद्ध करवाया है, साथ ही 'प्रेम जोगिनी', 'नील देवी', 'चंद्रावली, 'सबै जात गोपाल की' सामाजिक जागरण की कृति है । हिन्दी साहित्य जगत में भारत के चंद्रमा माने जाने वाले भारतेन्दु हरिश्चन्द्रको केवल 35 वर्ष की आयु मिली । बाल कृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र, श्री निवासदास, बदरीनारायण चौधरी उनके समकालीन साहित्य कार थे ।

संदर्भ

1. नाटककार भारतेन्दु नए संदर्भ : नए विमर्श/ संपादक – रमेश गौतम/ प्रकाशक – अनन्य प्रकाशन, दिल्ही.
2. भारतेन्दु के नाटकों में व्यंग/ लेखक – डॉ.भावना चौधरी/ प्रकाशक – राज पब्लिशिंग हाउस, जयपुर.
3. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और नवजागरण/ संपादक – शंभुनाथ/ प्रकाशक – प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ही.
4. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र भारत दुर्दशा/ संपादक – डॉ.कृष्णबीर सिंह/ प्रकाशक –सहित्यागार, जयपुर.
5. अहा जिंदगी मासिक पत्रिका सितंबर 2018.

स्वातंत्र्य संग्राम के समय संवादिनी और संवादिनी साधकों का सफर

संदीप प्रतापभाई व्यास - शोधार्थी
डॉ. जय सेवक - मार्गदर्शक
डॉ. कुमार पंडया - अनुरूपी लेखक
श्री अर्जुनलाल हिराणी कॉलेज ऑफ जर्नालिज़म एन्ड परफोरमिंग आर्ट्स कॉलेज
सौराष्ट्र युनिवेर्सिटी,राजकोट(गुजरात)

शोधसार :

भारतीय शास्त्रीय संगीत में संवादिनी और संवादिनी साधकों का का एक विशिष्ट महत्व हैं। संवादिनी की उत्पत्ति से लेकर स्वातंत्र्य संग्राम और आज के समय मैं संवादिनी और संवादिनी साधकों का जो प्रदान प्राप्त हुआ है उसके आधारतत्वों को इस शोधपत्र में समाहित करने का विनम्र प्रयास शोधार्थी द्वारा किया गया हैं।

की-वर्ड्स : संगीत, संवादिनी, संवादिनी साधक, हार्मोनियम, शास्त्रीय संगीत, भारतीय संगीत,संगत

शोधपत्र: हार्मोनियम एक सरल वाद्य तो है ही, साथ ही सभी के लिए सहज सुपरिचित बाद्य भी है। संगीत का कोइ भी कार्यक्रम हो, फिर वह सामान्य रूप से प्रस्तुत किया जानेवाला भजन, कीर्तन, गीत, ग़ज़ल, या फिर जानेमाने कलाकारों द्वारा सजाई गई शास्त्रीय संगीत की खास महफिल हो, उसमें हार्मोनियम और तबले का होना बेहद जरूरी है। आज के प्रगतिशील युग में आधुनिक तंत्रज्ञान की वजह से हम कहीं भी रेडियो, टीवी या टेपरेकॉर्डर द्वारा ध्वनिमुद्रित संगीत के कार्यक्रम सहज सुन पाते है। इसी कारण हार्मोनियम वाद्य आसानी से सबको परिचित हो गया है । हार्मोनियम एक ऐसा वाद्य है, जिसके अनवरत सुरों की संगीत से गायक के गायन में चार चाँद लग जाते है । यही हार्मोनियम की सबसे बड़ी खासियत है, इसी कारण सुरों की महफिल में यह वाद्य अहम् भूमिका निभाता है। इस वाद्य के कारण

श्रोता और गायक के बीच सुरों का अनोखा बंधन तैयार होता है। इन समूचे गुणों के कारण हार्मोनियम गायक के सुरों को निखार कर सुरों का ऐसा समां बांध देता है जिससे श्रोता झूम उठते हैं ।

वैसे देखा जाय तो हार्मोनियम मूलतः विदेशी वाद्य है । की बोर्ड की रचना से बने इस वाद्य का जन्म पहले पेरिस में हुआ। पिछली शताब्दी के उत्तरार्ध में यानी सन् १८८. के दरमियान यह वाद्य भारत में पहले पहल आया । चूंकि महाराष्ट्र एवं गोवा राज्यों में उस समय मराठी रंगमंच पर संगीत नाटकों ने धूम मचाई थी, अतः इस वाद्य का ज्यादातर उपयोग नाट्य संगीत में साथ संगत के लिए बेहतर रूप से किया गया। हार्मोनियम के संगत की वजह से नाट्य संगीत इतना निखर उठा, कि संगीत प्रेमी सूर सागर की आनंद लहरों से सराबोर हो गए । केशवराव भोसले, बालगंधर्व, दीनानाथ मंगेशकर आदि दिग्गज कलाकारों ने संगीत नाटक की लोकप्रियता बढ़ाने में जो अमूल्य योगदान दिया है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है । संगीत नाटक के उस जमाने में नाटक रंगमंच पर ही खेला जाता था । संवाद तथा गीत दूर तक सुनाई देने के लिए आधुनिक तकनिक न होने से ऊँचे स्वर में संवाद और गीत प्रस्तुत किये जाते थे, इन हालातों में नाट्यसंगीत की मधुर प्रस्तुति हार्मोनियम के कारण ही हो पाई थी। उस जमाने में हार्मोनियम ऑर्गन के रुप में बजाया जाता था, क्योंकि ऑर्गन के सूर भी ऊँचे और दमदार थे, जो नाट्यसंगीत के लिए नितांत ज़रुरी थे। इस कारण नाट्यसंगीत की प्रस्तुति इतनी मधुर एवं आकर्षक हो उठती थी कि श्रोता भावविभोर हो जाते थे। हिन्दुस्तानी संगीत की परंपरा पुरखों से चली आ रही है। गायक-वादक प्राय: अपनी कला का प्रदर्शन रंगमंच पर बैठकर ही करते हैं। यही कारण है कि ऑर्गन का उपयोग साथ संगत के लिए ज़्यादा नहीं हो पाया। इस समस्या से निपटने के लिए ऑर्गन को हाथ पेटी में परिवर्तित किया गया। यही हाथ पेटी हार्मोनियम के रूप में आज तक प्रचलित है। सामान्य बोल-चाल की भाषा में हम इसे पेटी या बाजा भी कहते हैं।

सन् १९४. तक यह वाद्य विदेशों से आयात होता था, लेकिन आज भारत में इस का निर्माण बड़ी कुशलता से किया जा रहा है। चूंकि

इस वाद्य के रचनाकार ने इस वाद्य की रचना पाश्चात्य संगीत के स्वरों को ध्यान में रख कर की, अतः भारतीय संगीत के लिए ज़रूरी मुद्दों का इसमें समावेश न हो पाना स्वाभाविक ही था। जैसे कि हम सभी को विदित है कि पाश्चात्य संगीत का प्राणतत्व हार्मनी है। जबकि भारतीय संगीत का प्राणतत्व मेलडी है । इन दोनों में बहुत फ़र्क़ है वैसे तो दोनों ही शैलियों में सप्तसुरों का चलन है, लेकिन भारतीय संगीत में श्रुति, मींड, गमक, घसीट, आंदोलन आदि सूक्ष्म भावों का बहुत महत्त्व है जब की पाश्चात्यसंगीत में भावप्रदर्शन का बिल्कुल समावेश नहीं है। हार्मोनियम की आतंरिक रचना में ये जो त्रुटि है, जिससे भारतीय संगीत के सूक्ष्म भावों को इस वाद्य द्वारा सहजता से व्यक्त नहीं किया जा सकता। फिर भी कुशल एवं प्रतिभाशाली हार्मोनियम वादक मनन, चिंतन एवं अथक अभ्यास से इस चुनौती को स्वीकार कर लेते हैं ।

सारांश, मराठी नाट्य संगीत में साथ संगत के लिए इस वाद्य का सर्वप्रथम ऑर्गन के रूप में समावेश हुआ और इसकी कामयाबी को देखते हुए कुछ ही वर्षों में, भारतीय संगीत जगत में इस वाद्य ने स्थायी रूप से अपनी जगह बना ली है । इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि ऑर्गन के कारण मराठी नाट्यसंगीत सुमधुर एवं मशहूर हुआ हार्मोनियम की अपेक्षा ने ऑर्गन का स्वर अधिक भावोत्कट, गंभीर और दमदार सुरों का निर्माण करता है । ऑर्गन की यह बुलंदी नाट्य संगीत को लोकप्रिय बनाने में अपनी अहम् भूमिका निभाती है । जब कि हार्मोनियम इसका छोटा रूप है किंतु इसके स्वर बहुत कोमल, भावपूर्ण और मधुर होते हैं।

भारत में हार्मोनियम का प्रचार-प्रसार :-

19वीं शताब्दी के मध्य में ईसाई मिशनरियाँ जब भारत आई तब अपने साथ फ्रांस निर्मित हाथ धौंकनी (भाथी) वाले हार्मोनियम तथा आर्गन भी लाई। हार्मोनियम वाद्य शीघ्र ही यहाँ प्रसिद्ध हो गया, क्योंकि यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने-ले जाने में सुविधाजनक था। यह वाद्य यंत्र विश्व स्तरीय और सीखने के लिए आसान था। इसकी

प्रसिद्धि अभी तक अखण्ड रूप से विद्यमान है और यह कई प्रकार से भारतीय संगीत के लिए महत्वपूर्ण वाद्य यंत्र है। सामान्यतः यह सभी भारतीय घरों में पाया जाता यद्यपि इसकी उत्पत्ति फ्रांस में हुई परन्तु आगे चलकर भारत में इसका अद्वितीय तरीके से विकास हुआ। जैसे कि ग्राम स्वर, स्टापर्स और स्केल चेंजर युक्त हार्मोनियम भारत में ही बनाये गये।

आज भारत में हम ' हार्मोनियम ' का जो रूप देखते हैं उसके आविष्कारक कोलकाता के 'स्वर्गीय द्वारकानाथ घोष' हैं, जिन्हें Dwarkin & Sons के नाम से आज भी जाना जाता है। इन्हें हाथ हार्मोनियम का आविष्कारक कहा जाता है। इसके आविष्कार का मुख्य कारण था उसको भारतीय संगीत में शामिल करना, क्योंकि भारतीय वाद्य यंत्रों को कंधे पर या तो सामने रखकर हाथ से बजाते थे। इसके साथ हार्मोनियम बजाने में कठिनाई उत्पन्न हुई क्योंकि इसके लिए टेबल कुर्सी की आवश्यकता पड़ती थी। इन कारणों से कुछ कलाकारों ने इसमें किञ्चित परिवर्तन का सुझाव दिया। इसमें सबसे पहले 'द्वारकानाथ घोष' आगे आए और इस तरह से हाथ हार्मोनियम या भारतीय हार्मोनियम का स्वरूप सबके सामने आया।' इस वाद्य यंत्र के आन्तरिक स्वरूप जैसे रीड-बोर्ड, की-बोर्ड और धौंकनी आदि में किंचित परिवर्तन करके 1884 ई. में इसका उत्पादन भी शुरू कर दिया। यह बजाने मरम्मत करने में भी आसान हो गया। इस हार्मोनियम को भारत में और भारत से बाहर भी काफी सराहना मिली। कुछ महान संगीतकारों जैसे रवीन्द्रनाथ टैगोर, ज्योतिरीन्द्र नाथ टैगोर, उपेन्द्र किशोर राय चौधरी आदि ने काफी सराहना की। बाद में व्यक्तिगत जरूरतों और माँग के अनुसार 'द्वारकिन' ने इस वाद्य यंत्र में बहुत प्रकार से परिवर्तन किये। स्केल चेंजर हार्मोनियम भी इन्हीं की देन है। मुख्यतः हार्मोनियम भारतीय संगीत के लिए अपरिचित वाद्य यंत्र था, क्योंकि यह गमक मींड़ उत्पन्न नहीं कर सकता था जो कि भारतीय संगीत के आधार हैं। यह रागों के सूक्ष्म भेद भी व्यक्त करने में असमर्थ था। इस कारण से कई संगीत गुणियों ने हार्मोनियम की उपेक्षा की जो ख्याल की संगति के लिए 'सारंगी' को ज्यादा प्रमाणिक मानते थे। लेकिन इस वाद्य यंत्र की कुछ

विशेषताओं को देखते हुए कई कलाकार मंच पर इसका प्रयोग करने लगे।उनमें उस्ताद अब्दुल करीम खाँ साहब, उस्ताद फैयाज खाँ साहब, उस्ताद अमीर खाँ, उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ, विदुषी गंगूबाई हंगल, पं. भीमसेन जोशी, पं. कुमार गंधर्व आदि प्रमुख हैं। पं. उदयशंकर जी ने अपने 'वाद्य-वृन्द' जो कि विशुद्ध शास्त्रीय रागों पर आधारित था, में इसका प्रयोग किया। इस वाद्य यंत्र की टोनल कवालिटी स्वरों में तारतम्यता तथा बजाने में सुगमता कारण ये कलाकार इस वाद्य यंत्र की ओर मुखातिब हुए।

18 नवम्बर 1882 में मराठी नाटक संगीत शाकुंतल जब रंगमंच पर आया तब परम्परागत वाद्यों के साथ हार्मोनियम का प्रमुख वाद्य के रूप में प्रयोग प्रथम बार किया गया, उसके वादक थे स्व. दादा मोदक। कालक्रम से उन्हें भारत के प्रथम हार्मोनियम संगीतकार होने का गौरव प्राप्त हुआ।' उसके बाद तो मराठी थियेटर और नाट्य संगीत में 'आर्गन' और 'हार्मोनियम' दोनों का जमकर प्रयोग होने लगा। बंगाल और महाराष्ट्र में इस वाद्य यंत्र का सबसे अधिक प्रचार-प्रसार हुआ। इसके कारण इस वाद्य को बनाने वाले भी बड़े पैमाने पर सामने आये। कलकत्ता में S. Rose & Company, Dwarkin & Son's पकरासी सुरोवाणी, सुरोकार, जीरीथ आदि ने बड़े पैमाने पर अच्छे प्रकार के हार्मोनियम का निर्माण किया। मुम्बई में T.S. Ram-chander & Company, H.P. Bhagat, D.S. Ramsingh & Sons, Haribhau Vishwanath आदि ने हार्मोनियम निर्माण में अच्छा नाम पैदा किया। आजकल मिलिंद म्यूजिकल दशरथ बेंडगुड़े हार्मोनियम निर्माण में अच्छा नाम कमा रहे है। हिंगी ब्रदर्स भी अच्छे हार्मोनियम निर्माता हैं।

दिल्ली में बीना, भार्गवा, रिखी राम तथा विनोद शर्मा एण्ड सन्स अच्छे हार्मोनियम निर्माता माने जाते हैं। विनोद शर्मा डी एस रामसिंग के शिष्य हैं। हार्मोनियम में प्रयुक्त होने वाले रीड पहले पेरिस और जर्मनी से आयात किये जाते थे। अमेरिका और इंग्लैण्ड में भी कुछ अच्छे 'रीड' बनाये गये। पेरिस के 'कैसरीयल' और 'स्टीव' ब्राण्ड के रीड अब तक के सबसे अच्छे 'रीड' माने गये हैं। उनमें गजब की मिठास

होती है। जर्मनी के 'जुबलेट' तथा 'मोनार्क' ब्राण्ड के रीड भी अच्छे माने जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इन दोनों कम्पनियों (पेरिस, जर्मन) ने अपना उत्पादन बन्द कर दिया। इसके बाद रीड का उत्पादन भारत में शुरू हुआ। यहाँ भी पालिताणा (गुजरात) के कांजी लाल मिस्त्री, मोहनलाल मिस्त्री ने अच्छी गुणवत्ता वाले रीड का उत्पादन किया। महाराष्ट्र में 'कुकड़' कम्पनी ने भी कुछ समय तक अच्छे रीड बनाये। बाद में यह कम्पनी बंद हो गयी। अभी पानीपत के N.S. और V.S. दो कम्पनियाँ अच्छे रीड का उत्पादन कर रही हैं लेकिन पालिताणा अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। इस प्रकार भारत में ही 'रीड' उत्पादन के कारण यह वाद्य यंत्र बड़े पैमाने पर बनाये जाने लगे और समय के साथ इनकी माँग भी बढ़ती गई।

इसी तरह 19वीं सदी के स्वातंत्र्य संग्राम के दौरान कई विद्वान,गुरुजन, दिग्गज कलाकारों और भारत की कंपनियों हार्मोनियम बनाकर और हार्मोनियम के ऊपर काम करके इसे उच्च स्थान दिलाने में अपना योगदान दिया। स्वातंत्र्य संग्राम के समय हार्मोनियम के ऊपर अपना सुयोग्य संगीत कार्य करने वाले और इस क्षेत्र में काम करके पद्मश्री सम्मान तक प्राप्त करने वाले कुछ गुनिजनऔर गुरुजनों का योगदान यहां प्रस्तुत कर रहा हूं।

स्वातंत्र्य संग्राम के समय संवादिनी पर कार्य करने वाले संवादिनी के कुछ प्रमुख वादक कलाकार :-

- **पं. रामभाऊ बीजापुरे**

पं. रामभाऊ बीजापुरे एक महान हार्मोनियम वादक थे। संगीत के क्षेत्र में ऐसा कोई भी नहीं है जो हार्मोनियम से लगाव रखता हो और आपको नहीं जानता हो। लगभग 60 दशक तक आपने अपने व्यक्तित्व और वादन से भारत के सभी संगीतप्रेमियों को प्रभावित किया। आपका जन्म 1917 ई. में कर्नाटक राज्य के बेलगाँव जिले में, कागवाड़ नामक गांव में हुआ। पं. कल्लोपंत बीजापुरे आपके पिता थे जो उस समय के बहुत बड़े नाटककार और संगीत संयोजक थे।

उनकी संगीत रचनाएँ उस समय के प्रसिद्ध हार्मोनियम/आर्गन वादक श्री अन्नीगिरि मल्लाया के द्वारा मंच प्रदर्शित की जाती थी। बचपन से ही आप हार्मोनियम वाद्य के प्रति आकर्षित थे और इसके वादन तकनीकि को सीखने के लिए उत्सुक रहते थे। आपने बालपन में ही अन्नीगिरि मल्लाया की गोद में बैठकर हार्मोनियम की आधारभूत वादन तकनीकि सीख ली। बाद में आपने पं. राजवाड़े से हार्मोनियम की विधिवत शिक्षा ग्रहण की। आपने पं. गोविन्दराव गायकवाड़ और धारवाड के पं. हनुमन्त राव वालवेकर से भी हार्मोनियम की उच्च शिक्षा प्राप्त की। आप की इच्छा थी कि आप एक गायक बने लेकिन आवाज की खराबी के कारण आपकी यह इच्छा पूरी नहीं हो पायी। लेकिन आपने पं. रामकृष्ण बुआ बझे, पं. शिवराम बुआ बझे, पं. कागलकर बुआ, और पं. उत्तुरकर बुआ से गायन की विधिवत् शिक्षा प्राप्त की जो आपको हार्मोनियम की अपनी विशेष शैली "गायकी अंग" को स्थापित करने में बहुत कारगर सिद्ध हुई।

आपने गायन में संगीत विशारद तथा हार्मोनियम में संगीत अलंकार की उपाधि प्राप्त की। आपको एक महान संगीत गुरु के रूप में भी ख्याति प्राप्त हुई है। आप एक अच्छे संगीत निर्देशक, हार्मोनियम वादक थे। आपने संगीत कम्पनी H.M.V. में भी बतौर हार्मोनियम संगीतकार, वर्षों तक कार्य किया है। आप अखिल भारतीय गंधर्व महामंडल (मुम्बई) और कर्नाटक राज्य के परीक्षक के रूप में भी सम्मानीय रहे हैं। आपने हार्मोनियम वाद्य को अपनी जीवन की साधना बनाने के बाद कभी पीछे मुड़कर नही देखा। आपके दृढ़ निश्चय, निरंतर अभ्यास, वादन तकनीकि पर अद्‌भुत विचार ने हार्मोनियम एकल वादन की एक नई शैली विकसित की। स्वर की शुद्धता, स्वरों का निरंतर प्रवाह, और स्वरों का कोमलता के साथ प्रयोग ने आपके एकल-वादन को स्तरीय बनाया। लय पर अधिकार और राग भाव की अभिव्यक्ति आपके वादन में असाधारण रूप से विद्यमान थे। आप विलंबित और द्रुत ख्याल बंदिश के अतिरिक्त ठुमरी, नाट्यगीत, के वादन में भी पारंगत थे। आपने पूणे, हैदराबाद, बैंगलोर, कोल्हापुर, हुबली, धारवाड़ और आकाशवाणी, दूरदर्शन के सभी संगीत कार्यक्रमों में अपनी सफल प्रस्तुति दिया। आपने भारत

में आयोजित "फेस्टिवल ऑफ रसिया" में रूसी प्रतिनिधियों के समक्ष हार्मोनियम वादन प्रस्तुत किया जिसे उन लोगों के द्वारा काफी सराहा गया। आपने लगभग सभी घराने के महान गायक कलाकारों के साथ संगीत किया जिनमें पं. रामकृष्ण बुआ बझे, पं. शिवराम बुआ बझे, सवाई गंधर्व, हीराबाई बड़ोदकर, डॉ. गंगूबाई हंगल, पं. भीमसेन जोशी, पं. बसवराज राजगुरू, पं. डी. वी. पलुष्कर, उस्ताद अमीर खाँ, उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ, पं. मल्लिकार्जुन मंसूर, पं. कुमार गंधर्व, श्रीमती मानिक वर्मा, श्रीमती किशोरी अमोनकर, श्रीमती मालिनी राजुरकर, डॉ. प्रभा अत्रे प्रमुख हैं। आपने अपने गुरुओं और गुणी कलाकारों से बहुत सारी 'बंदिश' या 'चीज' प्राप्त की जिसे आपने दिल खोलकर अपने शिष्यों में वितरित किया। इसके लिए आपने सन् 1938 ई. में "श्रीराम संगीत महाविद्यालय" की स्थापना की। आपने करीब साठ वर्षों तक बिना किसी सरकारी या व्यक्तिगत सहायता के करीब दस हजार विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा दी। आपने गरीब और विकलांग बच्चों को निःशुल्क संगीत शिक्षा प्रदान की। आपके प्रमुख शिष्यों में डॉ. सुधांशु कुलकर्णी, रविन्द्र माने, डॉ. रविन्द्र कातोटी, श्री श्रीधर कुलकर्णी आदि प्रमुख हैं जो आपकी परम्परा को दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ा रहे हैं।

सम्मान एवं पुरस्कार

- कर्नाटक कला तिलक (संगीत नृत्य अकादमी - 1985)
- नादश्री - 1992
- संगीतकार पुरस्कार (गंधर्व महाविद्यालय, पुणे - 1999)
- राज्य संगीत विद्वान - 2001
- संवादिनी साधक पुरस्कार 2002
- टी. चाउदिया अवार्ड (कर्नाटक स्टेट गवर्नमेंट - 2002)

आप संगीत की आजीवन सेवा करते हुए, 19 नवम्बर 2010 को बेलगाँव में ब्रह्मलीन हो गए।'

- **पं. पुरुषोत्तम वालावलकर**

पं. पुरुषोत्तम वालावलकर का जन्म 11 जून 1923 ई. को हुआ। आपने हार्मोनियम की शिक्षा पं. विट्ठलराव कोरगावकर, पं.

हनुमन्तराव वाड्वेकर और पं. गोविन्दराव टेम्बे जी से प्राप्त की। आपने गायन की शिक्षा नाट्यवर बाल गंधर्व, पं. शिवराम बुवा बझे और पं. कागलकर बुवा जी से ग्रहण की। आपने अपने कैरियर की शुरुआत बेलगाँव में हार्मोनियम शिक्षक के रूप में की।

आपने देश के लगभग सभी महान गायक कलाकारों के साथ हार्मोनियम की संगीत करके उनके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। आपने 'स्वरदर्शन' नाम से एक पुस्तक की रचना की है जिसमें हार्मोनियम की वादन तकनीकि का विशेष रूप से वर्णन किया है। आप विदेश के कई शहरों में हार्मोनियम वाद्य के ऊपर व्याख्यान प्रदर्शन (Lec-Dem) करते रहते हैं। आपने जिन महान गायकों के साथ हार्मोनियम संगीत की है उनमें उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ, पं. भीमसेन जोशी, गान सरस्वती किशोरी अमोनकर, पं. मल्लिकार्जुन मंसूर, पं. जीतेन्द्र अभिषेकी, डॉ. गंगूबाई हंगल, उस्ताद राशिद खाँ, श्रीमती शोभा गुर्टू, विदुषी गिरिजा देवी, पं. सी. आर. व्यास, पं. अजय चक्रवर्ती, पं. छन्नूलाल मिश्र, श्रीमती शुभा मुद्गल प्रमुख हैं। आपने देश के अतिरिक्त विदेशों में भी अपने कार्यक्रम की सफल प्रस्तुतियाँ दी हैं जिनमें इंगलैण्ड, अमेरिका, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात एवं जापान प्रमुख रूप से शामिल है ।

आपकों कई प्रमुख संस्थाओं द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है जिनमें कुछ निम्नलिखित हैं :

1. ITC - SRA अवार्ड 2005, कोलकाता
2. लीलाताई जलगाँवकर संवादिनी वादन पुरस्कार, पुणे
3. संगीतकार पुरस्कार, गंधर्व महाविद्यालय, पुणे
4. बालगंधर्व पुरस्कार 2007, पूणे
5. "स्वर साधना रत्न पुरस्कार" मार्च 2012, मुंबई

पं. तुलसीदास बोरकर

एक कलाकार, प्रतिभाशाली संगीत संयोजक, और आदरणीय गुरू के रूप में पं. तुलसीदास बोरकर भारत के श्रेष्ठतम कलाकारों में से एक हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा, अपनी माता जयश्री बाई बोरकर से

हुई। बाद में पं. विष्णुपन्त वष्ट से आपने हार्मोनियम सीखना शुरू किया और इसी समय आपकों पं. छोटा गंधर्व से भी मार्गदर्शन मिला। वैसे आपकी विधिवत् हार्मोनियम शिक्षा 1957-1967 के बीच पं. मधुकर पेडनेकर जी के सानिध्य में हुई। आपको अनुभवी गायकों जैसे, पं. एस.सी.आर. भट्ट, पं. के. जी. गिंडे, पं. राजाराम शुक्ल, पं. मुरली मनोहर शुक्ला, पं. राम मराठे तथा तंत्रकार, पं. देवेन्द्र मुर्डेश्वर (बाँसुरी) और पं. ए. पी. पाठक का भी योग्य मार्गदर्शन मिला, जिनसे आपने ख्याल गायन की बारीकियाँ सीखीं। प्रारम्भिक प्रसिद्धि, आपको मराठी नाट्य संगीत में 'आर्गन वादक' के रूप में मिली। बाद में आपने कई दिग्गज गायक कलाकारों जैसे पं. मल्लिकार्जुन - मंसूर, पं. फिरोज दस्तूर, पं. भीमसेन जोशी, पं. बसवराज राजगुरू, पं. यशवंत बुवा जोशी, पं. जीतेन्द्र अभिषेकी, पं. राम मराठे, पंडिता गंगूबाई हंगल, विदुषी किशोरी अमोनकर, विदुषी पद्मावती, शालीग्राम गोखले, शोभा गुर्टू, डॉ. प्रभा अत्रे और कई अन्य कलाकारों के साथ हार्मोनियम संगत की। संगीत के साथ-साथ आप एकल वादन में भी सिद्धहस्त हैं और आपके एकल वादन का विभिन्न कंपनियों से ध्वनि मुद्रण हो चुका है। आपने देश विदेश के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में सफल प्रस्तुति दी है जिनमें आपके यू.के., यूरोप, इन्डोनेशिया, यू.एस.ए. और अरब के खाड़ी देशों के संगीत कार्यक्रम प्रमुख हैं। आपने नाटकों को लिए भी संगीत रचना किया है जिनमें 'संगीत पंढरपुर' तथा 'बाकुल फुला' प्रसिद्ध है।

आपने अपने ज्ञान को सभी विद्यार्थियों तक फैलाने के लिए 'संवादिनी साधना' नामक पुस्तक की रचना की है। जिसमें विस्तृत रूप से हार्मोनियम वादन की शिक्षा दी गई है। आपने हार्मोनियम का एक पाठ्यक्रम भी तैयार किया है जो तंत्र पर आधारित है जिसे पुणे विश्वविद्यालय को कोल्हापुर विश्वविद्यालय से मान्यता मिल चुकी है और उसे वहाँ के पाठ्यक्रम में शामिल में किया जा चुका है। आपने हार्मोनियम का नया रूप भी विकसित किया है जिसमें श्रोताओं को हार्मोनियम वादक की ऊँगलियाँ अब स्पष्ट दिखाई देती हैं। इस प्रयोगशीलता में मुंबई के मिलिंद म्युजिकल्स के दशरथ बेनगुड़ेजी ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई और अपने तकनीकी कल्पना का भरपूर

योगदान भी दिया। भारतीय संगीत में आपके समर्पण और योगदान को देखते हुए सन् 2005 में भारत के राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के हाथों आपकों संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 2016 में आपको भारत के बड़े सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त भी आपको कई सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं

- ITC संगीत रिसर्च अकादमी अवार्ड (2001)
- गोविन्द राव टेम्बे संगीतकार पुरस्कार (1998)
- बाल गंधर्व गौरव पुरस्कार (1999)
- गानवर्धन - के. लीलाताई जलगाँवकर, संवादिनी वादन पुरस्कार

उपसंहार: इसी प्रकार स्वातंत्र्य संग्राम के समय ऐसे कई विद्वान संवादिनी साधकों ने विभिन्न विभिन्न क्षेत्र में अपना योगदान दिया जैसे कोई साधक ने भारत में आयोजित "फेस्टिवल ऑफ रशिया" के रूषि प्रतिनिधियों के समक्ष संवादिनी को बजाया तो कोई साधक फ्रांस पाकिस्तान और बांग्लादेश में "भारत महोत्सव" की टीम के सदस्य रहे। कई स्वातंत्र्य संग्राम के नाटकों में, रंगभूमि में, चलचित्र में, राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय गीतों में तथा देशभक्ति के कई गीत बनाने और गायन के लिए तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश विदेश में जाकर संवादिनी को बजा कर उसे आगे ले जाने के लिए अपने उच्चतम प्रयास किए। संवादिनी साधक ने "मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर" से सीनियर फैलोशिप प्राप्त करके "संवादिनी निर्माण" के ऊपर शोध कार्य भी किया और कई नई संवादिनी भी बनाई और बनाने के लिए भारत में कई कंपनियां भी स्थापित की और भारत के लोगों के लिए नया रोजगार स्थापित किया जो देश को आगे ले जाने में सहायता रूप था। संवादिनी बनने के बाद को संवादिनी सिखाने के लिए गुरुजनों ने कई संगीत संस्थाओं का निर्माण किया जैसे 1938 में पंडित रामभाऊ द्वारा "श्री राम संगीत महाविद्यालय" तथा पंडित वसंत कनकापुर द्वारा "संगीत भारती" नामक संस्था निर्मित हुई और यहां से कई शिष्य तालीम लेकर तैयार हुए और हमारी संगीत की संस्कृति को बचाने

का प्रयास स्वातंत्र्य संग्राम के समय और आज भी कई संवादिनी साधक कर रहे हैं। किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः ।
तृणं न खादन्नपि जीवमानस्तद्भागधेयं परमं पशूनाम् ॥

साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य साक्षात नाख़ून और सींघ रहित पशु के समान है। और ये पशुओं की खुद्किस्मती है की वो उनकी तरह घास नहीं खाता।

संदर्भ सूची :

1. संवादिनी साधना हार्मोनियम वादन का शास्त्रोक्त का अभ्यास – पंडित तुलसीदास बोरकर - ईश वंदना
2. साथ संगीत आत्मकथन:तुलसीदास बोरकर ,शब्दांकन रमेश : जोशी
3. पालीताणा मनोहर म्यूजिकल के साथ मुलाकात – गुजरात
4. द बीटल्स रिकॉर्डिंग सेशंस, न्यूयॉर्क: हार्मनी बुक्स: लेविसन मार्क
5. भारतीय संगीत और पश्चिम, जोएप बोर, संगोष्ठी में पढ़ा गया पेपर 1996 में मुंबई में संगीत अनुसंधान अकादमी द्वारा आयोजित
6. लाउंज, समाचार पत्र, शनिवार, 11 अगस्त, 2012
7. संवाददाता - जयंत भालोदकर कनिष्क प्रकाशन, पीपी. 18
8. 'हमारे संगीत रत्न' तीसरा संस्करण, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, पृ. 151-152
9. संगीत चिंतामणि द्वितीय खण्ड, आचार्य बृहस्पति ।

भारत मे ब्रिटिश शासन् के तहत स्वातंत्रीय संग्राम मे कलाकारों का योगदान

घर्मेश जयंतिलाल परमार - शोधार्थी
डॉ. भारती राठोड - मार्गदर्शक
डॉ. जय सेवक - अनुरूपी लेखक,
श्री अर्जुनलाल हिराणी कॉलेज ऑफ जर्नालिज़म एन्ड परफोरमिंग आर्ट्स कॉलेज
सौराष्ट्र युनिवेर्सिटी,राजकोट(गुजरात)

सूचक शब्द :अंग्रेजो, स्वातंत्र्यसंग्राम, संगीत, गीत, राष्ट्रभक्ति, सरकार

शोधसार : भारत मे ब्रिटिश सरकार के आगमन से लेकर स्वातंत्र्य संग्राम तक हर श्रेत्र के कलाकार सरकार की और से कोई भी प्रोत्सहान पुरस्कार की उम्मीद के बिना अपने दम से आगे बढ़ रहे थे। आजादी के पहले भारतिय कलाकारों अपनी कला के माध्यम से संघर्षमय जीवन के साथ लोक मानस मे स्वातंत्र्य संग्राम के जोश को और प्रजवलित करने का उमदा कार्य कर रहे थे। साथ ही मे देश-विदेश में भारतीय संस्कृति का प्रकाश चारो और फेहला रहे थे। इस महान कर्तव्य को शोधपत्र मे कुछ शब्दों मे समाहित करने का विनम्र प्रयास शोधार्थी द्वारा किया गया है।

15 अगस्त सन् 1947 मैं भारत को आजादी मिली इस दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त कि और यह भारत का राष्ट्रीय त्योहार हो गया। यह देश के उन वीरों की गौरव गाथा और बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने अंग्रेजों के दमन से देश आजाद कराने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। 15 अगस्त सन् 1947 दिन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार लाल किले पर तिरंगा फहराया इसके बाद से स्वतंत्रता दिवस पर हर साल भारत के प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराते

हैं। यह दिन राष्ट्र के प्रति अपनी एकजुटता और निष्ठा दिखाने का दिन भी है साथ ही यह पावन अवसर युवा पीढ़ी को राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करता है और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को समझने और देशभक्ति का महत्व समझने के लिए यह स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अंग्रेजों के आगमन का भारत की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन शैली पर अप्रत्यक्ष रूप से बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा क्योंकि की अंग्रेजों का एक विचार यह भी था कि लोगों के मरने से राष्ट्र नहीं मरता परंतु संस्कृति के विकृत होने से राष्ट्र पूरा नष्ट हो जाता है। इसीलिए शुरू में शस्त्र का सहारा ना लेकर कूटनीति का सहारा लिया और इसी समय में भारतीय संस्कृति के लिए यह स्थिति अत्याधिक सोचनीय हो गई थी कि अंग्रेजी सत्ता के समय संगीतकारों का उपेक्षा का सामना बढ़ गया था। उत्तर और मध्यकाल की तत्कालीन रियासतों के बहुत से ऐसे शासक एवं पश्चिमी क्षेत्र के कुछ राजाओ ने संगीत को निरंतर संरक्षण प्रदान किया जोकि अंधेरे में जलते हुए चिराग के समान था परंतु अंग्रेजों ने भारतीय संस्कृति एवं कलात्मक पक्ष को कभी भी प्रोत्साहित नहीं किया वह भारतीय संगीत के कला एवं भाव पक्ष को समझने में किसी भी प्रकार की रुचि नहीं दिखाते थे। ब्रिटिश काल में शास्त्रीय संगीत की दशा दयनीय थी। भारतीय संगीत को उन्होंने असभ्य का संगीत माना और उसे ध्रुर्णा की दृष्टि से देखा इसीलिए संगीत अपने आध्यात्मिक रूप को छोड़कर केवल मनोरंजन का साधन ही रह गया था। इस काल में बहुत से भारतीय संगीतज्ञ जैसे की मोहम्मद रजा, प्रताप सिंह ,सुरेंद्र मोहन टैगोर आदि बहुत से संगीत विद्वान थे जिन्होंने संगीत शिक्षा क्षेत्र को अपने रचनात्मक कार्यों से प्रभावित किया परंतु मुसलमान एवं हिंदू शासक अंग्रेजों के निर्देशानुसार एक कठपुतली मात्र रह गए थे। ऐसी परिस्थिति मैं कुछ संगीतज्ञ राजदरबारों के स्थान पर रियासतों मैं नियुक्त हो गए एवं कुछ संगीतज्ञ स्वतंत्र रूप से संगीत साधना में

लीन रहने लगे। इन संगीतज्ञ ने अपने संगीत को अंग्रेजी सभ्यता मुस्लिम सभ्यता व हिंदू सभ्यता के आंतरिक टकराव के कारण सीमित कर लिया यह संगीत शिक्षा अपने पुत्रों एवं रिश्तेदारों को ही प्रदान करते थे और पश्चिमी संस्कृति की चमक दमक के कारण राजाओं ने भी संगीत एवं संगीतज्ञ को प्रोत्साहन देना कम कर दिया था परंतु इसी समय मैं दूसरी और ग्वालियर, रामपुर, बड़ौदा व अवध जैसे राज्यों के संगीतज्ञ वहां के शासकों से सम्मान पाते थे। इन राज्यों के शासकों का संगीत के प्रति विशेष लगाव विकसित हो चुका था। समय चक्र के साथ संगीत के महान शास्त्रकार पंडित विष्णु नारायण भातखंडे ने ब्रिटिश काल में भारतीय संगीत की जो सेवा की है उसका मूल्यांकन शब्दों में बयान करना असंभव है। उन्होंने उत्तर भारतीय संगीत को घरानों के अभिशाप से बचाया एवं तत्कालीन राजा महाराजाओं का आश्रय लेकर बड़े-बड़े संगीत समारोह का आयोजन भी किया साथ ही शास्त्र के अंध संस्कारजन्य विवादों को उन्होंने समाप्त किया। केवल यही नहीं गीतो की स्वरलिपि के माध्यम से सहस्त्र युगो तक सुरक्षा संभव की और इन्हीं के अथक परिश्रम के फलस्वरूप देश के विभिन्न स्थानों में संगीत महाविद्यालयों का कार्य प्रारंभ हुआ जिनमें ग्वालियर लखनऊ एवं बड़ौदा विशेष रूप से उल्लेखनीय है पंडित विष्णु नारायण भातखंडे के अनुरूप पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने भी नवीन स्वर लिपि पद्धति का निर्माण किया एवं दोनों प्रकार की स्वरलिपिया लोकप्रिय हुई। ऐसे ही भारतीय संगीत के महारथी स्वातंत्र्य संग्राम के योद्धा संगीतकारों के बारे में कुछ जानिए.....

मास्टर वसंत लोह चुंबकीय गायकी के स्वामी

मास्टर वसंत जी का जन्म हालार प्रदेश के जामखंभालिया गांव मैं सन् 1902 को पिता अमृतलाल मदनजी के घर में हुआ था जो खुद उत्तम संगीतकार, कीर्तनकार, और संस्कृत, गुजराती के साथ उर्दू भाषा के

विद्वान थे । वसंत जी की तालीम बचपन से ही उनके पिताजी के पास शुरू हो गई थी उनके पिताजी आदित्यरामजी परंपरा शैली के गायक थे। और वसंतजी पंडित ओमकारनाथजी को अपने आदर्श गुरु मानते थे । बात उस समय की है जब सन् 1920 से सन् 1930 के 10 साल ऐसे थे जिसमें भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम का महासागर पूर जोश के साथ देश में बह रहा था । उस वक्त कविओ, गायको और शब्द के उपासको अपनी मधुर वाणी के सुरीले हथियार उठाकर स्वाधीनता के रणमैदान में उत्तर गए थे। उस समय सौराष्ट्र के प्रज्ञाचक्षु महाकवि हंसने स्वातंत्र्य संग्राम के सैनिकों के लिए एक गीत बनाया था जो बहुत प्रसिद्ध हो गया फिर क्या था अंग्रेजों ने उनको उसी वक्त गिरफ्तार कर लिया परंतु यह वह समय था जो पूरे देश के कलाकारों अपने संगीत के माध्यम से स्वातंत्र्य संग्राम मैं जुड़ गए थे जो किसी के रुके नहीं रुकनेवाले थे। ऐसे ही दूसरे कवि माधव मुरादाबाद वाले ने अपने अंदाज से आजादी के लिए एक शौर्यगीत की रचना की जो गीत सूरत से गुजरात और गुजरात से पूरे भारत में प्रसिद्ध होता चला गया। आज भी शायद कोई बुजुर्ग वह गीत जानते होंगे और सबसे बड़ी बात तो यह थी की इस गीत को कंठ दिया था सुरीले गायक मास्टर वसंतजी ने और फिर क्या था कोई भी जगह पर यह गीत सुनाई देता था यह स्वातंत्र्य संग्राम गीत के दो लाइन कुछ इस तरह थी.....

मेरी जान ना रहे, मेरा सर ना रहे, समा ना रहे, ना ये साज रहे ,और हिंद मेरा ओझार रहे, मेरी माता के सर पर ताज रहे, पेशानी में जिसके शोभै तिलक, और गोद में गांधी बिराज रहे, ना ये दाग बदन में सफेद रहे, ना तो कोढ़ रहे ना ये खाज रहे ,मेरी माता के सर पर ताज रहे...

इस गीत ने स्वातंत्र्य पूर्व के उस समय में ऐसा जोस पैदा कर दिया की जैसे सूखे घास के मैदान में थोड़ी ही देर में आग चारों और फैल जाती है ठीक उसीही तरह यह चारों ओर अत्यंत मशहूर हो गया

जिसने ब्रिटिश सरकार की रातों की नींद और दिन का चैन बिगाड़ दिया। उसमें भी दूसरी लाइन में मशहूर राष्ट्रीय नेताओं तिलक और गांधीजी का नाम भीतो था। यही गीत से अंग्रेजों बहुत भयभीत हो चुके थे इसीलिए सन्1930 में सरकार ने उस गीत पर प्रतिबंध लगा दिया और जिस रिकॉर्ड कंपनी ने यह रिकॉर्ड किया था उसी कंपनी पर अंग्रेजों ने छापा मारकर रिकॉर्ड जप्त कर लिए और उसे मिटा दीया गया और ऐलान कर दीया की यह गीत का रिकॉर्ड कोई भी रखेगा, बजाएगा, या फिर कोई सुनेगा तो उसे राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया जाएगा। सन् 1930 मैं यह गीत पर प्रतिबंध लगाया गया था और सन् 1945 तक यह प्रतिबंध गीत पर लगा हुआ था उसके बाद गुजराती अस्मिता के प्रसिद्ध गायक कन्हैयालाल मुंशीजी की मध्यस्थि मैं यह प्रतिबंध उठा लिया गया।

लोकप्रिय लेखक और सिनेमा सृष्टि के गहन अभ्यासी रजनीकुमार पंड्या जब मास्टर वसंतजी से मिले तो उन्होंने बताया कि उस समय मैं ऐसे राष्ट्रभक्ति के गीत की रचना करते कविओ और गायकों को अंग्रेज सरकार कारागृह में केद कर लेती थी परंतु मास्टर वसंत की किस्मत मैं ऐसा दिन कभी नहीं आया वह कारावास जाने से बच गए थे उन्होंने आजादी के लिए लड़ते नेताओं और देश भक्ति के शौर्य गीत गाये थे। जिसमें से बहुत सारे गीत लोकप्रिय बन चुके थे। उस में भी प्यारे वतन हां प्यारे वतन और गांधी तू आज हिंद की शान बन गया वह गीत बहुत ही लोकप्रिय बन गया था । उस जमाने में सूरत से स्वातंत्र्य सेनानी की प्रभात फेरी निकलती थी उसमें मास्टर बसंत सबसे आगे रहकर बुलंद और मधुर आवाज से गीत सुना कर लोकमानस में उत्साह भर देते थे। मास्टर वसंत ने एक इंटरव्यू में कहा कि पूरा देश जब आजादी की भावना से जुड़ा हुआ था तब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई थी की प्रभात फेरी जब सूर्य की पहली किरण के साथ आगे बढ़े उस वक्त राष्ट्रभक्ति के गीत सबको साथ में लेकर

ललकारना है और सब की बुलंद आवाज से राष्ट्रप्रेम को और अधिक जागृत करना है। आज भी वह आवाज मेरी कानों में गूंज रही है। मास्टर वसंत संगीतकार के साथ बेहतरीन अदाकार भी थे उन्होंने गुजराती फिल्म भक्त बोडाना में मुख्य अभिनेता के रूप में अभिनय भी किया था परंतु गायकी में विशेष रूचि होने के कारण अभीनय को अलविदा कर दीया था ऐसे महान स्वातंत्र्य सेनानी संगीतकार को शत शत नमन ..

नारायण मोरेश्वर खरें

महाराष्ट्र के सतारा जिला के ताश नाम के गांव में मध्यम वर्गीय ब्राह्मण परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनकी मातुश्री केशव बुआ एक प्रसिद्ध गायिका थी यह आनुवंशिक शक्ति नारायण को उनके ही परिवार से प्राप्त हुई थी। नारायण को बचपन से ही भजन और धून गाने का बहुत शौक था। नारायण विश्व विख्यात संगीतकार विष्णु दिगंबर पलुस्कर की शिष्य थे सन् 1908 में पंडित विष्णु दिगंबर जीने मुंबई में संगीत शिक्षा के लिए गांधर्व विद्यालय की स्थापना की और उनके संचालन के लिए पंडित जी ने नारायण खरे को तमाम जिम्मेदारी सौंप दी। सन् 1915 में महात्मा गांधीजी ने अहमदाबाद साबरमती आश्रम की स्थापना की वहां पर नित्यक्रम में प्रार्थना में भजन और कीर्तन का गान आश्रम वासियों के द्वारा होता था। परंतु सभी को संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ना होने के कारण पूज्य बापू को प्रार्थना में आनंद नहीं मिलता था उसी समय महात्मा गांधीजी ने पंडित जी को विनम्र भावसे यह बात बताएं की साबरमती आश्रम में नित्य भजन ओर कीर्तन होते हैं आपके कोई इसे शिष्य को अगर आप भेज सके कि हम आराम से प्रभु का गुणगान गा सके इतनी सी बात पर उसी समय पंडित जी ने अपने कुशल संगीतकार नारायण मोरेश्वर खरे को साबरमती के संत के पास भेज दिया। इस बात पर अनुमान लगाया जा सकता है कि पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर और उनके

शिष्य नारायण मोरेश्वर खरे दूसरों की मदद करने के लिए कितने तत्पर रहते थे। इसी समय में नारायण मोरेश्वर को पूज्य बापू की निकट रहने का अवसर प्राप्त हुआ उन्होंने देश के प्रति बापू के विचारों को अंदर से जाना बापू के प्रति नारायण खरे का प्रेम और बढ़ गया और पूज्य बापूजी नारायण खरे के सुंदर कंठ से गाए जाने वाले भजन और कीर्तन से बेहद खुश थे। थोड़े समय पश्चात महात्मा गांधीजी ने राहबरी अंतर्गत गुजरात विद्यापीठ की रचना और स्थापना की। उसमें संगीत विभाग की जिम्मेदारी नारायण मोरेश्वर खरे को सोपी गई। नारायण खरे ने गुजरात और सौराष्ट्र में प्रचार के लिए बहुत परिभ्रमण किया। महात्मा गांधी की विश्व प्रसिद्ध दांडी यात्रा में नारायण खरे बापू के साथ जुड़े हुए थे उसी समय उनके पुत्र की मृत्यु हुई थी फिर भी उसने दांडी यात्रा को छोड़ा नहीं ओर पूज्य बापू के साथ जेल में भी गए। गुरु भाइयों और स्नेही जनों के साथ मिलकर उन्होंने गंधर्व महाविद्यालय की स्थापना की और सर्व संमति से नारायण खरे मंडल के अध्यक्ष चुने गए। उनके साथ स्वातंत्र्य संग्राम के वह सक्रिय कार्यकर्ता भी थे। इस लिए अंग्रेज सरकार ने सन् 1933 में उनकी धरपकड़ की थी। उन्होंने संगीत विद्यालयों में संगीत के पाठ्यक्रम पुस्तको का महत्वपूर्ण अभ्यासक्रम निर्माण भी किया था। सन् 1938 में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन हरिपुरा में हुआ था उसमें कवि संगीत कार्यक्रम रज़ू करने के लिए उनको आमंत्रित किया गया था।

कवि प्रदीप

उनका जन्म मध्य प्रदेश उज्जैन के नजदीक बार नाम के नगर में हुआ था। कवि प्रदीपजी का नाम तो रामचंद्र त्रिवेदी था परंतु प्रदीप नाम से वह अपने कार्य का सर्जन करते थे। किशोरावस्था से ही महात्मा गांधीजी की स्वातंत्र्य और सत्याग्रह की लड़ाई से प्रभावित थे उस समय रवि शंकर रावल जी के साथ महात्मा गांधी जी का साक्षात्कार कवि प्रदीपजी को हुआ था और प्रदीप जी की देशभक्ति को और

बढ़ावा मिला था। उस समय मुंबई में गुजराती और मराठी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि उस में भाग लेने वाले थे कवि प्रदीप को भी उस सम्मेलन में जाने का आमंत्रण मिला था। कवि प्रदीपजी ने राष्ट्रभक्ति से सजी हुई रचना सुना कर प्रेक्षक को मंत्र मुक्त कर डाला उनकी कविता जितनी सुंदर थी उतनी ही उनकी रचना पेश करने की पद्धति भी सुंदर थी उनकी कितनी सारी रचनाएं फिल्म क्षेत्र में भी मशहूर हे। सन् 1943 में प्रख्यात संगीतकार अनिल विश्वासना की संगीत निर्देशन में बनी फिल्म किस्मत में प्रदीप जी के कई सारे गीत है जो आज भी जनता के प्रिय गीत बने हुए हे। उनकी राष्ट्रभक्ति से सजी हुए कुछ रचना....

आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है दूर हटो ए
दुनियावाले हिंदुस्तान हमारा है
"ए मेरे वतन के लोगों जरा आंखों में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं।
उनकी जरा याद करो कुर्बानी"
"दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल साबरमती के संत तूने
कर दिया कमाल"

कवि प्रदीप इसे उम्दा कवि थे की देश में और देश के बाहर रहने वाले भारतीय लोगों को अपनी मिट्टी की सुगंध और ताकत क्या है इसका एहसास करा दिया था। उनकी राष्ट्रभक्ति इतनी मंजी हुई थी की उनकी कविता के शब्दों में जैसे कोई धारदार हथियार छुपा हुए हो। उनके बारे में कुछ बोलना शायद गलत होगा पर कवि प्रदीप जी को हमें पहचानना है तो प्रेम की पराकाष्ठा, सहनशीलता की पराकाष्ठा, और देश भक्ति की पराकाष्ठा इन तीनों का अगर कोई समन्वय है तो वह है कवि प्रदीप। कवि प्रदीप जी ने राष्ट्रभक्ति के साथ मानवता क्या है - मानव और भगवान का नाता क्या है - अमीरी गरीबी क्या है स्त्रियों का महत्व कई सारे विषयों पर अपना अमूल्य ज्ञान मानव जाति को प्रदान किया। उनकी सोच से अगर दुनिया

देखी जाए तो हर मानव हमारा है ऐसा भावार्थ उनकी कविताओं में मिलता है

गौहरजान

एक ऐसी गायका जिनके माता-पिता आर्मेनियन थे। ठुमरी गायकी की मशहूर कलाकार गौहरजान का जन्म सन् 1870 मे उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ नामक गांव में हुआ था। इनकी माता विक्टोरिया उत्तम गायिका थी। गोहरजान बचपन से ही संगीत से प्रभावित थी और सुंदर भी दिखती थी साथ ही में उनकी आवाज भी बहुत सुंदर थी। रामपुर निवासी गायक नजीरखान और मशहूर संगीतकार प्यारे साहब जैसे विद्वानों इनको गुरु के रूप में मिले थे। गौहरजान संगीत विद्या में तो पारंगत थी ही उनके साथ साथ बहुत सारी भाषाओं में भी उनका प्रभुत्व था। संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं के अभ्यास से संस्कृत के प्राचीन भारतीय संगीत शास्त्र का अभ्यास उन्होंने किया था और कैप्टन विलार्ड रचित अंग्रेजी ग्रंथ म्यूजिक ऑफ हिंदुस्तान का अभ्यास भी पूर्ण किया था। तदुपरांत फ्रेंच, इटालियन, और यूरोपीय भाषाओं पर उनका अद्‌भुत वर्चस्व था। इन सभी भाषाओं में उनके गाए हुए गीत का रिकॉर्ड भी है साथ में भारतीय भाषाओं में गुजराती, राजस्थानी, उर्दू और ब्रिज भाषाओं में बेशुमार गीतों का गान किया हुआ था। गोहरजान के कंठ में एक अद्‌भुत आकर्षण था उनकी तानों की फिरत भी बहुत स्पष्ट और सुंदर थी। ठुमरी गायन में उनके साथ स्पर्धा कर सके या उनकी तरह संगीत में जनता का प्रेम हासिल कर सके ऐसी गायका कोई नहीं हुई इसीलिए वह ठुमरी की सम्राज्ञी के रूप में जाने जाती थी। उनमें अभीनय कला भी थी इसी लिए ठुमरी गायकी में उनका कोई जवाब नहीं था। शास्त्रीय संगीत के साथ उपशास्त्रीय संगीत जैसे कि ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी इन गायकी के सब प्रकार में उनका विशेष अधिकार था। भाव और अभीनय के साथ उनका गाना दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता था संगीत प्रेमियों के साथ संगीत विद्वानों भी उनकी गायकी की तारीफ करने में कोई पीछे नहीं होते थे। राजा महाराजाओं के दरबारो में ओर बड़े-बड़े सिनेमाग्रहों में उनके प्रोग्राम सुनने के लिए बड़ी भीड़ लगती थी। जब

₹1 की कीमत बड़ी गिनी जाती थी उस वक्त विख्यात कलाकार अल्लाह दिया खान जैसे बड़े कलाकार लोग पूरे प्रोग्राम का चार्ज 50 रुपैया लेते थे उस वक्त गोहरजान के प्रोग्राम का पूर चार्ज 1000 रुपैया था ऐसी बातों से उनकी महानता का मूल्य हम पहचान सकते हैं। एक वक्त की बात है कि कोलकाता में ऐसा कानून था कि राजा रजवाड़ा के शाही परिवार के बिना चार घोड़े की बग्गी में बैठकर आम जनता के बीच में कोई निकल नहीं सकता था। परंतु गौहरजान और राजाशाही ठाठ-माठ के साथ चार घोडे की बग्गी मे निकलती थी और अंग्रेज अधिकारी कानून की ऐसी की तैसी करती थी। परंतु एकबार कोई अंग्रेज अधिकारी ने गौहरजान की बग्गी को कोई राजकुमारी की बग्गी को समजकर उनको सलामी दी उनके थोडे समय के बाद अंग्रेज अधिकारी को मालुम पडा की कोई राजकुमारी नहीं थी। तब उनका सिर शरम से जुक गया और वही अंग्रेज ने सिनियर अधिकारी से सिकायत की । उनके तहत गौहरजान को 1000 रुपिये का जुर्माना भरना पड़ा, परंतु अगली सुबह गौहरजान फिर से बग्गी लेकर निकल पड़ी। फिर हर दिन वो जुर्माना भरते और हर दिन बग्गी में निकलते। यह क्रम बन गया था। कई दिनों के बाद अंग्रेजों को संगीत के सामने झुकना पड़ा और अंग्रेज अमलदार ने गौहरजान को इस कानून से मुक्ति दे दी। साथ ही में माना कि वो कोई राजाशाही परिवार की रानी नहीं है परंतु अद्‌भुत संगीत की महारानी है। अंग्रेज अधिकारी ने ऐलान किया कि गौहरजान चार घोड़े की बग्गी लेकर कभी भी निकल सकती है, उनसे कोई जुर्माना लिया नहीं जाएगा । स्वातंत्र्य संग्राम में इनसे बड़ी क्या बात हो सकती है । वह अंग्रेज जो राजा रानी के नियम को भी तोड़ कर अपनी मनमानी चलाते थे परंतु एक संगीत की महारानी के पास अंग्रेजों ने सिर शर्म से झुका दिया था।

उपसंहार: स्वतंत्र संग्राम के दिनों में जो संगीत का समय इतिहास के सुनहरे पन्नों से मिटता चला जा रहा था उसी संघर्ष के समय में कलाकारों ने अपने संगीत को नहीं छोड़ा और इसलिए आज पूरे भारत को शास्त्रीय संगीत से विदेशों में पहचाना जाता है । स्वतंत्र

भारत आज राष्ट्रीय संगीत महोत्सव, नृत्य महोत्सव, सांगीतिक गोष्ठियां, सेमिनार जो भी कर रहा है वो श्रेय स्वतंत्र संग्राम के कलाकार को ही जाता है । उस समय में संघर्ष- स्वतंत्र की चाहना आदि का वर्णन " भारत में ब्रिटिश शासन के तहत स्वातंत्रीय संग्राम में कलाकारों का योगदान " इस शोध पत्र में किया गया है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ. अरुण कुमार सेन | भारतीय तालो का शास्त्रीय विवेचन | मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ
2. अकादमी / प्रथम संस्करण 1973 / एकेड्मी प्रेस दारागंज, इलाहाबाद -211006.
3. मनसुखलाल साचलिया / भारत के महान संगीतकारो
4. पं श्रीधर परांजपे/ भारतीय संगीत का इतिहास | चोखम्बा विद्याभवन चौक, वाराणसी
5. पुनर्मुदित संस्करण 2006
6. डो. भारती शर्मा / सांगितीक और धार्मिक परंपरा
7. संगीत शोध अंक जनवरी-फरवरी 1975 संगीत कार्यालय हाथरस उत्तर प्रदेश.
8. आचार्य कैलाश चंद्र देव –बृहस्पति/ राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
9. संगीत कला विहार पत्रिका /अखिल भारतीय गंधर्व मंडल मिरज.
10. संगीत चिंतामणि /आचार्य बृहस्पति 1989 /संगीत कार्यालय हाथरस उत्तर प्रदेश.

अमूर्त भारतीय संगीत विरासत के विकास में उस्ताद जाकिर हुसैन का योगदान

शशी राय - शोधार्थी
प्रो० पं० प्रेम कुमार मल्लिक - निर्देशक
संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह साझा दृष्टिकोण, मूल्य, प्रथा एवं एक निश्चित लक्ष्य को दिखाता है। सभी आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों में संस्कृति एवं रचनात्मकता का समावेश होता है। विविधताओं का भारत देश अपनी विभिन्न संस्कृतियों के लिए जाना जाता है। भारत में गीत-संगीत, नृत्य, नाट्य-कला, रंगमंच लोकपरम्पराओं, कला-प्रदर्शक, धार्मिक संस्कारों, चित्रकारी एवं लेखन आदि क्षेत्रों में एक विस्तृत संग्रह उपस्थित हो गई है जो ''अमूर्त सांस्कृतिक विरासत'' के रूप में जाना जाता है।

वैदिक युग में आर्यों द्वारा संगीत को धर्म, दर्शन, चिन्तन और योग से सम्बन्धित कर इस कला को अध्यात्मिक उन्नति का साधन माना था। व्यवहारिक रूप से संगीत भौतिक आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टियों से साधना का विषय रहा है। संगीत का उद्देश्य '**स्वान्तः सुखाय कला प्रयोजन आत्म कल्याण तथा बहुजन हिताय**' द्वारा **जन्य कल्याण** रहा है।[1] संगीत के अध्ययन का परम्परागत तरीका देश के संगीत संस्कारिक स्वरूपों के इतिहास एवं ढांचे का अध्ययन करना है। संगीत एक ओर जहां क्षणिक आनन्द प्रदान करता है वही दूसरी ओर प्रेम, भक्ति, उपासना इत्यादि उदात्त भावों की अभिव्यक्ति कर एक भाषा समान समाजिक साहचर्य की स्थापना करता है।

स्वतंत्रता के पश्चात् भारत सरकार का ध्यान संगीत की ओर गया। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, सांस्कृतिक मंत्रालय, कलकत्ता स्थित आई०टी०सी० (ITC) राष्ट्रीय महोत्सव, अंतराष्ट्रीय महोत्सव, संगीत सेमिनार, विचार संगोष्ठी का संयोजन उच्च स्तर पर किया जाने लगा। बड़े-बड़े संगीतज्ञों की स्मृति जयन्ती मनाने का कार्यक्रम भी इस दिशा में सफलतम प्रयास रहा।[2] इन कलाकारों व विद्वतजनों के कला व प्रयास से संगीत भारत की एक धरोहर व विरासत के रूप में चिन्हित हुआ। इन्हीं विद्वान कलाकारों में से एक कला प्रवीण व संगीत साधक है- **''उस्ताद जाकिर हुसैन''।**

भारतीय संगीत के तबला वादन के क्षेत्र में उस्ताद जाकिर हुसैन के अवदान के सम्बन्ध में देश ही नहीं अपितु विदेश भी अवगत है। इसका विशेष कारण है कि इन्होंने अपने कला से देश की जनता के संस्कृति व सांस्कृतिक जैसे कोमल पक्षों को स्वतंत्र रूप से वैश्विक स्तर पर विस्तार किया। उस्ताद जाकिर हुसैन आज वर्तमान समय के सुविख्यात अंतराष्ट्रीय कलाकार है। इनमें उत्कृष्ट तबला वादक होने की सहज प्रतिभा थी, तथा इनकी प्रतिभा के बीज को पल्लवित करने के लिए बाल्यावस्था से उन्हें सहयोग मिला। उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म पंजाब घराने के महान तबला वादक उस्ताद अल्लारक्खा के घर 9 मार्च सन् 1951 में पंजाब में हुआ। इनकी माता का नाम बावी बेगम था। जाकिर हुसैन अपने नाम के संदर्भ में ''जाकिर हुसैनः ए लाइफ इन म्यूजिक'' में बताते है कि उनका सरनेम कुरैशी या अल्लारक्खा कुरैशी होना चाहिए किन्तु एक दिन ज्ञानी बाबा नाम के संत उनके घर के द्वार पर प्रकट हुए मेरी मां को बावी बेगम के नाम पुकारा। किसी को पता नहीं था, कि उन्हें उनका नाम कैसे पता चला। ज्ञानी बाबा ने उनकी ओर देखा और कहा 'तुम्हारा एक बेटा है। अगले चार साल उसके लिए बहुत खतरनाक है, उसकी अच्छे से देखभाल

करना। वह तुम्हारे पति को बचा लेगा। बच्चे का नाम 'जाकिर हुसैन' रखिए।[3]

जाकिर का मतलब होता है-जो **'जिक्र'** करता है, जो भक्ति का एक रूप है जिसमें तालबद्ध रूस से अल्लाह के नाम को दोहराना तो जिक्र करने वाला अर्थात्-'जाकिर'। किसे पता था जिस बच्चे को अनकली ;न्दसनबालद्ध बच्चा कहा गया वह न सिर्फ अपने पिता व घराने का अपितु भारत व तबला वाद्य को देश-विदेश के कोने-कोने तक प्रसिद्ध किया। उ० जाकिर हुसैन ने वर्ष 1978 में कत्थक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की। वह इटैलियन थी और उनकी मैनेजर भी। उनकी दो बेटियां है, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। 11 साल की अल्प आयु में ही वह यात्रा करने लगे थे। 1970 में वे अपना अंतराष्ट्रीय कैरियर शुरू करने के उद्देश्य से यूनाइटेड गए थे। यही भारतीय संगीत को पूरे विश्व में विस्तृत करने का पहला चरण था। इन्होंने अपने तालीम व प्रतिभा से तबला और बाएं से कुछ विशेष नाद सौन्दर्य का विकास कर इन्हेांने स्वयं का ही एक निकास तंत्र निर्माण किया। जिससे न सिर्फ पंजाब घराना अपितु अपने प्रतिभा, रियाज, तैयारी, स्पष्टता व शुद्धता से स्वतंत्र व संगत वादन को एक नई दिशाा दी तथा इसका विस्तार भी किया तथा श्रोताओं को अनन्दित करने हेतु नवीन तकनीक से नए चमत्कृत तथ्यों को उत्पन्न किया। उ० जाकिर हुसैन साथ संगत के तंत्र में भी उत्कृष्ट थे। ये भी एक कारण था तबला वादन को विश्वविख्यात प्रसिद्धी मिलने का। गायन, बांसुरी, सितार, सरोद, संतूर नृत्य आदि के साथ अत्यन्त प्रभावात्मता के साथ संगत करते है। उ० जाकिर हुसैन पं० रविशंकर, उस्ताद विलयात खान, उस्ताद अली अकबर खान, पंण्डित हरि प्रसाद चैरसिया, पण्डित शिव कुमार शर्मा, पण्डित वी०जी० जोग, पं० भीमसेन जोशी, पं० जसराज जैसे कई महान संगीतकारों के साथ प्रदर्शन किया।

महज 12 साल की उम्र में इन्होंने सितारा देवी जैसी महान नृत्यांगना के साथ संगत प्रदर्शन किया। सुर सिंगार संसद बम्बई के आयोजन में पं० सामता प्रसाद जी को पं० बिरजू महाराज के साथ तबला संगत करना था किंतु सामता प्रसाद जी की उड़ान रद्द हो गई, तो महाराज जी ने सितारा जी को तबला वादक का सुझाव देने के लिए बुलाया और उन्होंने जाकिर जी को साथ ले जाने का निर्णय लिया। तब इनकी उम्र महज 14-15 वर्ष की थी। इनके द्वारा की गई नृत्य की साथ संगत के माध्यम से उनकी हाजिर जवाबी और उत्स्फूर्त वादन कौशल प्रतीति होती है तो हरिहरन की गज़ल के साथ की गई साथ संगत में सुगम संगीत की साथ संगत सुन्दरता के साथ कैसे की जाए इसका भी प्रतीति करवाया।4 जाकिर हुसैन ने केवल तबला वादक का रूप ही नहीं अपितु एक शिक्षक का किरदार भी निभाया है। 2005-06 में प्रिन्सटन यूनिवर्सिटी में म्यूजिक डिपार्टमेंट में प्रोफेसर, स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी विजिटिंग प्रोफेसर भी रह चुके है। इन्होंने वाशिंगटन विश्वविद्यालय से संगीत में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। 1990 में वह सितार वादक पं० रविशंकर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका गए, वहां दौर के बाद पं० रविशंकर ने उन्हें वाशिंगटन विश्वविद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्य करने की सलाह दी। उ० जाकिर हुसैन ने पहला प्लेनेट ड्रम एल्बम 1991 में रिलीज किया, इन्होंने तब अंतराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरी जब 1992 बेस्ट म्यूजिक एल्बम के लिए ग्रैमी अवार्ड मिला। उस समय इस क्षेत्र में यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने। भारतीय संगीत के विकास में इनका योगदान यही नहीं रूका। उनकी उपलब्धियां व योगदान का वर्णन इस प्रकार है-

- ग्लोबलड्रम प्रोजेक्ट एल्बम ने वैश्विक स्तर पर 8 फरवरी 2009 को 51वें ग्रैमी अवार्डस सेरेमनी में ग्रैमी अवार्ड पुनः जीता।
- मलयालम फिल्म वनाप्रस्थ के लिए इन्होंने एक संगीतकार कार्यकर्ता और भारतीय संगीत सलाहकार के रूप में भी कार्य

किया। जिसे 1999 के **AFI LOS Angels International Film Festival** में इस फिल्म को ग्रैंड जूरी पुरस्कार के लिए नामिनेशन किया गया था। किन्तु 2000 में इन्हें इस्तानबुल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया साथ ही 2000 में ही मुम्बई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल तथा नेशनल फिल्म अवार्ड्स भी जीता।

- जाकिर हुसैन के सभी योगदान में इनका इतिहासिक योगदान 'शक्ति' भी शामिल है जिसकी स्थापना उन्होंने जान मैक्लाफीलन, रामनाथ सहावन, विकुक विनायकम के साथ किया। इस समूह की 20वीं वर्षगांठ के दूसरे संस्करण में समूह का नाम ^Remember Shakti*रखा।
- 1988 में जब इन्हें पद्मश्री का पुरस्कार मिला तब वह महज 27 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।
- 2002 में पद्मभूषण से सम्मानित भी किया गया था।
- 1990 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
- 1999 में इन्हें यूनाइटेड स्टेट नेशनल ऐगेमेंट द्वारा कला के क्षेत्र में भी पुरस्कृत किया गया जो किसी भी कलाकार एवं संगीतकार को मिलने वाला सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक है।
- 28 सितम्बर 1999 को National Fellowship के National Endowment for the Arts के लिए संयुक्त राज्य सीनेट के प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन द्वारा पारम्परिक कला के मास्टर के रूप में सम्मान किया।
- 2006 में कालिदास सम्मान, मध्य प्रदेश सरकार की ओर से असाधारण उपलब्धि के लिए प्रदान हुआ।
- गोल्डन स्ट्रिग्स आफ द सरोद के लए आशीष खान के साथ जाकिर हुसैन को भी सर्वश्रेष्ठ पारम्परिक विश्व संगीत एल्बम श्रेणी में ग्रैमी के लिए 2006 में नामांकित किया गया था।
- 18 जनवरी 2017 को सैन फ्रांसिस्को जैज़ सेंटर ने जाकिर जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया।

- 2016 में जाकिर हुसैन व्हाइट हाउस में आयोजित ऑल-स्टार ग्लोबल कान्स्ट में भाग लेने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा आमंत्रित किए जाने वाले पहले भारतीय कलाकार बने।

इस प्रकार विविध प्रकार से उ० जाकिर हुसैन ने समय समय पर अपने कला व प्रतिभा से भारतीय संगीत व तबला वादन का विश्व भर में प्रसिद्ध किया। जाकिर हुसैन ने बहुत से फिल्मों में एकल संगीत और विविध बैंड के साथ भी संगीत दिया है। इन्होंने एकल व ग्रुप दोनों ही तरह के प्रदर्शन अपने जीवन में किया है। उनके द्वारा किए गए सामूहिक एक एकल प्रदर्शन में 1987 में हुसैन ने अपना पहला एल्बम मेकिंग म्यूजिक जारी किया जिसे सबसे अधिक प्रेरित ईस्ट-बेस्ट फ्यूजन एल्बमों में से एक घोषित किया गया था। सन् 1998 को 'जाकिर एण्ड हिज फ्रेंड' और 'दी स्पीकिंग हैण्डः जाकिर हुसैन' भी शामिल है। जाकिर हुसैन बिल लास्वेल के ''वर्ल्ड म्यूजिक सूपागूरप'' के तबला विज्ञान के सदस्य भी है। इन्होंने इनकस्टडी, लिटिल बुद्धा (1993), साज (1997), वानप्रस्थम (1999), द मिस्टिक मैसैर (2001), मिस्टर एण्ड मिसेज अय्यर (2002), वन डालर करी (2003), परजानिया (2005) फार रियल (2009) में बेहतरीन संगीत दिया तथा साथ ही उन्होंने कई डाक्यूमेट्री फिल्मों व फिल्म जैसे कि जाकिर एण्ड हिज फ्रेंड, 'दि स्पीकिंग हैण्डः जाकिर हुसैन, द आर्ट आफ द इण्डियन ड्रम, हिट एण्ड डसट, द परफेक्ट मर्डर, मिस बैटीज, चिल्डर्स इत्यादि में अभिनय पक्ष का भी बखूबी प्रदर्शन किया। भारतीय शास्त्रीय संगीत व तबला वादन के विकास में इनके निरन्तर योगदान को कोई नहीं भूल सकता। इन्होंने अपने कला समृद्ध सम्पत्ति से भारतीय संगीत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। समाज में तबला वादक की स्थिति को उच्च करने में इन्होंने सराहनीय योगदान दिया।

फुटनोट

1. शर्मा स्वतंत्र, सौन्दर्य, रस एवं संगीत, पृ०सं० 369
2. शर्मा स्वतंत्र, सौन्दर्य, रस एवं संगीत, पृ०सं० 372-373
3. कबीर मुन्नी-जाकिर हुसैन: ए लाइफ इन म्यूजिक, पृ०सं० 2
4. मईणकर सुधीर, तबला वादन, कला और शास्त्र, पृ०सं० 257

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. कबीर मुन्नी नसरीन, जाकिर हुसैन: ए लाइफ इन म्यूजिक, हार्पर कोलिन पब्लिशर्स इण्डिया, 2018
2. मईणकर सुधीर, तबला वादन, कला और शास्त्र, अ० भा० गांधर्व महाविद्यालय, मण्डल मिरज
3. शर्मा स्वतंत्र, सौन्दर्य, रस एवं संगीत, अनुभव पब्लिशिंग हाउस इलाहाबाद, 2015
4. श्रीवास्तव गिरीशचन्द्र, लय ताल विचार मंथन, रूबी प्रकाशन, इलाहाबाद तृतीय संस्करण, 2006

प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का स्वतंत्रता-संग्राम एवं तबला के क्षेत्र में योगदान

सारंग डोडिया
मिलन डोडिया - शोधछात्र
द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा, वड़ोदरा

शोधसार
प्रस्तुत शोधपत्र में प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी की जीवनी, स्वतंत्रता में उनका योगदान, गुरु-शिष्य परंपरा का पालन, गुरुभक्ति, कला एवं कलाकार के तौर पर सक्सेनाजी, इन विषयों पर प्रकाश डालने का विनम्र प्रयास किया है। प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी के जीवन के अलग अलग पहलू को संक्षिप्त में दर्शाने का प्रयत्न किया गया है।

मुख्य बिंदुः स्वतंत्रता, कला, जीवनचरित्र, गुरु-भक्ति, शिक्षण, राष्ट्रवाद, संघर्ष

प्रस्तावना: १५ अगस्त १९४७ यानि हिंदुस्तान के लिए ऐतिहासिक एवं सुवर्णदिन । किंतु इस दिवस को सुवर्ण कहने से पूर्व हिंदुस्तान को ब्रिटिश हुकुमत से आज़ादी दिलवाने में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद करना एवं उनके अमूल्य व नोंधपात्र योगदान की प्रशंसा करना हमारा कर्तव्य एवं फर्ज हैं। गांधीजी, सरदार वल्लभभाई पटेल, विनोबा भावे, जवाहरलाल नेहरू, सरोजिनी नायडु ईत्यादि अनगिनत अहिंसावादी व्यक्तित्व हमारी स्वतंत्रता की लड़त में शामिल थे । वहीं दूसरे पक्ष में चंद्ररशेखर आजाद , लाला लजपतराय , भगत सिंह , सुखदेव, राजगुरू, सुभाषचंद्र बोस ईत्यादि क्रांतिकारी देशभक्त भी शामिल थे।

भारत की स्वतंत्रता में कलाकार: भारत देश ने सदियों से "वसुधैवकुटुम्बकम्" की भावना को स्वीकारा है, यहाँ विविध संस्कृति

के लोग मिल-झूल के रहते है। अतः भारत ने विश्व में "विविधता में एक्ता" की मिसाल कायम की है। हमारा भारत देश एक सांप्रदायिक देश था, है और रहेगा । आजादी के समय पर हर एक जाति, संप्रदाय एवं व्यवसाय के लोग अपनी और से यथाशक्ति योगदान देने के लिए तत्पर थे। इस कठोर समय दौरान कलाकारों का अमूल्य योगदान भी महत्वपूर्ण था। स्वतंत्रता की लडत व कला को जिवित रखने हेतु कलाकारों ने भी अथाग प्रयत्न किए थे। ऐसे कई नामी- अनामी कलाकार थे जिन्होंने आज़ादी की लडत में अपने आप को समर्पित कर दिया था किंतु उनका योगदान इतिहास में पंजीकृत नहिं हुआ है। ऐसे ही एक अद्‌भूत कलाकार - तबलावादक प्रोफेसर सुधीरकुमार सक्सेनाजी के बारे में एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया जाएगा।

स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी

जैसे कि हमने पूर्व पढा, प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी ने भी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपनी भूमिका निष्ठा पूर्वक निभायी और स्वतंत्रता की लडत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया व देश के लिए समर्पित रहे। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ़ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेड़ने का फ़ैसला लिया। ८ अगस्त १९४२ की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नाम दिया गया था। हालांकि गाँधीजी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर लिया गया था लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़फ़ोड़ की कार्यवाहियों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार, प्रतिसरकार की स्थापना कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफ़ी सख्त रवैया अपनाया फ़िर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लग गया।

"१९४२ के यह आपत्तिजनक एवं ऐतिहासिक समय के दौरान, प्रो सुधीरकुमार सक्सेनाजी, जो उस समय १९ वर्षीय युवा थे, उनके मन में भी स्वतंत्रता की चिंगारी जगी और वह भी अपनी स्नातक की पढ़ाई रोक कर गांधीजी के "हिंद छोडो" आंदोलन में शामिल हो गये एवं देश के हित व स्वतंत्रता के लिए घर से दूर रहे, इतना ही नहीं उन्होंने अपने कॉलेज में एक साल के लिए छुट्टी ले रखी थ थी।" ऐसे महान देशभक्त तबलावादक के बारे में लिखते हुए शोधार्थी को गर्व होता है।



प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी का परिचय

सुधीरकुमार सक्सेनाजी का जन्म ०५-०७-१९२३ में अलीगढ जिल्ले के बालीपाडा गाँव में हुआ था, जो उत्तरप्रदेश में स्थित है। कायस्थ परिवार में संगीत के प्रति बहुत अनुराग था; माता-पिता दोनों संगीत में रुचि रखते थे। किंतु प्रो. सुधीरजी की प्रतिभा के कारण सात वर्ष की आयु में ही, प्रथम गुरू उस्ताद बुन्दुखाँ के पास ही उनकी शिक्षा का प्रारंभ हुआ। प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी के अनुसार उन्हें बचपन से ही "लय" ने सम्मोहित किया था। तत्पश्चात उन्होने अजराडा घराने के महान कलाकार, तबला नवाज़ उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ साहब के संपर्क में आने के बाद विधिवत गंडाबंध शिष्य हो गये और उनकी श्रेष्ठ परंपरा आगे चलायी।

कला के प्रति प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी का योगदान प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी ने अपने जीवनकाल में अनगिनत एकलवादन के कार्यक्रम किए व अनगिनत श्रेष्ठ कलाकारों के साथ संगत की। उन्होने





हर क्षेत्र के कलाकार के साथ तबला संगत कि, फिर चाहे वो नृत्य हो या नाटक हो, वाद्य संगति हो यागायन। प्रो.सुधीरकुमारजी ने अपने जीवनकाल में कई दिग्गज, श्रेष्ठ व नामांकित कलाकारो से संगत कि है जिनमें गंगुबाई हंगल, उस्ताद सलामत अली खान(गायन), उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खान(सारंगी), बेगम अख्तर, अली अकबर खाँ(सरोद), पं.रविशंकर(सितार), बाबा अल्लाउद्दीन खाँ(सरोद), उस्ताद हलीम जाफर(सितार) ईत्यादि कई सारे दिग्गज व श्रेष्ठ दरज्जे के कलाकार शामिल है। प्रो.सुधीरकुमारजी लयकारी एवं सौंदर्य(एस्थॅटिक्स) को भली-भाँति जानते थे। तदुपरांत, उन्होंने एक पुस्तक भी लिखी है, जिसका नाम "The Art of Tabla Rhythm" है। इस पुस्तक का हिन्दी अनुवाद भी हुआ है।

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी का परिवार

प्रो. सुधीरजी एक साधारण किंतु कलाप्रेमी परिवार में जन्मे थे। पिता सदानंदजी शिक्षक थे और "जलाल" उपनाम से शायरी लिखते थे एवं माता कृष्णकुमारी जिल्ले की प्रथम महिला काउंसॅलर थीं। वह स्वरचित भजन गातीं थी व पिताजी संवादिनी बजाते थे, घर में संगीत का वातावरण था। सुधीरजी अपनी माता द्वारा लिखी हुई भजनावली पुस्तिका को मेले में, गा कर बेचते थे जिसकी किंमत एक आना रखी थी। सुधीरजी के सभी भाई-बहन कोई न कोई कला से जुडे हुए थे। सबसे बडे भाई पद्मभूषण डॉ. सुशीलकुमार दिल्ली युनिवर्सिटी में दर्शनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक थे एवं विश्वविख्यात विद्वान थे। बहन शीला सक्सेनाजी एम.ए. विथ फिलॉसोफि और दिल्ली की पाठशाला में आचार्य थीं। सुरेन्द्रकुमार विद्यार्थी काल से ही हॉलैंड, स्वीडन, लंडन में रहे व अंत में कॅनेडा स्थायी हुए। सुरेन्द्रकुमारजी ने अर्थशास्त्र में पी.एच.डी. की उपाधि ली और सहकारी क्षेत्र प्रवृत्ति के विश्वविख्यात

विद्वान थे। समग्र कुटुंब पर माँ सरस्वती देवी की अद्‌भूत कृपा दृष्टि थी व सभी सदस्य अपने क्षेत्र में उच्च पद पर रहे। प्रो.सुधीरकुमारजी का विवाह २०-०४-१९५६ को श्रीमती प्रज्ञा छाया जो गायन विभाग की छात्रा व सुगम संगीत बहुत अच्छा गातीं थी और आकाशवाणी की बी+ कलाकारा थीं, उनसे हुआ। प्रो.सुधीरकुमारजी को दो कन्यारत्न हिना एवं अर्चना प्राप्त हुए।

प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का शिक्षण

प्रो. सुधीरकुमार सिर्फ तबला ही नहीं बजाते थे, उस जमाने में उन्होने इंग्लिश विषय के साथ सायकॉलोजी, पॉलिटिकल सायन्स विषय लेकर स्नातक की उपाधि हांसिल की थी और साथ ही साथ तबले का रियाज भी चलता था। भाग्यवत उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ मेरठ में ही रहते थे एवं प्रो. सुधीरजी का माध्यमिक शिक्षण भी मेरठ में ही हुआ। संयोगवश यह संभव हुआ की उस्ताद छात्रावास मे आकर उन्हें तबले की शिक्षा दिया करते थे, कभी सुधीरजी उस्ताद के यहां चले जाते थे। इस प्रकार प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का आगमन अज़राडा घराने में हुआ।

तबला के प्रति सम्पूर्ण समर्पित सक्सेनाजी



बचपन से हरेक घर के सभी बच्चे घर में मेज पर खाली डिब्बों पर हाथ से तबला बजाने की कोशिश करते है। इसी तरह सुधीरजी भी बजाते थे। किंतु सभी बच्चे तो तबला वादक नहीं बनते। परंतु ईश्वरी कृपा से यह छोटीसी आदत एक आशीर्वाद के रूप में साकार हुई। इन्हीं के रिश्तो में से इनके चचेरे भाई ने अपनी तबले की जोड़ उन्हें दे कर विदेश चले गये। फिर क्या, दिनके तीनों प्रहर सुधीरजी

तबला बजाया करते थे। यह देखकर पिताजी ने उसी गाँव के तबला मास्तर " बुन्दुखाँ " के पास तबला सीखने के लिये भेजा और तबले की प्रारंभिक शिक्षा शुरु हुई। बुन्दुखाँ भी अजराड़ा घराने के ही थे। उस जमाने में गाना बजाना यह बात सुसंस्कृत घराने मे वर्ज्य मानी जाती थी! परंतु बच्चे की जिज्ञासा देखकर पिताजीने उस जमाने में यह कदम उठाया कि बच्चे को तबला सिखाने के लिये मास्टर रखा।

समाज में संगीत के प्रति जो तिरस्कारी भावना, उस तिरस्कार की भावना को समाप्त कर अपना कर्तव्य समझकर पिताजी ने अपने बच्चे तवले कि शिक्षा ग्रहण करने और साथ साथ स्कूलकी शिक्षा पाने में कोई कमी नही रखी। शिक्षा को प्रथम लक्ष्य के रूप मे रखा, अर्थात् पढाई पहले, बादमें तबला।

प्रो.सुधीरकुमारजी की जीवन परीक्षा

इसी दरमियान सुधीरजी को हाइस्कूल की शिक्षा हेतु मेरठ शहर जाना पडा। वहा उन्हें पिता द्वारा तीस रूपये प्रति माह जेब खर्च मिलता। उनके पारिवारिक नियमानुसार उन्हें हररोज सुबह उठकर कसरत करने की आदत थी, इसलिए वह नजदिकी व्यायाम शाला में जाया करते थे। कसरत करने के पश्चात शरीर को पर्याप्त पोषण चाहिए, इसकारण उन्हे भूख लगी रहती। सुबह का नास्ते में संपूर्ण आहार था किंतु वह दो रूपए में मिलता, अतः वे नास्ता नहिं करते एवं एक समय ही भोजन करते। उनके गुरु उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ के भोजन की व्यवस्था भी वह किया करते थे। परिवार व रिश्तेदारों को, सुधीरजी कैसे गुजारा कर रहे थे उसका भास था। अतः परिवारजन उनको सहाय करने के लिए तत्पर हुए किंतु वह स्वाभिमानी थे इसलिए सहाय न लेकर स्वयं ही अपने बलबूते पर आगे बढ़े। उन्होने तबला सिखाना शुरु किया। उन्हे स्कूल की परीक्षा के साथ जीवन की

भी कई सारी परीक्षाओं का सामना करना पडा और वह हर परीक्षा को उत्तीर्ण कर गये।

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी और हबीबुद्दीन खाँ

उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ से प्रथम मुलाकात : एक बार स्कूल मे गाना एवं तबला वादन की प्रतियोगिता रखी थी तब स्कूल में तबला वादन प्रतियोगिता में सुधीरजी ने भाग लिया था। परीक्षक के तौर पर हवीबुद्दीनखाँ साहब थे। उन्होंने सुधीरजी का तबला सुना। इस कार्यक्रम में उसी गाँव के बनिया बनवारीलालजी थे। उनका अनाज का व्यापार था। किन्तु उनको तबले की जानकारी थी उन्होंने हबीबुद्दीखाँ के पिताजी से तबला सीखा था। जब सुधीरजी का तबला वादन सुनने के बाद उस्ताद हबीबुद्दीनखाँ साहब ने बनवारीलाल को बुलाकर कहा कि अभी जिसने तबला बजाया उनका नाम क्या है? उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल के प्रिन्सिपल का लड़का सुधीरकुमार सक्सेनाजी है। उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ ने कहा "उसे शाम को मेरा तबला सुनने के लिये ले आना"। बनवारीलाल ने सुधीर से कहा "आज एक उस्ताद का तबला सुनने जाना है"।

उसी शाम को जिंदगी में पहला तबला वादन का कार्यक्रम सुनने का अवसर सुधीरजी को प्राप्त हुआ। और देखा कि सुबह जो परीक्षक थे उनका ही कार्यक्रम था। पहली बार किसीका तबला वादन सुना और तभी से मनोमन तय किया की यदि तबला सीखना है तो उस्ताद के पास ही। किन्तु ईश्वरी संकेत ही मानिये कि बनवारीलाल सुधीरजी को मिलवाने के लिये उस्ताद के पास ले गये और उस्ताद ने पूछा,"क्यों बेटे, हमारे पास तबला सिखोगे? "उसी समय सुधीरजी को लगा कि क्या यह आकाशवाणी तो नहीं हो रही है? उन्हों ने तुरंत "हाँ" कह दी और बाद में पिताजी की अनुमति ली। पिता के हाँ कहने पर शिक्षा का प्रारंभ हुआ।



उस्ताद हबीबुद्दीन खाँ और प्रो. सुधीरजी गुरु-शिष्य परंपरा का बेजोड एवं अनुठा उदाहरण है। हबीबुद्दीन खाँ कि वादन शैली का प्रभाव ही ऐसा था कि पूरे हिन्दुस्तान में तबले के घरानों में इनका नाम आदरपूर्वक लिया जाता था। उस्ताद सुधीरजी को छात्रावास मे आकर सिखाते थे। गुरु घर पर आकर सिखाये यानी सोने पे सुहागा! जब उस्ताद सिखाने आते थे तब सुधीरजी कभी कभी सोने का बहाना करते थे और उस्ताद को कहते थे, "आज में थक गया हूँ, आप ही बजाइये"। और उस्ताद बजाते तब कायदे का और बोलों की निकास कैसे करनी चाहिये उस पर ध्यान देते थे। कभी-कभी उस्ताद कहते थे कि क्या यह कायदा आता है? तब सुधीरजी कहते थे "नही आता है", उसे दुबारा सुनकर लिख लेते थे। क्योंकि, पहले उस्ताद लोग लिखने पर ध्यान नहीं देते थे, वे अपने शिष्यों को कभी भी सिखाते थे अर्थात् शिष्यको उसे याद ही रखना पड़ता था। वह याद रखे तो ठीक वरना उसे भूल जाओ! इसका कारण यह था कि उस समय के सभी उस्ताद शिक्षित नहीं थे। किन्तु उन्हें ईश्वर आशीर्वाद था, जिससे वे स्वयं ही अविष्कार करते थे। सभी संगीत विद्याओं में ऐसा ही चलता था। गुरु शिष्य परंपरा जब तक चली तब तक सही था, किन्तु कालान्तर से यह नष्ट होने लगी और संगीत के लिए खतरा सा हो गया। किन्तु सुधीरजी ने यह बात ठान ली और सभी क्रियात्मक चीजों को लिखकर इकट्ठा किया। जब कभी उस्ताद का कार्यक्रम बाहर गाँव होता था तब नगमे पर उनको सुधीर बाबु साथ दिया करते थे। और भी एक स्वार्थ उस्ताद का होता था कि जब भी उन्हें शराब चाहिये होती थी, तब उसका बन्दोबस्त सुधीरजी करते थे यानी उनको शराबखाने पर ले जाना , रास्ते मे सिगार जलाकर देना

इत्यादि। एक बात तो सत्य है कि सुधीरजी को न तो शराब का व्यसन था न सिगरेट का, किन्तु गुरु भक्ति और एक ही लगन थी सिर्फ तबला सीखना। आम समाज जिसे तिरस्कार के रूप में देखता था, उच्चवर्गीय लोगों को जो वर्ज्य था वहाँ भी सुधीरजी उस्ताद के साथ जाते थे। उन्होने कभी समाज की परवाह न की सिर्फ गुरु के पास तबला सीखना यह एक ही कर्तव्य समझकर अपना कार्य करते थे। साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान देते हुए मेरठ युनिवर्सिटीसे बी ए (इंग्लिश) के साथ अपना ग्रॅज्युऐशन पूरा किया, और साथ में पोलिटिकल सायन्स, और फिलॉसॉफी विषयों के साथ पास किया। एक बात तो निश्चित है कि उस जमाने में संगीत क्षेत्र में महाविद्यालय का पदवीधर हो ऐसे बहुत कम कलाकार पैदा हुऐ। उनमें सुधीरजी का नाम आता है।

प्रो. सुधीरकुमारजी : नोकरी व तबला



अपने मध्यम परिवार के घरों में एक रूढ़ि सी थी कि पढाई हो जाने पर नौकरी करना और माता-पिता को घर चलाने में सहाय करना। इस परम्परा का निर्वाह सुधीरजी ने भी किया और नोकरी की तलाश में उनको कलकत्ता में एक फैक्टरी में क्लर्क की नौकरी मिली। सुधीरजी ने कलकत्ता जा कर नौकरी स्वीकार कर ली। परंतु क्या किसी कलाकार का मन ऐसी नौकरी करने में लगेगा? इसलिए बाकी के समय में तबले का रियाज़ करते थे, उसके साथ साथ ट्यूशन भी करते थे। अचानक एक दिन ऑल इंडिया रेडियो पर श्रीमती गंगुबाई हंगलजी का कार्यक्रम तय हुआ था, तब सुधीरजी की मुलाकात उनसे हुई। उन्होने अपने साथ बजाने का उन्हें न्यौता दिया और सुबह के कार्यक्रम में इन्होंने गंगुबाई के साथ बजाया। नौकरी करने के पहले

उन्होंने काफी कलाकारो के साथ आकाशवाणी पर बजाया था। किन्तु कर्मधर्म संयोग से यह कार्यक्रम उनके मालिक ने सुना और दूसरे दिन मालिक का बुलावा आया। उन्हों ने कहा " नियमानुसार आप दो जगह पर नौकरी नही कर सकते"। तब सुधीरजी ने क्लर्क की नौकरी छोड़कर आकाशवाणी में ब66जाना शुरू किया। आकाशवाणी के स्टाफ आर्टिस्ट की हैसियत से कलकत्ता आकाशवाणी पर नौकरी शुरू की। उसके बाद दिल्ली आकाशवाणी पर उनकी नियुक्ती हुई।

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी का गुजरात में आगमन

प्रो.सुधीरकुमारजी आकाशवाणी के दिग्गज कलाकार थे, उन्हें बिना कोई ऑडिशन के आकाशवाणी में ए टोप ग्रॅड कलाकार का खिताब मिला था। ऐसा बहुत ही कम कलाकारो के साथ हुआ है। उस समय वे दिल्ली में रहते थे और आकाशवाणी में कार्यरत थे। एक बार उनका तबला वादन सुनने के लिए बड़ौदा के दि महाराजा सयाजीराव युनिवर्सिटी कीं वाइसचांसलर हंसाबेन मेहता भी आई हुई थीं। सुधीरकुमारजी का तबला सुनकर हंसाबेन अत्यंत प्रभावित हुए और उन्हें दि महाराजा सयाजीराव युनिवर्सिटी में पढाने के लिए निमंत्रण दिया। प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी ने भी वह निमंत्रण स्वीकार कर लिया और उन्हे बिना किसी औपचारिकता के, सीधे ही युनिवर्सिटी में तबला शिक्षक के रूप में १६-०७-१९५० में नियुक्त किया गया। जब उनकी नियुक्ति हुई तब तबला विभाग की स्थिति असंतुलित व बिखरी सी थी, सुधीरजी के आने के बाद उन्होने एक नया अभ्यासक्रम बनाया और युनिवर्सिटी से स्वीकृत करवाया; जिसमें तबलावादन के साथ साथ तबले की थियरी भी थी और अन्य विषय जैसे कि, फिजिक्स, इंग्लिश, सायकॉलोजी भी शामिल थे। कॉलेज ऑफ इंडियन म्यूज़िक, डान्स एन्ड ड्रामेटिक्स (हाल, फेकल्टि ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स) का सही मायने में विकास व प्रगति प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी के आने

से व उनके संगीत के प्रति प्रेम व निष्ठा से ही हुई है। तात्पर्य यह है कि प्रो.साहब चाहते थे कि हर विद्यार्थी सही मायने में कलाकार बने।

सुधीरकुमार सक्सेना: विद्यार्थी प्रिय शिक्षक





सुधीरजी का अपने छात्रों के प्रति प्रेम व उनको ज्ञान देने की पद्घति अनूठी थी। वह तबले के बोल व उनकी निकास को खास महत्त्व देते। उनके हिसाब से छात्र को पहले रचना बोल के याने कि पढंत करके बजाना होता था क्योंकि सुधीरजी कहते थे, "जिसकी पढंत साफ नहिं उसके बोल भी साफ नहि निकलेंगे।" सुधीरजी रियाज़ को महत्व देकर कहते कि सातत्यपूर्ण किया गया रियाज ही आपको सिद्धि दे सकता है। सुधी रजी छात्रों से अन्य विषय जैसे कि, खेलकूद, पॉलिटिक्स, इतिहास ईत्यादि विषयों पर रूचि पूर्वक चर्चा करते एवं वह टेबल टेनिस, चेस, कॅरम जैसी इनडोर गॅम्स भी खेला करते थे। इस के अलावा वह छात्रो को सही राह दिखाते व सचोट मार्गदर्शन भी देते, ताकि शिष्य का संपूर्णतः विकास हो और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। इसलिए यह कहना उचित है कि सुधीरजी एक निष्ठावान एवं विद्यार्थीप्रिय शिक्षक थे।

प्रो. सुधीरजी जैसे गुरुभक्त शिष्य थे, वैसे ही सुधीरजी के शिष्य भी गुरु के प्रति समर्पित थे। हरेक गुरु का शिष्य परिवार होता है, ऐसे ही प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी का भी विशाल शिष्य परिवार है। जिनमें

से कुछ प्रमुख नाम शोधार्थी यहां अंकित करना चाहेगा : १ स्व. गणपतराव घोडके, स्व. पी पी भोरवानी, श्री उमेशभाई मेहता, स्व. काळुराम भवरीया, श्री रविन्द्र निक्ते, स्व. मधुकर नानासाहेब गुरव, पं. श्रीधर पुष्कर, श्री चंद्रकांत भोंसले, पं. सुधीर माईणकर, प्रो. अजय अष्टपुत्रे, प्रो. गौरांग भावसार, श्री चंद्ररशेखर पेंडसे, श्री अनिलकुमार गांधी, श्री केदार मुकादम, श्री रमेशटंद्र भट, श्री नंदकिशोर दाते, श्री चिरायु भोळे, श्री श्रीकांत फाटक, श्री देवेन्द्र दवे, श्री विक्रम पाटिल, श्री रमेश बापोद्रा सुधीरकुमारजी के प्रमुख शिष्यगण है।

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी : एक अद्‌भूत व अद्वितीय व्यक्तित्व

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी में बचपन से ही एक अद्‌भूत कलाकार की प्रतिभा छलकती थी। वह उस जमाने के सुशिक्षित कलाकार थे एवं उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करके भी निराभिमानी, सरल जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। माध्यमिक शिक्षण दौरान आई कठिनाईयां एवं जीवन के संघर्ष में विनम्रता से काम लिया और अपनी कला को साथ में रखते हुए वे एक प्रेरणादायक जीवन जीए।

प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी एक ऐसे महान व अद्वितीय कलाकार हुए, जिनका व्यक्तित्व खूब प्रभावशाली एवं गहरी छाप छोड जाने वाला था। वह अजराडा घराने को जीवित तथा लोकप्रिय बनाने के लिए उन्होंने घराने के स्तम्भ-स्वरूप कार्य किया। प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी एक ऐसे सम्माननीय और दिग्गज कलाकार हुए कि, उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर दि महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी, फॅकल्टि ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स, तबला विभाग के शिष्यों द्वारा गुरुजी के स्मरण में



"PROF.SUDHIRKUMAR SAXENA JANMA SHATABDI MAHOTSAV" मनाया जा रहा है।

ये शताब्दी महोत्सव पूरे साल भर चलने वाला है जिसका संक्षिप्त में विवरण निम्नानुसार

- . बारह मासिक कार्यक्रम,
- . दो राष्ट्रीय स्तर कि कार्यशाला (पंडित सुशीलकुमार जैन-पंजाब घराना,तालीयोगी पंडित सुरेश तलवलकर) ,
- . प्रति सप्ताह कुल ४७ ऑनलाइन व्याख्यान
- . राष्ट्रीय शोधार्थी सम्मेलन
- . समापन समारोह – पंजाब घराना के पंडित योगेश समसी और अजराड़ा घराना के उस्ताद अकरम खान का स्वतंत्र वादन

इस तरह पूरे साल भर का भली-भांति से आयोजन किया गया है।

ऐसे महान एवं अद्‌भूत व्यक्तित्व, प्रो.सुधीरकुमार सक्सेनाजी के बारे में लिखकर शोधार्थी स्वयं को भाग्यशाली होने का अनुभव करता है।

संदर्भ सूची

1. http://shodhganga.inflib-net.ac.in/handle/10603/59097 /thesis/pendse,bhaskar sharadchandra
2. सक्सेना, सुधीरकुमार/ तबले की कला
3. माइणकर, सुधीर/ तबला वादन में निहित सौन्दर्य
4. Brochure/ प्रो. सुधीर कुमार सक्सेना जन्म शतब्दी महोत्सव
5. सक्सेना, हीना/ समसवेंदना
6. साक्षात्कार/ श्रीमती प्रज्ञा सुधीरकुमार सक्सेना/ २२-जून-२०२२

कला, कलाकार एवं स्वातंत्र्य संग्राम

डॉ. भावना जी. शिंगाला
आकाशवाणी राजकोट

કરો સંગ્રામ તમે કલાને સંગાથ
નિશ્ચિત પછી સફળતાનો નાથ

हा, यह कला की ताकात है... कला से जुड़ा हुआ हृदय सचमुच इतना ताकतवर होता कि वह अपनी कला के माध्यम से एक सबल संदेश लोगो तक पहुचाने में सक्षम होता है। "कला से दुनिया जीतो ।" इस तरह जब हम सुनते है तब पल भर हँसना आता है लेकिन यह सत्य है... कला इन्सान को, परिवार को समाज को और राष्ट्र को कहाँ पहुँचाता है इसका जीवंत दृष्टांत हमारे राष्ट्र की आझादी है।

कवि श्री झवेरचंद मेघाणी की कविताएँ, कविश्री रविन्द्रनाथ टागोर और कविश्री बंकिमचंद्रचटोपाध्याय के राष्ट्रगीत या उस समय में गाये हुओ लताजी के गीत जो स्वातंत्र्य संग्राम में जान डालते थे, लोगो के हृदय में देशप्रेम को जागृत करते थे... यह साहित्यकलाने और संगीतकला ने स्वातंत्र्संग्राम में जीत की आशा बढादी थी। एसे देखा जाए तो हमारे एक एक स्वतंत्र्यसेनानी ने देश के लिए अपने जीवन का योगदान दिया है। किन्तु उसके जीवन में उन्होंने जो कार्य किये है वो उसके अंदर छुपी हुई एक कला ही है, क्योंकि कला हर स्वातंत्र्य संग्राम में दिए हुए बलिदानो को जींदा रखती है। जो यह साहित्यकार न होते तो उस समयका इतिहास हमारे पास पहुँचा नहीं होता। उस साहित्यकारो ने गधांश और पधांश के स्वरूप में उस समय की परिस्थितिया को शब्दो में परोया है, तो शिल्पीओने अपनी शिल्पकला में पिरोया है, इसी तरह संगीतकार ने अपने संगीत के सहारे, स्वतंत्र्यवीरो का अपने बलिदान की यश गाथा को अमर कर दी है ।

बचपन में रेडियो पर से "सुनो सुनो ए दुनियावालो बापु की ये अमर कहानी सुनकर आँखो से आँसू रूक नहीं पाते थे... इस कलाकारोने अपनी कला द्वारा सबको प्रेरणा पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है । इसे सुनकर सब पहेचान जाते है कि यह महात्मा गाँधी सबके चहीते गाँधीबापु है.... असी बात सुनकर सब सोच लेते है कि यह लोखंडी पुरूष श्री सरदार वल्लभभाई पटेल है । स्वातंत्र्य संग्राम में महिलाओ ने क्या कम कार्य किए है ? सब आझादी की लड़ाई में जुड़ने के लिए तत्पर थी । प्रत्यक्ष रूप से जो महिलाएँ जुड़ी हुई थी उससे ज्यादा परोक्ष रूप से जुड़ी हुई थी। वो वीरांगनाएँ जो लडाई के मैदान में आझादी की लड़ाई में सबको वीरता के दर्शन कराती थी तो त्यागमूर्ति महिलाएँ अपने पति या पुत्र को आझादी की लड़ाई में जुड़ने के लिए प्रेरित या मूक्त करती थी। प्रणाम है उस भारतीय नारी को जिसने कलाकारो की कला देखकर अपने परिवार को तन मन धन से देश के लिए न्योछावर कर दिया।

हा... कनैयालाल मुनसी हो या इंदुलाल याझिक स्वतंत्र्य संग्राम की बातों को अनोखी शैली से साहित्य में गूँथ लिया है । इतना ही नहीं उस संग्राम में जुड़ कर अपने अनुभव को लोगो तक पहुँचाया है यानि साहित्यकला को लेके हम सब आझादी से पहले का जीवनदर्शन की कल्पना कर शकते है, आझादी की लडाई और स्वातंत्र्य वीरो के बलिदान की बात जब कोई कविता में सुनते है तब देशभक्ति हमारे नस नस मे बस जाती है... यह देशभक्ति की वीर रस से भरी बाते जब कोई संगीत के सहारे मिल जाती है तब वह रचना भावविभोर बनकर लोगो के हृदय को जीत लेती है ।

इसलिए ही यह जीते हुए लोगो के हृदयने स्वातंत्र्य संग्राम में अपना योगदान देने में पीछे मुड कर देखा नहीं है और हिन्दुस्तान को आझाद करा ही लिया। भारत को आझाद कराके ही रहे वो सपूत !... हा उसने

अपने परिवार या अपनी परवा किये बिना कला से प्रेरित होकर अपनी देशभक्ति की भावनाए प्रस्तुत करते थे बिना खचकाट देश के लिए रातदिन कुरबानी के लिए तत्पर रहेते थे। सलाम है उन शहीदो को जिसने अपनी कला को देश के लिए अर्पित कर दिया और उन शहीदो को और उन कुरबानियों को लता मंगेशकरने जीवंत रखा है देशभक्ति के इस गीत में "जो शहीद हुसे है उनकी जरा याद करो कुरबानी"।

शास्त्रो में ६४ प्रकारकी कलाओ का वर्णन है। 'एक निश्चित है कि हर कलाकार स्वातंत्र्य सेनानी नहि होते किंतु हर स्वातंत्र्यसेनानी कलाकार जरूर होते है।' इस पंक्ति के अनुसार कुछ नया सर्जन... कुछ नई रीत से किया हुआ कोई कार्य या तो कोई कार्य जो नियमित किया जाता है, उसे कोई अलग रीत से या तो विशेष शैली से किया जाए तो उसमें कला विशेष का दर्शन अवश्य करना चाहिए... और ऐसा ही कुछ हमारे स्वातंत्र्य सेनानीओने किया... हम जो कला के दृष्टिकोन से यह शहीदो का दर्शन करते है हमको कलाकार के दर्शन होते है, सचमुच सलाम करने का मन होता है, दर्शन करने की इच्छा होती है और ऐसा महसूस होता है कि कलातत्व या शहीदों में रहे कला के गुण ने उस स्वातंत्र्य संग्राम में अपना अलग ही अंदाज दिखाया था।

यदि देखा जाये तो हर एक, स्वातंत्र्य सेनानी एक कलाकार था ऐसा कहना कोई गलत बात नहीं है और उस संग्राम के समय में हो चूके कलाकार वो भी एक स्वातंत्र्य सेनानी थे। यह दोनो एक सिक्के की दो पहेलु है। कलारूपी गहने से सजे हुए हमारे उन वीर शहीदोने देश को सजा दिया था... और इस सजे हुए देश में आज हम मनभावन स्वतंत्रता के साथ विकास के पंथ पर आगे बढ. शकते है। सचमुच वंदन है उस कलाकार स्वातंत्र्य सेनानीओको जिसने अपनी कला

द्वारा परोक्षरूप से स्वातंत्र्य संग्राम में जुड़ कर प्रत्यक्षरूप से जुड़े हुए स्वातंत्र्य सेनानीओ को बल प्रदान किया... सहारा दिया और हिन्दुस्तान को आझादी दिलाने में अपना योगदान दिया। मैं एक दृष्टांत दिए बिना रह नहीं शकती, माननीय श्री मालतीदेवी चौधरी का... जो माननीय श्री नारायणभाई देसाई (गाँधीवादी गाँधीकथा के प्रणेता) की सास थी। यह मालतीदेवी श्री रविन्द्रनाथ टागोर के आरंभिक स्त्री शिष्यों में से एक थी । जो बहुत ही उमदा सितार बजाती थी। बिहार में २६ जुलाई १९०८ में उसका जन्म हुआ था। माता-पिता कमुदनाथ और स्नेहलता लाडली सुपुत्रीने शिक्षण प्राप्त किया। सितार बजाने के साथ साथ स्वातंत्र्य संग्राम में अनेक आंदोलन में प्रत्यक्षरूपी भाग लेके अपना योगदान दिया। अपने संगीत से भी उस आंदोलन में अनेक लोगो को जोड़ दिया। अनेक अवोर्ड से विभूषित यह मालती देवीने श्री जमनलाल बजाज अवोर्ड को नकारा था। एसा कह शकते है कि उन्होंने सितार के स्वर से सबने जूड लिया।

यह तो मात्र दृष्टांत है लेकिन ऐसे अनेक कलाकारो स्वातंत्र्य सोनानी थे और हर एक स्वातंत्र्य सेनानी में अनोखी कला थी। ऐसा अंत मे स्पष्ट रूप से कह शकती हूँ के

પરિચય છે મંદિરમાં મારો, મસ્જિદમાં ખુદા ઓળખે છે.
કલાકાર સ્વાતંત્ર્ય સેનાનીઓને કારણે, હિન્દુસ્તાનને દુનિયા
ઓળખે છે.

१९ वीं सदी और 20वीं सदी में कथक नृत्य का विकास और संगीत संस्थाएँ

हिरल मनिषकुमार भगत - शोधछात्र
डॉ. भारती राठोड - मार्गदर्शक

नृत्य कला

मनुष्यों का इतिहास जितना पुराना है। उतना ही कलाओं का इतिहास पुराना है । भारतीय संस्कृति एवं धर्म आरंभ से ही मुख्यत नृत्यकला से जुडे रहे है । नृत्यकला के देवाधी देव भगवान शंकर (नटराज) को माना गया है। कहा जाता है की देवराज इन्द्र भी एक अच्छे नर्तक थे । इससे यह प्रतीत होता है की भगवान की उत्पत्ति जब से है तब से ही दुनीया मे नृत्यकला मौजूद है। नृत्य कला एक प्रकार का सशक्त आवेग है। मनुष्य के जीवन के दोनो पक्ष सुख-दुख में नृत्य हृदय के व्यकत करने का अचूक माध्यम है। नृत्य एक ऐसा आवेग है, जिसे कुशल कलाकारों के द्वारा ऐसी क्रिया में बदल दिया जाता है, जो गहन रूप से अभिव्यक्ति पूर्ण होता है। नृत्य अंगों और भावों को सौंदर्यमयी भाषा है। शरीर विज्ञान, मनोविज्ञान व विकासवाद के सिद्धांतों में विश्वास रखनेवाले विद्वान मानवीय सभ्यता के विकास में नृत्य का महत्वपूर्ण योगदान मानते हैं।

परिवर्तन संसार का नियम है। इसी तरह नृत्य कला के विकास में समय के साथ परिवर्तन आये है। भारतीय नृत्य उतने ही विविधतापूर्ण है जितनी हमारी संस्कृति है। नृत्य को दो भाग में विभाजीत कीया जा सकता है -शास्त्रीय नृत्य तथा लोकनृत्य । वर्तमान समय मे भारत में आठ शास्त्रीय नृत्य प्रचलीत है। भरतनाट्यम् ,कथकली, कथक, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम्, कुचिपुडि और सत्रिया ।

नृत्य के इतिहास और विकास की ओर दृष्टि करे तो प्रतीत होता है कि अलग-अलग काल और युग में नृत्य का विकास होता रहा है जिसमें प्रागैतिहासिक काल, वैदिक काल, रामायण काल, महाभारत काल, जैन एवं बौद्ध धर्म काल, पूर्व मध्यकाल, शुंग काल, कनिष्क काल, नाग तथा परवती काल, गुप्त काल, हर्षवर्धन युग, राजपूत काल, इन सभी कालों में नृत्य का विकास समय और परिस्थिति के अनुसार होता रहा है । आदि विद्वानों के मत से भारतीय नृत्य कला के इतिहास को मोटे तौर से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम भाग ई. पूर्व दूसरी शताब्दी से लेकर नवमी दसवीं शताब्दी तक माना जाता है जिसे हम हिंदू राजाओं का काल कह सकते हैं और दूसरा भाग 10वीं , 11वीं शती से आठवीं शताब्दी तक माना जाता है। जिसे मुसलमान बादशाहो का काल माना जाता है। हिंदू राजाओं का काल भारतीय नृत्य कला का विकास काल है। जिस प्रकार उस युग में पूरे भारत की भाषा संस्कृति आचार विचार में एकरूपता थी इसी प्रकार तत्कालीन संगीत व नृत्य की परंपराओं में भी एकरूपता थी ।

ई. सन् 1000 से 1290 तक का काल भारत में मुसलमानों के आवागमन व इस्लामी धर्म के अभ्युदय का काल था भारतीय इतिहास के इस संक्रमण काल का अपना मौलिक महत्व है। उत्तर मध्यकाल की ओर दृष्टि करे तो उसमें इस्लामी सत्ता, खिलजी युग, तुगलक एवं लोदी युगका समावेश होता है। मुगल काल मैं नृत्य कला में कई प्रकार के परिवर्तन हुए थे। यूरोपीय जातियों का भारत में आगमन व सत्ता प्राप्ति का काल भारत के सांस्कृतिक इतिहास का चतुर्थ संक्रमण काल है इस काल को हम भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण काल भी कह सकते हैं, क्योंकि एक डेढ़ शताब्दी की इस संक्षिप्त अवधि में भारत में सामाजिक, राजनीतिक कला धर्म व साहित्य के क्षेत्र में जिस जागृति व क्रियाशीलता का विकास हुआ वह सभी दृष्टियो में स्तुत्य है।

19 वीं सदी में कथक नृत्य की स्थिति

आज का कथक का जो स्वरूप सामने आया है वह 900 बरस की मुस्लिम सत्ता तथा डेढ़ सौ बरस की ब्रिटिश सत्ता के प्रभाव की ही देन है। 19वीं शताब्दी में यूरोपीय सभ्यता का अभ्युदय हुआ मुस्लिमों की तरह यह लोग भी अपने साथ पश्चिमी संगीत व नृत्य लेकर आए। जिस प्रकार 10 वीं शताब्दी में मुस्लिमों के आक्रमण से सामाजिक व सांस्कृतिक परिवर्तन हुए उसी प्रकार यूरोपीय सत्ताने भारत के सामाजिक क्षेत्र में फिर एक बार हलचल पैदा कर दी मुगल काल में जो पश्चिमी यात्री भारत आए वह कथक को महफिलों में देखकर अपने साथ एक मिथ्य धारणा लेकर गए जिसके कारण वे इसे नीचे दृष्टि से देखते थे इस बीच कथक नाच के रूप में समाज में अपनी गरिमा खोता जा रहा था। ब्रिटिश शासन के प्रारंभ में नृत्य व संगीत को कूलिंग वर्गों में बुरा माना जाने लगा इस समय की गरिमा को ठेस पहुंची | ई. 647 से 1000 ई. सन तक मुख्यतः राजपूत काल रहा है मध्यकाल की इस समय अवधि में जब नृत्य , संगीत अपने पैर जमा चुका था तब उसी समय में कथक नृत्य में भी विभिन्न कला साधक को और नृत्याचार्यों का एक स्वतंत्र नृत्यांग विकसित हुआ । जिसने आगे चलकर घरानो का रूप लिया। इसी तरह "घरानों की परंपरा " मध्य काल के राजपूत काल की ही महत्वपूर्ण धटना थी जिसे वर्तमान काल में भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। "उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्व व्यक्ति विशेष के नाम से कथक के घराने कायम किये जाते थे किंतु सन् 1895 ई. में माधोसिंह ने जयपुर में विद्वानों की एक सभा बुलाई और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि व्यक्ति विशेष के नाम के बजाय स्थान के आधार पर घराने कायम किये जाएँ। इस सभा में जयपुर, लखनऊ एवं बनारस के श्रेष्ठ कथक - नृत्यकारों को आमंत्रित किया गया था। सभा में लखनऊ एवं जयपुर घराने के अस्तित्व को सबने स्वीकार किया। इन दोनों घरानों के

कायम होने के बाद बनारस वालों ने भी अपनी विशिष्ट शैली के कारण बनारस घराने की बात कहीं। जिसे मान्यता दी गई और तीसरा घराना बनारस घराने के नाम से प्रसिद्ध हुआ ।

ब्रिटिश शासन के औपनिवेशिक काल (1957-1947) के दौरान, स्वदेशी शास्त्रीय भारतीय नृत्य रूपों और अन्य कलाओं को विभिन्न कारणों से नीचा दिखाया गया। मंदिर नृत्य देवदासियों, भगवान के सेवकों के वर्ग से जुड़ा था, जिन्हें बदनाम महिलाओं, वेश्याओं के रूप में माना जाता था। 1920 के दशक के उत्तरार्ध में, उदय शंकर जैसे अग्रदूतों के प्रयासों के माध्यम से भारतीय नृत्य ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मोर्चों पर अपनी छाप छोड़ी। भारतीयों ने अपनी विरासत और विभिन्न नृत्य परंपराओं की खोज की। मंदिरों के अलावा जहां नृत्य अनुष्ठान प्रक्रियाओं का एक हिस्सा था, शाही दरबार में नृत्य मौजूद था, जहां नर्तक अपने संरक्षकों के लिए प्रदर्शन करते थे। ब्रिटिश शासन की प्रतिक्रिया के रूप में, बुद्धिजीवियों ने एक दृश्यमान राष्ट्रीय पहचान की मांग की और बाद में, स्वदेशी कलाओं को पुनर्जीवित किया। नृत्य राष्ट्रीय कार्य का हिस्सा बन गया।

कथक नृत्य के क्षेत्र में परंपरागत शिक्षा के समांतर आधुनिक काल में संस्थागत शिक्षण प्रणाली प्रारंभ हुई। 19वीं शताब्दी के अंत में ही कुछ संगीत संस्थाओं के प्रारंभ होने की जानकारी प्राप्त होती है, परंतु बीसवीं शताब्दी का आरंभ शिक्षण संस्थानों के साथ हुआ अंग्रेजों द्वारा नई शिक्षा नीति तत्कालीन भारत में लागू की गई। इसका उद्देश्य था कि सभी वर्ग के व्यक्तियों को शिक्षा का अधिकार होगा अंग्रेजों द्वारा स्थापित संस्था के परिवर्तनों के साथ स्वीकार करते हुए भारत के कुछ प्रमुख संगीतकारों, संगीत प्रेमियों, समाज सुधारकों ने संगीत व नृत्य कला को जीवित रखने और समाज में उचित स्थान दिलाने के उद्देश्य

से भारतीय संगीत को नवीन शिक्षण पद्धति के अंतर्गत लाने का सफल प्रयास किया।

तत्कालीन विद्वानों द्वारा संस्थाओं में संगीत को एक विषय के रूप में स्थापित किया गया इन विद्वानों में विष्णु नारायण भातखंडे (१८६०ई.),गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर(१८६१ई.),महाराजा सयाजीराव गायकवाड- तृतीय (१८६३ ई.), विष्णु दिगंबर पलुस्कर(१८७२ ई.),राजा चक्रधर सिंह (१९०५ई.) आदि के नाम उल्लेखनीय है।

ब्रिटिश काल में स्थानीय संगीत संस्थाएं :

- १८८१ महाराजा सयाजीराव संगीत महाविद्यालय बडौदा (भातखंडे जी)
- १९०१ गंधर्व संगीत महाविद्यालय (पलुस्कर जी)
- १९१८ माधव संगीत महाविद्यालय ग्वालियर
- १९२६ मेरीस कॉलेज ऑफ हिंदुस्तानी म्यूजिक
- १९२६ प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद

इस युग में भारतीय संगीत-साहित्य की वृद्धि की और भी अनेक देशी-विदेशी विद्वानों का ध्यान गया और अनेक उत्कृष्ट कोटि के ग्रंथ लिखे गए। विदेशियों में सर्वप्रथम कैप्टन एन. ए. विलर्ड ने सन् 1834 ई. में "ए. ट्रिटीज ऑन दी म्यूजिक ऑफ हिन्दुस्तान" लिखकर पाश्चात्य देशों का ध्यान भारतीय संगीत की ओर आकृष्ट किया। इनके बाद कर्नल पैंटर, मि. इलियस, मि. हिपकिन्स, मि. क्लीमेंट्स, मि. डेविल, मि. फॉक्स आदि ने भारतीय संगीत के इतिहास पर महत्त्वपूर्ण ग्रंथों का सृजन किया। भारतीय विद्वानों में सर सौरिन्द्र नाथ टैगोर का "दी युनिवर्सल हिस्ट्री ऑफ म्यूजिक' 19 वीं शताद्वि के उत्तरार्ध में लिखा गया इस विषय का एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। पं. भातखण्डे जी की क्रमिक पुस्तक मालिका, संगीत शास्त्र, लक्ष्य संगीतम् आदि सभी ग्रंथ इसी काल में लिखे गए। कला के विकास एवं उत्थान के क्षेत्र में बड़ौदा के महाराज सयाजीराव का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है

इन्होंने देश में सर्वप्रथम एक ऐसी संस्था की नींव रखी जहां संगीत कला को प्रमुखता से स्थान दिया गया इस संबंध में प्राप्त उल्लेख के अनुसार महान कला प्रेमी सयाजी गायकवाड ने इस देश में संगीत के प्रथम विद्यालय की स्थापना बड़ौदा नगर में फरवरी मैं 1881 मे की ।

इस युग में भारत की समस्त शास्त्रीय नृत्य शैलियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित होने का अवसर प्राप्त हुआ। 20 वीं सदी के पूर्वार्ध में ही कवि वल्लथोल नारायण मेनन ने त्रावणकोर में "केरल कला मण्डलम्" की स्थापना कर कथकली नृत्य के प्रदर्शन क्रम को नवीन स्वरूप दिया और विदेशों में इसके प्रदर्शन आयोजित करवाए। इस संस्था से कई अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के कलाकार निकले, जिनमें गुरू गोपीनाथ, रीता देवी, रागिनी देवी आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस काल में कथकली के अन्य उन्नयकों में शिव शंकरन् नम्बुदरी का नाम भी आदरपूर्वक लिया जाता है। मद्रास की श्रीमती रूक्मिणी देवी अरुण्डेल ने रूस की प्रख्यात बैलेरिना अन्ना पावलोवा से सन् 1926 ई. के लगभग प्रेरणा प्राप्त कर भरतनाट्यम नृत्यशैली के प्रचारप्रसार व शिक्षा-दीक्षा के लिए अड्यार में "कलाक्षेत्रम्" की स्थापना की और देवदासियों के पारम्परिक नृत्य को नवीन रूप-सज्जा प्रदान कर अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में लोकप्रिय बना दिया। इस युग के भरतनाट्यम के अन्य प्रख्यात कलाकारों में गुरु मीनाक्षीसुन्दरम् पिल्लई तथा श्रीमती बाला सरस्वती के नाम विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं।

कथक नृत्य के संदर्भ में देखा जाए तो उत्तर भारत के कथक नृत्य को सर्वप्रथम पश्चिमी देशों में लाने का श्रेय मैडम मेनका को जाता है। सन् 1936 ई. में बर्लिन में इण्टर नेशनल डांस ओलम्पेड में इन्हें शास्त्रीय नृत्यों के लिए तीन पुरस्कार भी प्राप्त हुए थे। वहाँ से लौटने

पर इन्होंने खण्डाला में "नृत्यालयम्" नामक संस्था की स्थापना भी की थी। कथकनृत्य के प्रचार प्रसार और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान की दृष्टि से मैडम मेनका का प्रयास निसंदेह उल्लेखनीय है।विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कथक नृत्य को विषय के रूप में लेकर इसकी शिक्षा प्रदान की जाने लगी धीरे-धीरे के प्रचार-प्रसार का कार्य भी प्रारंभ हुआ घरनेदार परंपरा भी थोड़ी सरल हुई श्री बहोरे ने पूर्व लिखित लेखों में कथक गुरु लच्छू महाराज द्वारा मुंबई में संस्था का प्रारंभ करने का उल्लेख किया है जिसके अनुसार अपने मुंबई प्रवास के दौरान लच्छू महाराज ने दादर में "नृत्य निकेतन" नाम से एक संस्था की स्थापना की । स्कूल के चलते उन्होंने अनेक स्थापित कथक नर्तकीयौं व नर्तक को प्रशिक्षित किया । यद्यपि गुरु लच्छू महाराज तत्कालीन लखनऊ घराने के वरिष्ठ कथकाचार्य थे । प्रतीत होता है कि उन्होंने भी समयानुकूल संस्था की स्थापना कर आधुनिक शिक्षण पद्धति को स्वीकार कर लिया था ।आधुनिक काल में भारत में प्रमुख शहरों में धीरे-धीरे ऐसी संस्थाएं प्रारंभ की गई जहां कथक नृत्य की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था थी। वास्तव में स्थापित हो रही संस्थाओं में परंपरागत शिक्षण पद्धति और आधुनिक शिक्षा पद्धति का मिलाजुला रुख देखने को मिलता है। अर्थात् कथक के प्रबुद्ध कथकाचार्यों ने अपनी अपनी संस्थाओं की स्थापना की और उन संस्थाओं में गुरु-शिष्य परम्परा के अनुरूप शिक्षण प्रदान करने लगे। इस संबंध में गुरु लच्छू महाराज की ही भाँति जयपुर घराने की शिष्य परम्परा के प्रमुख कथकाचार्यों में से एक गुरु मोहनराव कल्याणपुर का नाम भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

डॉ. माया टाक ने उल्लेख किया है, कि श्री कल्याणपुरकर ने वर्ष 1937 में लखनऊ में 'महाराज बिन्दादीन स्कूल ऑफ़ कथक' का प्रारंभ किया तथा दो वर्षों के बाद कल्याणपुरकर जी 'मैरिस कॉलेज ऑफ़ हिन्दुस्तानी म्यूज़िक' में कथक शिक्षक के रूप में नियुक्त

हुए।स्वतंत्रता से पूर्व भारत में कथक नृत्य शिक्षा की दृष्टि से अनेक सार्थक प्रयास किये गये, जैसा कि अध्ययन से स्पष्ट है। घरानेदार गुरुओं व उनके वंशजों के साथ साथ शिष्य परम्परा में सीखे हुए कलाकारों ने भी अपनी-अपनी संस्थाओं के माध्यम से कथक नृत्य की शिक्षा प्रदान करने लगे। अर्थात् इन संस्थाओं में परम्परा और आधुनिकता दोनों का समावेश था। साथ ही कुछ महाविद्यालयों की भी स्थापना इस समयावधि में हुई जहाँ कथक को एक विषय के रूप में स्थान प्राप्त हुआ। कहीं न कहीं सभ्य समाज ने भी कथक नृत्य को सभ्यतापूर्ण दृष्टि से देखना प्रारंभ किया। परिणाम यह हुआ कि देश में स्थापित छोटी-बड़ी संस्थाओं में कथक नृत्य का प्रचार-प्रसार तो हुआ ही, साथ ही पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी कथक नृत्य सीखना प्रारंभ कर दिया, जो इससे कुछ समय पूर्व संभव नहीं था। इनमें सितारा देवी, दमयंती जोशी, कुमुदिनी लाखिया, माया राव, उमा शर्मा, रानी कर्णा, रोहिणी भाटे, रोशन कुमार आदि नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

देश में अनेक स्थानों अथवा नगरों में संगीत कला से संबंधित संस्थाओं की स्थापना हो रही थी, जिससे गायन, वादन के साथ-साथ नृत्य कला के प्रचार-प्रसार में अत्याधिक बढ़ोत्तरी हुई। अध्ययन की दृष्टि से इन संस्थाओं को दो प्रमुख भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रथम वर्ग में वे संस्थायें थीं, जिनमें कथक नृत्य की शिक्षा परम्परागत रूप से अर्थात् गुरु-शिष्य परम्परा के अंतर्गत प्रदान करने की व्यवस्था थी, जैसे- कथक केन्द्रदिल्ली आदि। द्वितीय वर्ग के अंतर्गत उन संस्थानों को अवस्थित किया जा सकता है, जहाँ कथक नृत्य की शिक्षा एक निश्चित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदान की जा रही थी, जैसे विश्वविद्यालय, महाविद्यालय आदि । इसी संदर्भ में डॉ. अमरेशचन्द्र चौबे ने एक अन्य वर्ग का भी उल्लेख किया है, जिसके अंतर्गत उन संस्थाओं को स्थान प्राप्त है, जहाँ अन्य विविध विषयों के साथ नृत्य-

संगीत आदि कलाओं की शिक्षा दी जाती है, जैसे- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बनस्थली विद्यापीठ आदि । तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर अध्ययन करने से ज्ञात होता है, कि देश की स्वतंत्रता से लगभग दो दशक पूर्व से लेकर स्वतंत्रता के पश्चात् देश में अनेक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों की नींव रखी जा चुकी थी। इनमें राजस्थान के बनस्थली नामक स्थान में 'बनस्थली विद्यापीठ', लखनऊ में 'भातखण्डे संगीत महाविद्यालय' (मैरिस कॉलेज ऑफ़ म्यूज़िक), दिल्ली में 'श्रीराम भारतीय कला केन्द्र, चण्डीगढ़ में 'प्राचीन कला केन्द्र' आदि प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। वर्तमान में इन संस्थानों में कथक नृत्य की शिक्षा प्रदान की जा रही है। कथक नृत्य की शिक्षा के क्षेत्र में एक अध्याय तब जुड़ा, जब तत्कालीन मध्यप्रदेश और वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के एक छोटे से रजवाड़े खैरागढ़ राज' में 'इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय' की स्थापना 14 अक्टूबर 1956 में की गई। यह विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से ललित कलाओं हेतु समर्पित था । यह न केवल तत्कालीन भारत का अपितु तत्कालीन दक्षिण एशिया में अपनी ही तरह का प्रथम विश्वविद्यालय माना जाता है। 'सन् 1956 में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में एक नये विभाग के रूप में कथक नृत्य विभाग की स्थापना की गई।

दिल्ली में संगीत नाटक अकादमी की स्थापना के पश्चात् कलाओं को विशेष स्थान प्राप्त होने लगा । कथक नृत्य की परम्परागत शिक्षा और घरानों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में 'कथक केन्द्र' की स्थापना की गई। दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य प्रमुख शहरों, जैसे- जयपुर, लखनऊ में भी कथक केन्द्र स्थापित किये गये। भोपाल में रायगढ़ की कथक शैली की संवर्धन व विकास की दृष्टि से 'चक्रधर कथक केन्द्र' की स्थापना की गई। इन संस्थाओं में गुरु-शिष्य परम्परा के द्वारा शिक्षा दी जाने लगी। संस्थाओं की स्थापना के कारण समाज में कथक नृत्य एक अच्छी स्थिति में पहुँच गया। लोग इसके प्रति

जागरुक होने लगे। रायगढ़ के संगीत एवं कला प्रेमी महाराजा चक्रधर सिंह जी बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में पैदा हुये और सन् 1924 में वे गद्दी पर बैठे। सन् 1947 तक उन्होंने देश भर के संगीतकारों साहित्यकारों को प्रश्रय दिया एवं स्वयं भी कुशल गायक, पखावजवादक एवं कथक नृत्यकार रहे। लखनऊ एवं जयपुर घराने के करीब-करीब सभी प्रमुख नर्तक राजा साहब के दरबार में यथायोग्य आदर के साथ बुलाये जाते थे। इन नृत्यगुरूओं ने छत्तीसगढ़ के बालकों को कथक नृत्य की शिक्षा दी। इस प्रकार एक अन्य कथक शैली "रायगढ़ कथक" बीसवीं शताब्दी विकास करती गई। क्रमशः विकास करती गई। तीस के दशक में भारतीय नृत्य परंपराओं के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, बंगाल में कवि टैगोर, केरल में कवि वल्लथोल, मद्रास में थियोसोफिस्ट रुक्मिणी देवी जैसे कुछ अग्रणी, दूरदर्शी थे। मैडम मेनका और उदय शंकर जी ने प्रशिक्षण के लिए संस्थानों की स्थापना की। इस प्रकार नृत्य संस्थागत हो गया। ये अग्रणी अपने समय के आधुनिकतावादी थे जो जानते थे कि कला के नए दृष्टिकोण भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव लाएंगे। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब तक शास्त्रीय भारतीय नृत्य दृढ़ता से स्थापित हो चुके थे। उदय शंकर की शैली अद्वितीय, रचनात्मक और आधुनिक के रूप में जानी जाने लगी। भारत के सभी प्रमुख नगरों में नृत्य के शिक्षण केन्द्र स्थापित हो चुके हैं। विभिन्न प्रदेशों की माध्यमिक शिक्षा परिषदों तथा अनेक विश्वविद्यालयों ने अपने पाठ्यक्रमों में नृत्य को भी स्थान प्रदान किया है तथा इन परीक्षाओं में सहस्त्रों की संख्या में प्रतिवर्ष छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं। इनके अतिरिक्त कतिपय विशिष्ट संस्थाएँ नृत्य शैलियों में उच्च स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। नृत्य के क्षेत्र में शोध कार्य का भी सूत्रपात हो चुका है तथा भारतीय नृत्यकला की

परिचयात्मक अनेक पुस्तकें भी हिन्दी, अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित हुई है।

आजादी के बाद कथक नृत्य के प्रस्तुति प्रशिक्षण पद्धति और वेशभूषा तथा रंग भूषा में भी अच्छे बदलाव आए कथक नृत्य में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति प्रचलन में आई आजादी के पच्चीस वर्षों के दौरान दिल्ली में 'कथक' नृत्य के विकास के लिए कई गतिविधियां की गईं।पंडित अच्चन महाराज, शंभू महाराज, बिरजू महाराज आदि नृत्य शिक्षक के रूप में दिल्ली आए। लगभग 1955 के दौरान माया राव, पं.बिरजू महाराज और कुछ अन्य नर्तकियों ने एक साथ मिलकर मंच पर 'गोवर्धनलीला' नामक एक नृत्य नाटक का प्रदर्शन किया। लेकिन 1957 मैं कथक शैली में संपूर्ण नृत्य नाटक 'मालती माधव' प्रस्तुत किया गया। नृत्य की रचना लच्छू महाराज ने की थी और संगीत डागर बंधुओं ने दिया था। पिछले 20 वर्षों में, कथक नृत्य शैली के विभिन्न नृत्य गुरुओं और नर्तकियों ने कई नृत्य नाटकों का प्रदर्शन किया है। इनमें ताज कहानी, शेन मुधल, ऋतुसंहार, कुमासंभवम, शेन अवध, मालविकाग्निमित्रम, हब्बा खातून, रूपमती बाज बहादुर शामिल हैं। किंतु कथक नृत्य शैली मैं नृत्य नाटिकाओ को कला अभिव्यक्ति का उच्च स्तर प्राप्त करवाने का श्रेय पंडित बिरजू महाराज तथा श्रीमती कुमुदिनी लखिया जी को जाता है ब्रिटिश शासन काल के दौरान कई ऐसे कत्थक के वरिष्ठ गुरु थे जिन्होंने कत्थक को दूसरे देशों में अपनी कला के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कराने का कार्य अपने कंधों पर लिया था जिसमें लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह के समय के कत्थक आचार्य महाराज कालका प्रसाद, बिंदादीन महाराज, राजा चक्रधर सिंह, अच्छन महाराज, लच्छू महाराज, जानकी प्रसाद, नारायण प्रसाद, पंडित कुंदन लाल, गंगानी जी, हनुमान प्रसाद, हरिहर प्रसाद, मेडम मेनका, उदयशंकर जैसे और कई वरिष्ठ गुरु होने अपनी सूझबूझ और कला के माध्यम से कथक नृत्य देश और

विदेश में प्रसिद्धि दिलाई ऐसा कहा जा सकता है कि जैसे स्वतंत्रता मिलने पर हमारा देश आजाद हुआ वैसे ही स्वतंत्रता के साथ हमारी संगीत कला भी मानो कैद से आजाद हो गए हो ।

सारांश

भारतीय संस्कृति को सबसे पुरानी संस्कृति माना जाता है। भारत में समय के साथ परिवर्तन आने पर देश में कई तरीके की राजनैतिक-सामाजिक उथल-पुथल होती रही है, जिसमें संगीत कला का स्थान समय के साथ बदलता रहा, नृत्य कला की बात की जाए तो नृत्य कला मैं समय के साथ अच्छे और बुरे परिवर्तन आए हैं, कुछ युग में कला का स्थान निम्न स्तर का हो गया था परंतु समय के साथ और विद्वान और वरिष्ठ गुरुओं के कठिन परिश्रम और प्रयासों के बाद कथक नृत्य का स्थान फिर से ऊंचा हो गया और आजादी के बाद कत्थक नृत्य देश-विदेश में अविरत रूप से विकास करता गया। और संगीत तथा नृत्य की पारंपरिक शिक्षण प्रणाली को सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए गुरुजनों तथा हमारे देश की सरकार द्वारा कई संगीत की संस्थाएं बड़े पैमाने पर स्थापित की गई इसके उपरांत हमारे हिंदू राजाओं ने संगीत कला, नृत्य कला को बचाने के लिए और विकसित करने के लिए अपना अपना योगदान दीया ।

संदर्भसुचि:-

- डॉ. पुरू दाधीच- कथक नृत्य शिक्षा द्वितीय भाग
- डॉ. माया टांक- ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में कथक नृत्य प्रथम संस्करण
- मांडवीसिंह् - कथक परंपरा
- Article By -Sunil Kothari – New directions in Indian dance published on 18 july 2008

ग्वालियर की दूसरी परम्परा के सुप्रसिद्ध तबला वादक: पं. रामस्वरूप रतौनिया

श्याम सुन्दर नागर
एम. ए. संगीत (तबला)
गोल्ड मैडल, नेट जे. आर. एफ.
शोधार्थी, संगीत विभाग
मो. ला. सु. विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)

प्रस्तावना

भारतीय शास्त्रकारों ने गायन, वादन, नृत्य को इस परिभाषा से जोड़कर संगीत की प्रधानता दी है। **उदा.गीतं वाद्यम तथा नृत्यं त्रयं संगीत मुच्यते।(संगीतरत्नाकर)** जिस प्रकार संगीत के अन्तर्गत आने वाली कोई भी विधा चाहे वह गायन, वादन, नृत्य हो इन तीनों को एक परिपूर्ण विधा मानी जाती है। या हम यह मान सकते हैं की इन सभी तीनों क्षेत्रों में किसी एक क्षेत्र में भी अपना विशिष्ट स्थान होता है। हम भारतीय संगीत,को प्राचीन वैदिक संगीत से विकसित होकर जिसे शास्त्रीय संगीत के रूप में जानते है, संगीत गायन वादन तथा नृत्य तीनों की त्रिवेणी है। इस त्रिवेणी का आधार ताल और लय है तथा संगीत में ताल और लय सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि लय एक नैसर्गिक प्रक्रिया है जिसका विस्तार समस्त प्रकृति में सर्वत्र पाया गया है। स्वयं मानव जीवन का श्वास प्रश्वास भी लयबद्ध है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि लय के अभाव में सृष्टि नगण्य है और इसी लय को बाँधने का कार्य ताल वाद्यों द्वारा किया जाता है। ताल वादन हेतु मुख्यतः दो वाद्य प्रचार में है पखावज-तबला। इन दोनों वाद्यों में से तबला वाद्य वर्तमान सर्वश्रेष्ठ स्थान रखता है। इसका विकास पखावज से माना गया है। इस तरह जिस वंश या परिवार में तीन पीढ़ियों तक संगीत का चलन

का विकास हो, वह संगीत की परम्परा कहलाती है। **ऐसी ही एक पखावज परम्परा जो ग्वालियर गौसपुरा नामक परम्परा से प्रचलित हुई। ग्वालियर की यह पखावज परम्परा चार पीढ़ियों तक पखावज वादन करती रही परन्तु वर्तमान में यह तबला वादन में परिवर्तित हो रही है।**

ग्वालियर का सांगीतिक इतिहास:-

गालव ऋषि की तपोभूमि ग्वालियर जिसका नाम सुनते ही संगीत की गूंज सुनाई देती है। क्योंकि वहां का संगीत, इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अकिंत हो चुका है। वेसे तो भारतीय शास्त्रीय संगीत वैदिक परम्पराओं से निकलकर संपूर्ण विश्व के अन्दर अपना अस्तित्त्व रखता है।उसी क्रम में ग्वालियर का स्थान भी भारतीय संगीत में सर्वोपरि है। क्योंकि ग्वालियर की संगीत परम्परा प्राचीन एवं अत्यंत समृद्शाली रही है। चाहे वह ध्रुपद गायन शैली हो या ख्याल गायन शैली, इन सभी में ग्वालियर से गायन, वादन, तथा नृत्य, के क्षेत्र में अनेंको उच्च स्तर अमूल्य रत्न भारतीय संगीत को मिले। जिन्होंनें अपने प्रतिभा से भारतीय संगीत को आगे ही नहीं बढ़ाया अपितु नवीन उचाईयों पर ले जाकर स्थापित करने का कार्य किया। इस प्रकार भारतीय संगीत को सहेजकर आगे बढाने में ग्वालियर घराने का महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ की मिट्टी में जन्मे अनेकों महान कलाकार हुए जिसमें संगीत के युग में अमर गायक सम्राट तानसेन जिनके नाम से ग्वालियर को जाना जाता है। तथा साथ ही राजा मानसिंह तोमर जैसे संगीतज्ञ जिनका ध्रुपद गायन शैली का प्रचार प्रसार के लिए अमूल्य योगदान इतिहास में अंकित है। ग्वालियर जिसके लिए ऐसा कहा जाता हें की यहाँ की मिट्टी में अगर कोई शिशु जन्म लेता हें तो वह भी स्वर में रोता है, ऐसा यहाँ का कथन है। **इसी सम्राट तानसेन जी की पूण्य भूमि पर उनके नाम से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय तानसेन समारोह का आयोजन**

दिसम्बर माह में म्र.प्र. के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजीत किया जाता है, जो की भारतीय शास्त्रीय संगीत के गरिमामय इतिहास को दर्शाता है, जिसमें भारत वर्ष के सभी शीर्ष स्तरीय गायक वादक अपनी प्रस्तुती अर्पण करते है।

ग्वालियर की परम्परा

इस प्रकार ग्वालियर ना केवल गायन के लिए प्रसिद्ध हे अपितु गायन के साथ-साथ सरोद वादन एवं पखावज वादन के लिए भी जाना जाता है। जिसमें ग्वालियर घराने के गायक डॉ. कृष्णराव शंकर पंडित, सरोद वादक उस्ताद हाफिज अली खाँ एवं ग्वालियर पखावज परम्परा के आध्ये संस्थापक श्री जोरावर सिंह जी, उनके पुत्र सुखदेव सिंह जी, पर्वत सिंह जी एवं उनके पुत्रों में माधव सिंह जी जैसे उत्तम पखावज वादकों का भी ग्वालियर के नाम को आगे बढानें में योगदान रहा है। इस तरह से इसे पखावज घरानें के रूप में भी मान्यता मिली।

ग्वालियर की पखावज परम्परा:-

ग्वालियर घराने के अन्दर मुख्य रूप से पखावज एवं तबले की परम्परा, जिसमें पखावज की वंश परम्परा, समय के साथ-साथ तबला वादन परिवर्तन होती चली गई, तथा इस परम्परा में आज के वर्तमान समय तक तबला बजता आ रहा है। इस परम्परा के सुप्रसिद्ध पखावज वादकों में पंडित माधव सिंह जी के शिष्यों में श्री नारायण प्रसाद रतौनिया हुए। **इस प्रकार से तबला परम्परा के वंशज श्री नारायण प्रसाद रतौनिया जिन्होनें पं. माधव सिंह जी के अलावा अपने पिता दानसहाय जी से भी शिक्षा प्राप्त की थी।** वहीं दूसरी ओर उनकी स्वयं की वंश परम्परा भी पिछले लम्बे समय से चली आ रही थी।

जिसका वर्णन हमें डाँ.आबान मिस्त्री जी के द्वारा लिखित ''पखावज एवं तबले के घरानें परम्परायें ''शोध ग्रन्थ में प्रमाणिकता से प्राप्त होती है। इस शोध ग्रन्थ में पिछले पांच पीढ़ी की वंश परम्परा पर आधारित तथ्य मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं

ग्वालियर परम्परा २

गणेश उस्ताद
इस परम्परा के आद्य पुरुष मानें जाते हें
|
दयाराम उस्ताद (पुत्र)
|
दाताराम उर्फ़ दानसहाय (भांजा) पं.रामप्रसाद (शिष्य)
|
श्री नारायण प्रसाद रतौनिया (पुत्र) कान्ता प्रसाद (पुत्र)
|
स्वं पं. रामस्वरूप रतौनिया (पुत्र)
श्री भौगीराम रतौनिया (पुत्र)

उपरोक्त तालिका का विवरण डाँ. आबान मिस्त्री जी के 'पखावज एवं तबले के घरानें, शोध ग्रन्थ के आधार पे लिया गया है ।

ग्वालियर परम्परा की वादन विशेषता:-

ग्वालियर परम्परा का बाज सरल, मुलायम तथा गंभीरता युक्त है। जो वादन में माधुर्य तथा संगत करने की दक्षता आदि इस परम्परा की विशेषता मानी गई है।

इसी तरह ग्वालियर के भीतर दो अलग-अलग परम्परायें विकसित हुई और दोनों में ही सामान रूप से पखावज एवं तबला वादन का प्रचार प्रसार रहा है। ग्वालियर परम्परा के श्री जोरावर सिंह जी एवं गणेश उस्ताद दोनों तबला और पखावज पर सामान अधिकार रखते थे **जिसमें जोरावर सिंह जी की परम्परा में ज्यादातर पखावज को ही प्रधानता दी गयी, वहीं दूसरी ओर गणेश उस्ताद जी परम्परा में, तबला वादन ही विशेष रूप से चला आ रहा है।** इसी वंश परम्परा में श्री नारायण प्रसाद रतौनिया जो कुशल पखावज एवं तबला वादक हुए, तथा इसी में ही आगे चलकर उनके पुत्रों के रूप में पं. रामस्वरुप रतौनिया, श्री भौगीराम रतौनिया, जिन्होनें इस परम्परा को आगे बढानें का कार्य किया। ये मूल रूप से तबला वादन ही करते हैं जो देश के उच्च कलाकारों में अपना स्थान रखते हैं ।

ग्वालियर की तबला परम्परा:- इस तरह से ग्वालियर की दूसरी पखावज परम्परा के उत्तराधिकार के रूप में पखावज के स्थान पर मूल रूप से तबले का ही अधिकार क्षेत्र बन गया। जिसमें इस घराने से निकलकर इन कलाकारों ने तबला जगत के अन्दर स्वयं को स्थापित किया और पखावज की शैलीगत विशेषताओं को ही तबला वाद्य पर एक नवीन सोच के साथ विकसित करने का कार्य किया। साथ ही अनेकों रचनाओं को तबला की रचनात्मक वादन का हिस्सा बनाकर स्वयं की एक नवीन सौन्दर्ययुक्त वादन शैली विकसित की। इसी परम्परा से स्थापित कलाकार जिसमें पं. रामस्वरूप रतौनिया, श्री भौगीराम रतौनिया जी, का नाम आता है जो म्र.प्र एवं देश के सुविख्यात तबला वादक हैं, जिन्होनें ग्वालियर की इस परम्परा को आगे ही नही बढ़ाया अपितु स्वयं की लगन मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर तबला वादकों में अपनी जगह बनाई। इस परम्परा व देश के सुविख्यात तबला वादक पं. रामस्वरूप रतौनिया के नाम से संगीत जगत का प्रत्येक कलाकार परिचित है। पं. जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन

संगीत की अराधना व उसकी सेवा में ही व्यतीत किया। अपनी इस सांगीतिक यात्रा का आरम्भ उन्होंने छोटी उम्र से ही किया था।

जिसकी शुरुआत ग्वालियर में प्रतिष्ठित तानसेन समारोह में 1971 से अपने एकल वादन से सांगीतिक यात्रा की शुरूआत की। इसके बाद आपने कभी पीछे मुड़कर नही देखा तथा निरंतर अपने अथक परिश्रम साधना से संगीत के क्षेत्र में मुकाम हासिल करते चले गये।**परिणाम स्वरूप,पं. रामस्वरूप रतौनिया, म्र.प्र राज्य के एक मात्र् आकाशवाणी के द्वारा प्रदत,(टॉप ग्रेड) तबला वादको में शुमार है।**

आपने देवास के कुमार गंधर्व संगीत समारोह में पं. कुमार गंधर्व जी की गायन रचना के अनुरूप ही उनके समक्ष तबले पर' कुमार ताल' का सृजनात्मक प्रयोग किया। जो आपकी रचनात्मक सोच का श्रेष्ठ उदाहरण है। पं. रतौनिया जी को गीतों की रचना करने का भी शौक था वे एक श्रेष्ठ गीतकार भी थे। उनके द्वारा लिखा गया एक गीत इस प्रकार है- **"स्वर्ण जयंति पर जन-जन का वंदन करते हैं, विविध भारती सेवा में अभिनंदन करते हैं"।**

इस गीत की रचना उन्होंने स्वर्ण जयंति वर्ष के उपलक्ष्य में की थी तथा यह गीत मुंबई आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित होकर पूरे देशभर में सुना गया था। आपनें देश के सभी संगीत समारोह में एकल वादन एवं संगत करने का गौरव हासिल किया। इन सभी सांगीतिक सेवाओं के लिए आपकों अनेक मान-सम्मान से नवाज़ा गया। **जिसमें महामहिम, राष्ट्रपति एवं महामहिम, राज्यपाल द्वारा सम्मान शामिल है।**आप आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के अखिल भारतीय कार्यक्रम एवं रेडियो संगीत सम्मेलनों में अनेको बार प्रस्तुतीयाँ दे चुके हैं, साथ ही विज्ञापन प्रसारण सेवा आकाशवाणी भोपाल के केन्द्राध्यक्ष

एवं आकाशवाणी इन्दौर के कार्यक्रम प्रमुख तथा अतिरिक्त महानिदेशक कार्यालय **(मध्यप्रदेश-२)** भोपाल के प्रभारी रह चुके हैं । साथ ही रेडियो में आपके द्वारा अनेकों माध्यम से संगीत को आगे बढ़ाने के लिए बहुत से कार्य किये गये। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने संगीत के क्षेत्र में अनेकों योगदान दिए। अपने जीवन काल में ऐसे अनेक सांगीतिक कार्य व योगदान दिये जिनके कारण उनको मरणोपरांत भी याद किया जाता रहेगा। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने आजीवन संगीत की सेवा की तथा अपने अंतिम समय तक भी संगीत के कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी।

पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने अनेकों प्रतियोगिताओं में निर्णायक का कार्यभार संभाला तथा आकाशवाणी में कार्यरत होने के कारण अच्छे कलाकारों को संगीत के क्षेत्र में प्रोत्साहित कर उन्हे आगे बढ़ाया। पं. जी ने जहाँ भी आकाशवाणी में कार्य किया वहाँ- अनेक शिष्यों को अपने घर में ही रखकर मुफ्त शिक्षा भी प्रदान की। जिससे कि समाज में संगीत शिक्षा का स्तर और ऊँचा हो। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी के शिष्यों ने भी गुरु की शिक्षा को बड़ी श्रद्धा से अपने जीवन में धारण किया, तथा ऊँचे मुकाम तक पहुंचाया। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने अनेक बंदिशें बनाई जिस कारण उन्होंने प्रसिद्धि प्राप्त की। उनकी बंदिशों में लयकारी तथा बोलों की चंचलता अधिक दिखाई देती थी।

वादन में शैलीगत विशेषतायें:-

पं. जी ने तबला वादन में नवीनता को ध्यान में रखकर अनेकों प्रयोग किये जिसमें आपकी वादन शैली सौन्दर्य युक्त रचनाओं तथा उनकी निकास पद्धति प्रमुख रूप से है जिसमें बाएं का दाब गासं विशेष रूप से झलकता है तथा साथ ही ग्वालियर के पखावज अंग का समावेश भी आपके तबला वादन में दिखाई पड़ता है। पं. जी ने अपने अनुभव

के द्वारा वादन शैली में सौन्दर्य-बोध से ओत प्रोत अनेकों बंदिशों की रचना करके उनका वादन का प्रयोगात्मक हिस्सा बनाया जिसकी वजह से ही आपके वादन की बंन्दिशों में लय की विचित्रता, बोलों का चलन, तथा दायें-बाएं के सामंजस्य के कारण सौन्दर्यता का बोध नजर आता है। आपके वादन में दिल्ली व पूरब के घरानों की प्रमुख विशेषतायें स्पष्ट रूप से झलकती हुई दिखाई पड़ती हैं, जिनमें बन्द व खुले बोलों का प्रयोग सुनने को मिलता है। **पं. रामस्वरूप जी द्वारा बजायी गयी कुछ बन्दिश इस प्रकार है।** यह कायदा तिस्त्र जाति का कायदा है। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी इस कायदे को मुख्य रूप से वादन करते थे, इस कायदे की विशेषता यह है कि इस कायदे के विभाग के अन्त में तिनकिन, धिनगिन, तिनाकिटतक, धिनाकिटतक, तूनाकत्ता, धिनाकिटतक का प्रयोग नहीं किया गया तथा इनके स्थान पर तकधिनतक, धातिरकिटतकतिरकिट का प्रयोग किया गया है।

कायदा(तीनताल)

धात्रकधिना s sssधिना s धात्रकधिना s तकधिनतक ।
X
धात्रकधिना s तकधिनतक धात्रकधिना s धातिरकिटतकतिरकिट ।
2
तात्रकतिना s sssतिना s तात्रकतिना s तकतिनतक ।
0
धात्रकधिना s तकधिनतक धात्रकधिना s धातिरकिटतकतिरकिट ।
3

जब कोई व्यक्ति किसी कला विशेष के परिपे्रक्ष्य में कोई विशेष कार्य करता है जिनके माध्यम से आने वाले व्यक्तियों, समाज या कोई विशेष क्षेत्र को लाभ हो सके। ऐसे ही महान कार्य किसी व्यक्ति विशेष का कृतित्व कहलाते है। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने अपने जीवनकाल में ऐसे अनेकों महान सांगीतिक कार्य किये है। जिनके

कारण वे सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगे तथा उन कार्यों के माध्यम से उन्हें चिरकाल तक याद किया जायेगा। पं. जी ने आकाशवाणी द्वारा आयोजित संगीत सभाओं जैसे-भोपाल, ग्वालियर, जम्मू, उदयपुर, पटना, रीवा, सागर, शिवपुरी, विलासपुर, मथुरा, रायपुर, इन्दौर, दिल्ली, जयपुर, पटना,भागलपुर एवं कुरूक्षेत्र में शिरकत की तथा भारत के राष्ट्रपति महामहिम शंकरदयाल शर्मा के आतिथ्य में आयोजित संगीत सम्मेलन में भी शिरकत की।पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने **भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली(Association of Indian Universities)** द्वारा अन्तर विश्वविद्यालयी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक प्रमुख निर्णायक के रूप में सक्रिय भागीदारी की जिनमें से जालंधर, ग्वालियर, मैसूर, नागपुर, तेजपुर (आसाम), आनन्द (गुजरात), लखनऊ तथा अजमेर के केन्द्र मुख्य हैं।पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने एक कार्यक्रम में संगत के दौरान **''कुमार ताल (14 मात्रा)''** की रचना की तथा यह ताल फिल्म संगीत में संगत हेतु प्रयोग होने लगी। इसके अतिरिक्त आपने आकाशवाणी के विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए प्रशासन के साथ-साथ संगीत की विशिष्ट सेवा की। विभिन्न विश्वविद्यालयों के विजिटिंग प्रोफेसर एवं परीक्षक विभिन्न सांस्कृतिक एवं सांगीतिक चयन समितियों के सदस्य रहें। पं. रामस्वरूप रतौनिया जी ने मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा तानसेन समारोह, सिंहस्थ 2016 तथा अन्य संगीत सम्बन्धी समितियों के मनोनीत सदस्य के रूप में कार्य किया।पं. रामस्वरूप रतौनिया जी को उत्तर-प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा तबला प्रवक्ता के रूप में 'कुमायूँ विश्वविद्यालय', नैनीताल में नियुक्त किया गया। पं.रामस्वरूप रतौनिया जी ने प्रशासनिक अधिकारी के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 1982 में चयन के पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी **(राजपत्रित)** के पद पर आकाशवाणी में 22 नवम्बर 1982 से सेवा आरम्भ की।

आकाशवाणी भोपाल

पं.रतौनिया जी का 11/07/2011 से 28/02/2013 तक आकाशवाणी भोपाल से स्थानांतरण पद पदस्थ हुआ तथा सहायक निदेशक कार्यक्रम/केन्द्राध्यक्ष आकाशवाणी भोपाल के अतिरिक्त महानिदेशक कार्यालय मध्य क्षेत्र-2 भोपाल के कार्यालय प्रमुख व विज्ञापन प्रसारण सेवा आकाशवाणी भोपाल के केन्द्र प्रमुख का कार्यभार संभालने के पश्चात् फरवरी 2013 में सेवानिवृत्त हुए।

पुन:आकाशवाणी महानिदेशालय द्वारा सेवानिवृत्ति के पश्चात् सलाहकार/कंसलटेन्ट के रूप में अनुबन्धित किया गया तथा मार्च 2014 तक सलाहकार के रूप में कार्य किया। **पं. ने 33 वर्षों तक आकाशवाणी में संगीत सेवा के तत्पश्चात 61 साल की उम्र में उनका ह्रदयघात से 3दिसम्बर 2016 को सुबह 4 बजे निधन हो गया।** इस प्रकार संगीत जगत का एक जगमगाता सितारा संगीत जगत से विलुप्त हो गया । **कलाकार के रूप में पं. रामस्वरूप रतौनिया जी एक उच्च श्रेणी के कलाकार थे।**पं. जी ने देश की प्रत्येक मंच पर अपनी प्रस्तुती दी तथा वर्तमान में वे अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, श्रेष्ठ कलाकार थे। कलाकार के साथ ही वह उच्च श्रेणी के श्रोता भी थे। पं. जी प्रत्येक मंच प्रदर्शन में खरे उतरे, साथ ही वह अन्य कलाकारों को भी ध्यान से सुनते थे तथा उनकी अच्छी बाते व अच्छे गुण अपने अन्दर धारण करते थे।

पं. जी के अन्दर तबले को लेकर एक अलग ही जुनून था। वह कहते थे **''तबला तो मेरे प्राण है, मैं इसके बिना नही रह सकता।''** वे अपना ज्यादा से ज्यादा समय तबले के साथ बिताते थे। उनका कहना था कि जब भी मेरी मृत्यु हो मैं तबला बजाते-बजाते हुए ही जाऊँ मुझसे कभी मेरा तबला अलग न हो। उन पर ईश्वर की ऐसी कृपा भी

रही कि अन्तिम समय तक उनका तबला बजता रहा। मृत्यु के दो - तीन दिन पहले ही वह एक मंच पर प्रस्तुति देकर लौटे थे तथा देर रात रियाज खत्म करने के बाद प्रातः काल 4 बजे उनकी मृत्यु हुई। **पं. जी जितने अच्छे प्रशासक थे, उतने ही अच्छे कलाकार थे, उतने ही अच्छे इन्सान भी थे। उनमें सहजता, सरलता और निपुणता कमाल की थी।**

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. मित्तल, डॉ. अंजलि. (२०१०). भारतीय सभ्यता संस्कृति एवं संगीत. नईदिल्ली : प्रकाशन कनिष्क पब्लिकेशन.
2. शर्मा, डॉ. सजीव कुमार. (२०१४). भारतीय संगीत परम्परा. नईदिल्ली : प्रकाशन.के.के. पब्लिकेशन.
3. जोशी, डॉ. उमेश. (प्रथम संस्करण). भारतीय संगीत का इतिहास. फिरोजाबाद उ.प्र : प्रकाशन मानसरोवर प्रकाशन महल.
4. वसंत, गर्ग प्रभूलाल. (२०१४). संगीत विशारद. हाथरस उ.प्र : प्रकाशन संगीत कार्यालय.
5. मिश्र, डॉ. लालमणि. (चौथा संस्करण). भारतीय संगीत वाद्य. नईदिल्ली: प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ.
6. मराठे, मनोहर भालचन्द्र राव. तालवाद्य शास्त्र. ग्वालियर म्र.प्र : प्रकाशन शर्मा पुस्तक सदन.
7. कुमार डॉ. अजय, पखावज की उत्पत्ति विकास एवं वादन शैलियाँ (पुस्तक)
8. बांगरे, डॉ. अरुण. (१९९५). ग्वालियर की संगीत परम्परा. नईदिल्ली :प्रकाशन कनिष्क पब्लिकेशन.
9. मिस्त्री, डॉ. आबान ए. पखावज और तबला के घरानें एवं परम्परायें. मुम्बई: प्रकाशन पं.केकी एस जिजना स्वर साधना समिति.
10. पखावज और तबला के घरानें एवं परम्परायें, अध्याय – १२ ग्वालियर परम्परा, तालिका सं.
11. ग्वालियर परम्परा १, जोरावर सिंह जी, ग्वालियर परम्परा २ गणेश उस्ताद जी

12. श्री वास्तव, गिरीशचन्द्र. (१९९६). तालकोश. इलाहाबाद: रूबी प्रकाशन.
13. कुमारी, गायत्री. (शोध छात्रा) (नेशनल कांफ्रेंस) शोध पत्र. पं. रामस्वरूप रतौनिया जी की वादन शैली व बदिंशों में निहित सौन्दर्य –तत्व. आगरा : संगीत विभाग दयालबाग एजुकेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी).
14. कुमारी, गायत्री. शोध छात्रा (4636).ग्वालियर परम्परा के सुप्रसिद्ध कलाकार पं. रामस्वरूप रतौनिया और उनके वादन में प्रतिबिम्बित तबले की तकनीक. आगरा: संगीत विभाग दयालबाग एजुकेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी). Aayushi International Interdisciplinary Research Journai (AIIRJ) ISSN 2349-638X
15. स्वर्णकार, डॉ. राहुल. (प्रथम संस्करण-२०१८). तबले के परम्परागत वादन शैली का अस्तित्त्व : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में. सागर म्र.प्र : सम्पादक एवं संयोजक राष्ट्रीय संगोष्ठी १३–१४ फरवरी २०१८ संगीत विभाग डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय.
16. शोध छात्रा, गायत्री. संगीत तबला. (शोध–प्रबंध -२०१८). ग्वालियर परम्परा में तबला वादन शैली का विवेचनात्मक अध्ययन. आगरा: संगीत विभाग दयालबाग एजुकेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी).
17. श्रीखंडे, डॉ) .कला .1995). मध्यप्रदेश में शास्त्रीय संगीत की विकास यात्रा:दिल्ली . निर्मल पब्लिकेशन.

महर्षि अरविन्द का स्वतंत्रता मे योगदान

मिलन डोडिया - शोधछात्र
डॉ. केदार मुकादम – मार्गदर्शक
डिपार्टमेट ऑफ तबला, द महाराजा सायाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा
डॉ. चिराग सोलंकी – अनुरूपी लेखक
चिल्ड्रन यूनिवर्सिटी, गांधीनगर

शोधसार

प्रस्तुत शोधपत्र मे शोधार्थी द्वारा महर्षि श्री अरविन्द घोष का स्वतंत्रता मे जो महत्वपूर्ण योगदान रहा है उस विषय पर प्रकाश डालने का विनम्र प्रयास किया गया है। महर्षि अरविन्द ने किस तरह से अपना सारा जीवन राष्ट्रभक्ति मे और आध्यात्मिक तौर-तरीकों मे पसार किया तथा सभी को स्वराज का संदेश दिया एवं जीने की राह दिखाई, यह सभी अलग अलग पहलुओं का शोधार्थी द्वारा संक्षिप्त मे विवरण इस शोधपत्र मे दर्शाया गया है।

बीज शब्द : स्वतंत्रता, संघर्ष, कला, अध्यातम, राष्ट्रवाद, भारतीयता, स्वराज, शिक्षा, दर्शन, क्रांति

प्रस्तावना

जिन्हे हम राष्ट्रवादी व्यक्तित्व की एक बेमिसाल बुनियाद कहें तो अतिशोयुक्ति नहीं होगी ऐसे विद्वान श्री अरविन्द घोष जिन्हे औरोबिंदो के नाम से भी दुनिया जानती है, जो राष्ट्रवाद के महान विचारक रहे एसे अरविंदजी को प्रसिद्ध जीवनिकार 'रोमा रोला" ने भारतीय दार्शनिकों का सम्राट" तथा "एशिया और यूरोप की प्रतिभा का समन्वय" कहा है। डॉ. फ्रेडरिक स्पजलबर्ग ने "हमारे युग का महान अवतार" कहा और साथ ही साथ यह भी जोड़ा है के "हमारे सामने अरस्तू, काँट, स्पिनोजा और हीगल आते है, परंतु इनमे से किसी एक

की भी दार्शनिक प्रणाली उतनी सर्वांगीण नहीं है, किसी की भी एसी दृष्टि नहीं जैसी अरविन्द की। रवींद्रनाथ टागोर कहते है की वह "भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का मसीहा है"। अरविन्द घोष (महर्षि अरविन्द) आधुनिक भारत के महान राजनीतिक विचारक थे, जिन्हे राष्ट्रवाद का महानतम उन्नायक माना जाता है। अरविन्द प्रथम राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति को भारत के राष्ट्रीय संघर्ष का प्रमुख उदेश्य माना। उनका जन्म १५ अगस्त १८७२ मे कोलकाता मे हुआ। उनके पिता डॉ. कृष्णधान चाहते थे की उनकी शिक्षा अंग्रेजी मे हो। उनका लालन-पालन पाश्चात्य संस्कृति मे हुआ। अरविन्द इंग्लैंड गए और वह पर उन्होंने ग्रीक, लेटिन, फ्रेंच एवं अंग्रेजी भाषाओंका अध्ययन किया। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद १८९३ के प्रारंभ मे भारत वापिस आए। यहाँ बड़ौदा स्टेट की शैक्षिक एवं प्रशासकीय सेवाओं मे काम किया और कॉलेज मे प्राध्यापक हो गए। इस बीच उन्होंने धर्म, संस्कृति, राजनीति तथा साहित्य का अध्ययन किया। उसके बाद श्री अरविन्द ने भारतीय मूल्यों पर आधारित एक नई परिकल्पना प्रस्तुत की। १९१४ मे मीरा अलफासा नामक फ्रांसीसी महिला पॉन्डिचेरी आई, और वह श्री अरविन्द की आध्यात्मिक साधना मे सहभागी बनी। बाद मे १९२० मे भारत मे स्थाई होकर काम करना चालू किया। उन्होंने १९२६ मे पॉन्डिचेरी मे श्री अरविन्द के आश्रम की स्थापना की, और उसके अंतर्गत विविध गतिविधियों का संयोजन किया। उनकी सेवा और निष्ठा से प्रभावित होकर लोग उनको माताजी कहने लगे। ५ दिसम्बर १९५० को महर्षि अरविन्द ने समाधि ले ली, और उसके बाद माताजी ने आश्रम का पूरा कार्यभार संभाल लिया। मनुष्यों के बारे मे श्री अरविन्द की जो सोच थी उनको माताजी ठोस आकर देना चाहती थी। इसी उदेश्य से पॉन्डिचेरी मे उन्होंने १९४३ मे "श्री अरविंदो आंतरराष्ट्रीय शिक्षा केंद्र" की स्थापना की। ये केंद्र शिक्षा जगत मे शोध के संस्थान के रूप मे आज भी कार्यरत है। उन्होंने

अपने जीवन काल मे बहुत सारा साहित्य लिखा जिनमे से 'द लाइफ डिवाइन', 'एसेज ऑफ गीता', 'द सिन्थेसीस ऑफ योग', 'सावित्री', 'द आइडियल ऑफ ह्यूमन यूनिटी', 'फाउंडेशन ऑफ इंडियन कल्चर' इत्यादि कृतियाँ है। अरविन्द का तत्व दर्शन मूलतः भारतीय है, लेकिन पाश्चात्य दर्शन का भी उनके ऊपर प्रभाव है। उन्होंने आध्यात्मिक नियतिवाद को समस्त परिवर्तनों का मूल माना है।

श्री अरविन्द का शैक्षिक दर्शन

श्री अरविन्द जब छोटे थे तब अंग्रेजों का शासन था, और भारतीय छात्र अधिकतर पश्चिमी मूल्यों पर आधारित अंग्रेजी शिक्षा पाते थे। श्री अरविन्द जी के पिता ने भी उनको उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड भेजा। शिक्षा पूरी कर वे अपने देश लौटे और स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ गए। बाद मे वो १९०८ मे जेल भी गए। इसके बाद प्रचलित शिक्षा प्रणाली मे सुधार का लक्ष्य अपनाया। देश के सामने उन्होंने मुक्त, स्वदेशी एवं उदेश्यपूर्ण शिक्षा की विचारधारा रखी। श्री अरविन्द कहा करते थे की "जो शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित हो, वो शिक्षा शिक्षा नहीं है। ज्ञान तो मनुष्य के भीतर ही है, उसे शिक्षा के द्वारा सामने लाया जाता है। बच्चों का ध्यान ज्ञान के साधनों की ओर खीचना चाहिए, हम जबरदस्ती उन्हे कुछ नहीं सिखा सकते। हमे तो बस उनकी बुद्धि को प्रशिक्षित करना होता है। विद्यार्थी को उनके अपने वातावरण मे विकसित करना चाहिए,अपने राष्ट्र, समाज ,और समय के अनुकूल। इसलिए शिक्षा भी मातृभाषा मे दी जानी चाहिए। तथ्यों की जानकारी देना, डिग्रीयाँ बाँट देना ही शिक्षा नहीं है, उसे ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जिससे वह पूर्ण मानव बन सके। अपनी पसंद का विषय चुने और मंजिल भी खुद तय करे। जिस तरह पशु से मानव का विकास हुआ है उसी तरह अब मानव से अतिमानव का विकास होना है।" श्री अरविन्द ने भारतीय एवं पश्चिमी दोनों के मूल्यों पर

आधारित मिली जुली शिक्षा पद्धति की परिकल्पना की थी। जिसमे समय के साथ जुडने वाले विषय भी शामिल हो। श्री अरविन्द प्राचीन समय मे ऋषि मुनियों द्वारा अपनाए गए कई शैक्षिक प्रयोगों के प्रशंसक भी है। इनमे प्रमुख है गुरूशिष्य परंपरा और ब्रह्मचर्य का पालन। श्री अरविन्द ठीक ही कहते थे की "प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली की सफलता का रहस्य भारतीय शैक्षिक चिंतन ही था।" श्री अरविन्द चाहते थे की शिक्षा का कार्य लचीलेपन से हो न कि बनावटी और कठिन। वह इससे भी इनकार करते थे की एक ही विषय ज्यादा पढ़ने से छात्र की दिलचस्पी कम हो जाती है, शायद इसलिए ही वे बचे की रुचि पहले ही समजकर उनको शिक्षा देने को ठीक मानते है। उनका शैक्षिक दर्शन-चिंतन मूलतः अध्यापकों पर ही केंद्रित है। श्री अरविन्द के मुताबिक हर व्यक्ति मे दिव्यता का अंश है, उसकी मानसिक और शारीरिक खूबियाँ है, बस उन्हे खोजना और प्रयोग मैं लाने लायक बनाना ही शिक्षक की पहली जिम्मेदारी है। अध्यापक सीखाने वाला न होकर सहायक और मित्र हो, वह बच्चों मे सभी छह इंद्रियों(मानस के साथ) के ठीक उपयोग की क्षमता विकसित करें। श्री अरविन्द के अनुसार शिक्षक का काम सुजाव देना, थोपना या लादना नहीं। शिक्षक को मूर्तिनिर्माता की तरह समजना गलत है, बल्कि उनको एक न दिखाई देने वाली चीज अर्थात मन से सम्बद्ध बनाना होता है। उनके शिक्षा सिद्धांत का महत्वपूर्ण पहलू ये है की वे सम्पूर्ण विकास पर जोर देते थे, यानि शिक्षा एसी हो जिससे बच्चों का मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक एवं आंतरिक विकास हो। श्री अरविन्द के एकीकृत शिक्षा यानि पूर्ण शिक्षा प्रणाली मे यह सारी बातें शामिल है।

राष्ट्रवाद की संकल्पना

(१)राष्ट्रवाद की नई व्याख्या - अरविन्द के चिंतन की विशेषता यह है की उन्होंने राष्ट्रवाद को एक नया रूप प्रदान किया। वे भारत को

केवल एक देश अथवा कोई भौगोलिक इकाई ही नहीं मानते थे।अरविन्द, भारत को एक दैविक रूप मे माँ के रूप मे मानते है। वे कहते है, भारत पराधीन है, इसका अर्थ है हमारी माँ पराधीन है। हमे अपनी इस देवी माँ को मुक्त कराना है। अरविन्द, मातृभूमि को मुक्त कराना एक राजनीतिक अभियान ही नहीं वरन् एक पवित्र धर्म भी मानते है।

- श्री अरविन्द ने "वंदे मातरम्" मे लिखा था-"राष्ट्रवाद क्या है? राष्ट्रवाद केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। राष्ट्रवाद तो एक धर्म है जो ईश्वर के पास से आया है और जिसे लेकर आपको जीवित रहना है। हम सभी लोग ईश्वरीय अंश के साधन है। अतः हमे धार्मिक दृष्टि से राष्ट्रवाद का मूल्यांकन करना है।
- देश की स्वतंत्रता को राजनीतिक कार्य के स्थान पर आध्यात्मिक कार्य घोषित किया। अतः श्री अरविन्द आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के प्रणेता हुए।

(२) राष्ट्रवाद और अंतराष्ट्रवाद - महर्षि अरविन्द नि:सन्देह राष्ट्रवाद के प्रबल प्रवक्ता है। किन्तु साथ ही वह अंतराष्ट्रवाद मे भी विश्वास रखते है। वह मानते है की प्रक राज्य को स्वतंत्र होना चाहिए और विश्व समुदाय मे रचनात्मक भूमिका निभाई जाना चाहिए। श्री अरविन्द ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अस्तित्व मे आने से पूर्व ही एक विश्व समुदाय और विश्व राज्य की कल्पना की थी। श्री अरविन्द ने अपनी पुस्तक "The Ideal of Human Unity" मे इस विश्व राज्य का दार्शनिक रूप प्रतिपादित किया और इसकी आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. नागपाल के शब्दों मे-"अरविन्द विश्व एकता मे विश्वास करते है। वे मानते है कि संसार की विभिन्न जातियोनन और राज्यों के बीच होने वाले संघर्ष समाप्त होने चाहिए"

(३) राष्ट्रवाद और मानवतावाद – श्री अरविन्द का विचार है की हमे भारतीयता पर गर्व करना चाहिए। उनके शब्दों मे "सर्वप्रथम हम

भारतीय बने। हम अपने पूर्वजों की ख्याति को पुनः प्राप्त करे। हम आर्य विचार, आर्य चरित्र और आर्य अनुशासन पुनः प्राप्त करे।" लेकिन साथ ही वे भारतीयता को मानवता से भी जोड़ते है। वे मानते है की संसार के सभी मनुष्यों एक ही विशाल विश्व चेतना के अंश है। इसलिए सभी मनुष्यों मे एक आत्मा का अंश है। फिर उनमे संघर्ष या विरोध कैसा? अरविन्द के शब्दों मे एक रहस्यमयी चेतना है जो सम्पूर्ण विश्व मे व्याप्त है। यह एक दैवी वास्तविकता है। इसने हम सबको एक कर रखा है।

(४) राष्ट्रवाद और इसकी प्राप्ति के साधन – श्री अरविन्द एक राष्ट्रवादी के रूप मे भारत को राजनीतिक रूप से मुक्त कराना चाहते है। यद्यपि अरविन्द स्वयं क्रांतिकारी साधनों के पक्ष मे थे और क्रांतिकारियों से उनका निरंतर संबंध बना रहता था और वे उनके प्रशंसक भी थे। अरविन्द अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध को "धर्म युद्ध" की संज्ञा देते है।

तिलक के समान ही अरविन्द भी "स्वदेशी और निषेधात्मक प्रतिरोध" के समर्थक है। बंग-भंग आंदोलन का विरोध करने के लिए अरविन्द ने इन्ही डॉ शस्त्रों का अंग्रेजों के विरुद्ध प्रयोग करने का आग्रह किया था। डॉ. लक्ष्मणसिंह के शब्दों मे-'सरकारी अदालतों और न्यायलयों के बहिष्कार को भी अरविन्द ने निष्क्रिय प्रतिरोध के रूप मे शामिल किया था। अरविन्द भी तिलक की तरह विदेशी संस्थाओं और कानूनों का विरोध करने का आग्रह करते थे। इस प्रकार श्री अरविन्द एक महान दार्शनिक के साथ साथ महान राष्ट्रवादी भी है। उनहोने राष्ट्रवाद को एक नया आध्यात्मिक रूप प्रदान किया। साथ ही उनके राष्ट्रवाद मे मानवतावाद और अंतराष्ट्रवाद भी समाहित है। डॉ. राधाकृष्णन के शब्दों मे श्री अरविन्द हमारे युग के महान बुद्धिजीवी है। राजनीति व दर्शन के प्रति उनके अमूल्य कार्यों के लिए भारत उनका सद्य कृतज्ञ

रहेगा। अरविन्द की द्रष्टि मे राष्ट्रवाद केवल एक राजनीतिक व आर्थिक नारा मात्र नहीं है बल्कि यह आस्था का विषय है, यह मनुष्य का धर्म है। भारत एक भौगोलिक प्रदेश मात्र नहीं, मूलतः एक आध्यात्मिक संकल्पना है, जिसका लक्ष्य मानव के आध्यात्मिक विकास को पूर्ण करना है। भारत माता स्वयं साक्षात देवी है, जो शताब्दियों से बड़े प्यार-दुलार से अपने संतान का पालन-पोषण करती आई है, परंतु आज वह विदेशी शासन से कराह रही है, भारत माता के पाँव मे पड़ी बेड़ियों को उसकी संतान का परम कर्तव्य है। अरविन्द का विचार था की मानव जाति के आध्यात्मिक जागरण मे भारत को अनिवार्य भूमिका निभानी चाहिए उसे समस्त भूखण्ड को एक दिव्य संदेश देना है। इनके अनुसार 'स्वराज' एक आवश्यक परिस्थिति है,क्यूंकी बिना स्वराज प्राप्ति के भारत अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकता। इसलिए भारत का स्वतंत्र होना सिर्फ भारत के नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाती के हित मे है। उनका मानना था की भारतीय संस्कृति ही आध्यात्मवाद के द्वारा भारतीय संस्थाओ एवं संस्कारों को नष्ट होने से बचा सकती है, अरविन्द का अंतिम लक्ष्य आध्यात्मिकता से साक्षात्कार था, क्यूंकी वही भारत को फिर से एक महान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप मे मे स्थापित कर सकता है। श्री अरविन्द को दृढ़ विश्वास था की भारत अपनी आध्यात्मिक चेतना के बल पर सम्पूर्ण मानवता को मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है,और एस होना सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिए आवश्यक है। इस प्रकार अरविन्द ने अपने राष्ट्रवाद मे इसके आध्यात्मिक स्वरूप को भारत की प्राचीन संस्कृति के स्त्रोतों पर तो आधारित किया ही साथ ही इसे मानवता वादी रूप भी दे दिया।

संघर्ष की रीत

अरविन्द विचारों से उग्रवादी थे, भारतीय स्वाधीनता संग्राम मे उन्हे उदारवादियों की याचिका तथा प्रार्थना की नीति जरा भी पसंद नहीं

थी। अरविन्द के अनुसार एक संवेदनहीन और अत्याचारी शासन के विरुद्ध 'निष्क्रिय प्रतिरोध' और 'बहिष्कार' का तरीका सर्वाधिक उपयुक्त था। पूर्ण स्वराज के लक्ष्य तक पहुचने के लिए अरविन्द ने निष्क्रिय प्रतिरोध का विश्लेषणकरते हुए इसमे शामिल किया की –

- सबसे पहले लोगों को जागरूक करना, तथा लोगों को आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना जैसे की स्वदेशी एवं राष्ट्रीय शिक्षा का प्रचार करो।
- जनता द्वारा सरकार से कोई सहयोग न होना चाहिए। (क्योकि तब अंग्रेज सरकार थी और ये सारे कदम अंग्रेज सरकार को तोड़ने मे ज्यादा उपयुक्त थे)

बहिष्कार के अंतर्गत विदेशी माल का बहिष्कार, ताकि अंग्रेजों की आर्थिक शक्ति को धक्का पहुंचाया जा सके, साथ ही इसमे शैक्षिक बहिष्कार(विदेशी शिक्षानीति), न्यायिक बहिष्कार(क्यूंकी विदेशी न्यायलयों से कभी भी भारतीयों को ना न्याय मिला था-मिलता है-और नहीं कभी मिल पाएगा), प्रशासनिक और सामाजिक बहिष्कार के साथ जोड़कर विस्तृत कार्यक्रम का रूप दे दिया गया। अरविन्द और गांधी के निष्क्रिय प्रतिरोध मे अंतर है। गांधी जहा शांतिपूर्ण प्रतिरोध की बात करते है वही अरविन्द हिंसा व आक्रामक साधनों के प्रयोग के समर्थक थे। इसलिए गांधी 'नरम दल' के क्रांतिकारी थे तो अरविन्द 'गरम दल' के क्रांतिकारी समर्थक थे। स्वराज पर विचार करते हुए अरविन्द ने कहा की, पूर्ण स्वराज ही भारतीयों का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। क्योकि परतंत्र राष्ट्र मे सर्वांगीण विकास संभव नहीं। भारत के लिए स्वराज के सिवा कोई लक्ष्य हो ही नहीं सकता। उन्होंने राजनीतिक शक्ति व साधनों द्वारा राजनीतिक स्वतंत्रता को प्रमुख माना, साथ ही उनका विचार था की स्वराज प्राप्ति हेतु अन्य राष्ट्रों से धृणा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। निष्कर्ष के रूप मे देखा जाए तो अरविन्द का भारतीय राष्ट्रनिर्माताओं मे महत्वपूर्ण स्थान है,

राष्ट्रवाद तथा स्वराज का उनका संकल्प उनकी दूरदर्शिता का प्रमाण है। अरविन्द भारतीय राष्ट्र को ईश्वर की अभिव्यक्ति मानते है, और पश्चिम की श्रेष्ठता को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने धर्म और आध्यात्मवाद का प्रयोग भारतीय जनमानस के जागरण के लिए किया, तथा एक विश्व राज्य की कल्पना करते हुए सम्पूर्ण मानवता के हित और कल्याण का आहवान किया।

स्वतंत्रता सम्बधी विचार

अरविन्द मानव स्वतंत्रता के अनन्य उपासक है। वे मानते है कि स्वतंत्रता व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वे मानव स्वतंत्रता के दो पक्ष मानते है, १. आंतरिक स्वतंत्रता, २. बाह्य स्वतंत्रता। आंतरिक स्वतंत्रता वह है जिसमे मनुष्य भय, लाभ, वासना विकार मुक्त राहत है। बाह्य स्वतंत्रता वह है जब व्यक्ति अपनी इच्छानुसार आचरण करने के लिए मुक्त हो दोनों प्रकार की स्वतंत्रता के लिए आवश्यक है की राज्य का मनुष्य पर नियंत्रण कम हो। अरविन्द राज्य द्वारा शक्तियों के केन्द्रीकरण के विरुद्ध थे। राज्य अधिक शक्तियों द्वारा तथा शक्तियों के दुरुपयोग के द्वारा व्यक्तियों की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है। अतः राज्य का कार्य क्षेत्र बहुत विस्तृत नहीं होना चाहिए। परंतु, साथ ही आंतरिक स्वतंत्रता को बाह्य स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण मानना आवश्यक है।

लोकतंत्र सम्बधी विचार

श्री अरविन्द लोकतंत्र शासन प्रणाली के प्रशंसक है, परंतु उसकी कमियों के प्रति भी जागरूक है। उनके अनुसार इस प्रणाली मे बहुमत की तानाशाही हो जाती है। इससे व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन होता है। लोकतंत्र मे धनवान और संभ्रांत वर्ग शासन मे स्थान प्राप्त कर लेता है। साधारण जनता के नाम पर यही वर्ग शासन करता है। इससे समाज मे असमानता बढ़ती है। व्यवसायी और व्यापारी वर्ग

धन के कारण शासन पर अपना दबाव डालने मे समर्थ होता है। साधारण जन के हित उपेक्षित रहते है। इन सब कमियों को दूर करने के लिए श्री अरविन्द का विचार था की लोकतंत्र शासन प्रणाली मे राजनीतिक शक्तियां विकेंद्रित होने चाहिए। शासकीय शक्तियां यदि एक स्थान पर अधिक केंद्रित होगी तो व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन होगा। श्री अरविन्द स्वतंत्रता और समानता के आदर्शों को सर्वाधिक महत्व देते है।

साम्यवाद सम्बधी विचार

श्री अरविन्द यद्यपि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक थे, लेकिन वे आर्थिक व्यक्तिवाद मे विश्वास नहीं करते है। उनके अनुसार समाज मे आर्थिक समानता होनी चाहिए। राज्य व समाज का एक प्रमुख कार्य है की वह आर्थिक समानता की व्यवस्था करे। राज्य द्वारा आर्थिक क्षेत्र मे किए जाने वाले सेवा कार्य को वे एक आवश्यक कार्य मानते थे परंतु साथ ही साम्यवाद की आध्यात्मिकता और धर्म विरोधी विचारधारा से वे सहमत नहीं थे। डॉ. वी. पी. वर्मा के अनुसार वे साम्यवाद को आध्यात्मिक बंधुत्व का संदेश देकर साम्यवाद और व्यक्तिवाद मे समन्वय स्थापित करने का स्वप्न देखते है।

महर्षि अरविन्द के आध्यात्मिक विचार

- ईश्वर और मानव के बीच एकता एवं ब्रह्मांड मे एकता पाई जाती है।
- संसार के परित्याग या सन्यास का समर्थन नहीं बल्कि मानवता की सेवा मे निश्वार्थ कर्म का समर्थन।
- विश्व सहिष्णुता के सिद्धांत का समर्थन और मानते है की धार्मिक विश्वास मुक्ति तक पहुचने के विभिन्न साधन है।
- आध्यात्मिक क्रांति का समर्थन, सब कुछ ब्रह्म है, या सभी कुछ ब्रह्म मे समाहित है। व्यक्ति का उदेश्य ब्रह्म के साथ तादात्म्य स्थापित करना है।

महर्षि अरविन्द के बारे मे सांगीतिक रूप मे शोधार्थी के विचार

महर्षि अरविन्द के बारे शोधार्थी जो कुछ भी अध्ययन कर पाया, उसका शोधार्थी पर एक सकारात्मक प्रभाव पडा। यही कारण से शोधार्थी के अंदर हमारे देश का मूल्य और भी बढ़ गया और अंतर्मन मे अंदर एक नई ऊर्जा उतपन्न हुई जिसके लिए शोधार्थी महर्षि अरविन्द के कार्य एवं उनके राष्ट्रवादी विचारधारा को नमन करता है। श्री अरविन्द को याद करते हुए शोधार्थी ने तबला के बोल और अरविन्द के विचार को मिला के कुछ रचना की उसमे दो रचना इस शोधपत्र मे शामिल कर रहा हूँ। जो दोनों तीनताल मे निबद्ध है।

चतुष्त्र जाति मे निबद्ध महर्षि अरविन्द स्मृति परन (स्वरचित)

धाऽनत	किटधिन	धगऽत	किटधाऽ	|
किटधि	किटधेत्ऽ	धाऽनत	किटधाऽ	|
सुनत,स	मज,अर	विंदभ	नत,जन	|
जनतक	महिमा	कहत,रा	ष्ट्रसुन	|
धिनतक	तकिटधि	किटधिन	धाता	|
राष्ट्र,भ	क्ति,जब	विचार	आता	|
अखूट	रस,न्यो	छावर	मिलता	|
हरमुख	नाम,अ	मरयह	आता	|
श्रीअर	विंद,की	जयजय	गाथा	|
धाऽऽऽ	ऽऽहर	मुखअर	विंद,की	|
जयजय	गाथा	धाऽऽऽ	ऽऽहर	|
मुखअर	विंद,की	जयजय	गाथा	| धा

मिश्र जाति मे निबद्ध महर्षि अरविन्द स्मृति परन (स्वरचित)

धाऽनधागेतेटे	कतगदिन्ना	तिटकतकतिट	कतगदिन्ना	|
तकिटधिटधिट	कतगदिन्ना	तिटकतकतिट	कतगदिन्ना	|
समजकर,इस	आयुका,अर	विंदजीकह	त,निचोड़ये	|
भूमिहै,यह	भूमिको,न	समजभूमि	मातहै,यह	|
मात,भारत	मातको,तूँ	करकेन्योछा	वर,ऽ,तनमन	|

धन,तु,बन,धन धन्य,मनु-अव तार,खुदकों तार,तूँ,तल |
वार,की,तूँ धारबन,कर शत्रुकाऽ,उ द्धार,तूँ,,कत्ऽ |
धाऽनधागेतेटे धागेनधागेतेटे कऽतधागेतेटे कऽत्रकत्ऽकत्ऽ |
ध्यान,धर,तूँ राष्ट्र,का,है, मुक्तिद्वारा राष्ट्रमे,तूँ |
भक्ति,करतो राष्ट्रकी,जो शक्ति,हो,तो राष्ट्र,मैं,इस |
माटीमे,जो खूनहै,भर- भर,के,खुन्नस खनकहै,इस |
खनक,को,धड का,के,रख,इस माटीकातूँ सपुत,है,इस |
खनक,को,धड का,के,रख,इस माटीकातूँ सपुत,है, इस |
खनक,को,धड का,के,रख,इस माटीकातूँ सपुत,है | **धा**

संदर्भ सूची

1. http://www.youtube.com/c/MARGDARSHANForCivilServices
2. http://www.youtube.com/c/NCERTOFFICIAL
3. http://www.mpgkpdf.com/2021/12/arvindghoshs-nationalism-in-hindi.html?m=1

स्वतंत्रता पूर्व एवं पश्चात भारतीय संगीत का वैश्वीकरण

दीपेश धोडी - शोध छात्र
अक्षिता बाजपई - शोध छात्रा
प्रो० गौरांग भावसार - मार्गदर्शक
डिपार्टमेट ऑफ तबला,
द महाराजा सायाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा

शोध सार: प्रस्तुत शोधलेख के माध्यम से शोधार्थी द्वारा भारतीय संगीत का वैश्वीकरण से जुड़े तथ्यो पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। भारतीय शास्त्रीय संगीत भारतीयता की परम्परा की ही गाथा है। भारतीय संगीत की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही यह एक ऐसी संगीत परम्परा, जिसमें केवल प्राचीनता ही नहीं बल्कि समय के साथ-साथ नवीनता की भी पहचान करायी है।

सूचक शब्द: भारत, कलाकार, संस्कृति, शास्त्रीय संगीत देश, विदेश

भारत सदियों से सत्य, ज्ञान और विज्ञान में रत रहने वाला देश है। यह प्राचीन काल से ही विश्व का दिशानिर्देशन करता रहा है। भारतीय कला, संस्कृति, आयुर्वेद, और जीवन प्रणाली से पूरा विश्व प्रभावित रहा है। भारतीय स्थापत्य, चित्र, शस्त्र, साहित्य एवं संगीत आदि कलाओं ने विश्व भर के जन मानस में अपना प्रभाव स्थपित किया है। भारतीय कला संस्कृति और विचारों को विश्व पटल पर स्थपित करने का श्रेय हमारे ऋषि मुनि, कलाकरों एवं विद्वनों को जाता है । इन्ही के अथक प्रयासों से भारत को आज विश्व भर में अपना उच्चतर स्थान प्राप्त है।

संगीत दो देशों के बीच शान्ति और प्रेम का सेतु है भारतीय शास्त्रीय संगीत के बारे में यह तथ्य सार्वजनिक रूप से स्वीकार्य है कि यह कला सार्वभौमिक है और इसे विश्व में कहीं पर भी निवास करने भिन्न सभ्यता और संस्कृति से जुड़े लोगों ने आत्मसात् करना चाहा है। भारत सदियों से सत्य, ज्ञान और विज्ञान में रत रहने वाला देश है। यह प्राचीन काल से ही विश्व का दिशानिर्देशन करता रहा है। भारतीय कला, संस्कृति, आयुर्वेद, और जीवन प्रणाली से पूरा विश्व प्रभावित रहा है। भारतीय स्थापत्य, चित्र, शस्त्र, साहित्य एवं संगीत आदि कलाओं ने विश्व भर के जन मानस में अपना प्रभाव स्थपित किया है। भारतीय कला संस्कृति और विचारों को विश्व पटल पर स्थपित करने का श्रेय हमारे ऋषि मुनि, कलाकरों एवं विद्वनों को जाता है । इन्ही के अथक प्रयासों से भारत को आज विश्व भर में अपना उच्चतर स्थान प्राप्त है। 20वीं सताब्दी से पूर्व भारतीय संगीत अपनी समृद्ध स्थिति में तो था। पंरतु उसे विश्वस्तरीय पहचान प्राप्त नही हो पाई थीं। इससे पूर्व भारतीय संगीत एक उच्चतर कक्षा का संगीत है केवल ऐसी माहिती विश्व मानव को थी। पंरतु इसका प्रत्यक्ष अनुभव न कर पाने के कारण भारतीय संगीत का इतना महत्त्व अब तक जागृत नही हुआ था। पंरतु 20 वी सदी के विद्वान कलाकरों ने इसे सपूर्ण जगत में प्रत्यक्ष रूप से पहुचाकर इसका रसास्वादन सभी को कराया। इसी का यह परीणाम है, कि आज सम्पूर्ण विश्व के लोग एवं विशेषकर संगीतज्ञ भारतीय संगीत के अत्यंत प्रेमी रसिक बन गए हैं। 20वीं सदी भारत में तथा की संस्कृति मे महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आए। अंग्रेजी हुकूमतों को परास्त कर भारत स्वतंत्र हुआ । इसी स्वतंत्रता संग्राम के मध्य संगीत ने भी विभिन्न क्रांतिकारियों की भांति विश्व में अपना स्थान बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। भारतीय संगीत को सर्वप्रथम विदेश में ख्याति प्रदान करवाने वाले कलाकरों में मुख्य नाम पंडित रविशंकर जी का है जिनका जन्म स्वतंत्रता से पूर्व सन 1930 में हुआ

था । जब संगीत अपना प्रभाव डालता है तो देशों की दूरियां और सीमाएं स्वत: मिट जाती है। समय के परिवर्तनों के साथ-साथ हम संगीत में अनेक त्वरित परिवर्तनों को देखते हैं। विश्व के अनेक देशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रसार करने में भारतीय महान् कलाकारों की अहम् भूमिका रही है। स्वतन्त्रता के पूर्व से ही भारतीय कलाकारों ने विश्व के अनेक देशों में प्रस्तुतिकरण करना आरंभ कर दिया था। प्रारंभ में पाश्चात्य संगीत का अत्यधिक प्रभाव होने से शास्त्रीय संगीत को जनमानस में जगह बनाना आसान न था। पंरतु भारतीय संगीत ईश्वर से एकाकार करने वाला संगीत है। जो ईश्वरीय सच्चा आनंद और शान्ति प्रदान करता है। जिसे साधने वाले कलाकरों ने अपनी साधना से विश्वमानव के मन पर अभूतपूर्व छाप बनाई। भारतीय संगीत को हर जगह उच्चतम पहचान मिली है। यह सभी कार्य भारतीय शास्त्रीय संगीत के साधक कलाकारों के अटूट प्रयत्नों से सफल हो सके हैं। संगीत मंच प्रदर्शन की कला होने के कारण अधिकाधिक श्रोताओं और शिक्षार्थियों को आकर्षित करने का और प्रचार एवं प्रसार करने का गुण रखती है। इस प्रचार-प्रसार में कलाकारों को अत्यधिक सफलता मिली है। भारतीय कलाकारों ने पश्चिम में संगीत-पर्यटन कर पश्चिम के लोगों की भारतीय संगीत में रूचि विकसित कर भारतीय शास्त्रीय संगीत के परिवर्द्धन के लिए खुला आसमान, पूरा ग्लोब दे दिया, उससे भारतीय शास्त्रीय संगीत की अस्मिता विश्व के श्वेत पटल पर चमकने लगी है। यह कार्य भारतीय संगीत के कलाकारों ने विदेश की धरती पर सफल किया, जिसके पीछे उनके अधिकतम संघर्ष भी रहे हैं। 1933 मे पंडित ओंकार नाथ ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन में भाग लेकर पहले भारतीय संगीतकार के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह यश कमाया सम्मेलन फ्लोरेंस में हुआ और वहां पर पंडित जी ने बड़ी संख्या में यूरोप की जनता और यूरोप में भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए और

गुरू लोगों के लिए नाम और को मन्त्रमुग्ध किया। संगीतकार सम्मेलनों में भाग लेकर नेपाल, अफ़गानिस्तान पंडित रविशंकर के बड़े भाई नर्त्तक पं० उदयशंकर ने भारतीय नृत्य का प्रदर्शन बड़े संगीत दल के साथ अनेक देशों में किया। पंडित रविशंकर के गुरु उस्ताद अलाउद्दीन खान उसी दल के सदस्य थे। अन्य अनेक भारतीय संगीतकार भी कार्यक्रम प्रस्तुत करे जाते रहे। परन्तु स्वतन्त्रता के बाद भारतीय अस्मिता की पहचान अन्य देशों को कराना और उच्च भारतीय संस्कृति की स्वच्छ एवं पवित्र छवि का ज्ञान कराना और भी आवश्यक समझा गया और इस प्रयत्न में अत्यधिक सफलता भी मिली है। विदेशों में भारतीय संगीतकार पंडित रविशंकर,उस्तादअली अकबर खां, उस्तादआशिष खां, हरि प्रसाद चौरसिया, स्व. पंडित निखिल बैनर्जी, उस्तादजाकिर हुसैन खां, पंडित विश्व मोहन भट्ट, उस्ताद विलायत खां, आदि अनेकों कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के अधिकतम कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदेशियों को संगीत सिखाकर वहां असंख्य श्रोता और कलाकार भी बनाए। बड़ी संख्या में कलाकार विदेश की धरती पर भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा में संलग्न हैं। इस योगदान में पंडित रविशंकर का कार्य सर्वतोमुखी है। आज पाश्चात्य संस्कृति में सितार, सरोद और तबला को सम्मान जनक स्थान प्राप्त है। संगीत ही नहीं, साथ-ही-साथ भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान आदि साधन और माध्यम भी विदेशियों के जीवन का हिस्सा बनने लगे हैं। जहां सितार की चर्चा हो, पंडितरविशंकर का नाम विश्व भर में विशेष पहचान के रूप में आता है।

बाबा अलाउद्दीन खां (1862-1972)

सेनिया घराने के बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां ने जिन कलाकारों को संगीत शिक्षा दी, उन्होंने केवल देश में ही नहीं, विदेश में भी बराबर रूप से संगीत को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। उस्ताद अली अकबर

खां, पंडित रवि शंकर, शुभो शंकर, आशीष खां, ध्यानेश खां और आगे उनके अनेक शिष्य इस वैश्विक उद्देश्य में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सेनिया घराने के बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां ने अपनी युवावस्था में ही पाश्चात्य संगीत में भी शिक्षा प्राप्त कर ली थी। भारतीय संगीत की शिक्षा विधि मौखिक ही हुआ करती थी, जब बाबा ने पश्चिमी स्वरलिपि पद्धति सीखकर भारतीय संगीत के लिए भी स्वरलिपि-पद्धति बनाई बाबा ने शास्त्रीय रागों में हारमनी का प्रयोग कर वाद्यवृन्द रचनाएं भी बनाई, जो भारत के लिए नई चीज़ थी। पूर्व और पश्चिम का मिलन पंडितरविशंकर के गुरू बाबा ने पहले ही करा दिया था, जिसे आगे जाकर श्रद्धावान् शिष्यों ने बड़े श्रम और साधना से आगे और आज विश्व में एक अद्वितीय नाम भारतीय शास्त्रीय संगीत को मिला है उन्हीं बाबा गुरू के श्री चरणों के हेतु। अली अकबर खां- बीसवीं शती के अत्यधिक ख्याति प्राप्त सरोदवादकोंमें उस्तादअलाउदीन खां के सुपुत्र उस्तादअली अकबर खां का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उनकी शिक्षा तीन साल की उम्र से ही प्रारम्भ हो गई थी। उन्हें संगीत में सर्वोच्च सम्मान पांच ग्रेमी (एवार्डो) सम्मानों से नवाजा जा चुका है। विश्व के भिन्न-भित्र देशों में संगीत शिक्षण संस्थान स्थापित कर भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व मंच दिलवाया है। उनके अनेक उपलब्धिपूर्ण कार्यो में सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। पाश्चात्य श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक बिल्कुल भिन्न स्तर पर लाकर उन्हें पारंगत करना। अली अकबर खां (सरोद वादक) करीब 40 साल से अली अकबर कालेज आफ म्यूजिक', सेन राफेल, कैलिफोर्निया अमेरिका में चला रहे है। अपने कालेज 'अली अकबर कालेज आफ म्यूजिक सेन राफेल कैलीफोनिया' में अपने विद्यार्थियों को पूरे परिश्रम और समर्पण से सिखाते हैं। अली अकबर खां साहिब यूनाईटेड स्टेटेस, कनाडा में काफी कंसर्ट देते हैं। इसके अलावा शीत में यूरोप में पूरे एक महीने का दौरा करते हैं और साथ ही मिडल ईस्ट,

बेसल, स्विटजरलैंड में अपने विद्यार्थियों का पढ़ाते भी हैं और संभाषणों का (प्रपत्र पढ़ने) भी आयोजन करते हैं। साल के कुछ महीनों में वह भारत का भी दौरा करते हैं और भीड़ भरी श्रोता-मंडली के संमुख अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। भारत में उनके कालेज की एक शाखा कलकता में भी है, जो 1956 में प्रस्थापित हुई थी। भारतीय संगीत को सीमा पार ले जाकर विश्व में पहचान दिलाने में अधिकाधिक श्रेय उस्तादअली अकबर खां को जाता है।

पंडित रविशंकर-

विश्वविख्यात सितार वादक पण्डित रविशंकर जी 7 अप्रैल, 1920 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में इनका जन्म हुआ। पंडित जी के पिता श्याम शंकर विद्वान् थे। पंडित जी ने इंग्लैण्ड से 'बार एट लॉ' और जेनेवा विश्वविद्यालय से राजनीतिशास्त्र में अनेक उपाधियाँ प्राप्त की थीं। रविशंकर बाल्यकाल से ही संगीत की ओर आकर्षित थे, पंडित जी के तीनों भाई उदय शंकर, राजेन्द्र शंकर तथा ज्ञानेन्द्र शंकर संगीत के क्षेत्र में अपने पद स्थापित कर चुके थे। रविशंकर को ध्रुपद की शिक्षा अपने पिता से मिली तथा बड़े भाई राजेन्द्र शंकर की ऑर्केस्ट्रा पार्टी से विभिन्न वाद्यों की ध्वनियों तथा उनकी वादन शैलियों से भी इनका परिचय हुआ। पंडित जी ने नृत्य की शिक्षा अपने बड़े भाई प्रसिद्ध नृत्यकार उदयशंकर से प्राप्त की तथा उनके दल के साथ विश्व भ्रमण किया करते थे। पण्डित रविशंकर ने सितार की शिक्षा उस्ताद अलाउद्दीन खाँ से प्राप्त की थी। भारतीय संगीत के सिद्ध कलाकार पण्डित रविशंकर भारतीय शास्त्रीय भारतीय संगीत और संस्कृति को विदेशों में ले जाने वाले अग्रणी कलाकार महान् सितारवादक पंडित रविशंकर का नाम लेकर ही भारतीय शास्त्रीय संगीत के अन्तर्राष्ट्रीकरण के प्रति योगदान का विषय पूरी तरह खुल जाता है। पंडित रविशंकर ने विदेशों में जिस तरीके से विदेशियों को संगीत का साधुवाद सिखाया, वह विश्व

में भारतीय संगीत की और भारतीयता की उपलब्धि है।भारतीय शास्त्रीय संगीत और इसकी विधिवत् प्रणाली, संवेदन शक्ति, गहन साधना, आध्यात्मिक शक्ति, संगीत गुरू का नमन, इत्यादि बातों को पश्चिमी संस्कृति जो भारतीय संस्कृति के एकदम विपरीत है, के सामने प्रस्तुत करना अतिरिक्त मनोयोग, दृढ़ संकल्प और प्रभावी व्यक्तित्व का साक्षात् प्रमाण है। ऐसा प्रचार विदेशों में करने क श्रेय पंडित रविशंकर को जाता है, जिनका लगभग शुरूआत से छः दशकों का भारतीय संगीत को अन्तर्राष्ट्रीय करने का जीवन वृत्त है और इस लम्बी परिश्रम कालीन अवधि के लिए उनका नाम Guinness Book of World Record में दर्ज है। भारतीय शास्त्रीय संगीत का जो अधिकतम प्रचार अमेरिका में हुआ, वह पंडित रविशंकर जी के प्रयत्नों के फलस्वरूप हुआ। आज संसार के विभिन्न देशों में पंडित रविशंकर और सितार एक दूसरे का पर्याय समझते जाते हैं और भारतीय शास्त्रीय संगीत का नाम आते ही पंडित रविशंकर का नाम विदेशों में प्रसार करने वालों में अग्रगण्य है। यह सब कार्य एकदम नहीं हुआ। पंडित रविशंकर जी के वर्षों के अनथक प्रयासों के कारण ऐसा संभव हो सका। 1930 में भारत से विदेश भ्रमण के लिए गए और लगभग 20 वर्षों के कठिन संघर्षरत के बाद भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति विदेशी लोगों का ध्यान आकर्षित कर सके। भारतीय शास्त्रीय संगीत के पीछे छिपी भारतीय धर्म, दर्शन, योग और संस्कृति की पहचान साधारण युवा वर्ग को करा सके। पंडित रविशंकर के द्वारा भारतीय संगीत का प्रचार तेजी से हो रहा था, जिसके फलस्वरूप भारतीय संगीत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना और समझा जाने लगा था। विदेशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत व कला की नीव स्थापित होने की उम्मीदें बढ़ने लगीं थी। स्वतन्त्रता के बाद हमारा भारतीय संगीत अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर ख्याति प्राप्त करने लगा था। यहां तक कि विदेशी विद्यार्थी के द्वारा भारतीय शास्त्रीय

संगीत को भारत आकार सीखने की परंपरा की नयी शुरुआत होने लगी, यह हमारे लिए गर्व की बात थी कि विदेशीयों आकर्षण भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति लगातार बढ़ने लगा निरंतर आज भी जारी है, और आज एक महान भूमिका अदा कर रहा है। पंडित जी ने 1963 में आयोजित ब्रिटेन का Edin Burgh Festival, 1965 Common Wealth Arts Festival और 1964 में दिल्ली में East and West Music Festival जिसमें बहुत से संगीतकारों ने इंग्लैंड, अमेरिका और अन्य महा द्वीपों से आए और इस आयोजन का हिस्सा बने। Royal Festival Hall जहां पंडितजी ने सितार वादन प्रस्तुत कर विश्व प्रसिद्धि प्राप्त की। पंडित जी के साथ-साथ अन्य संगीतकार उस्ताद अली अकबर खां, विलायत खां, अल्लारक्खा, किशन महाराज और स्वर्गीय पंडितचतुर लाल जी ने भी इस आहुति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारतीय शास्त्रीय संगीत का जो अधिकतम प्रचार अमेरिका में हुआ, वह पंडितजी के प्रयत्नों के फलस्वरूप हुआ। आज संसार के विभिन्न देशों में पंडित रविशंकर और सितार एक दूसरे का पर्याय समझते जाते हैं और भारतीय शास्त्रीय संगीत का नाम आते ही पंडित रविशंकर का नाम विदेशों में प्रसार करने वालों में अग्रगण्य है। यह सब कार्य एकदम नहीं हुआ। पंडित रविशंकर जी के वर्षों के अनथक प्रयासों के कारण ऐसा संभव हो सका। पण्डित रविशंकर को संगीत में योगदान के लिए विभिन्न पुरस्कारों से भी नवाजा गया, जिनमें कुछ प्रमुख पुरस्कार निम्न हैं। 1962 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1967 में पद्म भूषण सम्मान,1975 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप, 1968 में विलबोर्ड मैगजीन ऑफ द ईयर अवार्ड, 1981 में पद्म विभूषण सम्मान, 1987-88 में कालिदास सम्मान (मध्य प्रदेश सरकार), 1992 में रेमन मैग्सेसे अवार्ड, 1999 में 'भारतरत्न' सम्मान, 2001 में नाइटहुड सम्मान (ब्रिटेन से), 2002 में तीसरा ग्रैमी अवार्ड इसके अतिरिक्त 1973 खैरागढ़ विश्वविद्यालय

एवं रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय तथा 1993 हॉवर्ड विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

उस्ताद अल्लारक्खा खाँ

मियां कादिर बख्श के शिष्य उस्ताद अल्लारखा खां का नाम भारतीय शास्त्रीय संगीत के तबला वाद्य को विश्व में प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तबला वादन की शिक्षा के अलावा गायन संगीत की शिक्षा पटियाला घराने के उस्ताद आशिक अली खां से प्राप्त की। सांगीतिक प्रतिभा असीम होने के कारण बहुत संरचनात्मक कार्य किए, जिनमें से लगभग पच्चीस के करीब भारतीय फिल्मों में संगीत दिया-जैसे मां-बाप, बेवफा, घर की लाज, सबक, सती अनुसूया, खानपान, मदारी, आलमआरा, जग्गा आदि। गायन संगीत, वादन संगीत, नृत्य संगीत और एकल तबला वादन, संगीतकार आदि संगीत के अनेक क्षेत्र से रचनात्मक रूप से जुड़े रहे। उस्ताद अल्लारक्खा खां अपने जीवन काल में पंडित रविशंकर के साथ संगतकार के रूप में विदेश में रहे। साल दो साल स्वदेश आने पर आकाशवाणी के लिए एकाध कार्यक्रम ध्वन्यांकन करवाते तो रेडियो के श्रोता के लिए यह बड़ी बात हो जाती है। पंडित रविशंकर जी के साथ 30 वर्षों तक विश्व के कोने-कोने में अनेक देशों में संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत करते रहे। उनका संवेदनात्मक तबला वादन घर और बाहर अर्थात् देश-विदेश के श्रोता को हृदय तक छू लेता था और इसी कारण से ही पूरे विश्व में भारतीय शास्त्रीय संगीत के अवनद्ध वाद्यों में तबला प्रमुख से प्रचलित हुआ, समझा और सीखा जाने लगा। यथार्थ तो यह है कि चोटी के कलाकारों के लिए अब स्वदेश ही विदेश हो गया है, क्योंकि धन और ख्याति के लिए वे अपना अधिकांश समय विदेश में ही व्यतीत करते। इसका सकारात्मक पक्ष यह हुआ कि बाहर अधिक समय रहने के कारण ही भारतीय तबला वादन विदेशों में अत्यधिक प्रचार पा गया और आज अन्तर्राष्ट्रीय नाम प्राप्त कर

चुका है। पद्मश्री, संगीत नाटक अकादमी सम्मान, इडा-अमेरिकन अचीवमेंट और महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार आदि से सुशोभित उस्ताद अलारक्खा ने युगलबन्दी में अपने विश्व विख्यात बेटे उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ और त्रिगलबन्दी में अपने दोनों बेटों जाकिर और फ़ज़ल खुरैशी के साथ बजाकर पूरे विश्व में भारतीय तबला वादन का डंका बजा दिया। 1985 में उन्होंने 'उस्ताद अलारक्खा खां संगीत संस्थान' खोला ताकि तबले के पंजाब घराने की शिक्षा युवाओं को देकर अपनी घराना परम्परा को आगे बढ़ाया जाये और तबला वाद्य को हासिल विश्व प्रसिद्धि को आगे आने वाली पीढ़ियां कायम रख सकें।

उस्ताद जाकिर हुसैन खां- उस्ताद जाकिर हुसैन खां पंजाब घराना के मियां कादिरबख्श के शिष्य उस्ताद अल्लारक्खा के सुपुत्र और शिष्य हैं। तबला वादन में उस्ताद जाकिर हुसैन खां के नाम से भारत का ही नहीं, विश्व का प्रत्येक संगीत प्रेमी परिचय का मोहताज नहीं है। विश्व विख्यात संगीतकार गायकों, वादकों और नर्तकों के प्रमुख और प्रिय संगीतकार के रूप में महत्वशाली स्थान बनाकर पंडित जाकिर हुसैन शान्त नहीं बैठे। उनकी प्रतिभा ने अनेक रचनात्मक कार्य किए हैं पाश्चात्य कलाकारों से मिलकर वर्ल्ड म्यूज़िक में फ्यूज़न की रचना शक्ति बैंड, दिगा रिद्म बैंड, मेंकिग म्यूज़िक, प्लेनैट ड्रम, मिकी हार्ट (Mickey Hart) के साथ, तबला बीट साईंस, चार्ल्स लायड और ऐरिक हारलैंड के साथ मिल कर अनेक प्रयोग किये। इसके अतिरिक्त अनेक पाश्चात्य कलाकारों के साथ संगीत प्रस्तुति और ध्वन्यांकन भी किए। जार्ज हैरिसन, जोहैंडरसन, वैनमोरिसन, एयरटो मोरैरो, गियोवानी, हिडालगो, फरोह सैंडरस, बिली कोबम, रैनी हैरीस और कोडो ड्रमर्स आदि कलाकारों के साथ ध्वयांकन और मंच प्रदर्शन के लिए जुड़े रहे। अमेरिका और भारत में सांस्कृतिक सम्बन्ध बढ़ाने में सांस्कृतिक योगदान के लिए 1990 में इंडो-अमेरिकन पुरस्कार प्राप्त किया। 1991 में सबसे छोटे युवा तबला वादक होने

के लिए भारतीय सांस्कृतिक संस्था संगीत नाटक अकादमी के नाम पर भारत के राष्ट्रपति के द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त किया। 1992 में प्लैनैट ड्रम मिकी हार्ट के साथ 'Best World Music Album' के लिए ग्रैमी एवार्ड मिला। 1992 में 'Moments' के नाम से ध्वन्यांकन किए, जिनमें समकालीन विश्वसंगीत (Contemporary World Music) और भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान् कलाकारों के सजीव मंच प्रदर्शन के ध्वन्यांकन हैं और साथ-ही-साथ इसी लेबल पर उस्तादजाकिर के अपने' World Percussion Ensemble-TheRhythmic Experience' हैं जिनमें उत्तर और दक्षिण भारत के शास्त्रीय संगीत के ध्वन्यांकन और 'Best of Shakti' और 'Master of Purcussion' लड़ी के रूप में ध्वन्यांकन किए गए हैं। Alonjo King अलोंजो किंग के साथ 2007 किंग के नए काम (Rasa) रस के लिए संगीत रचना कार्य के लिए जुड़े। प्लैनेट ड्रम के निर्देशक के रूप में 1996-97 में अनेक यूरोपियन देशों का दौरा किया। यही अलबम 'Lines' की संगीत रचना के लिए और 'Meet the Composer' कार्यक्रम के लिए वर्ष 2000 में पियू मैमोरियल ट्रस्ट और (Izzte) इजी के द्वारा दिए गए अनुदान और पुरस्कार से एक बार अलोंजो किंग के साथ कोरियोग्राफ़ी करने का मौका मिला। इस बार 'Alvin Ailey American Dance Theatre' के लिए संगीत रचना की। सितम्बर 2006 में जाकिर, इदगर मेयर, बेला टैरक तीनों ने मिलकर बैजो, बॉस और तबला के लिए संगीत रचना की। यह त्रिगलबन्दी नैशविले (Nashville) के शरमरहार्न सिम्फनी हाल में प्रस्तुत की। अद्धितीय कलाकार होने की उपलब्धि के लिए 2006 में 'कालिदास सम्मान' का प्रसिद्ध पुरस्कार प्राप्त किया।

निष्कर्ष- भारत का इतिहास महानता से परिपूर्ण है। परंतु इसकी समृद्धि को देखकर विश्व के कई शासकों ने इस पर अपना अधिकार स्थापित करने का प्रयत्न किया। कभी मुग़लों ने कभी, हूण, पुर्तगाली,

अंग्रेज़ सभी ने इसे अपने स्वार्थ के लिए इस देश पर आक्रमण किए। परंतु हमेशा की तरह भारत पर भारतीय संस्कृति को अलग करके कोई शासन कर न सका। और भारत हर बार उगते सूर्य की तरस विश्व के सामने खड़ा हो गया। परंतु इन आक्रमणों में समय समय पर भारतीय आस्था, संस्कृति, कला, स्थापत्य, आदि पर आघात होते रहने से कुछ विद्याएँ, कलाएं आज विलुप्त हो चुकी है और कई कलाओं में बोहोत प्रकार के मिश्रण हो चुके हैं। ऐसे में स्वतंत्रता के समय एवं उसके बाद भारतीय संगीत को फिर से विश्व पटल पहचान दिलाने के लिए हमारे विद्वान कलाकारों ने अत्यधिक प्रयास किए है। जिनमें पं रविशंकर जी, अली अकबर खाँ, पं उदय शंकर जी, पं ओमकारनाथ ठाकुर जी उस्ताद अल्लारक्खा जी, पंडित किशन महाराज, उस्ताद ज़ाकिर हुसैन जी, आदि कई कलाकारों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किसी पक्षी को पिंजरे से मुक्त होने पर वह विशालकाय आकाश में अपने अस्तित्व को पहुंचाता है। इसी प्रकार स्वतन्त्रता के समय इन कलाकारों ने विश्वभर में उड़ान भर सम्पूर्ण विश्व में भारतीय संगीत का परचम लहराया है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. आधुनिक अंतर्राष्ट्रीयकारण मे भारतीय शास्त्रीय संगीत की भूमिका/ नीलम बाला महेंद्रू/ कनिष्क पब्लिशर्स/ नई दिल्ली
2. भारतीय संगीत कोश/ विमलकान्त रॉय चौधरी/वाणी प्रकाशन नई दिल्ली
3. संगीत विशारद/ बसंत/संगीत कार्यालय हाथरस (उ० प्र०)
4. ताल कोश/ गिरीश चंद्र श्रीवास्तव/ रूबी प्रकाशन
5. हमारे प्रिय संगीतज्ञ/हरीश चंद्र श्रीवास्तव/संगीत सदन प्रकाशन
6. भारत के संगीतकार /डॉ० लक्ष्मीनारायण गर्ग/संगीत कार्यालय हाथरस

अखंड भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संगीत के प्रचार-प्रसार के जनसंचार माध्यमों का योगदान

धनंजय वेकरीया - स. प्राध्यापक ,
प्रो. गौरांग भावसार - मार्गदर्शक,
तबला विभाग, मंचीय कला संकाय,
म .स. विश्वविध्यालय, वड़ोदरा

शोध सार : प्रस्तुत शोध पत्र में पहले कला का जीवन के साथ क्या संबंध है तथा किस तरह इस संबंध का महत्त्व समझा जा सकता है उसका संक्षिप्त वर्णन दिया गया है। तत्पश्चात कला के प्रचार व प्रसार में किन माध्यमों का उपयोग स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुआ था उसकी चर्चा की गई है। अन्य भाग में कला के प्रचार प्रसार में जिन संगीतज्ञों का अधिक योगदान है उन पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही उन्होंने जिन संस्थानों की स्थापना की उसका संक्षेप में विवरण दिया गया है। अंत भाग में संगीत के प्रचार प्रसार में होने वाले सम्मेलनों का उल्लेख दिया गया है। अतः इस शोध से संगीत क्षेत्र में हो रहे शोधों को एक नव दिशा देने का प्रयास रहा है।

संकेत शब्द: स्वतंत्रता, कला, संगीत, प्रचार-प्रसार, संगीत संस्थान, संगीत समारोह, संगीत पत्रिका

सृष्टि में जीवन के साथ-साथ कला का भी जन्म हुआ था। जब से मानव इतिहास प्राप्त है तभी से कला का अतूट संबंध मानव के साथ देखने को मिलता है। काल की गति के साथ-साथ कला का भी स्वरूप सदैव परिवर्तित होता रहा। कला जीवन के साथ इस प्रकार एक रस हो कर रही कि जीवन की गति के साथ साथ कला का भी कलात्मक सर्जन खुद होता रहा। कला का व्यवहारिक पक्ष इतना सबल और सुंदर है कि उससे जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। समय की गति के

साथ साथ जब विभिन्न परिस्थितियों में परिवर्तन आए, तब कला के रूप में इन परिवर्तनों के साथ साथ दुर्बलता ओं का भी प्रवेश हुआ होगा किंतु जब-जब कला में इन दुर्बलताओं का बुद्धिजीवी वर्ग को आभास हुआ होगा तब तब इनके मूल में निहित कारणों की शोध की होगी। शास्त्रीय संगीत शब्द का प्रयोग पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अंग्रेजी शब्द क्लासिकल म्यूजिक के पर्याय के रूप में उन परम्पराओं अथवा शैलियों के सन्दर्भ में किया गया जिनका किसी वर्ग विशेष से संबंध हो तथा जो सामान्य जनता के मध्य अधिक लोकप्रिय न हो। भारत में जब अंग्रेजों का आगमन हुआ तब अनेक पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय संगीत का अध्ययन भी किया। इन विद्वानों ने पाया कि यह संगीत राजदरबारों, छोटी - छोटी रियासतों तथा जमींदारों एवं सामंतों की हवेलियां तक ही सीमित था। जनसाधारण की पहुंच से यह दूर था। सामंतों, शासकों आदि के एक विशिष्ट वर्ग से संबंधित होने के कारण अंग्रेज तथा अन्य पाश्चात्य विद्वानों ने इस राग आधारित संगीत को ' क्लासिकल म्यूजिक' का नाम दिया जिसके हिंदी रूपांतरण के रूप में 19 वीं शताब्दी में शास्त्रीय संगीत शब्द व्यवहार में आया। राजदरबारों में गाए जाने वाले धुपद व ख्याल को स्वन्त्रतापूर्व शास्त्रीय संगीत की संज्ञा नहीं दी जाती थी। राजदरवारों से निकलकर संगीत जनसाधारण के मध्य पहुंचता तो लोगों को इसने अपनी ओर आकर्षित तो किया किन्तु बिना गुरू के मार्गदर्शन से संगीत के शास्त्र को समझ पाना व गाना उन्हें कठिन लगा। संभवतः यहीं कारण था कि इस विधा को शास्त्रीय संगीत के नाम से जाना जाने लगा। यद्यपि शास्त्रीय संगीत शब्द का प्रचलन 19 वीं शताब्दी में हुआ परन्तु इसकी परम्परा अति प्राचीन है। प्राचीनकाल में संगीत के दो रूप प्रचलित थे पहला मार्गी और दूसरा देशी। मार्गी को अधिक शास्त्रीय एवं नियमबद्ध माना गया तथा देशी को लौकिक माना गया। इसी आशय की पुष्टि करते हुए ठाकुर जयदेव सिंह ने आधुनिक समय में प्रचलित

शास्त्रीय संगीत को मार्गी संगीत के अन्तर्गत तथा लोक संगीत को देशी संगीत के अन्तर्गत माना है। एक अन्य मत के अनुसार कालांतर में मार्गी संगीत लुप्त हो गया तथा देशी संगीत का विकास दो रूपों में हुआ। प्रथम जिसका आधार शास्त्र था तथा जिसे विद्वानों एवं कलाकारों ने अध्ययन और साधना का विषय बनाया उसे शास्त्रीय संगीत की संज्ञा दी गई। दूसरा काल और देश के अनुरूप प्रकृति के स्वछन्द वातावरण स्वाभाविक रूप से पलता हुआ पूर्वोत्तर विकास को प्राप्त होता रहा। जिसे लोक संगीत के नाम से जाना जाता है। गायन, वादन, नृत्य इन तीनों कलाओं के समुच्चय को संगीत की संज्ञा दी गई है जो संगीत परम्परागत हो तथा संगीत शास्त्र द्वारा प्रतिपादित राग विशेष के नियमों तथा व्यवस्था का पूर्णतया पालन करता हो उसे शास्त्रीय संगीत की संज्ञा दी गई है। काल क्रमानुसार समाज सभ्यता, संस्कृति, इत्यादि में हुए परिवर्तनों के साथ - साथ शास्त्रीय संगीत में भी अनेक नई गायन - वादन विधाएं जुड़ती चली गई। प्राचीन काल में पल्लवित होकर धार्मिक आवरण से ओत - प्रोत मध्यकाल में राजदरवारों का संरक्षण पाकर अनेक नई शैलियों को समायोजित करके विकसित होते हुए आधुनिक काल में सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक स्वन्त्रता के कारण मानव जीवन की परिवर्तित परिस्थितियों से शास्त्रीय संगीत भी अछूता ना रहा। अपनी विकास यात्रा में अनेक उत्तर - चढ़ावों का सामना करते हुए शास्त्रीय संगीत वर्तमान समय में संगठित व सुसज्जित स्वरूप में आज हमारे समक्ष है जो सरकारी एवं गैर सरकारी प्रयासों से दिन - प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

प्रचार - प्रसार का अर्थ

प्रचार - प्रसार शब्द का प्रयोग किसी भी वस्तु को जनमानस तक पहुंचाते हुए उसे प्रसिद्ध करने तथा उस वस्तु के उपभोक्ताओं की संख्या का विस्तार करने की क्रिया हेतु किया जाता है। कला के संदर्भ

में प्रचार - प्रसार से अभिप्राय उस कला रूप को संरक्षण प्रदान करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक उस कला रूप को पहुंचाना तथा उसका विकास करना है।

कला के प्रचार - प्रसार के माध्यम

किसी भी कला रूप के प्रचार - प्रसार के लिए निम्नलिखित साधन हो सकते है

1. कला रूप के विकास को समर्पित संस्थाओं की स्थापना करना।
2. प्रतिष्ठित विध्यालयों में विधार्थीयों को संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करना।
3. कला रूप का जनसाधारण के मध्य प्रचार हेतु कार्यक्रमों का आयोजन।
4. कला के अनुरूप पत्रिकाए एवं शोधलेख प्रकाशित करना।
5. कला रूप से जुड़े कलाकारों को आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक संरक्षण प्रदान करना।
6. जनसंचार माध्यमों द्वारा कला रूप को देश विदेश तक पहुंचाना।



इस समय संगीत के पुनरूत्थान हेतु कई महान विभूतियों ने अथक परिश्रम किया जिनमें पं. विष्णु नारायण भातखण्डे एवं पं . विष्णु दिगम्बर पलुस्कर इन दोनों विभूतियों का सर्वाधिक योगदान रहा। इन्होंने संगीत को आम जनमानस तक पहुंचाने में बहुत अधिक योगदान दिया। इन्होंने संगीत के कुछ मान्य सिद्धान्तों एवं क्रियात्मक प्रयोगों में परिवर्तन व परिवर्द्धन करके उसे आधुनिक स्थिति के अनुकूल बनाया। इन्होंने अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचना की। अनेक

संगीतज्ञों से मिलकर बंदिशें एकत्रित करके उनको स्वरलिपिबद्ध करके उन्हें सरंक्षित किया। पं . विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी ने समाज में संगीत की स्थिति को सम्मानजनक स्थान पर पहुंचाने के लिए अनेक प्रयत्न किए। इन दोनों विद्वानों की कोशिशों से संगीत के अनेक विद्यालय स्थापित किए गए। 1886 में बड़ौदा रियासत की आर्थिक सहायता द्वारा स्वर्गीय मौलाबख्श द्वारा सर्वप्रथम संगीत विद्यालय की स्थापना की गई। 1901 में गुरुकुल शिक्षण प्रणाली तथा आधुनिक संस्थागत शिक्षण प्रणाली के समन्वय स्वरूप लाहौर में गान्धर्व महाविद्यालय की स्थापना की गई। इसके उपरान्त 1908 में गान्धर्व महाविद्यालय की एक मुख्य शाखा मुम्बई में स्थापना की गई। संगीत को सामाजिक संरक्षण प्रदान करने की दृष्टि से यह विद्यालय समाज की था। शनैः शनैः इन विद्यालयों की अन्य शाखाएं नागपुर, पूना, बम्बई इत्यादि स्थानों पर स्थापित हो गई। इन शाखाओं के सुचारू संचालन धन राशि पर आश्रित था। विद्यालय का खर्च चलाने के लिए कार्यक्रमों से होने वाली आय ही एकमात्र साधन थी। विद्यालय की साफ - सफाई भोजन आदि व्यवस्थाओं का भार विद्यार्थियों पर हेतु 1931 में अखिल भारतीय गन्धर्व महाविद्यालय मण्डल की स्थापना पं. नारायण मोरेश्वर खरे तथा पं. शंकरराव व्यास के नेतृत्व में की गई। इस संस्था का उद्देश्य संगीतकारों को संगीत क्षेत्र में प्रवृत करना, संगीतकारों से संगीत शिक्षण कार्य में लाभ उठाना, संगीतकारों के लिए समाज में प्रतिष्ठा स्थापित करना तथा संगीत को अन्य कलाओं तथा विषयों के समकक्ष समाज में सम्मानजनक जगह दिलाना था। पं . विष्णु दिगम्बर जी के शिष्यों ने भी संगीत के प्रचार - प्रसार हेतु अमुल्य योगदान दिया।

उनके शिष्य पं. विनायक राव पटवर्धन जी ने 1952 ई. में विष्णु दिगम्बर संगीत विद्यालय की स्थापना की। पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने 'प्रणवभारती' तथा 'संगीताजलि' पुस्तकों की रचना की। पं . वी आर

देवधर ने बम्बई में ' स्कूल आफ इण्डियन म्यूजिक' नामक संस्था की स्थापना 13 नवम्बर 1925 को की। इस संस्था का आर्थिक भार संगीतिक जल्सों तथा समाज के घनिष्ठ वर्ग से धन इकट्ठा करके वहन



किया जाता था। इस प्रकार पं . विष्णु दिगम्बर प्लुस्कर जी ने संगीत के क्रियात्मक पक्ष के विकास हेतु सफल प्रयास किए। पं . भातखण्डे जी ने भी संगीत के सैद्धान्तिक पक्ष पर बहुत अधिक कार्य किया। उन्होंने संगीत सम्बन्धी अनेक पुस्तको की रचना की। सन् 1917 में आपकी ग्वालियर एवं बड़ौदा के नरेश से भेंट हुई। आपने इन दोनों स्थानों पर संगीत विद्यालय की स्थापना करने का निर्णय किया। सन् 1918 में ग्वालियर में माधव संगीत विद्यालय की स्थापना की। सन् 1920 में बड़ौदा में संगीत विद्यालय की स्थापना की। सन् 1922 में हरिद्वार में भाषा एवं राग की शुद्धता की दृष्टि से संगोष्ठी का आयोजन करवाया तथा सर्वमान्य पाठ विरंचित किए। सन् 1925-26 में अखिल भारतीय संगीत परिषद के चतुर्थ अधिवेशन में मैरिस कॉलेज ऑफ म्यूजिक की स्थापना लखनऊ में की जो भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय के नाम से विख्यात है।



आप ने संगीत के प्रचार - प्रसार तथा भ्रमित विषयों तथा विवादों के समाधान हेतु अनेक संगीत सम्मेलनों का आयोजन करवाया। उत्तर भारत में सर्वप्रथम संगीत सम्मेलन सन् 1916 में बड़ौदा महाराजा सियाजी राव गायकवाड की संरक्षता में हुआ। सन् 1918 में द्वितीय

सम्मेलन रामपुर के नवाब के सरंक्षण में हुआ। इसी प्रकार तृतीय सम्मेलन 1918 में बनारस में आयोजित किया गया। चौथा तथा पांचवां क्रमशः सन् 1925 व सन् 1926 में लखनऊ में आयोजित किया गया।

इन दोनों महान विभूतियों से प्रेरित होकर कई अन्य संगीतकार भी संगीत सेवा में जुट गए जैसे अब्दुल करीम खाँ, अल्लादिया खाँ, शंकरराव पंडित, इनायत खाँ आदि। पं . विष्णु दिगम्बर प्लुस्कर तथा पं . विष्णु नारायण भातखण्डे जी के सत्त प्रयासों से ही कालान्तर में संगीत को शैक्षणिक संस्थाओं जैसे विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों आदि में एक स्वतन्त्र विषय के रूप में स्थान मिला। सन् 1929 ई . से पूर्व शिक्षा संस्थाओं में संगीत विषय नहीं था। संगीत के विकास के लिए हुए प्रयत्नों के फलस्वरूप सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ। इसी वर्ष प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा समिति के सुझाव पर प्रशासन की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के प्रथम तीन वर्षों में संगीत शिक्षा को सम्मिलित किया गया। चौथी तथा पांचवी कक्षा में ऐच्छिक विषय के रूप में संगीत को स्थान दिया गया।


MUSIC AT SCHOOL
Children of the Indian Education Society's School, who took part in a radio programme on 23 March broadcast from Bombay

1947 तक संगीत को अन्य व्यवसायी विषयों के साथ एक अतिरिक्त विषय के रूप में ही मान्यता मिली किन्तु संगीत शिक्षण की पाठय पुस्तकों की कोई सुनियोजित योजना नहीं थी। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भारत में एक नवीन सांस्कृतिक चेतना का उदय हुआ। भारत सरकार ने कलाओं व संस्कृति के विकास के लिए अनेक प्रयत्न करने शुरू किए। सरकार ने संगीत कला के विकास की ओर भी ध्यान दिया। संगीत को

विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षण विषय के रूप में स्थापित करने के प्रयास किए गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री वी० जी० खेर संस्कृति तथा कलाओं के विकास के लिए उत्साही थे। उन्होंने 1948-49 ई० में संगीत शिक्षा समिति का गठन किया जिसके अध्यक्ष वी० जी० जत्थार थे। जत्थार समिति का प्रमुख उद्देश्य था कि सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था का सर्वेक्षण करके संगीत शिक्षण के विभिन्न पक्षों पर अपने सुझाव देना। इस समिति के कुछ प्रमुख कार्य थे- शिक्षण प्रणाली में विभिन्न स्तरों पर संगीत का स्थान, विद्यालयों में भिन्न - भिन्न स्तर पर संगीत शिक्षण की सम्भावना, भारतीय संगीत की एकरूपता में स्वरलिपि पद्धति का प्रयास तथा उसका योगदान आदि...

29 अगस्त 1949 ई० में कलकत्ता में भारतीय शिक्षा मन्त्रालय की ओर से एक अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत के प्रमुख कलाकारों व कला आलोचकों को आमन्त्रित किया गया। सन् 1952-53 ई. में सरकार द्वारा शिक्षा पहलुओं का अध्ययन करने हेतु "माध्यमिक शिक्षा आयोग" (मुदालियर कमीशन) की नियुक्ति की गई। इस आयोग ने सर्वेक्षण में माध्यमिक विद्यालयों में अन्य विषयों के साथ संगीत विषय को सम्मिलित करने का सुझाव दिया। माध्यमिक शिक्षा आयोग के सुझाव के द्वारा संगीत विषय को भारत के अनेक राज्यों के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में अन्य विषयों के साथ ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल किया गया। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा प्रणाली में संगीत को पाठ्यक्रम में पूरी तरह से शामिल कर लिया गया। सरकार की ओर से सन् 1964-66 मे गठित कोठारी कमीशन द्वारा माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में ललित कलाओं की असन्तोषजनक स्थिति पर विचार करते हुए शिक्षा आयोग ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये। सरकार एवं शिक्षाविदों के प्रयास से संगीत विषय को माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में

महत्व प्राप्त हुआ। धीरे - धीरे संगीत विषय उच्चतर माध्यमिक, सनातक, व स्नातकोतरीय कक्षाओं में भी पढ़ाया जाने लगा।

1950 ई० में सर्वप्रथम बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय में संगीत विभाग



की स्थापना की गई। 1955 ई० में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की स्थापना की गई। तदोपरान्त संगीत के अनेक विद्यालय स्वतन्त्र रूप से या प्रशासकीय सहायता से इन्दौर, मेहर, उज्जैन, मन्दौसर, नरसिंहगढ़ आदि स्थानों पर स्थापित किये गये। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद सरकार ने संगीत के विकास हेतु अनेक प्रशंसनीय प्रयास किए है। आज सम्पूर्ण भारत में संगीत के प्रचार - प्रसार हेतु अनेक संस्थाए कार्य कर रही है। शैक्षणिक संस्थाओं के अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा कलाओं के संरक्षण व संवर्धन हेतु अनेक संस्थाओं की स्थापना की गई। इसी श्रंखला में शास्त्रीय संगीत के परिरक्षण हेतु भी अनेक प्रकार के प्रयास सरकार द्वारा किये गये।

स्वतंत्रता के पहले और बाद में संगीत के प्रचार – प्रसार में बहुत सारी विद्यालय और संस्थानों का योगदान रहा है, जिसके कुछ नाम निम्नलिखित है।

1. सरस्वती संगीत विद्यालय : करांची 1916 श्री कल्याण भारती
2. गोपाल गायन समाज : पुणे 1918 श्री गोविन्द गोपाल देसाई
